GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-26-08-2023

# रंगदारी में शामिल बदमाशों पर गैंगस्टर की कार्यवाही

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कैंट पुलिस ने बंधक बनाकर एक व्यक्ति का अश्लील वीडियो बनाने और ब्लैकमेल कर रंगदारी मांगने व लूट और चोरी करने के चार बदमाशों पर शुक्रवार को गैंगिस्टर का मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्यवाही कैंट इंस्पेक्टर की तहरीर पर हुई है। इस गैंग में महिला भी शामिल हैं और इसका सरगना बरहज का राम भरोसे है।

26 फरवरी 2023 को राम भरोसे ने अपने मित्र कुशीनगर के कुबेरस्थान निवासी ओम प्रकाश गुप्ता को मकान दिलाने के लिए गोरखपुर बुलाया। उन्हें वह कैन्ट कूड़ाघाट के महादेव झारखण्डी स्थित एक मकान में ले गया। जहां पहले से ही देवरिया का सूरज पटेल, कुसम्हा कुशीनगर निवासी संजय कुशवाहा व पिपरा देवरिया निवासी महिला मौजूद थी।

# पीपीगंज में बोर्ड की बैठक के बाद सभासद को पीटा

पीपीगंज, हिन्दुस्तान संवाद। नगर पंचायत पीपीगंज में शुक्रवार को नगर पंचायत बोर्ड की बैठक के बाद दर्जनों लोगों ने वार्ड नंबर दो के सभासद रामानंद मद्धेशिया दाढ़ी पर हमला कर दिया। उन्हें लात घूंसे से मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। मौके पर मौजूद सभासद उन्हें थाने पर ले गए जहां से पुलिस ने सभासद को मेडिकल जांच के लिए भेज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

पीपीगंज नगर पंचायत के वार्ड नंबर दो सभासद रामानंद मद्धेशिया व नगर पंचायत पीपीगंज के आउटसोर्सिंग पर तैनात एक सफाई कर्मचारी से एक दिन पूर्व विवाद हुआ था, जिसको लेकर सफाई कर्मचारी के बुलाने पर आये कुछ बाहरी लोगों ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंच कर रामानंद को मारपीट कर घायल गम्भीर रूप से घायल कर दिया। इस मामले में सभासद ने आरोप लगाते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष समेत सात नामजद व 40-50 अज्ञात के विरुद्ध जान से मारने पीटने का आरोप



घायल सभासद रामानंद मद्धेशिया।

लगाया है। नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मण विश्वकर्मा ने कहा कि मैं अपने सभासद के साथ हूं जिन लोग यह कृत्य किया है उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। इस मामले में अगर सफाई कर्मचारी दोषी हैं तो उसके विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी अंजनेय मिश्रा ने कहा कि बैठक संपन्न होने के बाद की घटना है। मुझे पता नहीं बाहर किससे साथ मारपीट हुई है। अगर इस घटना में सफाई कर्मचारी शामिल मिला तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

पीपीगंज थानाध्यक्ष आशीष सिंह ने बताया कि घायल सभासद रामानंद मद्धेशिया से तहरीर मिली है, मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# सफाईकर्मी व उसके माता-पिता पर केस

सहजनवा। एसएसपी के निर्देश पर गीडा पुलिस ने गुरुवार को पिपरौली ब्लाक के एक सफाईकर्मी पर ग्राम सचिव के सहयोग से दूसरे के परिवार रजिस्टर में एक व्यक्ति के मृत्यु में हेरफेर करने पर जालसाजी, धोखाधड़ी सहित संगीन धाराओं में केस दर्ज किया है। इस मामले में सफाईकर्मी के माता-पिता पर भी केस दर्ज किया गया है।

गीडा थाना के बाघागाड़ा निवासी विनोद पुत्र सत्यनरायन ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसने दिसंबर 1977 में अपने ही गांव के राजमंगल से 1.22 एकड़ जमीन बैनामा कराया था। उसके बाद राजमंगल बाघागाड़ा छोड़कर गोंडा के महेशपुर थाना नबाबगंज में रहने लगे और 1983 में उनकी मौत हो गई। बाघागाड़ा निवासी जगदीश ने मृतक राजमंगल की कथित पत्नी फुलझारी का नाम विरासत में दर्ज करा दिया।

# पेट्रोल पम्प मैनैजर को पीटने वाले तीन धराए

बांसगांव। सरबसी पेट्रोल पम्प पर गुरुवार को मैनेजर को मार पीट कर अधमरा कर देने वाले बदमाशों में से तीन देवनाथपुर निवासी प्रियतोष यादव उर्फ झीनक पुत्र स्व. रामसेवक, जयसिंह पुत्र राजाराम तथा रोशन यादव पुत्र झीनू को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया और उन्हें कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। प्रियतोष ने गुरुवार को बाइक में पेट्रोल का रुपया मांगने पर पंप मैनेजर को बुरी तरह पीट कर घायल कर दिया था।

# गैर इरादतन हत्या में सात साल की सजा

गोरखपुर। गैर इरादतन हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर जनपद न्यायाधीश अवनीश कुमार राय ने चिलुआताल थाना क्षेत्र के मानवेला डोमवा टोला निवासी अभियुक्त बब्लू को सात साल के कठोर कारावास एवं 10 हजार पांच सौ रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को 53 दिन का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेन्द्र कुमार दूबे एवं अतुल कुमार शुक्ल का कहना था कि घटना 12 अक्तूबर की है।

# 42 साल पुराने मामले में पांच लोगों को 10 वर्ष कठोर कारावास

विसं, गोरखपुर : हत्या के प्रयास के 42 साल पुराने मामले में दोषसिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश विनय आर्या ने पांच अभियुक्तों को दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही जुर्माने से भी दंडित किया है। सजा पाने वाले अभियुक्तों में सिकरीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीगढ़ निवासी अभियुक्त जगदम्बा, मठदुबीसा निवासी लक्ष्मन, बांसगांव थाना क्षेत्र के बभनौली निवासी हसमुद्दीन व गुलाब सिंह और शिउवा निवासी जयसिंह शामिल हैं। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रविंद्र यादव ने बताया कि घटना 10 जुलाई, 1981 की सुबह करीब 7:30 बजे की है। वादी रामरेखा तिवारी हत्या के एक मुकदमे की तारीख पर गोरखपुर जाने के लिए रमाकांत यादव, रामबचन यादव, श्यामा चरन यादव, रविंद्र मल्ल व शोभा यादव के साथ बेलासपुर चौराहे पर बस का इंतजार कर रहा था। उसी समय अभियुक्तगण फायरिंग करने लगे। इसमें रामबचन यादव, श्यामा चरन यादव व शोभा यादव को गंभीर व प्राणघातक चोटें आईं।

# हरपुर बुदहट के पांच बदमाश लुटेरा गैंग में हुए सूचीबद्ध

गोरखपुर। गैंग बनाकर अपहरण, लूट व डकैती सहित अन्य आपराधिक कृत्य करने वाले पांच बदमाशों को हरपुर बुदहट पुलिस ने 'लुटेरा गैंग डी-27/2023' में सूचीबद्ध किया है।

एसएसपी ने प्रभारी निरीक्षक हरपुर बुदहट की रिपोर्ट पर शिवम सिंह उर्फ गंगा सिंह व लल्लन निवासी ग्राम भेऊसा उर्फ बनकटा सिकरीगंज, धीरज शर्मा व निशान्त सिंह निवासी ग्राम बरोंही सिकरीगंज, और उपेन्द्र यादव निवासी सतहरा थाना सिकरीगंज का एक गैंग है, जिसे लुटेरा गैंग के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

# गोली मार रुपये लूटने वाले तीन बदमाशों को पकड़ा

गोरखपुर : ग्राहक सेवा केंद्र संचालक को गोली मारकर लूट करने वाले तीन बदमाशों को क्राइम ब्रांच और बांसगांव थाना पुलिस की टीम ने शुक्रवार की रात गिरफ्तार किया। वारदात में शामिल एक अन्य बदमाश की तलाश चल रही है। गगहा थाना क्षेत्र के मुसैला निवासी अक्षय चौहान कनईल में ग्राहक सेवा केंद्र चलाते हैं। 14 अगस्त को वह 1.68 लाख रुपये लेकर कनईल जा रहे थे। कौड़ीराम और कनईल के बीच में बरडीहा के पास बाइक सवार बदमाशों ने अक्षय को गोली मार रुपये लूट लिए थे।

# दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

झंगहा : थाना क्षेत्र के गहिरा लाला टोला के धीरज गौड़ को झंगहा पुलिस ने शुक्रवार को देवरिया मार्ग गांव में स्थित पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। किशोरी के पिता ने 19 अगस्त को दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया था। शुक्रवार को उसे गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली। (जासं)

# एसएसपी के आदेश पर तीन पर जालसाजी का मुकदमा

**पिपरौली :** एसएसपी के आदेश पर गीडा पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया है। तीनों पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर दूसरे की भूमि का बैनामा करने का आरोप है। गीडा थाना क्षेत्र के बाघागाड़ा के विनोद कुमार ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि गांव के राजमंगल से 24 दिसंबर 1977 से जमीन बैनामा ली थी। वह गांव छोड़कर गोंडा जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के महेशपुर में रहने लगे थे। 27 अक्टूबर 1993 को उनकी मृत्यु हो गई। गांव के जगदीश ने कूटरचित कागजात तैयार कराकर वरासत भी करा ली। गीडा पुलिस ने जगदीश, द्वारिका व फुलझारी देवी के विरुद्ध केस दर्ज किया। (जासं)

# बंधक बना लूट करने वालों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : मकान दिखाने के बहाने कुशीनगर के व्यक्ति को गोरखपुर बुलाकर बंधक बना ब्लैकमेल करने वालों पर कैंट पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। चार आरोपितों में दो गोरखपुर व दो कुशीनगर जिले के रहने वाले हैं।

सीओ कैंट योगेंद्र सिंह ने बताया कि 26 फरवरी, 2023 को देवरिया के बरहज निवासी राम भरोसे ने अपने मित्र कुशीनगर, कुबेरस्थान के ओमप्रकाश गुप्ता को मकान दिलाने के लिए गोरखपुर बुलाया। कूड़ाघाट के महादेव झारखंडी स्थित जिस मकान में ले गए, वहां पहले से ही देवरिया की अबुबकर नगर कालोनी के सूरज पटेल, कुशीनगर के कुसम्हा में रहने वाले संजय कुमार कुशवाहा व पिपरा देवरिया की अनिता सिंह मौजूद थे। इन लोगों ने ओमप्रकाश को बंधक बना लिया। जबरन उनका कपड़ा उतार महिला संग वीडियो बनाया। उसे प्रसारित करने की धमकी देकर तीन लाख रुपये मांगे।

एटीएम कार्ड, पर्स, अंगूठी लेने के बाद खाते से 21,500 रुपये निकाल लिए। कैंट पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आर्थिक लाभ के लिए अपराध करने वाले चारों आरोपितों पर कैंट थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट लगाया है। रामभरोसे गिरोह का सरगना है।

**26** फरवरी को बरहज निवासी राम भरोसे ने अपने मित्र कुबेरस्थान के ओमप्रकाश गुप्ता को मकान दिलाने के लिए गोरखपुर बुलाया

**21,500** रुपये, अंगूठी व पर्स निकाले

- कुशीनगर के व्यक्ति को बहाने से बुलाकर बनाया था बंधक
- गैंगस्टर के आरोपितों में दो देवरिया व दो कुशीनगर जिले के रहने वाले

## आठ माह में 50 बदमाशों पर हुई गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

जिले की पुलिस ने एक जनवरी 2023 से अब तक 50 बदमाशों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि इस वर्ष 150 बदमाशों पर गैंगस्टर की कार्रवाई करने का लक्ष्य है।

आंकड़ों के अनुसार बड़हलगंज थाना पुलिस ने दो, बेलीपार ने एक, बेलघाट ने दो, कैंट ने सात, चौरी चौरा ने एक, चिलुआताल ने दो, गगहा ने चार, गोला ने एक, गोरखनाथ ने एक, गुलरिहा ने छह, हरपुर ने एक, झंगहा ने एक, खजनी ने दो, खोराबार ने एक, पिपराइच ने पांच, राजघाट ने एक, सहजनवां ने एक, शाहपुर ने दो, सिकरीगंज ने दो, उरुवा ने दो, रामगढ़ताल थाना पुलिस ने चार और गीडा ने एक मुकदमा दर्ज किया है।

# एनेस्थीसिया डाक्टर के रूप में चर्चित है असलम

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : मां दुर्गा हास्पिटल चलाने वाला फर्जी डाक्टर मो. असलम सिद्दीकी क्षेत्र में एनेस्थीसिया डाक्टर के रूप में चर्चित है। वह शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के कई अस्पतालों में भी आता-जाता था, जबकि पुलिस की जांच में उसके पास डाक्टर की कोई डिग्री नहीं मिली। वह अस्पताल के आपरेशन थियेटर में टेक्नीशियन के रूप में काम करता था। धीरे-धीरे वह डाक्टर बनकर उपचार व आपरेशन करने लगा।

मूलरूप से खिलुआताल के भिटिनी का रहने वाला मो. असलम तिवारीपुर क्षेत्र की आवास विकास कालोनी में परिवार के साथ रहता था। यहीं से वह अस्पतालों में जाकर एनेस्थीसिया डाक्टर के रूप में रोगियों का उपचार करता था। इसके बदले उसे मोटी रकम मिलती थी। पूर्णरूप से वह मां दुर्गा हास्पिटल में डाक्टर बनकर उपचार करता था।

**यह है मामला** : कैंपियरगंज के चौमुखा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल में फर्जी तरीके से चल रहे मां दुर्गा अस्पताल में 22 अगस्त को महिला व उसके बच्चे की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद पति शैलेश चौरसिया ने थाने में अस्पताल संचालक, फर्जी डाक्टर समेत पांच के विरुद्ध तहरीर दी थी। पुलिस ने पांचों पर गैर इरादतन हत्या का केस

**22** अगस्त को महिला व उसके बच्चे की हो गई थी मृत्यु

- मां दुर्गा हास्पिटल में डाक्टर बन रोगियों का कर रहा था उपचार
- पुलिस ने इस पर दर्ज किया है गैर इरादतन हत्या का मुकदमा

दर्ज कर जांच की। पता चला कि अस्पताल में तैनात डा. असलम समेत किसी भी नर्स के पास कोई डिग्री नहीं थी।

**पुलिस ने फर्जी नर्स नीतू को भी किया गिरफ्तार** : पुलिस ने शुक्रवार को फर्जी नर्स नीतू भारती को भी गिरफ्तार कर लिया। वह कैंपियरगंज के राम जानकी नगर वार्ड नंबर-13 की रहने वाली है। पुलिस पहले ही संचालक शैलेंद्रनाथ सोलंकी और मैनेजर श्यामसुंदर को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। मो. असलम व नीतू भारती की तलाश में है।

**कमीशन पर अस्पताल में भेजे जाते थे रोगी** : मां दुर्गा हास्पिटल में रोगी भेजने के बदले संचालक लोगों को कमीशन देता था। बताया जा रहा कि इसके यहां रोगियों को भेजने का कार्य सीएचसी, पीएचसी पर तैनात मानदेय कर्मी और ग्रामीण क्षेत्र के झोलाछाप व आशा कार्यकर्ता करती हैं।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में एक को सात साल कठोर कारावास

विसं, गोरखपुर : नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोप सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट राहुल आनंद ने बड़हलगंज थाना क्षेत्र के बेलसड़ी निवासी अभियुक्त धर्मेंद्र कुमार को सात साल के कठोर कारावास और 40 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र राम त्रिपाठी का कहना था कि वादिनी की नाबालिग बच्ची नाना-नानी के घर से 22 नवंबर 2013 को शाम छह बजे अचानक गुम हो गई। उसकी गुमशुदगी रिपोर्ट एक दिसंबर, 2013 को दर्ज हुई। दौरान विवेचना अभियुक्त का नाम प्रकाश में आया और पता चला कि अभियुक्त वादिनी की नाबालिग बच्ची को बहला-फुसलाकर कर भगा ले गया था।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में एक को सात वर्ष की सजा

विसं, गोरखपुर : गैर इरादतन हत्या का मामला सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश अवनीश कुमार राय ने चिलुआताल थाना क्षेत्र के मानबेला डोमवा टोला निवासी अभियुक्त बब्लू को सात वर्ष के कठोर कारावास एवं दस हजार पांच सौ रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर 53 दिन अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेन्द्र कुमार दूबे एवं अतुल कुमार शुक्ल का कहना था कि घटना 12 अक्टूबर, 2003 की सुबह सात बजे की है। वादी रामदास का भाई अर्जुन और बब्लू शराब पीकर आ रहे थे। रास्ते में दोनों में झगड़ा हो गया। बब्लू ने वादी के भाई अर्जुन को पटक कर लात मुक्का से सीने पर मारने लगा। वह बुरी तरह घायल हो गया। वादी अपने भाई को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

# सीसी कैमरे फुटेज से पकड़ा गया 35 हजार रुपये चुराने वाला चोर

जासं, भटहट : सीसी कैमरे की मदद से भटहट पुलिस ने गुड़ व्यापारी के रुपये चुराने वाले चोर को गिरफ्तार कर लिया है। वह महराजगंज जिले के कोल्हुई थाना क्षेत्र के लखनपुर अमवा गांव का रहने वाला है।

गुलरिहा थाना क्षेत्र के सरैया बाजार के अनिल गुप्ता 20 अगस्त को भटहट बाजार में गुड़ बेचने आए थे। 35 हजार रुपये झोले में बांध गत्ते में रखकर रात आठ बजे चाय की दुकान पर नाश्ता करने लगे। इसी दौरान बाइक पर गत्ते में रखा रुपये वाला झोला चोरी हो गया। उन्होंने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस सीसी कैमरे से चोर की पहचान कर उसके जाने के रास्ते को देखने लगी। पुलिस ने महाराजगंज जिले में 15 किमी दूर तक सीसी कैमरों को खंगाला। इसी दौरान चोर की बाइक का नंबर मिल गया। चौकी प्रभारी ने बाइक नंबर के आधार पर मिले मोबाइल फोन पर बात कर जानकारी ली। शुक्रवार की सुबह साढ़े छह बजे चौकी प्रभारी विनय सिंह ने उसे रामनगर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रामवृक्ष निवासी लखनपुर अमवा, थाना कुल्हुई बाजार, जिला महाराजगंज बताया। उसके पास से 24 हजार 700 रुपये बरामद किए गए। उसे न्यायालय के लिए चालान करते हुए पुलिस ने उसकी बाइक सीज कर दी है।

# बोर्ड की बैठक के बाद मनबढ़ों ने सभासद को पीटकर किया घायल

जासं, पीपीगंज : नगर पंचायत पीपीगंज में शुक्रवार को दो बजे बोर्ड की बैठक के बाद मनबढ़ों ने सभासद रामानंद मद्धेशिया को पीट कर घायल कर दिया। साथी सभासद घायल को थाने लेकर आए, जहां तहरीर लेने के बाद पुलिस चिकित्सकीय जांच के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस इस घटना को सभासद और आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी के साथ हुए विवाद को जोड़ते हुए जांच कर रही है।

नगर पंचायत वार्ड नंबर दो के सभासद रामानंद ने पुलिस को बताया कि एक दिन पहले उनका एक सफाई कर्मचारी से विवाद हुआ था। शुक्रवार को बोर्ड की बैठक के बाद सभी सभासदों के साथ वह भी बाहर निकले। एक दर्जन से अधिक लोगों के साथ खड़े सफाईकर्मी ने घेर लिया और लात और मुक्कों से मारपीट कर घायल कर दिया। सभासद ने नगर पंचायत अध्यक्ष पर भी घटना में हाथ होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सफाईकर्मी से लेकर पीटने वाले मनबढ़, नगर पंचायत अध्यक्ष के लोग है। उधर, नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मन विश्वकर्मा का कहना है कि वह सभासद के साथ है। जो लोग भी सभासद को मारे पीटे हैं। पुलिस जांच कर कार्रवाई करेगी। अधिशासी अधिकारी अंजनेय मिश्रा ने कहा कि इस घटना से उनका कोई लेना-देना नहीं है। उन्हें नहीं मालूम मारपीट करने वाले कौन थे। अगर सफाईकर्मी का नाम आएगा तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि सभासद को तहरीर पर कार्रवाई की जा रही है।

# पेट्रोल पंप मैनेजर का हमलावर धराया

## गुरुवार को बांसगांव के संवरूपुर गांव में स्थित पंप पर दोपहर में हुई थी घटना

जागरण संवाददाता, बांसगांव : पेट्रोल के रुपये मांगने पर पंप के मैनेजर पर जानलेवा हमला करने वाले हत्यारोपित व उसके दो साथियों को पुलिस ने शुक्रवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। बलवा, हत्या की कोशिश, रंगदारी मांगने व धमकी देने के मामले में दोपहर बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। वारदात में शामिल अन्य आरोपितों की तलाश चल रही है।

एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि संवरूपुर स्थित पंप पर गुरुवार की दोपहर में देवनाथपुर गांव का प्रियतोष यादव साथियों संग पहुंचा। बाइक में पेट्रोल भरवाने के बाद बिना रुपये दिए जाने लगा। मैनेजर के विरोध करने पर साथियों को बुलाकर डंडे से पीटकर अधमरा कर दिया। देर रात प्रियतोष यादव व उसके साथियों के विरुद्ध हत्या के प्रयास, रंगदारी, बलवा, धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया गया। शुक्रवार की सुबह बांसगांव थानेदार ने हत्या के आरोप में जेल जा चुके प्रियतोष, उसके साथी रोशन यादव और जय सिंह को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिया।



पुलिस की गिरफ्त में पंप मैनेजर पर हमला करने वाले आरोपित ● जागरण

### बेटी ने कहा, छेड़खानी करने वाले ने की वारदात

पंप मैनेजर की बेटी ने कहा कि 23 अगस्त को गांव के चौराहे पर सामान लेने गई थी। सवरूपुर के विकास यादव ने छेड़खानी की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। इससे पहले भी वह छेड़खानी कर चुका है। गुरुवार को विकास ने ही सहयोगियों के साथ पिता पर जानलेवा हमला कर दिया। एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि सीसी कैमरा फुटेज देखा गया। विकास व उसके पिता वारदात के समय पेट्रोल पंप पर नहीं थे। दोनों मामला अलग है।

# विज्ञानी की पत्नी को परेशान कर रहे थे चालक, गिरफ्तार

- **मोबाइल नंबर मिलने के बाद एक माह से भेज रहे थे आपत्तिजनक मैसेज**
- **विज्ञानी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर तलाश कर रही थी पुलिस**

जासं, गोरखपुर : पिकअप व आटो चालक एक माह से विज्ञानी की पत्नी को आपत्तिजनक मैसेज भेजकर परेशान कर रहे थे। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते। शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुटी चिलुआताल थाना पुलिस ने शुक्रवार की सुबह दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

नकहा में रहने वाले विज्ञानी ने चिलुआताल थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा था कि दो मोबाइल फोन नंबर से उनकी पत्नी को आपत्तिजनक मैसेज भेजा जा रहा है। पत्नी ने 1090 पर फोन कर शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। वहां से बताया गया कि थाने पर शिकायत दर्ज कराइए। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि सर्विलांस की मदद से शुक्रवार की सुबह चिलुआताल थानेदार संजय मिश्रा ने पीपीगंज, भुईधरपुर के मनीष साहनी और बढ़या चौक के अरविंद यादव को गिरफ्तार किया। आरोपितों ने बताया कि गलती से एक बार विज्ञानी की पत्नी को फोन मिल गया। इसके बाद वह मैसेज भेजने लगे। दोनों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद हुआ। मनीष साहनी पर खोराबार थाने में जालसाजी व धमकी देने का मुकदमा पहले से दर्ज है।

# जमीन मिला न ही पैसा, इंस्पेक्टर ने दर्ज कराया जालसाजी का केस

**गोरखपुर (एसएनबी)।** बाराबंकी जिले के मूल रहने वाले इंस्पेक्टर ने एम्स इलाके के बहरामपुर में जमीन के बदले तीन लाख रुपये सर्वजीत निषाद को दिया लेकिन जमीन आज तक नहीं मिली। पैसा देने से इंकार करने पर इंस्पेक्टर की तहरीर पर एम्स पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज किया है। **नंदानगर प्रतिनिधि** के मुताबिक मूलरूप से बाराबंकी के रहने वाले इंस्पेक्टर सुनील कुमार हाल मुकाम जंगलसिकरी ने एम्स पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उन्होंने प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय चौकी क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति के कहने पर वर्ष 2021में तत्कालीन खोराबार थाना क्षेत्र अन्तर्गत बहरामपुर निवासी सर्वजीत निषाद से जमीन का सौदा किया था। बदले में 3 लाख रुपया खाते में अदा किया गया था। लेकिन आज तक सर्वजीत ने न तो जमीन का बैनामा किया गया है और न ही पैसा लौटाया है। तहरीर के आधार पर एम्स पुलिस सर्वजीत व एक अन्य के खिलाफ आइपीसी की धारा 406 के तहत मुकदमा पंजीत कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

# फोन पर गाली देने व धमकाने के मामले में केस

**नंदानगर (एसएनबी )।** एम्स थाना क्षेत्र के अभिषेकनगर निवासी रोली सिंह पत्नी अरविंद सिंह ने चिलुआताल थाना अन्तर्गत बरगदवां निवासी सीमा शर्मा पत्नी सुरेश शर्मा पर फोन पर गाली देने व जानमाल की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला ने बताया कि कुछ अन्य नंबरों से भी गाली व जानमाल की धमकी मिल रही है। सीमा अपने आप को काफी पावरफुल व पहुंच वाली बता रही है। रोली की तहरीर पर पुलिस सीमा व कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ आइपीसी की धारा 504 व 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# पांच अपराधी लूटेरा गैंग डी में सूचीबद्ध

**गोरखपुर(एसएनबी)।** हरपुर बुदहट पुलिस ने गैंग बनाकर अपहरण, लूट व डकैती व अन्य आपराधिक त्य करने वाले पांच अपराधियों को लूटेरा गैंग डी-27/2023 में सूचीबद्ध किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने संगीन अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक संदीप यादव थाना हरपुर बुदहट की रिपोर्ट पर और क्षेत्राधिकारी खजनी व पुलिस अधीक्षक दक्षिणी की संस्तुति पर अपराधी शिवम सिंह उर्फ गंगा सिंह पुत्र धर्मेन्द्र सिंह निवासी ग्राम भेऊसा उर्फ बनकटा सिकरीगंज, धीरज शर्मा पुत्र शमशेर शर्मा निवासी ग्राम बरोंही सिकरीगंज, लल्लन पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी ग्राम भेऊसा उर्फ बनकटा सिकरीगंज, निशान्त सिंह उर्फ बाला जी पुत्र रामनजर निवासी बरोंही सिकरीगंज व उपेन्द्र यादव उर्फ ओपी पुत्र इन्द्रेश यादव निवासी सतहरा थाना सिकरीगंज जिनका एक विधि विरूद्ध गैंग है जिसे लूटेरा गैंग के रूप में सूची बद्ध किया गया है।

## अपहरण, लूट, डकैती व अन्य अपराध की घटनाओं को देते थे वारदात

सभी अपराधियों द्वारा एक साथ मिलकर अपराध जगत में अपहरण, लूट व डकैती और अन्य आपराधिक घटना को अंजाम देते है। इस गैंग के ऊपर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा गैंग को लूटेरा गैंग डी.-27/2023 में सूचीबद्ध किया गया। गैंग डी-27 के लीडर शिवम सिंह और उसके चार साथियों के खिलाफ लूट अपहरण एवं गैंगस्टर के मुकदमे दर्ज हैं।

## अश्लील वीडियो बनाने व रंगदारी मांगने वाले चार पर गैंगस्टर

**गोरखपुर(एसएनबी)।** कैन्ट पुलिस ने शुक्रवार को बंधक बनाकर एक व्यक्ति का अश्लील वीडियो बनाने, ब्लैकमेल कर रंगदारी मांगने व लूट और चोरी करने के 4 बदमाशो पर गैंगेस्टर का मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्यवाही कैन्ट इंस्पेक्टर रणधीर मिश्रा की तहरीर पर हुई है। इस गैंग में एक महिला भी शामिल है और इसका सरगना देवरिया बरहज का राम भरोसे है। दरअसल 26 फरवरी 2023 को देवरिया के बरहज निवासी राम भरोसे ने अपने मित्र कुशीनगर के कुबेरस्थान निवासी ओम प्रकाश गुप्ता को मकान दिलाने के लिए गोरखपुर बुलाया। उन्हें वह कैन्ट कूड़ाघाट के महादेव झारखण्डी स्थित एक मकान में ले गया। जंहा पहले से ही अबुबकर देवरिया निवासी सूरज पटेल, कुसम्हा कुशीनगर निवासी संजय कुमार कुशवाहा व पिपरा देवरिया निवासी अनिता सिंह मौजूद थे। ओमप्रकाश को इन लोगो ने बंधक बना लिया। जबरन उनका कपड़ा उतार महिला अनीता संग अश्लील वीडियो बनाया गया। वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करते हुए 3 लाख रुपये मांगे साथ ही एटीएम कार्ड, पर्स, अंगूठी ले लिया और एटीएम से 21500 रुपये निकाल लिया। जिसके बाद कैन्ट पुलिस ने चारो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया था। पुलिस ने मुकदमे में लूट आदि धारा की बढोत्तरी कर आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल कर दिया है। अब पुलिस ने चारो पर गैंगेस्टर की कार्यवाही की है। पुलिस के अनुसार इनका गैंग है जो इस तरह के काम करता है।

**तीन बदमाशों पर 10-10 हजार का इनाम :** राजघाट थाने में दर्ज गैंगस्टर के मुकदमे में फरार चल रहे 3 बदमाशो पर एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने 10-10 हजार का इनाम शुक्रवार को घोषित किया है।

पुलिस के अनुसार सनी निषाद निवासी महेवा थाना रामगढ़ताल, अजय निषाद निवासी चकरा अव्वल थाना राजघाट और विजय निषाद निवासी चकरा अव्वल काफी दिन से फरार चल रहे हैं।

# गुड़ व्यापारी का पैसा चुराने वाला गिरफ्तार

**भटहट (एसएनबी)।** गुड़ व्यापारी का 35 हजार रुपयों से भरा झोला लेकर फरार होने वाले चोर को गुलरिहा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से चोरी गए रुपए में से 24700 रुपए बरामद किए जाने जाने का दावा किया है। थाना क्षेत्र के सरैया बाजार निवासी अनिल गुप्ता पुत्र रामाश्रय गुप्ता गुड़ का व्यापार करते हैं। बीते रविवार को भटहट कस्बे में सप्ताहिक बाजार से गुड़ बेच कर 35 हजार रुपया एक झोला में रख कर बाइक से घर जा रहे थ। भटहट पुलिस चौकी से करीब सौ मीटर पहले मंगरु गुप्ता के चाय की दुकान के सामने फोरलेन पर बाइक खड़ा करके चाय पीने लगे। इसी दौरान अज्ञात बाइक सवार रुपया सहित झोला लेकर गोरखपुर की ओर फरार हो गया था। व्यापारी की तहरीर पर पुलिस केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच पड़ताल शुरु कर दिया।

# नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने का आरोपित गिरफ्तार

**गोला (एसएनबी)।** नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने सहित विभिन्न मामलों में वांछित अभियुक्त को गोला पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानेदार धीरेंद्र राय ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध आईपीसी की धारा 363, 366 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज था।जिसकी तलाश की जा रही थी। शुक्रवार को उसे गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की पहचान रिक्की चौहान पुत्र सुबाप चौहान निवासी ग्राम सुरदापार शुक्ल थाना गोला के रुप में की गई है। गिरफ्तार करने वालों में एसआई मायाराम यादव, कांस्टेबल रविन्द्र यादव, रामबाबू, आकांक्षा आदि शामिल रहे।

# मोबाइल चोर को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा

**पादरी बाजार (एसएनबी)।** पिपराइच क्षेत्र के जंगल धूषण टोला हैदरगंज में बीती रात घर में मोबाइल चोरी करते हुए मोहल्ले के लोगों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। हैदरगंज निवासी सूरज निषाद पुत्र दुर्विजय निषाद घर के पास ही बीती रात गोलू निषाद के घर में घुसकर मोबाईल चोरी करते पकड़ा गया। मोहल्ले के लोगो ने मोबाईल बरामद करते हुए पिपराइच पुलिस को सौंप दिया। मोहल्ले के लोगो ने बताया कि चोरी अनेको जगह किया है इसका बड़ा भाई शिव निषाद कुछ वर्ष पहले एक लड़की को लेकर भाग गया था। लड़की का पिता गरीबी हालत में समझौता कर लिया तभी से इसका मन बढ़ गया है। गांव में रात दिन इधर उधर घूमता रहता है।

# अपहरण कर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** अपहरण कर नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में आरोपित अभियुक्त को गीडा पुलिस ने गिरफ्तार किया। अभियुक्त ने अपना नाम राजकुमार उर्फ प्रद्युम्न निषाद पुत्र महेन्द्र निषाद निवासी ग्राम पेवनपुर थाना गीडा जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं 363, 366 व 376 आईपीसी व 5/6 पाक्सो एक्ट के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# हत्या के प्रयास के तीन आरोपित धराया

**बांसगांव (एसएनबी)।** बांसगांव पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम प्रियतोष यादव उर्फ झीनक पुत्र स्व. रामसेवक निवासी देवनाथपुर थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर, जय सिंह पुत्र राजाराम निवासी देवनाथपुर थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर, रोशन यादव पुत्र झिनू निवासी देवनाथपुर थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर बताया।

# महिला को अश्लील मैसेज भेजने के दो आरोपित गिरफ्तार

**चिलुआताल (एसएनबी)।** महिला के व्हाट्सएप्प पर अश्लील मैसेज भेजने व धमकी देने के आरोप में 02 अभियुक्तों को चिलुआताल पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना नाम मनीष साहनी पुत्र लक्ष्मण साहनी निवासी भुईधरपुर थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर व अरविन्द यादव पुत्र रामलल्प यादव निवासी कहया चौक थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर बताया।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित धराया

**झंगहा (एसएनबी)।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में फरार चल रहे अभियुक्त को झंगहा पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम धीरज गौड़ पुत्र बब्लू गौड़ निवासी गहिरा लाला टोला थाना झंगहा जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को आईपीसी की धारा 376 व पाक्सो एक्ट के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया।

# चोरी की बाइक के साथ एक पकड़ा गया

गोरखपुर (एसएनबी)। कैम्पियरगंज पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की एक बाइक बरामद किया। पूछताछ में उसने अपना नाम योगेश मौर्या पुत्र राम मिलन निवासी माधोपुर टोला पण्डित जोतिया थाना कैम्पियरगंज गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को आईपीसी की धारा 41 व 411 के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया।

# नवजात व प्रसूता की मौत के मामले में तथाकथित नर्स गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। बिना लाइसेन्स/डिग्री के अस्पताल संचालित कर प्रसूता व नवजात की मृत्यु कारित करने के आरोप में कैम्पियरगंज पुलिस ने अभियुक्ता तथाकथित नर्स को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे दर्ज मुकदमे की धाराओं के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम नीतू भारती पत्नी अमरजीत माँ दुर्गा हास्पिटल कर्मचारी निवासी वार्ड नं0-13 राम जानकी नगर काली मंदिर के पीछे थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर बताया। नीतू भारती के विरूद्ध धारा 304 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त शैलेन्द्र नाथ सोलंकी उपरोक्तद्वारा वर्ष 2019 में माँ दुर्गा हास्पिटल ब्लाक रोड कैम्पियरगंज में स्थापित किया गया था। जिसकी मान्यता 30 अप्रैल, 2020 को समाप्त हो गयी थी। वर्तमान में अस्पताल को अवैध तरीके से संचालित करते हुए, मो0 असलम सिद्दीकी जो कि ओ0टी0 टेक्नीशियन है को डाक्टर बताकर तथा श्यामसुन्दर, अनीता गिरी, नीतू भारती जिनके पास चिकित्सा सम्बन्धी कोई डिग्री नही है, इनको कम्पाउण्डर व नर्स के रूप में रखकर अस्पताल का संचालन किया जा रहा था।

# बैठक संपन्न होने के बाद सभासद को मनबढ़ों ने पीटा

जंगल कौड़िया (एसएनबी)। नगर पंचायत पीपीगंज में शुक्रवार को लगभग दो बजे दिन में नगर पंचायत में बोर्ड की बैठक संपन्न होने के बाद दर्जनों लोगों ने वार्ड नंबर दो के सभासद रामानंद मद्धेशिया को लात घूंसे से मारपीट कर घायल कर दिया मौके पर मौजूद सभासदों ने घायल सभासद को थाने पर लाया जहां पुलिस ने सभासद को मेडिकल जांच के लिए भेजा वहीं घायल की जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं घायल सभासद रामानंद मद्धेशिया ने नगर पंचायत अध्यक्ष समेत सात नामजद पच्चास अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की तहरीर दी है। वार्ड नंबर दो सभासद रामानंद मद्धेशिया व नपं पीपीगंज के आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी अखिलेश यादव से एक दिन पूर्व विवाद हुआ था जिसको लेकर सफाई कर्मचारी के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष व उनके लोग और कुछ बाहरी लोगों ने आज नगर पंचायत कार्यालय पहुंच कर सभासद रामानंद मद्धेशिया को मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में सभासद ने आरोप लगाते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष समेत सात लोग नामजद तथा पच्चास अज्ञात के विरुद्ध मारने पीटने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। इस मामले में पीपीगंज पुलिस तहरीर लेकर मामले की जांच पड़ताल कर कार्रवाई शुरू कर दिया है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी अंजनेय मिश्रा से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि बैठक संपन्न होने के बाद की घटना है। मुझे पता नहीं बाहर किससे मार पीट हुआ है अगर इस घटना में सफाई कर्मचारी का कहीं से भी भागीदारी पायी जायेगी तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# पुलिस किताब में दर्ज 150 बदमाशों पर इस साल लग सकता है गैंगस्टर

**गोरखपुर(एसएनबी)।** पुलिस किताब में दर्ज बदमाशों की कुंडली के आधार पर हार्डकोर बदमाशों पर पुलिस गैंगस्टर की कार्रवाई करने में जुटी है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर इस वर्ष 2023 में 150 बदमाशों पर गैंगस्टर की कार्रवाई करने में जुटे हैं। एम्स थाना क्षेत्र के बहरामपुर के रहने वाला भू माफिया कमलेश यादव और मुख्यमंत्री का ओएसडी बनकर अफसरों को फोन करने वाला चंदन उर्फ चांदनी पर भी गैंगस्टर लगाने की तैयारी तेज कर दी गयी है। जिला पुलिस वर्ष 2023 में अभी तक (1 जनवरी से 25 अगस्त 2023 ) यानी 8 महीने में 50 बदमाशों पर गैंगस्टर की कार्रवाई कर चुकी है। जबकि 65 अन्य बदमाशों पर भी आने वाले दिनों में यह कार्रवाई की जायेगी। 2022 में पुलिस 100 बदमाशों पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई कर चुकी है।

पुलिस रिकार्ड के आंकड़ों पर गौर किया जाए तो इस वर्ष अभी तक जिन 50 बदमाशों पर गैंगस्टर की कार्रवाई हुई है, उसमें बड़हलगंज में 2, बेलीपार में एक , बेलघाट में 2, कैन्ट में 7, चौरी चौरा में एक, चिलुआताल में 2, गगहा में 4, गोला में एक, गोरखनाथ में एक, गुलरिहा में 6, हरपुर में 1, झंगहा में एक, खजनी में 2, खोराबार में एक, पिपराइच में 5, राजघाट में 1, सहजनवा में एक, शाहपुर में 2, सिकरीगंज में 2, उरुवा में 2, रामगढ़ताल में 4 व गीडा में एक शामिल हैं।

**इस वर्ष 8 महीने में 50 बदमाशों पर पुलिस कर चुकी है गैंगस्टर की कार्रवाई**

**वर्ष 2022 में 100 बदमाशों पर हुई थी गैंगस्टर की कार्रवाई**

**भू-माफिया कमलेश यादव और सीएम का ओएसडी बनकर दलाली करने वाले चंदन पर लगेगा गैंगस्टर : एसएसपी**

**इन पर लगा है गैंगस्टर :** इस वर्ष अभी तक जिन बदमाशो पर गैंगस्टर लगाया गया है उनमें अंकित निषाद, अमरजीत, योगेंद्र, अमन, करन यादव, अजीत मिश्रा, बृजेश शाही, रंजीत निषाद, राजू बेलदार, सुरेंद्र यादव, विश्वेश तिवारी, शिवकुमारी ( गैंग लीडर), गैंगरेप के आरोपी प्रदुमन निषाद, अर्पित शुक्ला, करीम उर्फ भोनू, जेपी सिंह, शिवम सिंह, जितेंद्र मोर्य आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं। इस संबंध में एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि अभी तक 50 बदमाशो पर इस साल गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। हिस्ट्रीशीट, गैंगस्टर, गुंडा, इनाम का अभियान आगे भी चलता रहेगा।

याद दिला दें कि एम्स इलाके के बहरामपुर निवासी सेवानिवृत फौजी व भू माफिया कमलेश यादव को गत दिनों पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। कमलेश के खिलाफ आधा दर्जन मुकदमा दर्ज है। कमलेश यादव के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई बहुत जल्द हो सकती है। दो दिन पूर्व झंगहा पुलिस ने मुख्यमंत्री का ओएसडी बनकर चंदन उर्फ चांदनी अधिकारियों को फोन कर रुपये लेने के मामले में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चांदनी के खिलाफ कई जिले में दर्जनों मुकदमे कायम हैं। मुकदमे के आधार पर उसके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी।

# आखिर कौन हैं हॉस्पिटलों के अवैध संचालन के जिम्मेदार!

**कैम्पियरगंज (एसएनबी)।** नगर पंचायत चौमुखा समेत क्षेत्र में दो दर्जन से ऊपर नर्सिंग होम संचालित हो रहे। वहीं मेडिकल स्टोर का बोर्ड लगाकर भी मरीजों का इलाज हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग के आला अफसर और प्रशासन कैम्पियरगंज क्षेत्र में संचालित नर्सिंग होम,अल्ट्रा साउंड,पैथालजी का समय समय पर निगरानी करते तो मरीजों की जान बच जाती सीएचसी के समीप तीन बर्ष से अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम में जच्चा बच्चा की मौत न होती।

**मेडिकल स्टोरों पर भी हो रहा है इलाज**

सीएचसी के ही समीप संचालित कमला हास्पिटल में भी 6 माह पूर्व नगर पंचायत के ही करतहरी गांव की निवासी महिला का अपरेशन के बाद मौत हो गयी थी। परिजनों व ग्रामीणों ने कमला हास्पिटल के संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने व मुआवजे की मांग को लेकर बवाल भी किए थे।

वही क्षेत्र में इस बात की चर्चा जोरों पर भी है हर बार की तरह इस बार भी पैसे के बल पर बच जाएंगे वहीं गोरखपुर के स्वास्थ्य विभाग के एक कर्मचारी की भी चर्चा है कि विभागीय जांच में वो ही सभी को बचाता तथा जिले से जांच टीम आने की जानकारी भी पहले ही दे देता है जिससे इनके शटर गिर जाते हैं।

वहीं क्षेत्र के संजय मिश्रा योगेन्द्र प्रताप सिंह रंजय सिंह बंटी पाण्डेय आदि लोगों का कहना है कि अभी कितने और मौतों के बाद जगेगा प्रशासन।

# हत्या के प्रयास के जुर्म में पांच को दस साल की कैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** हत्या का प्रयास करने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर जनपद न्यायाधीश विनय आर्या ने सिकरीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीगढ़ निवासी अभियुक्त जगदम्बा,मठदुबिसा निवासी लक्षमन ,बांसगांव थाना क्षेत्र के बभनौली निवासी हसीबुद्दीन,गुलाब सिंह व शिउवा निवासी जयसिंह को दस साल के कठोर कारावास एवं जुर्माने से दण्डित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रविंद्र यादव का कहना था कि घटना 10 जुलाई 1981 की सुबह करीब 7.30 बजे की है।वादी रामरेखा तिवारी मुकदमे की तारीख देखने के लिए रमाकांत यादव,रामबचन यादव,श्यामा चरन यादव,रविंद्र मल्ल व शोभा यादव के साथ गोरखपुर जाने के लिए बेलासपुर चौराहे पर बस का इंतजार कर रहा था।उसी समय अभियुक्तगण दो नाली बंदूक और कट्टा लेकर जीप से बेलासपूर चौराहे पर आए फायरिंग करने लगे।जिससे रामबचन यादव,श्यामा चरन यादव,शोभा यादव को गंभीर व प्राणघातक चोटें आई।

# गैर इरादतन हत्या के जुर्म में सात साल की कैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गैर इरादतन हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर जनपद न्यायाधीश अवनीश कुमार राय ने चिलुआताल थाना क्षेत्र के मानेवाला डोमवा टोला निवासी अभियुक्त बब्लू को सात साल के कठोर कारावास एवं दस हजार पांच सौ रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है।अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को 53 दिन का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेन्द्र कुमार दूबे एवं अतुल कुमार शुक्ल का कहना था कि घटना 12 अक्टूबर 2003 की सुबह सात बजे की है।वादी रामदास का भाई अर्जुन और बब्लू शराब पीकर आ रहे थे।रास्ते में दोनो में इस बात पर झगड़ा हो गया कि तुमने शराब ज्यादा पी ली है। इसी बात को लेकर बब्लू ने वादी के भाई अर्जुन को पटक कर लात मुक्का व पैर से से सीने पर मारने पीटने लगा।जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया।वादी अपने भाई को मेडिकल कलेज में भर्ती कराया।जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म के जुर्म में सात साल की कैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट राहुल आनंद ने बड़हलगंज थाना क्षेत्र के बेलसड़ी निवासी अभियुक्त धर्मेद्र कुमार को सात साल के कठोर कारावास एवं 40 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है।अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र राम त्रिपाठी का कहना था कि वादिनी की नाबालिग बच्ची अपने नाना नानी के घर से 22 नवम्बर 2013 को शाम छः बजे अचानक गुम हो गई।जिसकी गुमशुी रिपोर्ट 1 दिसम्बर 2013 को दर्ज हुई।अगले दिन 2 दिसम्बर 2013 को यह गुमशुी मुकदमे तरमीम हो गया और दौरान विवेचना अभियुक्त का नाम प्रकाश में आया और पता चला कि अभियुक्त वादिनी की नाबालिग बच्ची को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर।** झंगहा पुलिस ने नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में एक युवक को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवक की पहचान झंगहा के गहिरा निवासी धीरज गौड़ के रूप में हुई है। ब्यूरो

# रंगदारी वसूलने वालों पर गैंगस्टर का केस

**गोरखपुर।** बंधक बनाकर अश्लील वीडियो बनाने और उसकी मदद से रंगदारी वसूलने वाले गिरोह पर शुक्रवार को कैंट पुलिस ने गैंगस्टर का केस दर्ज कर लिया। गिरोह में महिला समेत चार बदमाश शामिल हैं। राम भरोसे गिरोह का सरगना है। आरोपियों ने मकान दिलाने के बहाने बुलाकर कुशीनगर के ओमप्रकाश के साथ घटना की थी, जिसके बाद उन्हें जेल भेजा गया था। पुलिस की जांच में सामने आया है कि आरोपी गिरोह बनाकर इस तरह की कई घटनाएं कर चुके हैं, लेकिन लोक-लज्जा के डर से लोगों ने शिकायत नहीं की है। जानकारी के मुताबिक, 26 फरवरी 2023 को देवरिया के बरहज निवासी राम भरोसे ने अपने मित्र कुशीनगर के कुबेरस्थान निवासी ओम प्रकाश गुप्ता को मकान दिलाने के लिए गोरखपुर बुलाया। उन्हें वह कैंट इलाके के कूड़ाघाट के महादेव झारखंडी स्थित एक मकान में ले गया। जहां पहले से ही अबुबकर देवरिया निवासी सूरज पटेल, कुसम्हा कुशीनगर निवासी संजय कुमार कुशवाहा व पिपरा देवरिया निवासी अनिता सिंह मौजूद थी। ब्यूरो

# महिला-नवजात की मौत में एक और आरोपी गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** बिना पंजीकरण कर चल रहे कैंपियरगंज के चौमुखा स्थित मां दुर्गा हॉस्पिटल में महिला और नवजात की मौत के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को कथित कंपाउंडर नीतू भारती को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। कथित डॉक्टर समेत दो आरोपी अब भी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस टीमें लगी हैं।



गिरफ्तार आरोपी नीतू।

पकड़ी गई नीतू भारती वार्ड नंबर 13 रामजानकी नगर की रहने वाली है। जानकारी के मुताबिक, मुख्य आरोपी संचालक शैलेंद्र नाथ सोलंकी ने वर्ष 2019 से मां दुर्गा हॉस्पिटल का संचालन शुरू किया था। जिसकी


प्रसूता की मौत, टेक्नीशियन ने किया था ऑपरेशन

25 अगस्त को प्रकाशित खबर।

मान्यता 30 अप्रैल 2020 को समाप्त हो गई थी। वर्तमान में अस्पताल को अवैध तरीके से संचालित किया जा रहा था।

# पीपीगंज नगर पंचायत की बोर्ड बैठक में शामिल सभासद पर जानलेवा हमला

## नगर पंचायत अध्यक्ष के करीबियों पर आरोप, पुलिस जांच में जुटी, घायल जिला अस्पताल में भर्ती

अमर उजाला ब्यूरो

पीपीगंज (गोरखपुर)। नगर पंचायत की बोर्ड बैठक में शामिल होने गए सभासद रामानंद मद्धेशिया (48) पर लाठी-डंडे से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि लात-घूसों से भी सभासद को पीटा गया है। सिर पर गंभीर चोट लगने से वह बेहोश गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोप है कि एक सफाईकर्मी को बृहस्पतिवार को मीटिंग में आने से मना करने पर नगर पंचायत अध्यक्ष के करीबियों ने हमला किया है। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष ने सभी आरोपों को निराधार बताया है।

उधर, घटना के दौरान सभासदों ने बीच-बचाव करने के साथ विरोध प्रदर्शन किया। समर्थन में आए व्यापारियों ने दुकानें बंद कर करके एक साथ थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पीपीगंज नगर पंचायत की शुक्रवार को बोर्ड की बैठक थी। इसमें सभासद रामानंद भी शामिल हुए थे। बताया जा रहा है कि बोर्ड की बैठक खत्म होने के बाद जैसे ही रामानंद नीचे आने के लिए सीढ़ियों पर पहुंचे, आरोपियों ने हमला कर दिया। आरोप है कि नगर पंचायत अध्यक्ष के कहने पर उनके समर्थकों ने हमला किया। आनन-फानन उन्हें लेकर कुछ लोग स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां से मरहम-पट्टी के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

वहीं, नाराज सभासदों ने घटना के विरोध में बाजार बंद कराकर विरोध-प्रदर्शन किया। रामानंद ने थाने में तहरीर दी है। बताया जा रहा है कि बृहस्पतिवार को रामानंद और कुछ अन्य सभासद अफसरों के साथ मीटिंग कर रहे थे। इस दौरान अखिलेश नाम का सफाई कर्मी बार-बार आ रहा था और वहीं पर बैठ गया था। रामानंद ने इसका विरोध किया [illegible] लेकर हमला किया गया है।



पीपीगंज नगर पंचायत में सभासद की पिटाई के विरोध में प्रदर्शन करते लोग। व्यापारियों ने दुकानें बंद कर दीं। संवाद



घायल सभासद को लेकर अस्पताल पहुंचे साथी सभासद व अन्य। संवाद

मेरे ऊपर लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं। सभासद रामानंद मद्धेशिया व सफाई कर्मी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इस कारण शुक्रवार को कार्यालय में विवाद हो गया। मेरी सहानुभूति सभासदों के साथ है। इस कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं। – **लक्ष्मण विश्वकर्मा**, अध्यक्ष नगर पंचायत

तहरीर मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के आधार पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। – **मनोज अवस्थी**, एसपी नार्थ

## नगर पंचायत में बिजली उपकरणों की खरीद के बाद ही बढ़ गई थी तनातनी

### सभासदों का आरोप, अध्यक्ष ने अपने घर पर रखे हैं सरकारी धन से खरीदे गए उपकरण

अमर उजाला ब्यूरो

पीपीगंज (गोरखपुर)। पीपीगंज नगर पंचायत में शुक्रवार को हुई मारपीट की घटना अचानक नहीं हुई है। पिछले कई दिनों से गहमा-गहमी चल रही थी। बताया जा रहा है कि इसके पीछे की सबसे बड़ी वजह बिजली उपकरणों की खरीद है। इसे लेकर कई सभासदों में कुलबाहट हो गई थी। वहीं, सभासदों का आरोप है कि बिजली उपकरणों को अध्यक्ष ने अपने घर पर रखा है, जो गलत है।

जानकारी के मुताबिक, जिस अखिलेश नाम के सफाई कर्मचारी पर आरोप लगा है, वह पंचायत अध्यक्ष का करीबी बताया जा रहा है। वह अध्यक्ष के वाहन से ही चलता है। सभासदों का यह भी आरोप है कि वह कहीं भी कार्यालय में किसी अफसर के पास जाते हैं तो वहां पर अखिलेश पहुंचकर उनकी बातों को सुना करता है और फिर गोपनीयता भंग होती है।

बृहस्पतिवार को भी सभासद [illegible] और [illegible] मांग रहे थे। वह कई और सरकारी खर्च का भी ब्योरा मांग रहे थे। इस दौरान अखिलेश कई बार अंदर गया और फिर बाहर आया। रामानंद को यह पसंद नहीं आया। उन्होंने अखिलेश को टोका भी था। तब भी अखिलेश ने इसका विरोध किया था, लेकिन मामला रफा दफा हो गया था।

शुक्रवार को बोर्ड की बैठक से पहले ही अखिलेश तैयारी करके पहुंचा था और सीढ़ी पर अकेला पाते ही रामानंद पर हमलावर हो गया। सभासद प्रतिनिधि राकेश उर्फ राजीव मद्धेशिया, जवाहर, शैलेंद्र यादव ने बताया कि पंचायत में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। चुनाव के दौरान भी मारपीट की घटना हुई थी। इधर, नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मण विश्वकर्मा ने बताया कि सभी आरोप गलत हैं, बरसात का समय होने की वजह से बिजली उपकरण पहले से मंगाकर रखने होते हैं। घर पर कोई उपकरण नहीं रखा गया है।

# रेलवे का फर्जी नियुक्ति पत्र देकर जालसाजी करने वाला गिरफ्तार

## गुलरिहा पुलिस ने केस दर्ज कर की कार्रवाई, झांसा देकर आरोपी ने हड़पे थे 5.50 लाख रुपये

अमर उजाला ब्यूरो

गुलरिहा (गोरखपुर)। गुलरिहा इलाके के बनगाई गांव निवासी एक युवक को रेलवे का फर्जी नियुक्ति पत्र देकर जालसाजी का मामला सामने आया है। जालसाज ने आरोपी से नौकरी के नाम पर 5.50 लाख रुपये वसूले थे। बाद में जब युवक नौकरी के लिए ऑफिस पहुंचा तो उसे जालसाजी की जानकारी हुई। पता चला है कि आरोपी ने कई और लोगों से भी जालसाजी की है, पुलिस इसकी गहनता से जांच कर रही है। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।



विजय जायसवाल

आरोपी की पहचान बनगाई गांव निवासी विजय जायसवाल के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, विजय ने गांव के ही अजय भारद्वाज से ठगी की है। बेरोजगार अजय नौकरी के तलाश में था। इस दौरान आरोपी विजय ने एक अन्य व्यक्ति का नियुक्ति पत्र दिखाकर कहा कि रेलवे में कई पोस्ट पर सीधी भर्ती होती है। अजय उसकी बातों में आ गया था। जिसके बदले विजय ने

### कई और लोगों से ठगी की बात भी सामने आई, पुलिस कर रही जांच

उससे 20 मई 2018 को दो लाख रुपये तथा बाद में तीन लाख पचास हजार रुपये गांव के ही महेंद्र भारद्वाज के उपस्थिति में यह कहकर ले लिया कि जल्द ही नियुक्ति पत्र मिल जाएगा।

इसके बाद विजय ने 11 जून 2018 को ईस्टर्न रेलवे कोलकाता गवर्नेंट ऑफ इंडिया का फर्जी नियुक्ति पत्र अजय को दिया। पीड़ित नियुक्ति पत्र लेकर ईस्टर्न रेलवे के हेड ऑफिस कोलकाता पहुंचा तो आफिस में बताया गया कि नियुक्ति पत्र फर्जी है। जालसाजी की जानकारी होने के बाद जब अजय ने दी गई रकम वापस मांगी तो विजय ने गाली देकर भगा दिया था।

इसकी सूचना पीड़ित ने गुलरिहा थाने में दी। समझौते के बाद विजय जायसवाल ने दो लाख 67 हजार रुपये वापस कर दिया था। शेष 2,83,000 रुपये में से 2,50,000 रुपये का चेक दिया, जो बाउंस कर गया था। अजय ने यह बात विजय को बताई तो उसने रुपये जल्द वापस करने की बात कहते हुए केस न दर्ज कराने का अनुरोध किया। कई दिनों बाद भी रकम वापस न मिलने पर अजय ने शिकायत पुलिस से की।

एसएसपी के आदेश पर गुलरिहा पुलिस ने 29 मार्च 2023 को विजय जायसवाल के खिलाफ कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने की धारा में केस दर्ज किया था, तभी से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने बृहस्पतिवार की रात में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

# मानवाधिकार का फर्जी बोर्ड लगाने पर तीन पर जालसाजी का केस

### जीप पर मानवाधिकार कानून एवं भ्रष्टाचार निवारण राष्ट्रीय संगठन मंत्री का लगा था बोर्ड

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने बोलेरो पर फर्जी बोर्ड लगाकर जा रहे तीन लोगों पर जालसाजी व नियम के उल्लंघन का केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई कैंट थाने के दरोगा राजेश सिंह की तहरीर पर की है।

जानकारी के मुताबिक, दरोगा राजेश सिंह ने तहरीर में बताया है कि वह हमराहियों के साथ बृहस्पतिवार को एमएमएमयूटी गेट पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी एक बोलेरो आती दिखी। उसे रोककर उसमें सवार लोगों का नाम पता पूछा गया। उनकी पहचान सूरजकुंड निवासी राजनारायण कुमार, मोगलहा निवासी दयानंद जायसवाल व महराजगंज पनियरा निवासी मोनू गौड़ के रूप में हुई।

बोलेरो पर मानवाधिकार कानून एवं भ्रष्टाचार निवारण, राष्ट्रीय संगठन मंत्री का बोर्ड लगा था। लेकिन, उनके पास इस पद का कोई आई कार्ड नहीं था। पुलिस का मानना है कि बोर्ड रसूख दिखाकर ठगी करने के लिए लगाया गया था, जो जालसाजी का अपराध है।

# पेट्रोल पंप पर गुंडई करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार, जेल भेजा

खजनी। बांसगांव इलाके के सरबसी में स्थित पेट्रोल पंप पर पेट्रोल का पैसा मांगने पर मैनेजर पर जानलेवा हमला करने के मुख्य आरोपी प्रतितोष यादव और उसके दो साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को पुलिस ने तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान देवनाथपुर निवासी प्रतितोष यादव उर्फ झिनक, रोशन यादव व जयसिंह के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, सरबसी गांव में इंडियन ऑयल का पेट्रोल पंप है। वहां पर हत्यारोपी प्रतितोष यादव बृहस्पतिवार सुबह करीब 11.30 बजे पेट्रोल भरवाने के लिए गया था। पेट्रोल डलवाने के बाद वह रुपये नहीं दे रहा था। मैनेजर के टोकने पर गाली देते हुए तब मौके से फरार हो गया। दोपहर में 12.45 बजे वह अपने आठ-दस साथियों के साथ फिर पेट्रोल पंप पर पहुंच गया। पिस्टल दिखाने के साथ ही मैनेजर के सिर पर डंडे से हमला कर दिया। ब्यूरो

# हत्या की कोशिश में पांच को 10-10 साल की कैद

गोरखपुर। हत्या के प्रयास का जुर्म सिद्ध होने पर अपर जनपद न्यायाधीश ने सिकरीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीगढ़ निवासी अभियुक्त जगदंबा, मठदुबिसा निवासी लक्ष्मन, बांसगांव थाना क्षेत्र के बभनौली निवासी हसीबुद्दीन, गुलाब सिंह व शिउवा निवासी जयसिंह को 10-10 साल की कारावास की सजा सुनाई है। ब्यूरो

# जमीन बेचने के नाम पर हड़प ली रकम

गोरखपुर। एम्स पुलिस ने बहरामपुर निवासी सर्वजीत और सलीम के खिलाफ रुपये हड़पने का केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह मुकदमा जंगल सीकरी निवासी सुनील की तहरीर पर दर्ज किया है। आरोप है कि 2021 में दोनों ने जमीन देने के नाम पर तीन लाख रुपये ले लिया, लेकिन न तो रुपये वापस किया और न ही जमीन दी। ब्यूरो

# अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी दबोचा गया

गोरखपुर। गीडा इलाके में नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान पेवनपुर निवासी राजकुमार के रूप में हुई है। आरोपी ने किशोरी को शादी का देकर बहला-फुसला कर भगा ले गया था, फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। ब्यूरो

# सोशल मीडिया का इस्तेमाल बचकर करें...बरतें सावधानी

**अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से स्टेपिंग स्टोन स्कूल में आयोजित हुई पुलिस की पाठशाला, छात्रों के सवालों का जवाब देकर जिज्ञासा शांत की**

संवाद न्यूज एजेंसी

**एएसपी आदित्य सिंह ने बच्चों को साइबर अपराध की दी विस्तार से जानकारी**




गोरखपुर। अगर आप मोबाइल फोन पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते हैं तो पब्लिक की जगह प्राइवेट अकाउंट बनाएं। प्राइवेट अकाउंट ज्यादा सुरक्षित है। सोशल मीडिया बहुत काम की है, लेकिन इसके नफा-नुकसान का आकलन जरूरी है।

सावधानी बरतेंगे तभी जालसाजों से बच पाएंगे। अगर फोटो या वीडियो सोच समझकर ही पोस्ट करें, क्योंकि इसका गलत इस्तेमाल भी हो सकता है। इससे आपकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

ये बातें एएसपी आईपीएस आदित्य सिंह ने कहीं। वह शुक्रवार को अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से सूर्यकुंड स्थित स्टेपिंग स्टोन स्कूल में आयोजित 'पुलिस की पाठशाला' कार्यक्रम में विद्यार्थियों से साइबर क्राइम पर संवाद कर रहे थे। एएसपी ने कहा कि अगर आपके साथ सोशल मीडिया पर किसी तरह की घटना हो जाती है तो पहले अपने परिजनों को इसकी सूचना दें। इसके बाद साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

एएसपी ने बच्चों को इससे संबंधित कई उदाहरण भी दिए, ताकि वे इससे बच सकें। इस मौके पर स्कूल के निदेशक राजीव गुप्ता, प्रिंसिपल अपर्णा गुप्ता, प्रियंका, अभिषेक राय मौजूद रहे।



स्टेपिंग स्टोन स्कूल में आयोजित पुलिस की पाठशाला में बच्चों से वार्ता करते एएसपी आदित्य। संवाद

**बच्चों ने पूछे सवाल, एएसपी ने दिए जवाब**



- ■ आशीष श्रीवास्तव ने पूछा – भविष्य में साइबर अटैक से बचने के लिए सरकार की ओर से क्या इंतजाम किए जा रहे हैं?
- □ साइबर सुरक्षा पर विशेषज्ञों द्वारा लगातार काम किया जा रहा है। इसकी विशेषज्ञ कई तरह के साइबर अटैक को रोकते हैं।



- ■ कनक पांडेय ने पूछा – अगर किसी लड़की के साथ सोशल मीडिया पर कोई घटना हो जाए और वह बिना परिजनों के बताए कार्रवाई चाहती हो तो वह क्या करे?
- □ अगर आपके साथ किसी भी तरह के साइबर अपराध या ठगी होती है तो इसकी सूचना टोल फ्री नंबर 1930 पर दें, लेकिन घटना की जानकारी परिजनों को भी दें।

# कैंट में सर्वाधिक गैंगेस्टर कई गैंग का काम तमाम

**साल 2023 में 50 गैंग पर पुलिस लगा चुकी गैंगेस्टर**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (25 Aug):** गैंग बनाकर अपराध करने वाले गिरोह की अब खैर नहीं. उनकी करतूत पर पुलिस की निगाह है. साल 2023 में एक जनवरी से 25 अगस्त तक गोरखपुर पुलिस ने विभिन्न थानों में एक्टिव 50 गैंग पर गैंगेस्टर की कार्रवाई की है. कैंट थाना एरिया में सबसे अधिक 7 गैंग तो दूसरे नंबर पर गुलरिहा थाना एरिया में 6 गैंग पर पुलिस ने गैंगेस्टर लगाया है. यही नहीं गैंगेस्टर एक्ट के तहत कई बड़े माफिया पर कार्रवाई करते हुए अरबों रुपए की अवैध संपत्ति भी जब्त की गई है.

## ऐसे बदमाशों पर कार्रवाई

गोरखपुर में गैंग बनाकर माफियागिरी, लूट, छिनैती, मारपीट, रंगदारी मांगने वाले गिरोह को पुलिस चिन्हित कर कार्रवाई कर रही है. इन पर गैंगेस्टर की कार्रवाई कर इनकी अवैध संपत्ति चिन्हित कर उसे भी जब्त कर रही है.

## साल 2022 में शतक

पुलिस ने साल 2022 में गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई का शतक लगाया था. पुलिस कार्यालय के अनुसार एक साल के अंदर 402 बदमाशों पर गैंगेस्टर के 100 मुकदमे दर्ज किए गए थे.

**i UPDATE**




### गैंगेस्टर एक्ट में हुई बड़ी कार्रवाई

- भू-माफिया ओमप्रकाश पाण्डेय की 6 करोड़ की अवैध संपति जब्त
- नशा कारोबारी पडिताइन की 13.5 करोड़ की अवैध संपति जब्त
- मेडिकल माफिया अभिषेक यादव की 103 करोड़ की अवैध संपति जब्त
- भू-माफिया जवाहर यादव की 416 करोड़ की अवैध संपति जब्त
- भू-माफिया भृगनाथ सिंह की 8.5 करोड़ की संपति जब्त
- माफिया सुधीर सिंह की 10 करोड़ से अधिक की संपति जब्त
- माफिया अजीत शाही की 14.73 करोड़ की संपति जब्त
- राकेश यादव के 5 करोड़ संपति पर बुलडोजर चला

| थाना | रजिस्टर्ड गैंगेस्टर |
|---|---|
| 1. बड़हलगंज | 2 |
| 2. बेलीपार | 1 |
| 3. बेलघाट | 2 |
| 4. कैंट | 7 |
| 5. चौरीचौरा | 1 |
| 6. चिलुआताल | 2 |
| 7. गगहा | 4 |
| 8. गोला | 1 |
| 9. गोरखनाथ | 1 |
| 10. गुलरिहा | 6 |
| 11. हरपुर बुदहट | 1 |
| 12. झंगहा | 1 |
| 13. खजनी | 2 |
| 14. खोराबार | 1 |
| 15. पिपराइच | 5 |
| 16. राजघाट | 1 |
| 17. सहजनवा | 1 |
| 18. शाहपुर | 2 |
| 19. सिकरीगंज | 2 |
| 20. उरूवा बाजार | 2 |
| 21. रामगढ़ताल | 4 |
| 22. गीडा | 1 |



**"अपराध पर अंकुश लगाने के लिए बदमाशों पर कार्रवाई की जा रही है. गिरोहबंद लूट, चोरी समेत अन्य घटनाओं को अंजाम देने वाले बदमाशों पर गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है. साल 2023 में 25 अगस्त तक 50 गैंग पर गैंगेस्टर लगाया गया है.**

डॉ. गौरव ग्रोवर,
एसएसपी गोरखपुर

साल 2023 में एक जनवरी से 25 अगस्त तक गोरखपुर पुलिस ने विभिन्न थानों में एक्टिव 50 गैंग पर गैंगेस्टर की कार्रवाई की है. कैंट थाना एरिया में सबसे अधिक 7 गैंग तो दूसरे नंबर पर गुलरिहा थाना एरिया में 6 गैंग पर पुलिस ने गैंगेस्टर लगाया है.

# DEORIA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-26-08-2023

# झांसा देकर रुपये हड़पने वाली महिला ने कई धनाढ्य परिवारों को बनाया निशाना

## 40 लोगों से 6.50 करोड़ ठगी का मामला, गोरखपुर और लखनऊ में भी कुछ लोगों से लिए हैं जमीन के रुपये

देवरिया। शहर के धनाढ्य लोगों में गहरी पैठ बनाकर महिला ठग प्रॉपर्टी में निवेश कराने के नाम पर रुपये लेती थी। पकड़े जाने के बाद उसने पुलिस को कई ऐसे लोगों के नाम बताएं हैं, जिससे उसके साठगांठ है। उसने गोरखपुर, लखनऊ में लोगों से जमीन दिलाने के नाम पर रुपये लिए हैं।

बृहस्पतिवार की देर रात 40 लोगों से 6.50 करोड़ की ठगी का मामला सामने आने पर महिला से पुलिस ने कई राज उगलवाए हैं। ठगी के शिकार हुए कई बड़े लोग पुलिस से यह गुहार लगा रहे हैं कि केस दर्ज करने से पहले उनके रुपये के वापस करा दिए जाए, महिला के खाते में करीब साढ़े तीन करोड़ एवं एक अन्य महिला के खाते में भी करीब इतनी रकम है।

आरोपी महिला ने ऐसी गहरी पैठ शहर में बनाई कि लोग उसके जाल में फंसते चले गए। इसने देवरिया-सलेमपुर मार्ग पर भी जमीन ले रखी है। जमीन के नाम पर तीन लोगों से करीब 50 लाख रुपये ली है। विदेश में नौकरी करने वाले एक व्यक्ति की पत्नी भटवलिया मुहल्ले में रहती थी। जमीन दिलाने के नाम पर महिला ने इनसे भी रुपये लिए हैं। गैर प्रांत में सरकारी नौकरी करने वाले एक व्यक्ति का परिवार शहर में किराए का कमरा लेकर रहता है। इससे कुछ दूरी पर आरोपी महिला रहती थी। दोस्ती कर जमीन दिलाने के नाम पर 15 लाख रुपये ले ली। एक बड़े व्यापारी को शो रूम के लिए जमीन खरीदवाने के नाम पर रुपये ऐंठ ली। आरोपी महिला को जब लगा कि जब उसे लोग ढूंढ रहे हैं तो वह ठिकाना बदलती रही। कभी देवरिया खास, कभी भटवलिया तो कभी गोरखपुर रहने लगी। संवाद

### ससुराल वालों से नहीं हैं ठीक रिश्ते, गुमशुदगी दर्ज कराने का भी किया गया था प्रयास

आरोपी महिला की ससुराल शहर के एक मुहल्ले में है। शादी के बाद उसके रिश्तों में खटास आ गई और वह मायके भाटपाररानी स्थित एक गांव में चली आई। जब रुपये का दबाव बढ़ा तो वह गायब हो गई। इस पर उसके परिजन गुमशुदगी का मामला दर्ज कराने के लिए तहरीर दिए थे। यहां तक कि पति का भी आरोप है कि उसने घर का जेवर बेच दिया था।

### दो महिलाओं सहित आठ पर केस दर्ज

मामले में ठगी करने के आरोपी दोनों महिलाओं सहित आठ के खिलाफ पुलिस ने शुक्रवार को केस दर्ज किया है। शहर के कठिनईया वार्ड निवासी रीमा सिंह सहित 12 लोगों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सलेमपुर कोतवाली के अनुवापार निवासी ज्योति और कंचन निवासी न्यू कॉलोनी और उदय भान सहित आठ ने लोगों से रुपये लेकर हड़प लिया है। कोतवाल दिनेश मिश्र ने बताया कि दोनों पर केस दर्ज कर लिया गया है।

*मामले की जांच की जा रही है। काफी संख्या में लोगों से रुपये लेने की बात सामने आ रही है। इस मामले में जो भी लोग शामिल होंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पहले खातों का डिटेल आदि की जानकारी ली जा रही है।*

**- श्रीयश त्रिपाठी, सीओ**

# बाइक छीनने व जान से मारने के प्रयास में केस

सलेमपुर। नगर में एक व्यक्ति की बाइक छीनने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में कोतवाली पुलिस ने रामपुर बुजुर्ग निवासी चंद्रशेखर सिंह के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के मनिहारी गांव निवासी पवन उपाध्याय ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह सलेमपुर बाइक से गए थे। इसी बीच एक व्यक्ति ने उनकी बाइक से चाभी निकालते हुए गाड़ी छीनने का प्रयास किया। इसके बाद मोबाइल पर जान से मारने की धमकी दी। उनका सलेमपुर कस्बे में लगा बैनर भी फाड़ दिया। संवाद

# चौकीदार ने महिला के साथ की छेड़खानी, केस दर्ज

संवाद न्यूज़ एजेंसी

सलेमपुर। कोतवाली में तैनात एक चौकीदार के खिलाफ महिला से छेड़खानी करने के मामले में केस दर्ज किया गया है। हाल ही में आरोपित चौकीदार तमंचा और कारतूस के साथ जेल भेजा गया था। कुछ दिन पूर्व जमानत मिलने के बाद घर आया था। आरोप है कि थाने के चौकीदार के रौब में अक्सर किसी न किसी विवाद में शामिल रहता है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव की एक महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने एक चौकीदार के खिलाफ छेड़खानी का केस दर्ज किया है। पीड़ित महिला का आरोप है कि गांव में अगल अलग खेत है। खेती बारी व पशुओं के चारा के

## कुछ दिन पूर्व तमंचा के साथ जेल भेजा गया था आरोपी चौकीदार

लिए खेत पर जाना पड़ता है। कुछ दिन पूर्व महिला को अकेला देकर चौकीदार हाथ पकड़कर छेड़खानी तथा जबरदस्ती करने लगा। शोर मचाने पर लोग इकट्ठा हुए तो छोड़कर भाग गया और पीड़िता और उसके पति को जान से मारने की धमकी देता रहा। पीड़ित महिला ने जब इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। चौकीदार हाथ में कट्टा लेकर लहराते हुए डरा धमका चुका है। मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस ने चौकीदार अरविंद कुशवाहा के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपित चौकीदार की तलाश शुरू कर दी है।

# युवक पर अपहरण का केस दर्ज

देवरिया। तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को भगा ले जाने के मामले पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। यह रिपोर्ट किशोरी के पिता की तहरीर पर दर्ज हुई है।

थानाक्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी घर से कुछ सामान खरीदने बाहर गई थी। इसी बीच गांव का ही एक युवक उसे भगा ले गया। देर शाम तक जब किशोरी घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की।

काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तो उसके पिता ने थाने पहुंच कर गांव के ही एक युवक के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। जिस पर पुलिस ने आरोपी युवक रोहित चौहान के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# महिला के खाते से निकाले 52,400 रुपये

## पीड़ित का बेटा बोला शाखा का चक्कर लगाते-लगाते थक-हार कर पहुंचा थाने

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। खुखुंदू थाना क्षेत्र के मकुनही गांव की एक बेवा महिला के बैंक खाते से जालसाजी कर 52, 400 निकाल लिए गए हैं। एक सप्ताह बाद रुपये निकासी की जानकारी होने पर पीड़ित का बेटा जब बैंक पहुंचा तो बैंक में हड़कंप मच गया। रुपये वापस नहीं होने पर शुक्रवार को थक-हार कर थाने पहुंच कर उसने तहरीर दी है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

नूनखार, मकुनही निवासी बेवा पाना देवी का पंजाब नेशनल बैंक शाखा नूनखार में बचत खाता है। इसमें विधवा पेंशन भी आता है। आरोप है कि बिना बैंक गए ही

### खुखुंदू थाना क्षेत्र के नूनखार पंजाब नेशनल बैंक में हुई घटना

खाते से 11 अगस्त को पचास हजार रुपये और फिर 14 अगस्त को 2400 रुपये की निकासी कर ली गई। जबकि पीड़ित अंगूठा लगाती है।

इतना ही नहीं रुपये निकासी के दौरान गारंटर के रूप में बैंक ने पास के एक गांव के पूर्व प्रधान को गवाही में भी रखा है। उधर, पीड़ित को खाते से रुपये निकासी की जानकारी उस समय हुई, जब वह एक सप्ताह बाद शाखा पर रुपये निकासी करने पहुंची। फिर उसने इसकी जानकारी बेटे लालबाबू को दी।

*पंजाब नेशनल बैंक शाखा नूनखार में महिला के खाते से बैंककर्मियों की मिलीभगत से रुपये निकासी की तहरीर पड़ी है। मामला गंभीर है, बिना खाताधारक के बैंक गए रुपये की निकासी कैसे हुई। इसकी जांच पड़ताल कराई जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से जांच कर दोषी के खिलाफ केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।*

**– संतोष कुमार सिंह,** इंस्पेक्टर खुखुंदू

*पाना देवी नाम से बैंक शाखा में दो खाताधारक हैं। जिस पाना देवी के खाते से रुपये निकासी हुई है, उनका खाता पुराना होने से फोटो धुंधली हो गई है। फोटो अपडेट नहीं कराने से दिक्कत उत्पन्न हुई है। दूसरी पाना देवी ने फोटो बदलकर नया लगा लिया है। मामला संज्ञान में आने पर उन्हें बुलाकर जांच पड़ताल की गई है। उसने रुपये निकालने की बात स्वीकार की है। एक-दो दिन में पीड़ित के खाते में रुपये जमा करा दिए जाएंगे।*

**– राहुल सिंह,** शाखा प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक शाखा नूनखार

उसने रुपये निकासी की बात शाखा पर पहुंच प्रबंधक से बताई तो बैंक में हड़कंप मच गया। लालबाबू का कहना है कि शाखा प्रबंधक कई दिनों से खाते में रुपये वापस करने का आश्वासन दे रहे हैं। पर अब तक रुपये वापस नहीं हुए हैं। लालबाबू का आरोप है कि बैंककर्मियों की मिलीभगत से रुपये निकासी हुई है।

# युवक की हत्या में पत्नी, सास, ससुर साला सहित सात लोगों पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

रुद्रपुर। दो दिन से लापता युवक का शव मझने नदी में मिलने के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी, सास, ससुर, साला सहित सात लोगों पर हत्या का केस दर्ज किया है। युवक 21 अगस्त को ससुरालियों से हुए विवाद के बाद से ही गायब चल रहा था। जिसका शव बृहस्पतिवार सुबह मिला। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

श्रीनगर कोल्हुआ गांव के अखिलेश प्रसाद 25 वर्ष मजदूरी

### मृतक के पिता की तहरीर पर की गई कार्रवाई

कर परिवार का भरण पोषण करता था। करीब दो साल पहले उसकी शादी क्षेत्र के बड़हरा गांव निवासी रामअशीष की बेटी रेखा से हुई। घर वालों के अनुसार पत्नी के मायके में रहने को लेकर छह माह से विवाद चल रहा था।

21 अगस्त की शाम को अखिलेश के ससुराल वालों ने विवाद किया। 22 को मृतक की पत्नी ने फोन कर बुलाया। जिसके बाद से ही युवक का पता नहीं चला। बृहस्पतिवार सुबह अधरंगी गांव के लोगों ने टीकर मंदिर के पीछे मझने नदी में शव उतराता देख पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद युवक की पहचान हुई। युवक का चेहरा खराब हो गया था।

उसके सिर में चोट के निशान मिले। मृतक अखिलेश के पिता जयराम की तहरीर पर पत्नी रेखा, सास पुष्पा, ससुर राम आशीष, साला दीपक, दीपू, पत्नी का मौसा विजय, गोपी सहित सात पर मुकदमा पंजीकृत हुआ।

# मानिकपुर में चारागाह की जमीन से प्रशासन ने अतिक्रमण हटाया

## गांव के कुछ लोग जमाए थे कब्जा, अफसरों और आरोपियों में नोकझोंक

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। बरियारपुर थाना क्षेत्र के मानिकपुर उर्फ नागभार गांव में शुक्रवार को प्रशासन ने चारागाह की जमीन से अवैध कब्जा हटाया। इसे लेकर आरोपियों और कर्मचारियों में नोकझोंक भी हुई। गांव के ही एक शख्स ने इसकी शिकायत की थी। डीएम के आदेश पर कार्रवाई की गई है।

बरियारपुर थाना क्षेत्र के मानिकपुर उर्फ नागभार गांव में चारागाह की जमीन पर गांव के ही कुछ लोग वर्षों से कब्जा जमाए हुए थे। जिसकी गांव के विजय प्रताप मिश्र ने जिला प्रशासन व शासन में शिकायत की थी। शासन से आख्या मांगने पर डीएम अखंड प्रताप सिंह के निर्देश पर एसडीएम योगेश कुमार, राजस्व निरीक्षक शिरोमणि सिंह व लेखपाल पुलिस फोर्स के साथ शुक्रवार को नागभार गांव पहुंचे। टीम ने पैमाइश के बाद चारागाह की जमीन से बुलडोजर के जरिए अतिक्रमण हटाना शुरू किया।




मानिकपुर उर्फ नागभार में चला प्रशासन का बुलडोजर। संवाद

जिस पर अवैध कब्जा करने वाले विरोध पर उतर गए। प्रशासन से उनकी नोकझोंक हुई। एसडीएम के समझाने पर लोग शांत हुए। लोगों ने आरोप लगाया कि प्रशासन बिना अल्टीमेटम के ही अचानक कब्जा हटाने लगा। इसके चलते दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। एसडीएम योगेश कुमार ने बताया कि पैमाइश में चारागाह की जमीन पर अवैध कब्जा पाया गया। डीएम के आदेश पर अतिक्रमण हटाया गया है। आरोपियों ने भी कब्जा हटाने में सहयोग किया है।

# पांच लोगों पर लूट का केस

रुद्रपुर। जमीन विवाद को लेकर हुए मारपीट के मामले में शुक्रवार को पुलिस ने एक पक्ष के पांच लोगों पर घर में घुसकर मारपीट और लूट का केस दर्ज किया है। घटना तीन माह पहले 21 मई की सुबह गनेशपुर गांव में हुई थी। मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई की। घटना में एक पक्ष के लोगों पर पहले ही केस पंजीकृत हो चुका है। गांव के रहने वाले बाबूराम यादव ने न्यायालय में वाद दाखिल कर बताया कि 21 मई की सुबह उनका बेटा पल्लू गांव के बाहर शौच करने गया था, लौटते समय मुहल्ले के एक परिवार के लोगों ने लाइसेंसी असलहा से हमला बोल दिया। वह जान बचाकर घर में घुस गया। हमलावर घर में घुसकर मारपीट किए। बीच-बचाव करने पहुंची उसकी मां को भी पीटा और गले के सोने की चेन को लूट लिया। उन्होंने पुलिस पर तत्काल केस दर्ज नहीं करने का आरोप लगाया। न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने गांव के राजमंगल, सतीश, संदीप, ब्रजेश और ज्ञांती पर केस पंजीकृत किया है। संवाद

# सख्ती : फरार चल रहे आरोपी के दो सगे संबंधियों को पुलिस ने हिरासत में लिया

बरहज। एक महिला के साथ संभ्रांत लोगों का वीडियो बनाकर उनसे मोटी रकम ऐंठने का मामला जोरों पर है। मामले में पुलिस ने महिला सहित तीन को जेल भेज दिया है। जबकि फरार चल रहे एक आरोपी की तलाश में पुलिस जगह-जगह दबिश दे रही है। शुक्रवार को पुलिस फरार आरोपी के दो सगे संबंधियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। उसका लोकेशन प्रयागराज मिला है। टीम के प्रयागराज के लिए रवाना हो गई है।

इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह को फरार चल रहे सुभाष के घर पर होने की सूचना मिली। वह मयफोर्स दबिश दिए, लेकिन वह हाथ नहीं लग सका।

पुलिस सुभाष की पत्नी और बहू को हिरासत में लेकर थाने लाई। उनसे पूछताछ की जा रही है। सात अगस्त को एक महिला ने एसपी से नरक की दुनिया से बाहर निकलने के लिए गुहार लगाई थी। इसमें नगर-क्षेत्र के संभ्रांत लोगों का महिला के साथ वीडियो बनाकर उनसे मोटी रकम वसूलने का मामला प्रकाश में आया है। संवाद

# सात लाख गबन के मामले में फरार आरोपी के घर नोटिस चस्पा

मईल। थाना क्षेत्र के ज्ञान छपरा गांव में कुशीनगर जनपद की पुलिस ने मईल पुलिस के सहयोग से नोटिस चस्पा किया। 77 लाख रुपये गबन के मामले में आरोपी फरार चल रहा था। उसके घर पर नोटिस चस्पा किया। मईल थाना क्षेत्र के ज्ञान छपरा गांव निवासी धर्मेंद्र पांडेय उर्फ पंकज कुशीनगर जनपद के थाना रविंद्र नगरधूस में अंग्रेजी शराब की दुकान पर सेल्समैन था। इसके खिलाफ 10 महीने पहले रविंद्र नगर थाना घूस में 77 लाख रुपये गवन का मुकदमा दर्ज है। तभी से वह फरार चल रहा है। कई बार सूचना के बाद भी न्यायालय में हाजिर न होने पर सीजीएम कुशीनगर ने फरार सेल्समैन के खिलाफ धारा 82 के कार्रवाई का निर्देश दियां है। जिस पर रविंद्र नगरधूस के एसआई संतोष कुमार सिंह व हेड कांस्टेबल राधेश्याम यादव मईल पुलिस के साथ पहुंचकर उसके घर ज्ञान छपरा में शुक्रवार को नोटिस चस्पा किया है। थानाध्यक्ष गोरखनाथ सरोज ने बताया कि कुशीनगर पुलिस आई थी। संवाद

# चचेरे भाई पर छेड़खानी का आरोप

सलेमपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने अपने जेठ के लड़कों पर बेटी के साथ छेड़खानी तथा दुष्कर्म करने के प्रयास का केस दर्ज कराई है। कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में महिला ने कहा कि उसके जेठ के दो लड़के, उसकी बेटी के साथ आएदिन छेडखानी कर रहे थे। इसी बीच एक दिन पूर्व वे उसके साथ फिर जबरिया किए। इसको लेकर पुलिस ने केस दर्ज किया है। संवाद

# मदनपुर पुलिस ने तीन का किया चालान

बरहज। मदनपुर कस्बा के अलग-अलग वार्ड के तीन लोगों का पुलिस ने शुक्रवार को चालान किया है। इन पर गोला वार्ड स्थित एक विद्यालय के खाली भवन में मिले जानवर को काटकर उसका सिर और पैर फेंकने का आरोप है। संवाद

# नाबालिग लड़की को भागने के मामले में केस दर्ज

**देवरिया।** क्षेत्र के एक गांव से गायब नाबालिग लड़की के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। बघौचघाट क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग लड़की घर से 15 अगस्त को गायब हो गई। परिजनों ने काफी तलाश की, पर उसका कहीं पता नहीं चला। इसके बाद लड़की के बाबा ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की, जिसमें गांव का एक लड़का, लड़की को लेकर जा रहा है। पुलिस ने मामले में पांच लोगों के खिलाफ साजिश व अपहरण का केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# मारपीट के मामले में चार के खिलाफ केस दर्ज

**सलेमपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के बरसीपार छावनी टोला की रहने वाली विमला देवी पत्नी रामजी शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही चंद्रभान, प्रमोद, विनोद व रमेश के खिलाफ मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज किया है। संवाद

# प्रशासन ने मुक्त कराया चरागाह की भूमि

**जासं, करौंदी बाजार:** सदर तहसील क्षेत्र के मानिकपुर उर्फ नागभार में शुक्रवार को प्रशासन ने बुलडोजर चलाया। चरागाह पर 40 वर्षों से हुए अतिक्रमण को हटा कर मुक्त कराया। बरियारपुर थाना क्षेत्र के नागभार के रहने वाले सोधी, बोधी, अलगू व दशरथ पुत्रगण अनिरुद्ध गोंड ने चरागाह की भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया था। जिसे खाली करने के लिए प्रशासन ने अनेकों बार नोटिस दिया, लेकिन अवैध कब्जा नहीं हटाया। जिसका विरोध ग्राम प्रधान व ग्रामीण दो वर्षों से कर रहे थे। गांव के ही विजय प्रताप मिश्र ने डीएम अखंड प्रताप सिंह से चरागाह को मुक्त कराने का निवेदन किया।




मानिकपुर उर्फ नागभार में अवैध कब्जे को हटाता बुलडोजर • जागरण

डीएम के निर्देश पर सदर एसडीएम योगेश कुमार, बरियारपुर थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने अवैध कब्जे को खाली कराया।

# जाम लगने पर एआरएम रोडवेज समेत आठ लोगों को नोटिस

- जाम की समस्या से जूझ रहे लोग, लापरवाह बने अधिकारी
- यातायात पुलिस की तरफ से नोटिस जारी होने से खलबली

जागरण संवाददाता, देवरिया: शहर में हर दिन लगने वाले जाम को लेकर यातायात पुलिस गंभीर हो गई है। रोडवेज के एआरएम समेत आठ लोगों को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस जारी होने के बाद लोगों में खलबली मच गई है।

पहले सोमवार को ही शहर में जाम की समस्या रहती थी। लेकिन इन दिनों हर दिन जाम की समस्या बनी रह रही है। इसके कारण को अब चिह्नित करते हुए यातायात पुलिस ने नोटिस भेजना शुरू कर दिया है। एआरएम रोडवेज को सड़क पर बस खड़ा कर सवारी भरने पर नोटिस दिया है। इसके अलावा शहर के न्यू कालोनी स्थित स्टार पैथलैब, गुलाम हास्पिटल, शाखा प्रबंधक यूनियन बैंक मालवीय रोड, आस्था हास्पिटल न्यू कालोनी, शाखा प्रबंधक एसबीआइ राघव नगर, शाखा प्रबंधक एचडीएफसी बैंक कोतवाली रोड, प्रबंधक स्कालर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल को पार्किंग के लिए नोटिस जारी किया गया है। सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि नोटिस जारी किया गया है। व्यवस्था में सुधार नहीं लाते हैं तो कार्रवाई की जाएगी।

# पांच लोग जिलाबदर

देवरिया : एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव ने पांच लोगों को जिला बदर की कार्रवाई की है, जिसमें सैफ खान निवासी देवरिया उर्फ शामपुर कोतवाली सलेमपुर, बरहज के हरनाडीह का रहने वाला राकेश मद्धेशिया, संजय मद्धेशिया, लार के मेहरौना का रहने वाला सैफ, रुद्रपुर के लक्ष्मीपुर के रहने वाला प्रभुनाथ निषाद शामिल हैं। इनके विरुद्ध विभिन्न तरह के मुकदमे दर्ज हैं। (जासं)

# आरोपित के दरवाजे पर पुलिस ने चस्पा किया नोटिस

जासं, देवरिया: 77 लाख रुपये हड़पने के मामले में फरार आरोपित के दरवाजे पर शुक्रवार को कुशीनगर जनपद की पुलिस ने नोटिस चस्पा किया। जल्द हाजिर या गिरफ्तारी न होने पर कुर्की की कार्रवाई करने की पुलिस की तैयारी है। मईल थाना क्षेत्र के ज्ञान छपरा गांव का रहने वाला धर्मेंद्र पांडेय कुशीनगर के रविंद्रनगर धूस में अंग्रेजी शराब की दुकान पर सेल्समैन था। इसके विरुद्ध दस माह पहले रविन्द्र नगर थाना में मुकदमा दर्ज है। मुकदमा दर्ज करने के बाद से ही पुलिस गिरफ्तारी में जुटी हुई है। एसआइ रविन्द्र नगर धूस संतोष कुमार शुक्रवार मईल पहुंचे और मईल थाने की पुलिस के सहयोग से आरोपित के दरवाजे पर नोटिस चस्पा किया गया।

# आपसी विवाद में मारपीट

खुखुंदू: क्षेत्र के खजुरी करौता गांव में आपसी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई, जिसमें राधेश्याम घायल हो गए। उपचार पीएचसी में कराया गया। इस मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

# ग्राम प्रधान समेत 13 के विरुद्ध लूट का मुकदमा

**जासं, देवरिया**: रामपुर कारखाना के विशुनपुर चिरकिहवा में दो दिन पहले हुए विवाद व लूट के मामले में पुलिस ने ग्राम प्रधान समेत 13 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

गांव के रहने वाले देव नारायण मिश्र का कहना है कि 23 अगस्त को उनके भाई धर्मेंद्र स्कूल से पढ़ाकर लौट रहे थे। इस बीच रास्ते में पांच हजार रुपये निकाल लिया। जब ग्राम प्रधान के दरवाजे के सामने पहुंचे तो ग्राम प्रधान ने ललकार दिया और आरोपितों ने भाई की पिटाई की। साथ ही सुनीता देवी के कान की बाली, बृजेश के गले में सोने की चेन लूट ली। इस मामले में पुलिस ने ग्राम प्रधान अरुण कुमार राव, टोनी, खालिद, टीपू, गुड्डू, नन्हे, निसार उर्फ इसरार, परवेज, विकास, सुनील, व्यास, नरेंद्र, प्रमोद कुमार के विरुद्ध लूट, बलवा समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप राय ने बताया कि जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# चार के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा

जासं, सलेमपुर : कोतवाली क्षेत्र के बरसीपार छावनी टोला की रहने वाली विमला देवी ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चंद्रभान, प्रमोद, विनोद व रमेश के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

# पत्नी समेत सात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज

- मझना नाले से युवक का शव बरामद होने का मामला
- आरोपितों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

**जासं, रुद्रपुर:** उपनगर के मझना नाले में युवक के मिले शव के मामले में पुलिस ने पत्नी समेत सात लोगों के विरुद्ध हत्या व साक्ष्य छुपाने का मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

रुद्रपुर कोतवाली के श्रीनगर कोल्हुआ गांव के रहने वाले अखिलेश का शव गुरुवार की तड़के नाले से बरामद किया गया था। पिता जयराम की तहरीर पर पुलिस ने बड़हरा की रहने वाली पत्नी रेखा, सास पुष्पा देवी, ससुर रामाशीष, साला दीपक, दीपू और पत्नी का मौसा विजय तथा गोपी के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में आरोप है कि मेरे पुत्र को उसकी पत्नी रेखा मोबाइल पर फोन कर बुलाई और प्रथमिक विद्यालय श्रीनगर कोल्हुआ से उठा ले गए। मारपीट कर पेट्रोल पंप के समीप मझना नाले में फेंक दिया। प्रभारी निरीक्षक नवीन सिंह ने बताया कि सात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

# गोमांस मिलने के मामले में तीन गिरफ्तार

**जासं, मदनपुर**: उपनगर के गोला कस्बा स्थित एक विद्यालय में मिलें गोमांस के मामले में शुक्रवार को पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। घटना में शामिल अन्य की तलाश जारी है।

मदनपुर नगर पंचायत में एक विद्यालय बंद पड़ा है। उसके कमरे में बुधवार को गोमांस मिलने के बाद पुलिस हरकत में आ गई। अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी थी। शुक्रवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर मदनपुर पेट्रोल के पास से उपनगर के तकिया मोहल्ला निवासी बाबर खान पुत्र अली अकबर, शेख टोला निवासी एजाज पुत्र नियाज व गोला निवासी मुस्तफा पुत्र झगरू को गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपित कहीं भागने के लिए वाहन का इंतजार कर रहे थे। थानाध्यक्ष एमके चतुर्वेदी ने बताया कि घटना में शामिल अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

# चौकीदार के विरुद्ध छेड़खानी का मुकदमा

**सलेमपुर**: तमंचा लहराने के आरोप में जेल भेजा गया मनबढ़ चौकीदार के विरुद्ध एक महिला ने छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। एक गांव की रहने वाली महिला का आरोप है कि 30 जुलाई को वह गांव के बाहर पशुओं के लिए चारा काटने के लिए गई थी। इस बीच चौकीदार ने उसे पकड़ लिया और छेड़खानी की। साथ ही असलहा भी लहराया और शिकायत करने पर पति को जान से मारने की धमकी दी है। इस मामले में पुलिस ने चौकीदार अरविंद कुशवाहा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

**बाइक छीनने का मुकदमा**

**सलेमपुर**: स्थानीय उपनगर में एक मनबढ़ युवक ने एक व्यक्ति की बाइक छीनने का प्रयास किया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जांच की। साथ ही आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मनिहारी गांव के रहने वाले पवन कुमार बाइक से सलेमपुर गए थे, इस बीच रामपुर बुजुर्ग का रहने वाला चंद्रशेखर सिंह उन्हें रोक लिया और बाइक छीनने का प्रयास किया। मोबाइल पर फोन कर जान से मारने की धमकी दी।

# स्कूल वाहनों में आग से बचाव के इंतजाम नहीं

जागरण पड़ताल

- नौनिहालों की जिंदगी के साथ स्कूल प्रशासन कर रहा खिलवाड़
- स्कूल वाहनों में लगी आग तो बुझाना हो जाएगा मुश्किल

जागरण टीम, देवरिया: जिले में बच्चों को लाने व ले जाने के लिए विद्यालय प्रबंधन मोटी रकम वसूल कर रहे हैं, लेकिन छात्रों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं दिख रहे। अधिकांश स्कूल वाहनों में आग से बचाव के इंतजाम नहीं है। यदि आग लगी तो काबू पाना आसान नहीं होगा। जागरण टीम ने शुक्रवार को पड़ताल की तो सच्चाई सामने आ गई।

जिले में बेसिक शिक्षा विभाग से करीब 1100, माध्यमिक शिक्षा विभाग से 544, सीबीएसई से मान्यता प्राप्त 43, आइसीएसई से संचालित तीन विद्यालय संचालित हो रहे हैं। निजी विद्यालयों ने बच्चों को लाने व ले जाने के लिए 915 वाहन एआरटीओ कार्यालय में पंजीकृत कराया है। शहर में सीबीएसई से संचालित विद्यालय के बस में अग्निशमन यंत्र नहीं मिला। सीट खराब हालत में मिला। नौनिहाल आटो में लटक कर घर के लिए जाते मिले। उधर, बरहज संवाददाता के अनुसार, अधिकतर स्कूल वाहन मानक पर खरा नहीं उतर रहे हैं। सलेमपुर संवाददाता के अनुसार, स्कूल वाहनों में अग्निशमन यंत्र नहीं मिला। अप्रशिक्षित चालक वाहन चला रहे हैं।



सीसी रोड के समीप आटो में बैठे छात्र • जागरण



सलेमपुर में सड़क पर खड़े टाटा मैजिक से छात्रों को उतारता चालक • जागरण

> स्कूल वाहनों की आये दिन फिटनेस की जांच की जाती है। अग्निशमन यंत्र की भी जांच की जाती है। जल्द ही अभियान चलाकर इसकी जांच की जाएगी। अगर वाहन में अग्निशमन यंत्र नहीं पाए गए तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।
>
> आशुतोष कुमार शुक्ला, एआरटीओ

## यह होना चाहिए इंतजाम

- स्कूल वाहन में प्राथमिक चिकित्सा का इंतजाम।
- वाहन की खिड़की पर राड़ व जाली होनी चाहिए।
- चालक, परिचालक, प्रधानाचार्य व प्रबंधक का नाम व मोबाइल नंबर दर्ज होना चाहिए।
- वाहन चालक को वाहन चलाने का पांच वर्ष का अनुभव।
- चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य।
- चालक के नाम की पट्टिका के साथ ड्रेस कोड।
- स्कूल वाहन के लिए परमिट अनिवार्य।
- गति सीमा निर्धारण के लिए वाहन में स्पीड गर्वनर लगाया जाना जरूरी।
- लोकेशन ट्रैकिंग के लिए जीपीएस प्रणाली अनिवार्य।
- बसों में सीसी कैमरा लगाना आवश्यक।
- वाहन पीले रंग में रंगा होना चाहिए।




# पति समेत पांच के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**जासं, देवरिया:** मदनपुर थाना के दुबौली गांव की रहने वाली एक महिला ने पति समेत पांच के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। गौरीबाजार थाना के लबकनी के रहने वाले ऋतुराज शर्मा ने अपनी बेटी साक्षी की शादी दुबौली में शैलेंद्र शर्मा से जून 2022 में हुई थी। साक्षी का कहना है कि जब से वह अपने ससुराल गई, तभी से ससुराल के लोग दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करने लगे और मारपीट कर घर से निकाल दिया है। इस मामले में महिला थाने की पुलिस ने पति शैलेंद्र शर्मा, ससुर वीरेंद्र शर्मा, जेठ हरेंद्र, जेठानी चांदनी व ननद प्रियंका के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।



# चचेरी बहन के साथ छेड़खानी, दो पर मुकदमा

**देवरिया:** सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी के साथ चचेरे भाई ने छेड़खानी की। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया है। गांव की एक महिला ने तहरीर देते हुए कहा कि जेठ का लड़का आए दिन मेरी बेटी के साथ छेड़खानी करता है। विरोध करने पर पिटाई करता है। इस मामले में पुलिस ने स्वतंत्र तिवारी, मनीष तिवारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

## छेड़खानी व मारपीट का दो पर केस

सलेमपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की महिला की तहरीर पर दो लोगों के विरुद्ध छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज हुआ है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की महिला ने कोतवाली पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि गुरुवार को उसके जेठ के लड़के ने मारने पीटने के साथ ही उसके साथ छेड़खानी कर दी। इस बात का विरोध करने पर उसका व उसकी बेटी के कपड़ों को फाड़ दिया।

## दस लोगों के विरुद्ध मारपीट व बलवा का केस

भाटपाररानी। बनकटा थाना क्षेत्र के नोनार पांडेय गांव निवासी पारस यादव की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही 10 लोगों के विरुद्ध मारपीट, बलवा सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच में जुटी हुई है। बनकटा थाना क्षेत्र के नोनार पांडेय निवासी पारस यादव पुत्र स्वर्गीय रामचंद्र यादव ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि उनके गांव के रामप्रवेश गिरी के परिवार से पुरानी रंजिश चली आ रही है।

## किशोरी को भगाने में युवक पर मुकदमा

तरकुलवा। सामान लेने के बहाने घर से बाहर गई किशोरी को गांव का ही एक युवक बहला फुसलाकर भाग ले गया। जब शाम तक किशोरी घर नहीं लौटी तो उसके परिजन ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने इस मामले में गांव के ही रोहित चौहान के विरुद्ध धारा 363 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही में जुट गयी है। चौकी इंचार्ज आहत यादव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पशु क्रूरता अधिनियम में तीन का चालान

मदनपुर। कस्बा गोला वार्ड स्थित एक विद्यालय के खाली भवन में दो दिन पूर्व जानवर का सिर व पैर मिला था। इस मामले में शुक्रवार को पुलिस ने मदनपुर कस्बा के तकिया मोहल्ला निवासी बाबर खान पुत्र अली अकबर, गोला निवासी मुस्तफा व शेख टोल निवासी एजाज का चालान कर दिया। थानाध्यक्ष महेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि तीन का चालान किया गया है।

## एक महिला सहित पांच के खिलाफ बलवा दर्ज

रुद्रपुर। पुलिस ने एक महिला सहित पांच के खिलाफ बरबा दर्ज किया है। रामलक्षन चौकीके शिवपुर के गनेशपुर टोला के रहने वाले बाबूराम यादव तहरीर में कहा है कि 21 मई की सुबह सात बजे उसका बेटा पल्लू यादव शौच कर घर वापस आ रहा था। रास्ते में पौहारी के घोठे पर पहले से घात लगाकर कुछ लोगों ने गाली गलौज के साथ लाठी डण्डा व बन्दूक के बट से पल्लू को पीटने लगे।

## जान से मारने के प्रयास का मुकदमा

सलेमपुर। पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ जान से मारने के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के मनिहारी गांव निवासी पवन उपाध्याय पुत्र अग्रेनाथ उपाध्याय ने कोतवाली पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि वे सलेमपुर बाइक से गए थे। इसी बीच एक व्यक्ति ने उनकी बाइक से चाभी निकालते हुए गाड़ी छीनने का प्रयास किया।

# बालगृह में है घर से लापता बालक

देवरिया। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल सोनकर ने बताया है कि किशोर न्याय अधिनियम के अन्तर्गत राजकीय बाल गृह बालक संचालित है। यहां रहने के दौरान बालकों के परिवार की तलाश की जाती है। ऐसे ही एक बालक का नाम छोटू तृतीय है, पिता का नाम हस्मत, माता का नाम मैरून खातून, बहन का नाम रूबी सूबी, भाई का नाम तवेड, ताबेज, मामा का नाम सिराज, नानी का नाम रूक्शा खातून है।

# पत्नी सहित सात पर हत्या का केस

रुद्रपुर। रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के अधरंगी गांव स्थित टीकर देवी मन्दिर के पास मझना नाला में गुरुवार को एक युवक शव पानी में उतराता मिला था। मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी और उसके ससुर सहित सात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज की है।

क्षेत्र के श्रीनगर कोल्हुआ गांव के रहने वाले अखिलेश पुत्र जयराम की शादी डेढ़ वर्ष पूर्व रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के बड़हरा गांव के रहने वाले रामअशीष की पुत्री रेखा से हुई थी। रेखा गर्भवती है और इस समय मायके में कुछ दिनों से रह रही है। 22 अगस्त की रात में करीब आठ बजे अखिलश और रेखा से मोबाइल पर बात हुई थी। जिसके बाद अखिलेश बिना कुछ बताए घर से अकेले निकल गया। गुरुवार की सुबह अधरंगी गांव के निकट टीकर माता की मन्दिर के पास मझना नाला में उसका पानी में उतराता हुआ शव मिला था। कुछ देर बाद का शव की पहचान अखिलेश के रूप में की गई। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दी।

# गबन के आरोपी के घर कुर्की का नोटिस

मईल। थाना क्षेत्र के ज्ञान छपरा गांव मे कुशीनगर नगर व मईल पुलिस ने शुक्रवार को पहुंच कर गबन के एक आरोपी के घर पर कुर्की का नोटिस चस्पा किया। मईल थाना क्षेत्र के ज्ञान छपरा गांव निवासी धर्मेन्द्र पाण्डेय ऊर्फ पंकज कुशीनगर नगर जनपद के थाना रविंद्र नगर धुस में अंग्रेजी शराब की दुकान पर सेल्समेन थे।

इनके विरुद्ध 10 महीना पहले रविंद्र नगर थाना धुस में 77 लाख रुपये गबन का मुकदमा दर्ज है। तभी से धर्मेन्द्र पाण्डेय फरार चल रहे हैं।कई बार सूचना के बाद भी न्यायालय में हाजिर न होने पर सीजीएम कुशीनगर ने फरार सेल्स मैन के विरुद्ध धारा 82 की कार्रवाई का निर्देश दिया है।

# चारागाह से अवैध कब्जा हटाया गया

बरियारपुर, हिन्दुस्तान संवाद। सदर तहसील क्षेत्र के मानिकपुर उर्फ नागभार में शुक्रवार को प्रशासन ने बुलडोजर चला कर गांव के चारागाह पर 40 वर्षों से हुए अतिक्रमण को हटा कर भूमि को मुक्त कराया। सदर एसडीएम योगेश कुमार ने राजस्व टीम व बरियारपुर थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह की मौजूदगी में अवैध कब्जे को खाली कराया।

बरियारपुर क्षेत्र के नागभार के रहने वाले सोधी, पोधी, अलगू व दशरथ पुत्रगण अनिरुद्ध यादव द्वारा अराजी नंबर 21 रकबा 0.118 हेक्टेयर पर 40 वर्षों से चारागाह की भूमि पर अवैध कब्जा किया था। जिसे खाली करने को प्रशासन से कई बार चारों को नोटिस दिया। लेकिन तहसील में कार्यरत एक व्यक्ति की सह पर अवैध कब्जा कर चाय की दुकान व घोठा बना कर पशुपालन करते थे। इसकी शिकायत विजय प्रताप मिश्र ने जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह से कर चारागाह को मुक्त कराने की मांग की। शुक्रवार को एसडीएम सदर ने कानूनगो शिरोमणी सिंह, लेखपाल अवनीश तिवारी व उमेश यादव और बरियारपुर थानाध्यक्ष बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंचे। ईंट की कच्ची दीवाल व टीनशेट सहित अन्य सामानों को हटाया गया। पुलिस शांति बनाए रखने को बुलडोजर चलने तक मौके पर मौजूद रही।




बरियारपुर के नागभार में अवैध कब्जा हटाता बुलडोजर। • हिन्दुस्तान

# मृतक की पत्नी सहित सात पर हत्या का केस

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। स्थानीय कोतावाली क्षेत्र के अधरंगी गांव के पास मझने नाला नदी में गुरुवार को एक युवक की लाश मिली थी। पजिरनों का आरोप था कि युवक के ससुराल वालों ने उसकी हत्या कर फेंक दिया है। घटना से गुस्साए परिजनों ने कोतवाली में हत्या का मुकदमा दर्ज करने को लेकर हंगामा कर दिये थे। इस मामले में मृतक के पिता जयराम पुत्र स्व. चौथी निवासी श्रीनगर कोल्हुआ ने कहा कि वादी का पुत्र अखिलेश अपनी पत्नी रेखा निवासी ग्राम बड़हरा द्वारा फोन करके बुलाने पर जाते समय प्राथमिक विद्यालय श्रीनगर कोल्हुआ से अखिलेश की पत्नी रेखा के पिता रामअशीष, मौसा, भाई व अन्य द्वारा उठाकर ले जाकर मारपीट कर हत्या कर शव को मझने नाला में फेंक दिया। पूर्व में भी रेखा के भाई द्वारा धमकी दी गयी थी। पुलिस ने ससुराल पक्ष के पत्नी रेखा, सास पुष्पा देवी, ससुर रामअशीष, साला दीपक, दीपू निवासी ग्राम बड़हरा थाना रुद्रपुर मौसा विजय, गोपी के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 360/2023 धारा 147, 201. 506, 302 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# शराब की दुकानों पर प्रशासन ने की छापेमारी

रुद्रपुर, हिन्दुस्तान संवाद। जिलाधिकारी के निर्देश पर शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष प्रवर्त्तन अभियान के अन्तर्गत शराब की दुकानों पर छापेमारी की गई। जिससे शराब के कारोबारियों में हड़कम्प मच गया।

दोपहर में एसडीएम विपिन कुमार द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी जिलाजीत चौधरी व आबकारी विभाग के निरीक्षक कुलदीप सिंह के नेतृत्व में टीम देवरिया मोड़ पर पहुंची। जहां से सबसे पहले देशी शराब की दुकान का निरीक्षण किए। उसके बाद मॉडल शॉप का निरीक्षण किए और स्टाक का मिलान किया गया। इसके बाद अंग्रेजी शराब की दुकान और बीयर की दुकान का निरीक्षण हुआ। अधिकारियों ने सख्त निर्देश दिया कि लाइसेंसी विशेष रूप से शराब की दुकानों में साफ सफाई रखें। दुकान में और दुकान के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगवाकर दुकानों का संचालन करें। एसडीएम विपिन कुमार द्विवेदी ने कहा कि विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत पांच सितम्बर तक शराब की दुकानों की जांच की जाएगी। साथ ही कच्ची और अवैध शराब के अड्डों पर छापेमारी की कार्रवाई की जाएगी।

# पिता-पुत्र समेत चार पर अपहरण का मुकदमा दर्ज

- कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का मामला
- बेटी का धर्मपरिवर्तन करा शादी कराना चाहते हैं

सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद। पुलिस ने पिता-पुत्र समेत चार के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती के पिता ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि उसकी बेटी का दो दिन पूर्व कोतवाली क्षेत्र के दूसरे गांव के रहने वाले एक ही परिवार के चार लोगों ने अपहरण कर लिया है। वे उसको बहला फुसलाकर कर उसका धर्मपरिवर्तन करा कर शादी कराना चाहते हैं। बेटी के साथ कोई भी अप्रिय घटना होने की आशंका है।

इस मामले में युवती के पिता की तहरीर पर कोतवाली क्षेत्र के दूसरे गांव के रहने वाले थोमस मण्डल पुत्र नरेश मण्डल, नरेश मण्डल पुत्र अज्ञात, सुर्मिला मण्डल पत्नी नरेश मण्डल व राकेश मण्डल पुत्र नरेश मण्डल के खिलाफ धारा 366 के तहत अपहरण का केस दर्ज किया है।

# चौकीदार के विरुद्ध छेड़खानी का केस

सलेमपुर। कोतवाली क्षेत्र की एक महिला की तहरीर पर पुलिस ने एक चौकीदार के विरुद्ध छेड़खानी एवं मारपीट का केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव कि महिला ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि 30 जुलाई को खेत से पशु के लिए चारा लेकर आ रही थी। उसी दौरान एक चौकीदार अकेला देख कर छेड़खानी करने लगा और विरोध पर जमीन पर पटक दिया। शोर मचाने पर गांव के लोग पहुंचे तो वह असलहा लहराते फरार हो गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने चौकीदार अरविन्द कुशवाहा पर केस दर्ज कर लिया है।

# युवक ने फांसी लगाकर दे दी जान

देवरिया। पारिवारिक विवाद में युवक ने शुक्रवार की देर शाम को पंखे की कुंडी में फांसी लगाकर जान दे दी । ग्रामीणों की सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस मौके पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सदर कोतवाली क्षेत्र के मुडाडीह मोहल्ला के रहने वाले सुंदर पासवान ( 28 )पुत्र मुखन पासवान का शुक्रवार शाम किसी बात पर परिवार में विवाद हो गया।

# गायब छात्र पहुंचा घर, परिजनों में खुशी

पथरदेवा। गायब छात्र शुक्रवार को घर पहुंच गया। इससे परिजनों में खुशी की लहर दौड़ उठी। तरकुलवा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिधावें के धर्मागतपट्टी निवासी शोएब अंसारी( 14) पुत्र सराफुद्दीन गुरुवार की सुबह कोचिंग के लिए घर से पथरदेवा निकला था। शाम तक जब वह वापस घर नहीं लौटा तो परिजन परेशान हो गए। शुक्रवार की दोपहर में द्रेवरिया- भेलीपट्टी मार्ग पर अर्धचेतन अवस्था में एक लड़का सड़क के किनारे पड़ा हुआ था।

# किशोरी को भगाने पर पांच पर अपहरण का केस

पथरदेवा। बहला-फुसलाकर किशोरी को घर से भगाना मनबढ़ों को महंगा पड़ गया। पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। बीते 15 अगस्त की आधी रात को बघौचघाट थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी अपने घर से अचानक गायब हो गई। पुलिस ने आकाश, आशीष, सुधीर व जालिद पर मुकदमा दर्ज किया है।

# 6.50 करोड़ रुपये ठगने के मामले में आठ पर केस

देवरिया, निज संवाददाता। बड़े शहरों में प्रॉपर्टी खरीदवाने और समूह में रुपये जमा करने के नाम पर कुछ महिलाओं ने शहर के दर्जनों लोगों से 6.50 करोड़ रुपये ठग लिए। कई दिनों से जालसाजी करने वाली महिलाओं की तलाश में जुटे लोगों ने बृहस्पतिवार की देर शाम उन्हें पकड़कर कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। मामले में पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी । पुलिस ने दो महिलाओं समेत आठ के विरुद्ध धोखाधड़ी और गबन का मुकदमा दर्ज किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के कठिनाईयां मोहल्ले की रहने वाली रीमा सिंह समेत 12 महिलाओं ने पुलिस को दिए गए तहरीर में आरोप लगाई है कि सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के अनुवापार गांव निवासी ज्योति शहर में किराए का कमरा लेकर काफी समय से रहती है। यहां पर उसने कई महिलाओं से दोस्ती कर ली। तीन साल के भीतर किसी से दस तो किसी पंद्रह लाख रुपये गोरखपुर, लखनऊ और देवरिया में जमीन खरीदवाने के नाम पर वसूल लिए। पुलिस ने ज्योति, कंचन समेत आठ लोगों पर धोखाधड़ी, गबन समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

# पुलिस ने फरार आरोपी के पत्नी व बहु को पूछताछ के लिए उठाया

बरहज (एसएनबी)। सेक्स स्कैण्डल प्रकरण का चौथा मुख्य आरोपी, मास्टरमाइंड सुवाष चौहान की गिरफ्तारी पुलिस के लिए सिरदर्द बनता जा रहा है। इस प्रकरण में शामिल तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। शुक्रवार को मुकामी पुलिस ने तिवारीपुर निवासी सुवाष चौहान की पत्नी और बहु को उठाया है। जबकि इस प्रकरण में संलिप्त कुछ और लोग भूमिगत भी हो गये है। जानकारी के अनुसार इस खेल का चौथा मास्टर माइंड सुवाष चौहान घटना के उजागर होने के बाद से ही फरार चल रहा है। पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के लिए कई जगह दबिश दी गयी लेकिन अभी भी वह पुलिस की पकड़ से दूर है। पुलिस के लिए सुवाष की गिरफ्तारी चुनौती बनती जा रही है। शुक्रवार को पुलिस ने महिला पुलिस के साथ तिवारीपुर पहुंच उसकी पत्नी व बहू को उठाकर थाने लायी। सेक्स स्कैण्डल प्रकरण के तीन मुख्य आरोपी जेल भेजे जा चुके है। स्कैण्डल में शामिल लोग वीडियो क्लिप वायरल होने की भय से भूमिगत हो गये है। चौथा आरोपी सुवाष चौहान की गिरफ्तारी के बाद पुलिस का अगला कदम क्या होगा यह तो आने वाला समय बतायेगा।

गौर तलब है कि मुकामी थाना क्षेत्र के कपरवार नौका टोला निवासी बैजनाथ उर्फ बड़कू यादव तथा नगर के तिवारीपुर निवासी सुवाष चौहान और उसका बेटा रवि चौहान देवरिया के एक कालोनी में किराये के एक मकान में रह रही सुनीता यादव नाम की महिला से सांठ गांठ कर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अपने जांच में फंसाकर बन्द कमरे में रंगरेलिया मनाने के दौरान वीडियो क्लिप बनाते थे। कुछ दिनों बाद सम्बन्धित व्यक्ति को उक्त वीडियो क्लिप दिखाकर उन्हें ब्लैकमेल कर मोटी रकम वसूलते थे। एसआई एमएम मिश्रा ने बताया कि पूछताछ के लिए दो महिलाओं को थाने पर लाया गया था।

# बाइक छिनने व जान मारने का प्रयास, केस

**सलेमपुर।** उप नगर में एक मनबढ द्वारा एक व्यक्ति की बाईक छिनने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में कोतवाली पुलिस ने रामपुर बुजुर्ग निवासी चंद्रशेखर सिंह के विरूद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में कोतवाली के मनिहारी गांव निवासी पवन उपाध्याय ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह सलेमपुर में बाइक से गए थे। इसी बीच एक व्यक्ति ने उनकी बाईक से चाभी निकालते हुए गाड़ी छिनने का प्रयास किया। इसके बाद मोबाइल पर जान से मारने की धमकी दी। उनका सलेमपुर कस्बे में लगा बैनर भी फाड़ दिया।

# मारपीट के मामले में चार के विरूद्ध मुकदमा

**सलेमपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के बरसीपार छावनी टोला की रहने वाली विमला देवी पत्नी रामजी शर्मा ने गांव के ही चंद्रभान, प्रमोद, विनोद व रमेश के विरूद्ध मारपीट तथा जान से मारने की धमकी की प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# 34 घंटे बाद लापता छात्र लौट आया घर

## दर्ज था अपहरण का केस

तरकुलवा। घर से कोचिंग क्लास पढ़ने निकला सातवीं का छात्र लापता हो गया। वह कोचिंग सेंटर पहुंचा ना अपने स्कूल, ना ही लौटकर घर आया। काफी खोजबीन पर जब वह नही मिला तो पिता ने तरकुलवा थाने में अपहरण का केस दर्ज करा दिया, लेकिन करीब 34 घंटे के बाद शुक्रवार शाम को वह अपने घर पहुंच गया। छात्र लापता होने का कोई वजह परिजनों को नही बताया। परिजन भी उसके गाएब होने की वजह को जानने के लिए किसी प्रकार का दबाव बनाने से बचते रहे। वह बृहस्पतिवार सुबह पथरदेवा कस्बा स्थित एक कोचिंग सेंटर में कोचिंग क्लास के लिए निकला था, जो रास्ते से कहीं लापता हो गया। तरकुलवा थानाक्षेत्र के सिधावें उर्फ धर्मगतपट्टी गांव के रहने वाले सरफुद्दीन अंसारी का 13वर्षीय इकलौता बेटा शोएब पथरदेवा ब्लक के पास स्थित एक प्राइवेट स्कूल में सातवीं क्लास में पढ़ता था। वह रोज सुबह पथरदेवा कस्बा के एक कोचिंग सेंटर में कोचिंग क्लास करने जाता था। बृहस्पतिवार सुबह 5:50 बजे वह घर से कोचिंग क्लास के लिए निकला लेकिन वह कोचिंग सेंटर नही पहुंचा। वंह ना तो घर लौटा और ना ही स्कूल में पहुंचा। काफी समय बीत जाने के बाद जब वह घर नही लौटा तो परिजनों ने बारी-बारी से कोचिंग सेंटर और स्कूल पर उसका पता लगाया। काफी खोजबीन के बाद जब उसका कहीं पता नही चला तो किसी अनहोनी की आशंका से घबराए पिता ने थाने में तहरीर दी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने छात्र के अपंहरण का केस दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई। इसी दौरान शुक्रवार शाम 2:30 बजे के करीब छात्र अपने घर पहुंच गया। पिता सरफुद्दीन ने बताया कि उनका बेटा घर पहुंच गया है, वह काफी सहमा हुआ है और कुछ भी नही बता रहा है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए बैठक

देवरिया(एसएनबी)। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊके निर्देशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया देवेन्द्र सिंह के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समस्त विभागों के साथ दीवानी न्यायालय के सभागार कक्ष में प्री-ट्रायल बैठक आहूत की गयी। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी संजय कुमार सिंह द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त विभाग चिन्हित किये हुये मामलें को संदर्भित करें तथा अधिक से अधिक संख्या में मामलों को लोक अदालत के दिन लगाकर मामलों का निस्तारण करावें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के सचिवध अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार दूबे ने समस्त उपस्थित अधिकारगण को निर्देशित किया कि लोक अदालत की सफलता हेतु प्रचार-प्रसार को व्यापक स्तर पर करें तथा लोगो के बीच जनजागरूकता हेतु विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 09.09.2023 दिन शनिवार को आयोजित किया जाना सुनिश्चित हैं जिसमें व्यापक स्तर पर बैंक, बीमा, राजस्व, विद्युत, जल, सर्विस में वेतन एवं भत्ते, सिविल, श्रम, अन्य लघु अपराधिक मामलें तथा प्री-लिटिगेशन वादों का निस्तारण किया जाना हैं। इस बैठक में मुख्य रूप से, विद्युत विभाग, बी0एस0एन0एल0 जिला परिवीक्षा अधिकारी, ए0आर0टी0ओ0, सहायक स्टाम्प आयुक्त, बाट माप, दिव्यांग विभाग, स्वास्थ विभाग, समाज कल्याण, वाणिज्य कर, सेवायोजन, नगरपालिका, सहायक श्रम आयुक्त, प्रभागी वनाधिकारी, आबकारी, उप सम्भागीय परिवहन, खाद्य एवं रसद, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि, जिला पंचायत अधिकारी इत्यादि विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# उप्र गुण्डा नियंत्रण अधिनियम में 5 लोग जिला बदर

**देवरिया(एसएनबी)।** अपर जिला मजिस्ट्रेट(प्रशासन) गौरव श्रीवास्तव ने बताया है कि जनपद में जिलाधिकारी न्यायालय को प्रेषित पुलिस अधीक्षक की आख्या के आधार पर धारा 3ध्4 उप्र गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने के परिप्रेक्ष्य में अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) देवरिया के न्यायालय से प्रश्नगत 05 व्यक्तियों को 06 माह के लिए जिला बदर कर सम्बन्धित थानाध्यक्ष को आदेश का तामिला कराने के लिए निर्देशित किया गया है। जिला बदर किये गये व्यक्ति क्षेत्र में अशान्ति फैलाने के कारण है। इनका जिले में रहना शान्ति व्यवस्था और आम जनमानस के दृष्टिकोण से उचित नहीं है। थाना सलेमपुर अंतर्गत सैफ खान पुत्र स्व. असलम खान ग्राम देवरिया उर्फ शामपुर, थाना बरहज अंतर्गत राकेश मद्धेशिया पुत्र सुबाष मद्धेशिया ग्राम हरनाडीह, संजय मद्धेशिया पुत्र सुबाष मद्धेशिया ग्राम हरनाडीह, थाना लार अंतर्गत मु सैफ पुत्र यूसुफ शेख सा मेहरौना, थाना रुद्रपुर अंतर्गत प्रभुनाथ निषाद पुत्र नेबूलाल सा-लक्ष्मीपुर को आपराधिक कृत्य हेतु जिला बदर किया गया है।

# पांच व्यक्तियों पर मारपीट बलबा का केस

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** न्यायालय के आदेश से रुद्रपुर पुलिस ने ग्राम शिवपुर टोला गनेशपुर निवासी बाबूराम यादव पुत्र स्व. जमुना के दिये गये तहरीर पर कि वादी के लड़के पल्लू शौच करके घर आते समय अभियुक्त द्वारा घात लगाकर रास्ते में घोठे के पास लाठी डण्डा व बंदूक के बट से घेरकर मारना पीटना गाली गुत्ता देद्गे हुए जान मारने की धमकी देना, वादी के लड़के द्वारा जान बचाने हेतु चिल्लाया और भागने लगा। अभियुक्त गण द्वारा घर में घुसकर लात मुक्का व थप्पड़ से मारापीटा तथा सामान को नष्ट किया। पुलिस ने उपरोक्त गांव निवासी राजमंगल पुत्र स्व. जमुना, सतीश, संदीप पुत्र गण राजमंगल, गिरिजेश यादव पुत्र रामप्यारे, ज्ञानमती देवी पत्नी राजमंगल के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 323, 504, 506, 452, 427 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# महिला की तहरीर पर दो पर केस दर्ज

**सलेमपुर।** स्थानीय कोतवाली थाना क्षेत्र के एक कि महिला ने अपने जेठ के दो बेटों पर पुत्री के साथ अश्लील हरकत करने का आरोप लगाई है। महिला ने इसका विरोध किया तो उन लोगों ने मुझे व मेरी बेटी को पिटाई कर वस्त्र भी फाड़ दिया। महिला की तहरीर पर पुलिस उसके जेठ के दो बेटे पर 323, 504, 506, 354 धाराओं में केस दर्ज कर जांच में जुट गई।

# 77 लाख गवन के आरोपी के घर पुलिस ने कुर्की का नोटिस चपकाया

**लार रोड।** मईल थाना क्षेत्र के ज्ञान छपरा गांव मे कुशीनगर नगर व मईल पुलिस पहुंच कर गवन के एक आरोपी के घर पर कुर्की का नोटिस चपका किया। मईल थाना क्षेत्र के ज्ञान छपरा गांव निवासी धर्मेन्द्र पाण्डेय उर्फ पंकज पुत्र तेजनारायण पाण्डेय कुशीनगर नगर जनपद के थाना रविंद्र नगर घूस में अंग्रेजी शराब की दुकान पर सेल्समेन था इसके खिलाफ 10 महीना पहले रविंद्र नगर थाना घूस जनपद कुशीनगर में मुकदमा अपराध सं 4ध्22 धारा 408ध्467आईपीसी के तहत 77 लाख रुपये गवन का मुकदमा दर्ज है । तभी से वह फरार चल रहा है ।कई बार सूचना के बाद भी न्यायालय मे हाजिर न होने पर सीजीएम कुशीनगर ने फरार सेल्स मैन धर्मेन्द्र पाण्डेय के खिलाफ धारा 82 की कार्यवाई का निर्देश दिया है । जिस पर जिस पर रविंद्र नगर धूस के एस आई संतोष कुमार सिंह व हेड कांस्टेबल राधेश्याम यादव मईल पुलिस के साथ पहुंचकर उसके घर ज्ञान छपरा में नोटिस चसपा किया है।



# विवाद में मारपीट

**खुखुन्दू।** स्थानीय थाना क्षेत्र के खजुरी करौता गांव में पारिवारिक विवाद को लेकर मारपीट हो गई, जिसमें एक घायल हो गए, लोगों के सहयोग से मामला शांत हुआ, और इसकी सूचना पुलिस को दी। खजुरी करौता गांव में पारिवारिक विवाद को लेकर राधेश्याम से मारपीट हो गई, जिसमें घायल हो गए, लोगों के सहयोग से मामला शांत हुआ और इसकी सूचना पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने कहा कि पारिवारिक विवाद को लेकर मारपीट हो गई,जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# चौकीदार ने महिला के साथ किया छेड़खानी, केस

सलेमपुर। कोतवाली में तैनात एक चौकीदार के खिलाफ महिला से छेड़खानी करने के मामले में केस दर्ज किया गया है। हाल ही में आरोपित चौकीदार तमंचा और कारतूस के साथ जेल भेजा गया था। कुछ दिन पूर्व जमानत मिलने के बाद घर आया था। आरोप है कि थाने के चौकीदार के रौब में अक्सर किसी न किसी विवाद में शामिल रहता है। कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव की एक महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने कोतवाली के एक चौकीदार के खिलाफ छेड़खानी करने के मामले में केस दर्ज किया है। पीड़ित महिला का आरोप है कि अगल अलग गांव में खेत है। जिसके कारण खेती बारी के अक्सर जाना पड़ता है। पशुओं के चारा के लिए अक्सर खेत लाने हेतु रोज जाना पड़ता है। कुछ दिन पूर्व महिला को अकेला देकर चौकीदार अरविंद कुशवाहा वाह पकड़ कर छेड़खानी तथा जबरजस्ती करने लगा। शोर मचाने पर लोग इकट्ठा हुए तो छोड़ कर भाग गया और पीड़ित और पति को जान से मारने की धमकी देता रहा। पीड़ित महिला ने जब इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी तो चौकीदार हाथ में कट्टा लेकर लहराते हुए डराया व धमका चुका है। मामला को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस ने चौकीदार अरविंद कुशवाहा के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपित चौकीदार की तलाश शुरू कर दी है। कुछ दिन पूर्व चौकीदार अरविंद कुशवाहा को सलेमपुर-नवलपुर मार्ग पर कस्बा सलेमपुर गांव के समीप सड़क किनारे तमंचा और कारतूस के साथ अचेता अवस्था में पड़ा गया था। इसमें जेल भी भेजा गया था।

# किशोरी को भागने के मामले में अपहरण का केस

**तरकुलवा(एसएनबी)**। स्थानीय थानाक्षेत्र के एक गांव की किशोरी को भगा ले जाने के मामले पुलिस ने आरोपा युवक पर अपहरण का केस दर्ज किया है। तरकुलवा थानाक्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी घर से कुछ सामान खरीदने बाहर गई थी। इसी बीच गांव का ही एक युवक उसे भगा ले गया। देर शाम तक जब किशोरी वापस घर नही लौटी तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। काफी प्रयास के बाद भी जब उसका कोई अतापता नही चला तो उसके पिता ने थाने पहुंच कर गांव के ही एक युवक के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। जिस पर पुलिस ने आरोपी युवक रोहित चौहान के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-26-08-2023

## ठगी के शिकार लोगों के 5.50 लाख रुपये बरामद

**कुशीनगर।** ठगी की शिकार महिला समेत दो लोगों के 5.50 लाख रुपये साइबर सेल की सक्रियता से शुक्रवार को 48 घंटे में बरामद हो गए। पुलिस ने यह रकम ठगी के शिकार लोगों के खाते में वापस भेजवा दी। कुशीनगर साइबर सेल के प्रभारी मनोज कुमार पंत ने शुक्रवार की देर शाम बताया कि साइबर ठगी की शिकार एक महिला से 4.80 लाख रुपये खाते से गायब हुए थे। इसके अलावा पटहेरवा थाना क्षेत्र के धनहां जौरा बाजार निवासी रमेश राय ने क्रेडिट कार्ड से 70,990 रुपये ठगी की शिकायत एसपी के सामने दर्ज कराई थी। रकम वापस मिलने पर उन लोगों ने एसपी धवल जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया। संवाद

## शराब के पाउच बटोरने में जुटी पुलिस, तस्कर भागा

**सलेमगढ़।** बहादुरपुर के पास शुक्रवार को जुगाड़ की गाड़ी से एक बाइक सवार टकरा गया। बाइक सवार के बैग में रखा 90 देशी शराब का पाउच सड़क पर बिखर गई। मौके पर पहुंची पुलिस को चकमा देकर वह बाइक छोड़कर भाग गया। पुलिस ने बाइक और पाउच को कब्जे में लेकर अज्ञात तस्कर पर केस दर्ज किया है। दरोगा विनय मिश्र ने बताया कि पाउच और बाइक कब्जे में ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। संवाद

## हाईकोर्ट के आदेश पर हटा अतिक्रमण

**बरवापट्टी।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामपुर बरहन टोला दारोगाडीह में सरकारी जमीन पर हुआ अतिक्रमण हटवा दिया गया। गांव के ही एक व्यक्ति ने इस संबंध में हाईकोर्ट में वाद दाखिल किया था। हाईकोर्ट के आदेश पर तहसील प्रशासन ने पुलिस बल के साथ शुक्रवार को सरकारी जमीन पर बने मकान को तोड़वाकर अतिक्रमण मुक्त करा दिया। शिकायत मिलने पर तहसील प्रशासन ने मकान और मदरसा प्रबंधक लुकमान अंसारी को कई बार कागजात उपलब्ध कराने के लिए कहा था। लेकिन वह प्रशासन को कागजात उपलब्ध नहीं करा सके थे। कुछ दिन पहले गांव के ही एक व्यक्ति ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का आरोप लगाकर हाईकोर्ट में वाद दाखिल किया था। हाईकोर्ट ने अतिक्रमण मुक्त कराने का आदेश दे दिया। संवाद

# चोरी की दो साइकिलें बरामद

पडरौना। तरयासुजान थाना क्षेत्र के हफुआ चतुर्भुज गांव के लोगों ने शुक्रवार को एक साइकिल चोर को चोरी की साइकिल के साथ पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी की अन्य दो साइकिलें बरामद की हैं। पुलिस बरामद साइकिल को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई में जुटी है।

हफुआ चतुर्भुज निवासी राज ठाकुर की साइकिल एक चोर चुरा रहा था। उसी समय उनकी नजर पड़ गई। उन्होंने शोर मचाते हुए दौड़कर उसे पकड़ लिया। इसके बाद उन्होंने पुलिस को बुलाकर चोर को सौंप दिया।

पुलिस ने थाने ले जाकर चोर से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने चोरी की अन्य दो साइकिलों के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी की दो साइकिलें बरामद की। इस संबंध में एसएचओ अमित शर्मा ने बताया कि चोर की निशानदेही पर चोरी की दो साइकिलें बरामद की गई हैं। इस मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# दुष्कर्म का आरोपी और एक वारंटी गिरफ्तार

**पडरौना।** अहिरौली बाजार पुलिस ने शुक्रवार को दुष्कर्म के एक आरोपी और अन्य एक मामले में एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया।

## न्यायालय में प्रस्तुत न हाने पर कार्रवाई

एसओ अहिरौली बाजार श्रीप्रकाश राय ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव घोघरा नि वा सी विनय कुमार को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। उसके विरुद्ध दुष्कर्म का केस दर्ज था। उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।

इसी तरह थाना क्षेत्र के गांव बेन्दुआर निवासी रणजीत न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था। न्यायालय ने उसके खिलाफ वारंट जारी किया था।

न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए उसे उसके घर से गिरफ्तार कर किया गया है। इस मामले में भी विधिक कार्रवाई कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया गया है। संवाद

# शरारती तत्वों की सूचना पुलिस को दें

खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद। खड्डा कस्बे के नेहरू नगर मोहल्ले में स्थित भारती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एसआई प्रिंसी पांडेय ने छात्राओं को छेड़छाड़ आदि से बचाव का गुर सिखाते हुए उनमें महिला सशक्तिकरण का पम्पलेट बांट जागरूक किया। इस दौरान महिला एसआई ने छात्राओं से कहा कि अगर किसी प्रकार का मानसिक उत्पीड़न हो तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें।

उन्होंने कहा कि उत्पीड़न का विरोध नहीं करने पर उत्पीड़न करने वाले लोगों का मनोबल बढ़ जाएगा। महिलाओं के लिए टोल फ्री नंबर 1090 जारी किया गया है।

# साली का अश्लील फोटो वायरल करने वाले जीजा सहित चार पर केस

## करना चाहता था शादी, विफल होने पर बनाया साली का अश्लील फोटो, इकलौते साले की हत्या करने का दे रहा धमकी

संवाद न्यूज एजेंसी

**खड्डा।** साली से शादी करने की हसरत पूरी नहीं हुई तो जीजा ने उसका अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। पूछने पर इकलौते साले की हत्या करने की धमकी दे रहा है। लड़की की मां की तहरीर पर पुलिस ने दामाद सहित चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

खड्डा थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस तहरीर देकर बताया है कि उसका दामाद उसकी नाबालिग बेटी पर बुरी नजर रखता था। शादी करने के लिए आमादा था। जब लड़की की मां ने इन्कार किया तो नाराज हो गया। उसने चुपके से लड़की का अश्लील तस्वीर खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसके बाद से लड़की व उसका परिवार सदमे में है।

बताया कि जब इस बात का एतराज किया गया तो आरोपी ने लड़की के भाई की हत्या करने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने खड्डा थाना क्षेत्र के सिसवा गोपाल निवासी अशफाक, फरियाद, आबरून और इरशाद के विरुद्ध महिला की लज्जा भंग करने, जान से मारने की धमकी देने सहित आईटी एक्ट में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# किशोरी को भगाने वाले आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**पडरौना।** कोतवाली क्षेत्र की 17 साल की एक किशोरी को शादी का झांसा देकर भगाने के आरोपी की जमानत याचिका न्यायालय ने शुक्रवार को खारिज की।

पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वादी की तरफ से इस मुकदमे की पैरवी कर रहे विशेष शासकीय अधिवक्ता फूलबदन प्रसाद ने की।

उन्होंने बताया कि वादी ने तहरीर दी थी कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री एक विद्यालय में पढ़ती है। उसी विद्यालय में दूसरे समुदाय का एक

### एक ही विद्यालय में पढ़ते हैं दोनों, आरोपी ने किया था न्यायालय में समर्पण

छात्र भी पढ़ता है। वह उनकी पुत्री को शादी का झांसा देकर बीते आठ मई को भगा ले गया।

उसके भगाने में विद्यालय के प्रबंधक व कुछ अन्य लोगों का भी हाथ है। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया और विवेचना के दौरान किशोरी को बरामद कर उसका बयान भी लिया। उसके बयान के आधार पर दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई।

इसी बीच आरोपी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। उसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

उसने शुक्रवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट के प्रभारी शैलेंद्र मणि त्रिपाठी के न्यायालय में जमानत याचिका दायर की, लेकिन अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी।

# चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में पुरुषों के बराबर अपनी क्षमता साबित कर रहीं महिलाएं

**समानता दिवस**

■ संदीप त्रिपाठी

पडरौना। कभी महज रसोई तक सिमटी रहने वाली महिलाओं ने मौका मिलने पर साबित कर दिया है कि वह किसी क्षेत्र में जिम्मेदारी निभाने में पुरुषों से कमतर नहीं है। चाहे सेना हो या पुलिस, चौबीस घंटे कानून व्यवस्था का पालन कराने की चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी निभाकर महिलाओं ने अपनी क्षमता साबित की है।

**हाटा कस्बा चौकी इंचार्ज की बखूबी जिम्मेदारी निभा रही त्रिलोत्मा त्रिपाठी:** माता-पिता की लाडली व भाइयों की इकलौती बहन त्रिलोत्मा त्रिपाठी पढ लिखकर शिक्षिका बनना चाहती थी। लेकिन वर्ष 2012 के



एसआई त्रिलोत्मा त्रिपाठी, हाटा चौकी कस्बा इंचार्ज।

निर्भया कांड ने उनका नजरिया बदल दिया। एमए व बीएड करने के बाद सिद्धार्थनगर निवासी अधिवक्ता बीजी त्रिपाठी की बेटी त्रिलोत्मा त्रिपाठी ने पुलिस में नौकरी करने का निर्णय किया। 2017 बैच में एसआई बनकर मुरादाबाद ट्रेनिंग की। पडरौना कोतवाली में उनकी नवंबर 2018 में पहली पोस्टिंग हुई। जनवरी 21 तक वह पडरौना कोतवाली व महिला थाने



मनोरमा त्रिपाठी, एआरपी व जिला गाइड कैप्टन बेसिक।

में तैनात रहीं। तीसरी पोस्टिंग महिला रिपोर्टिंग चौकी तमकुहीराज और पिछले 15 जुलाई को हाटा कोतवाली में चुनौतीपूर्ण कार्य कस्बा चौकी इंचार्ज का दायित्व निभा रही हैं। त्रिलोत्मा बताती हैं कि काम करने के दौरान चुनौतियां अनेक होती हैं, लेकिन महिलाएं हमेशा पुरूषों से बेहतर काम करती हैं। महिला थाने में तैनाती के दौरान मतभेद के कारण अपनों से बिछड़े दर्जनों पति-पत्नी की दिन-दिन भर काउंसिग कर कई परिवारों को बसाया। पडरौना कोतवाली के सिधुआ पुलिस चौकी क्षेत्र के डेढ़ सौ घरों में बिजली नहीं थी। एक व्यक्ति बिजली के तार को खींचने नहीं दे रहा था। उसे समझा बुझा कर डेढ़ सौ परिवारों को बिजली की रोशनी दिलायी गयी। तमकुही में बुजुर्ग महिला की छह बहुएं थीं। बहुओं ने उन्हीं को घर से निकाल दिया था। पुरूष पुलिस कर्मियों के पहुंचने पर वह फर्जी छेड़खानी समेत अन्य संगीन आरोप लगाकर फंसाने की धमकी देती थी तथा महिला पुलिस कर्मियों से भी उलझ गई थी। उन्हें समझा कर बुजुर्ग महिला को घर में रखवाया।

**परिश्रम व संघर्षों की बदौलत स्काउट गाइड में मनोरमा ने बनाई पहचान:** कप्तानगंज ब्लॉक के सोहरौना प्राथमिक स्कूल की प्रधानाध्यापिका, एआरपी विज्ञान सुकरौली, जिला गाइड कैप्टन, महिला जिलाध्यक्ष व परिवार समेत पांच-पांच जिम्मेदारियों को कठिन परिश्रम व संघर्षों के बदौलत मनोरमा त्रिपाठी ने निभा रही हैं। जनपद के शिक्षकों में उन्होंने अलग पहचान कायम की है। मनोरमा ने बीटीसी करने के बाद 2001 में कप्तानगंज ब्लॉक के महुआ खुर्द स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका बनीं। इसके बाद 2006 में सोहरौना प्राथमिक स्कूल की प्रधानाध्यापिका बनी। जिला स्काउट गाइड बेसिक में वर्ष 2003 से लगातार जिला गाइड कैप्टन बेसिक की जिम्मेदारी निभा रही हैं। 2020 में सुकरौली विज्ञान विषय से एआरपी बनी तथा उप्र महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी जनवरी 2022 से निभा रही हैं। मनोरमा का कहना है कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए कठिन परिश्रम व संघर्ष जरूरी है।

कुशीनगर में 147 बीट पर महिला सिपाही अब क्राइम कंट्रोल करने को स्वतंत्र ड्यूटी निभा रही हैं। बीट पुलिस अफसर के जिम्मे कई गांवों को मिलाकर गठित क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने की महती जिम्मेदारी होती है। पहले माना जाता था कि पुरुष ही चौबीस घंटे फील्ड ड्यूटी वाली इस जिम्मेदारी को निभा सकते हैं। मगर महिलों ने जिम्मेदार मिलते ही यह धारणा बदल दी है। जनपद के 22 थानों में कुल 977 बीट हैं। जिले के कुल 1792 कांस्टेबल व 475 हेड कांस्टेबल तैनात हैं।

**रेटिंग** | जनपद के 21 थानों की पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में कुल कुल 2824 लोगों ने हिस्सा लिया

# जिले की महिला थाने को मिला प्रथम स्थान

**पडरौना, निज संवाददाता।** पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में जिले की महिला थाना ने नम्बर वन स्थान प्राप्त कि है। दूसरे स्थान पर कप्तानगंज व तीसरे स्थान पर रामकोला थाना है। सबसे निचले पायदान पर बरवापट्टी थाना है। जनपद के 21 थानों की पब्लिक अप्रूवल रेटिंगग में कुल कुल 2824 लोगों ने हिस्सा लिया। इसमें आईजीआरएस, ट्विटर पोल, डायरेक्ट पोल, एफआईआर व एनसीआई, पासपोर्ट

> जुलाई माह की पब्लिक अप्रूवल रेटिंग के आधार पर थानावार सूची जारी की गयी है। इसमें महिला थाना सबसे बेहतर कार्य कर पहले स्थान पर है। -**धवल जायसवाल**, एसपी,कुशीनगर

आदि के बारे में लोगों ने अपनी राय दी है। इसमें महिला थाना नम्वर वन, कप्तानगंज थाना नम्बर दो, चौराखास थाना तीन, रवींद्रनगर धूस थाना चार, तमकुहीराज पांच, विशुनपुरा छह, पटहेरवा सात, पडरौना कोतवाली आठ, अहिरौली बाजार थाना नौ, खड्डा दस, तुर्कपट्टी 11, रामकोला 12, हाटा कोतवाली 13, तरयासुजान 14, कुबेरस्थान 15, जटहा बाजार 16, सेवरही 17, हनुमानगंज 18, नेबुआ नौरंगिया 19, कसया 20 और बरवांपट्टी थाना 21 वें स्थान पर हैं।

आईजीआरएस व एफआईआर एनसीआर में भी महिला थाना नम्वर वन पर है। इस आधार पर पटहेरवा दो, रामकोला तीन, विशुनपुरा चार, अहिरौली बाजार पांच, खड्डा छह, चौरा खास सात, तमकुहीराज व कसया संयुक्त रूप से आठ, पडरौना कोतवाली राज प्रकाश सिंह 11, तुर्कपट्टी अनिल सिंह 12, हाटा 13, रवींद्रनगर 14, सेवरही 15, कुबेरस्थान 16, तरयासुजान 17, नेबुआ नौरंगिया 18, बरवापट्टी 19, हनुमानगंज 20, जटहा बाजार 21 वें स्थान पर हैं।

# अवैध अस्पताल का संचालक गिरफ्तार, दो की तलाश

सेवरही, हिन्दुस्तान संवाद। सेवरही के पकड़िया पश्चिम पट्टी में अवैध रुप से निजी अस्पताल के मामले में सेवरही पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेला। पकड़िया पश्चिम पट्टी में बिना रजिस्ट्रेशन संचालित एक निजी अस्पताल को आईजीआरएस के माध्यम से मिली शिकायत के आधार पर डीएम के निर्देश पर पिछले बुधवार को एसीएमओ राकेश कुमार के साथ पहुंची स्वास्थ्य विभाग ने सील कर संचालक के खिलाफ केस दर्ज कराया था। सेवरही पुलिस ने बताया कि इस मामले में आरोपी सुधांशु साहू निवासी उड़ीसा प्रांत, हाल मुकाम पकडीहार पूरब पट्टी थाना सेवरही को गिरफ्तार कर जेल भेजा। दो की तलाश की जा रही है।

# टोलीवार परेड कर पुलिस कर्मियों ने की मॉकड्रिल

पडरौना, निज संवाददाता। जिला मुख्यालय के पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में शुक्रवार को आयोजित परेड में पुलिस कर्मियों ने हिस्सा लिया। इसमें पुलिस कर्मियों ने टोली वार परेड कर ड्रिल की।

मुख्य अतिथि सीओ पडरौना उमेश चंद्र भट्ट ने परेड की सलामी ली। सलामी के बाद पुलिस बल की दौड़ कराई गई। इसमें टोली वार पुलिस कर्मियों ने ड्रिल की। परेड ड्रिल का सीओ ने निरीक्षण करते हुए ड्रिल के संबंध में जानकारी दी। इसके अतिरिक्त समस्त थानों पर भी परेड करायी गयी। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करायी गयी।

इस दौरान भूपेंद्र दुबे, रूपेश, महेंद्र प्रजापति, अर्जुन यादव, देवकी आदि उपस्थित रहे।

# साइबर सेल ने खाते में वापस कराये फ्रॉड में गए रुपये

**पडरौना, निज संवाददाता।** जिले के साइबर सेल ने एसपी धवल जायसवाल को मिली शिकायत के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर अपराधियों द्वारा एक महिला समेत दो व्यक्तियों के बैंक खाते से उड़ाये गये साढे पांच लाख रुपये को 48 घंटे के भीतर उनके खातों में वापस करा दिया। इस कामयाबी पर पीड़ितों ने साइबर सेल सहित एसपी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

साइबर अपराधियों ने फ्राड के जरिये एक महिला के बैंक खाते से चार लाख अस्सी हजार एवं पटहेरवा थाना क्षेत्र के धनहा जौरा बाजार निवासी रमेश राय पुत्र श्रीनिवास राय के बैंक खाते से 70990 रुपये उड़ा लिया था। साइबर अपराधियों के इस फ्राड की जानकारी होने पर दोनों पीड़ित एसपी से मिलकर शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। एसपी ने इसके लिए साइबर सेल को तत्काल कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिया। एसपी के निर्देश के अनुपालन में साइबर सेल टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ितों के कुल 5,50,990 रुपये ऑनलाइन वापस करा दिया। पुलिस की इस कामयाबी पर पीड़ितों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए साइबर सेल के साथ ही एसपी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पुलिस के निशाने पर साइबर क्राइम का गैंग

- अपराधियों के करीब पहुंची जिले की पुलिस
- विदेश भेजने व आधार कार्ड बनाने में करते हैं फ्रॉड

पडरौना, निज संवाददाता। साइबर अपराधियों के एक गैंग के बारे में कुशीनगर पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लगी है। इस गैंग के सदस्य विदेश भेजने एवं आधार कार्ड बनाने में फ्राड कर लोगों को अपने जाल में फंसा कर फर्जीवाड़ा करते हैं। गैंग के सदस्यों का सुराग मिलने पर सक्रिय हुई पुलिस को कई अहम जानकारियां हासिल हुई, जिसके बाद पुलिस उनके करीब तक पहुंच गयी है। सब कुछ ठीक ठाक रहा तो पुलिस जल्द ही इस फर्जीवाड़ा गैंग का खुलासा कर सकती है।

जिले में आये दिन विदेश भेजने एवं आधार कार्ड बनाने में भोले भाले लोग साइबर अपराधियों के शिकार हो रहे हैं। ऐसे मामलों में शिकायतों की भरमार होने पर एसपी ने इस अपराध को चुनौती के रूप में लिया है। शिकायतकर्ताओं की शिकायत पर एसपी ने प्रारंभिक जांच के लिए साइबर सेल को लगाया। सूत्रों की मानें तो प्रारंभिक जांच में ही मिले कई अहम जानकारियों से साइबर सेल के कान खड़े हो गये।

# अवैध अस्पताल पर कार्रवाई की मांग

नेबुआ नौरंगिया। नेबुआ नौरंगिया थानाक्षेत्र में बिना पंजीकरण व बिना चिकित्सक के अवैध अस्पताल का संचालन कर गरीब परिवार के रोगियों का इलाज करने व लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने की शिकायत एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री व मुख्य चिकित्सा अधिकारी से की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

नेबुआ नौरंगिया विकास खण्ड के नौंगावा निवासी संजय ओझा ने मुख्यमंत्री व सीएमओ को पत्र भेजकर कौवासार-घुघली मार्ग के सेखुई चौराहे पर बिना पंजीकरण के ही एक व्यक्ति के द्वारा अवैध निजी हास्पीटल खोले जाने की शिकायत की है। पत्र में उन्होंने बताया है कि अस्पताल पर कोई डिग्रीधारक चिकित्सक नहीं है और न ही कोई पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद हैं। इसके बावजूद झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा आपरेशन व अन्य इलाज किया जा रहा है। उन्होंने अस्पताल संचालक पर कार्रवाई करने व जांच की मांग मुख्यमंत्री व मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुशीनगर से की है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## ऑपरेशन के बाद भी महिला की पथरी न निकालने का आरोप

# निजी अस्पताल पर शव रख हंगामा, किया सील

**लक्ष्मीगंज, हिन्दुस्तान संवाद।** नगर पंचायत रामकोला में स्थित बलुआ चौराहा के समीप श्री सांई नाम से संचालित निजी हॉस्पिटल पर महिला का शव लेकर पहुंचे परिजनों ने हंगामा किया। उनका आरोप था कि डॉक्टर ने रुपये जमा कराने के बाद भी पित्त की थैली से ऑपरेशन कर पथरी नहीं निकाली और घर भेज दिया। इसके चलते महिला को कैंसर हो गया और उसकी मौत हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डिप्टी सीएमओ व रामकोला सीएचसी के अधीक्षक ने निजी अस्पताल को सील कर दिया है।

परिजनों ने पुलिस को बताया कि नगर पंचायत रामकोला में स्थित बलुआ चौराहा के समीप श्री सांई हॉस्पिटल में ग्राम चन्दरपुर टोला लक्षीय निवासी 40 वर्षीय दुर्गावती देवी पत्नी नरेश गुप्ता पित्त की थैली में पथरी का इलाज कराने के लिए बीते आठ जून को आयी थी। डॉ महेंद्र कुशवाहा ने चेक अप के बाद महिला का ऑपरेशन करने की बात कही। आरोप है कि महिला के पेट पर चीरा लगाने के बाद ऑपरेशन किया और एक सप्ताह के बाद 14 जून को महिला को हॉस्पीटल से डिस्चार्ज कर दिया गया। परिजनों का आरोप है कि महिला को घर ले जाने के बाद भी दर्द कम नहीं हुआ था। डॉक्टर की कि सलाह पर दवा चलती रही। एक महीने बाद भी दर्द नहीं कम हुआ तो पति नरेश गुप्ता और बेटा दीपक महिला को पन्द्रह जुलाई को गोरखपुर एम्स में दिखाने ले गए। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बताया कि महिला कि पित्त कि थैली में पथरी पड़ी हुई है और दुर्गावती देवी को कैंसर कि शिकायत लग रही है। कैंसर हॉस्पीटल मुंबई के लिए रेफर कर दवा लिख दिए। शुक्रवार को परिजन महिला का शव लेकर रामकोला के श्रीसाईं हॉस्पीटल पहुंच गए और गेट के सामने रख कर धरना प्रदर्शन करने लगे। एक घंटे धरना प्रदर्शन के बाद रामकोला थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने परिजनों को समझा बुझा कर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। मौके पर पहुंचे डिप्टी सीएमओ आरके गुप्ता व रामकोला सीएचसी के चिकित्साधिकारी एसके विश्वर्मा ने हॉस्पीटल को सील कर दिया। डिप्टी सीएमओ का कहना था कि अस्पताल की जांच में डॉक्टर नहीं मिले।



निजी अस्पताल पर हंगामे के बाद पहुंची पुलिस ने परिजनों को शांत कराया। बाद में अस्पताल सील कर दिया गया।

- शिकायत पर डिप्टी सीएमओ ने सील किया निजी अस्पताल
- पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझा कर कराया शांत

> जून में जब महिला के ऑपरेशन के लिए सर्जन ने चीरा लगाया तो पित्त की थैली में पानी भरा था। बिना इसकी जांच किए ऑपरेशन नहीं किए जाने की बात परिजनों को बतायी गयी थी। जांच रिपोर्ट में कैंसर की बात सामने आयी थी। सीटी स्कैन समेत सभी जांचें हमारे ही पर्चे पर हुई थी। परिजनों को कैंसर का इलाज कराने दिल्ली या मुंगई ले जाने की सलाह दी गयी थी। इसके कई दिन बाद शुक्रवार को अचानक सौ डेढ़ सौ लोग पहुंचे और हंगामा करने लगे। मैंने खुद थाने पहुंचकर शिकायत की। अस्पताल रजिस्टर्ड है और यहां आयुष्मान कार्ड पर भी इलाज किया जाता है। जांच में सब कुछ साफ हो जाएगा।
> –**डॉ महेन्द्र कुशवाहा**, संचालक श्री साई हॉस्पिटल, रामकोला

# विवेचना लंबित मिली तो सख्त कार्रवाई : एएसपी

**पडरौना, निज संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह ने थाना सेवरही तथा क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार सिंह ने हाटा कोतवाली व कप्तानगंज थाने का निरीक्षण कर विवेचकों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें दोनों अधिकारियों ने विवेचकों को निर्धारित समय के अंदर मामलों का निस्तारण कर पोर्टल पर अपलोड करने का आदेश दिया।

एएसपी ने सेवरही थाने के निरीक्षण के बाद विवेचकों की बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि विवेचना लंबित होने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सीओ कसया कुंदन सिंह ने हाटा कोतवाली व कप्तानगंज थाने का निरीक्षण किया। समीक्षा बैठक में कहा कि विवेचनाओं की समीक्षा की तथा लंबित विवेचनाओं के निस्तारण तथा वांछितों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया।

# फायरिंग में तीन केस दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

पडरौना, निज संवाददाता। कसया थाने के सोहसा मठिया में बुधवार की रात दो पक्ष में बर्चस्व को लेकर मारपीट के साथ फायरिंग हुई थी। इस मामले में दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर केस दर्ज कराया है। थाने के दारोगा की तहरीर पर तीसरा मुकदमा भी दर्ज हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

- कसया थाने के सोहसा मठिया में बर्चस्व को लेकर हुई थी फायरिंग
- दोनों पक्ष के सात लोगों का पुलिस ने किया शांतिभंग में चालान
- दोनों पक्षों की तहरीर पर दर्ज हुआ केस, दारोगा ने भी दर्ज कराया तीसरा केस

> सोहसा मठिया मामले में दोनों पक्ष की तहरीर पर पांच-पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज है। दरोगा की तहरीर पर भी इसी मामले में केस दर्ज है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। **कुंदन सिंह,** सीओ कसया

सोहसा मठिया में बुधवार की रात दस बजे दो पक्षों में बर्चस्व को लेकर पहले मारपीट हुई। इसके बाद फायरिंग हुई। सूचना पर पहुंची कसया पुलिस दोनों पक्षों के सात लोगों को हिरासत में लेकर थाने लाई। पुलिस ने मौके से तमंचा बरामद किया था। इस मामले में पुलिस ने गुरूवार को दोनों पक्ष के सात लोगों का शांतिभंग में चालान कर दिया। इस मामले में कसया थाने के दरोगा प्रवींद्र राय की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। देर शाम दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप व प्रत्यारोप लगाते हुये थाने में तहरीर सौंपी। कसया पुलिस ने एक पक्ष के शिवाकांत की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मारपीट तथा दूसरे पक्ष की निर्मला देवी पत्नी संजय की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट समेत मारपीट का केस दर्ज कर जांच किया है। कसया थाने के अंतिम छोर पर स्थित इस गांव में इससे पहले भी कई बार बर्चस्व को लेकर मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं। वहीं सोहसा मठिया चौराहे पर पुलिस सहायता केंद्र भी स्थित है। इसके बावजूद यहां की पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है। हल्का दरोगा शिव कुमार ने बताया कि एसआई की तहरीर पर आर्म्स एक्ट के तहत अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# अवैध रूप से बने मदरसे पर चला बुलडोजर

**बरवापट्टी, हिन्दुस्तान संवाद।** बरवापट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर बरहन टोला दारोगाडीह में सरकारी जमीन पर अवैध रूप मदरसा बना लिया गया था। इसकी शिकायत गांव के एक व्यक्ति ने हाईकोर्ट में वाद दाखिल कर की थी। हाईकोर्ट के आदेश पर तहसील प्रशासन ने पुलिस बल के सहयोग से शुक्रवार को मदरसे को बुलडोजर से जमींदोज करा दिया।

सरकारी जमीन पर अवैध रूप से मदरसा बनाये जाने की शिकायत मिलने पर दो वर्ष पहले ही तहसील प्रशासन ने उसे सील कर दिया था। यह मदरसा कई वर्षों पहले बना था। कुछ दिन पहले गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा मदरसा सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जाकर बनाने का आरोप लगाकर शिकायत की थी। इस पर राजस्व विभाग द्वारा जांच में शिकायत सही पाई गई, जिसकी रिपोर्ट हाईकोर्ट को भेज दी गयी।

# जीजा ने साली का अश्लील वीडियो वायरल किया, केस

खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग साली का अश्लील फोटो व वीडियो फेसबुक इंस्टाग्राम पर अपलोड करने के मामले में खड्डा पुलिस क्षेत्र निवासी जीजा एवं तीन अन्य लोगों के विरुद्ध आईटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्जकर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने खड्डा पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उसकी बड़ी पुत्री की शादी खड्डा थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई है। कुछ दिन पूर्व उसकी नाबालिग 16 वर्षीय पुत्री दामाद के घर गयी थी। जहां उसके दामाद ने चोरी छिपे अश्लील फोटो खींच लिया और वह उसकी नाबालिग पुत्री से निकाह करने का दबाव बनाने लगा। इनकार करने पर अश्लील फोटो फेसबुक इंस्टाग्राम पर डाल दिया। पीड़ित महिला ने साक्ष्य के रूप में फोटो व वीडियो पुलिस को दिखाया। इस पर पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी जीजा अशफाक, फरियाद, इरशाद व आबरुन पर केस दर्ज कर लिया है।

## अपहरण के आरोपी को दबोचा

**पडरौना**। हाटा कोतवाली के दरोगा महेन्द्र प्रताप चौधरी, जितेन्द्र यादव व दीपक सरोज ने अपहरण के मुकदमे में वांछित अभियुक्त विनय कुमार सोनी निवासी टेकुईया थाना मल्हीपुर जिला श्रावस्ती हाल मुकाम स्टार होटल फल मण्डी के बगल हाटा कोतवाली को गिरफ्तार कीर लिया है।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**पडरौना**। नेबुआ नौरंगिया थाने के प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव, दरोगा आलोक कुमार सिंह व कृष्णमोहन कुशवाहा ने दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित अभियुक्त जमालुद्दीन निवासी पिपरा बाजार थाना नेबुआ नौरंगिया को गिरफ्तार कर लिया है। अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही में जुटी है।

# मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**पडरौना।** विशुनपुरा थाने के प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान के नेतृत्व में दरोगा अजय कुमार सिंह, जनार्दन सिंह व फत्तेबहादुर यादव की टीम ने मारपीट के मामले में वांछित अभियुक्त नगीना निवासी बासगांव टोला जमुआन थाना विशुनपुरा को गिरफ्तार कर लिया है। अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जटहा बाजार थाने के वारंटी को दबोचा

**पडरौना।** जटहां बाजार थाने के दरोगा इन्द्रभान व अरविन्द यादव ने वारंटी सिंहासन निवासी माघीकोठिलवा टोला मुर्गहवा थाना जटहां बाजार को गिरफ्तार कर लिया है।

# चोरी की दो साइकिल के साथ एक को दबोचा

**पडरौना।** तरयासुजान थाने के प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा के नेतृत्व में दरोगा गौरव श्रीवास्तव व पंकज यादव आदि ने ग्राम हफुआ चतुर्भुज के पास से इमरान निवासी मकरंदपुर बरईझाल थाना रसूलाबादा जनपद कानपुर देहात हालमुकाम कैथवलिया उर्फ हबीबपुर थाना तरयासुजान को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की दो साइकिल बरामद की है।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**पडरौना।** अहिरौली बाजार के थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश राय के नेतृत्व में दरोगा राहुल कुमार राय, रविभूषण राय की टीम ने दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित अभियुक्त विनय निवासी घोघरा व वारण्टी रणजीत निवासी बेन्दुआर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही में जुटी हुई है।

# प्रशासन ने दो मंजिला भवन पर चलवाया बुलडोजर



भवन तोड़ता बुलडोजर ● जागरण

जागरण संवाददाता, खानगी बाजार : बरवा पट्टी क्षेत्र के रामपुर बरहन के टोला दारोगाडीह बरई टोला में शुक्रवार को तमकुहीराज तहसील प्रशासन द्वारा भारी पुलिस बल की मौजूदगी में बंजर भूमि पर अतिक्रमण कर बनाए गए दो मंजिला भवन पर बुलडोजर चलाकर जमींदोज कर दिया गया।

गांव के गाटा संख्या 5362 रकबा एक हेक्टेयर 1.6 एअर बंजर भूमि दर्ज है, जिसमें लुकमान अंसारी ने अवैध कब्जा कर दो मंजिला भवन बनवा कर सपरिवार रहते थे। वादी इसहाक अंसारी के अनुसार रिश्ते में भतीजा लुकमान ने बगल में स्थित पट्टे की भूमि में घर बनाने पर दीवानी न्यायालय से स्थगन आदेश ले लिया और पक्का निर्माण करने से रोक दिया। इसके बाद इसहाक उच्च न्यायालय में वाद दखिल करते हुए लुकमान द्वारा बंजर भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर दो मंजिला पक्का मकान बनाए जाने की बात कही। उच्च न्यायालय ने तहसील प्रशासन को अवैध अतिक्रमण को तत्काल प्रभाव से खाली करने का आदेश दिया। इस क्रम में बेदखली के अनुपालन में नायब तहसीलदार सुनील सिंह, कानूनगो ब्रजेश कुमार, प्रताप सिंह, राजन राय लेखपाल, कुमारी पूजा प्रजापति, अच्छेलाल, धर्मेंद्र प्रजापति, विनोद, जितेंद्र सिंह, थानाध्यक्ष बरवापट्टी उमेश सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंचकर देर शाम तक मकान तोड़वाकर अतिक्रमण खाली कराते रहे। नायब तहसीलदार ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन में अतिक्रमण हटवाया गया है।

# हाईकोर्ट ने बेदखली की कार्रवाई पर लगाई रोक

जासं, सुकरौली बाजार : कोतवाली हाटा के खागी मुंडेरा गांव में पांच अगस्त की शाम ग्राम प्रधान कमलेश पासवान ने ग्रामवासी इंजीनियर कमलेश सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्यारोपितों की ओर से खलिहान व पोखरी की भूमि पर बनाए गए मकान को गिराने की मांग उठने पर प्रशासन ने भूमि को चिह्नित कर नोटिस चस्पा कर दिया था। हाईकोर्ट ने अपील के निस्तारण तक बेदखली की कार्रवाई पर लगा दी है।

**दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार :** जासं,पिपराबाजार :नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने काफी समय से फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपित को शुक्रवार को पिपरा बाजार से गिरफ्तार किया। उसकी पहचान जमालुद्दीन निवासी पिपरा बाजार के रूप में हुई। पप्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जमालुद्दीन के विरुद्ध दुष्कर्म सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है। शाम को उसके पिपरा बाजार में होने की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। अहिरौली बाजार संवाददाता के अनुसार क्षेत्र के घोघरा निवासी दुष्कर्म के आरोपित को अहिरौली बाजार पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार किया। एसओ श्रीप्रकाश राय ने बताया कि आरोपित विनय की तलाश में पुलिस टीमें छापेमारी कर रहीं थीं।

# यौन अपराध के मामलों में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

**जासं, पडरौना:** एएसपी रितेश कुमार सिंह ने कहा कि यौन अपराध के मामलों में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। अपराधियों पर नकेल कस महिलाओं के लिए भयमुक्त वातावरण बनाएं। वे सेवरही थाने की समीक्षा के दौरान पुलिसकर्मियों को संबोधित कर रहे थे। एएसपी ने कहा कि पाक्सो व दुष्कर्म से जुड़े मुकदमों की विवेचना प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। विवेचना के दौरान महत्वपूर्ण साक्ष्य व तथ्य एकत्रित कर बिना देर लगाए आरोप-पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करें। प्राय:पीड़िता के चिकित्सकीय परीक्षण में देरी होने की शिकायतें मिलती हैं। इसे लेकर थानेदार गंभीरता बरतें। प्रकरण संज्ञान में आने के पश्चात हर हाल में 12 घंटे के भीतर चिकित्सकीय परीक्षण कराना



सेवरही थाना में बैठक को संबोधित करते एएसपी रितेश कुमार सिंह • जागरण

सुनिश्चित किया जाए। ऐसे मामलों में लापरवाही पाए जाने पर विवेचक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। कहा कि ऐसे मामलों में जमानत पाए अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखें। उन्होंने जन शिकायत, आइजीआरएस से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। लापरवाह कर्मियों को चेताया। प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह सहित सभी विवेचक मौजूद रहे।

**सीओ ने की लंबित विवेचनाओं की समीक्षा : कप्तानगंज:** सीओ कसया कुंदन सिंह ने कप्तानगंज थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने लंबित विवेचनाओं की समीक्षा कर शीघ्र उनका निस्तारण करने का विवेचकों को निर्देश दिया। आइजीआरएस, जनशिकायतों के निस्तारण की भी समीक्षा की। सीओ ने मालखाना, रजिस्टर नंबर आठ, समाधान रजिस्टर समेत अन्य दस्तावेजों का अवलोकन किया। परिसर के आस-पास सफाई पर ध्यान देने को कहा। उपनिरीक्षकों से कहा कि लंबित विवेचनाओं को शीघ्र पूर्ण कर लें। प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लेते हुए शासन की मंशा के अनुरूप त्वरित न्याय दिलाई जाए। जनसहयोग से कस्बा के हर चौराहों पर सीसी कैमरे लगवाए जाएं। इससे अपराध रोकने और अपराधियों को पकड़ने में मदद मिलेगी। कहा कि आइजीआरएस और जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# 48 घंटे में साइबर सेल ने खाते में वापस कराए 5 .5 लाख

जागरण संवाददाता, पडरौना: फ्राड कर खातों से उड़ाए गए साढ़े पांच लाख से अधिक की धनराशि को साइबर सेल ने 48 घंटे में वापस करा दिया। खाते में रुपये वापस आने के बाद पीड़ितों की प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहा। कुशीनगर पुलिस की प्रशंसा करते हुए रुपये पाने वालों ने आभार जताया है। नगर निवासी एक महिला से फ्राड कर साइबर अपराधियों ने खाते से चार लाख 80 हजार रुपये उड़ा लिए। बीते बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच महिला ने पुलिस अधीक्षक से आपबीती बताई। बताया कि ओटीपी पूछकर जालसाजों ने खाते से रुपये गायब कर दिए। उसी दिन पटहेरवा के धनहा जौरा बाजार निवासी रमेश राय ने भी पुलिस अधीक्षक से मिलकर साइबर अपराध के शिकार होने की सूचना दी। बताया कि उनके खाते से अपराधियों ने 70 हजार 990 रुपये उड़ा लिए हैं। पुलिस अधीक्षक ने मामले को साइबर सेल को सौंप त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। साइबर सेल ने जांच पड़ताल शुरू की। जांच में पता चला कि साइबर अपराधियों ने खाते से आनलाइन खरीदारी की है। खाते में रुपये वापस कराने के लिए साइबर सेल ने आवश्यक कार्रवाई शुरू की। गुरुवार शाम को पीड़ितों के खाते में सेल ने रुपये वापस करा दिया। शुक्रवार को मुख्यालय पहुंच दोनों ही पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक के प्रति आभार जताया। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि सतर्कता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे बेहतर विकल्प है। ओटीपी, एटीएम या बैंक से जुड़ी सूचनाएं साझा न करें। अगर खाते से रुपये गायब हों तो बिना देर लगाए साइबर सेल तथा 1930 या 112 पर सूचना दें। समय पर सूचना मिलने से रुपये वापस कराने में सहूलियत होती है।

- नगर निवासी महिला के खाते से फ्राड कर अपराधियों ने उड़ाए थे 4.80 लाख
- ओटीपी पूछ कर गायब कर दे रहे खाते से रुपये, धोखा खा रहे सतर्क न रहने वाले लोग



# साइकिल चोर पकड़ किया पुलिस के हवाले

**जागरण संवाददाता, सलेमगढ़ :** तरयासुजान क्षेत्र के हफुआं चर्तुभुज में चोरी की साइकिल बेचने के दौरान वहां मौजूद एक ग्रामीण ने साइकिल पहचान ली व फोन कर पीड़ित राजू ठाकुर को बुला लिया। ग्रामीणों चोर की धुनाई की, तो उसने दूसरी चोरी की साइकिल पटहेरवा के लबनियां से बरामद बरामद करवाया। आरोपित इबरान अंसारी कानपुर का निवासी है व तरया हरिकेश तकिया टोला ससुराल में रहता है। चौकी प्रभारी विनय कुमार मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा जा रहा है।

# बच्चों की सुरक्षा पर सवाल, आंख मूंदे जिम्मेदार

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** बस से स्कूल जाने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर निजी स्कूल संचालक गंभीर नहीं हैं। परिवहन विभाग भी इसे लेकर सतर्क नहीं दिख रहा। सड़कों पर दौड़ते इन वाहनों को देख कर व्यवस्था का अंदाजा सहज ढंग से लगाया जा सकता है। अधिकांश छोटे वाहन नियम कानून को ताक पर रख फर्राटा भर रहे। इससे बच्चों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। इन वाहन में अग्निशमन यंत्र नहीं है।

जिले में 1225 निजी व 2465 परिषदीय स्कूल हैं। निजी स्कूल में दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले बच्चों के लिए विद्यालय द्वारा बस व अन्य छोटे वाहनों की सुविधा है। उच्चतम न्यायालय द्वारा इन स्कूलों को लेकर गाइड लाइन जारी किया गया है। इसके अनुसार स्कूली वाहनों में अग्निशमन यंत्र की अनिवार्यता के साथ वाहन पर स्कूल, चालक, सहयोगी तथा संचालक-प्रधानाचार्य का नाम, नंबर आदि का उल्लेख किए जाने का निर्देश है। नियमों के तहत ही इन विद्यालयों के संचालन की अनुमति है, अन्यथा की दशा में नहीं। मगर जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते जारी दिशा-निर्देश का पूरी तरह अनुपालन नहीं हो रहा है। वाहनों पर नाम, नंबर आदि का उल्लेख तो रहता है मगर अन्य दिशा-निर्देशों का ठीक



धू-धू कर जल रही स्कूली वैन • फाइल फोटो

ढंग से पालन नहीं होता। बसों में अग्निशमन यंत्र की सुविधा होती है, पर अधिकांश छोटे वाहनों में नहीं। ऐसे में अगर इन वाहनों में आग लगने जैसी दुर्घटना हो जाए तो सवार बच्चों की सुरक्षा भगवान भरोसे ही होगी। बिना मानक सड़क पर बच्चों को लेकर दौड़ते इन वाहनों को लेकर न तो स्कूल संचालक गंभीर हैं और न ही वाहनों की निगरानी करने वाला संभागीय परिवहन विभाग।

सिर्फ दुर्घटना होने पर ही परिवहन विभाग की आंख खुलती है और कुछ दिनों तक सड़क पर चौकसी नजर आती है। और कुछ दिनों बाद फिर पहले की तरह ये वाहन दौड़ते नजर आते हैं।

**धू धू कर जल गई थी स्कूली वैन :** 24 नवंबर 2018 को कसया स्थित हवाईपट्टी के समीप रामकोला मार्ग पर स्कूली वैन में आग लग गई थी। चालक ने कूद कर जान बचाई थी। वैन रामकोला क्षेत्र के टेकुआटार में संचालित एक निजी स्कूल की थी।

> नियमों की अनदेखी कर स्कूल संचालित करने वाले विद्यालयों को चिन्हित कर संचालक से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। लापरवाही बरतने वाले विद्यालयों की मान्यता निरस्त की जाएगी।
>
> -डा.रामजियावन मौर्य, बीएसए

# नब्बे शीशी देसी शराब बरामद, तस्कर फरार

**सलेमगढ़** : तरयासुजान क्षेत्र के बहादुरपुर पुलिस चौकी के निकट गुरुवार की देर रात हाईवे पर बाइक से देसी शराब लेकर बिहार जा रहा तस्कर विपरीत दिशा से आ रहे जुगाड़ गाड़ी से टकराकर सड़क पर गिर गया। पीठ लदे बैग से कच्ची शराब के नब्बे पाउच पैक सड़क पर ही गिर कर बिखर गए। तस्कर बाइक छोड़ पैदल ही भाग निकला। पुलिस कार्रवाई में जुटी है।(जासं)

# थाने पर होमगार्डों के ठहरने की नहीं हो सकी व्यवस्था

**जागरण संवाददाता, तुर्कपट्टी**: पुलिस कर्मियों की तरह होमगार्डों को थाने पर ठहरने की शासन के निर्देश के बावजूद अभी तक उसका अनुपालन नहीं हो सका है। जिसके कारण दूर दराज से आने वाले होमगार्ड के जवानों को ड्यूटी के दौरान आवागमन में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। शासन द्वारा वर्ष 2020 में यह आदेश हुआ था कि सिपाहियों की भांति होमगार्डों को भी थाने पर ठहरने की व्यवस्था की जाए। अब तक इसका अनुपालन नहीं हो सका। होमगार्ड भी सिपाहियों की भांति पूरी मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी करते हैं। इसके बावजूद भी उतनी सुविधाएं उन्हें मिल नहीं मिल पाती हैं, जितनी सिपाहियों को मिलती हैं। ऐसे में होमगार्डों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए शासन स्तर से यह आदेश पारित हुआ था ताकि ड्यूटी के बाद वह घर न जाए और थाने पर ही आराम करें। तुर्कपट्टी थाने में 10 एसआई, 14 हेड कांस्टेबल, 43 कांस्टेबल, 12 महिला कांस्टेबल व 20 होमगार्ड के जवान तैनात हैं। पुलिस कर्मियों के ठहरने की व्यवस्था तो है पर होमगार्डों के लिए नहीं है। 10 होमगार्ड रात में और 10 दिन में ड्यूटी करते हैं। नाम न छापने की शर्त पर एक होमगार्ड ने बताया कि थाने पर हम लोगों के लिए

- **तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी शासन के आदेशों का नहीं हो सका पालन**
- **विपरीत परिस्थितियों में भी घर से ड्यूटी करने को विवश हैं होमगार्ड व पुलिसकर्मी**

पत्राचार के माध्यम से पुलिस विभाग को इसकी सूचना दी गई है। अभी तक किसी भी थाने पर होमगार्डों के ठहरने की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हो पाई। विभाग द्वारा जो निर्देश मिलेगा, उसका पालन किया जाएगा।

नीरज कुमार शर्मा, जिला कमांडेंट होमगार्ड, कुशीनगर

अलग आवास न होने पर सबसे ज्यादा दिक्कत बरसात और सर्दी के दिनों में होती हैं। विपरीत परिस्थितियों में भी थाने पर रुकने की कोई व्यवस्था नहीं है। शासन के आदेश के तीन साल बीत जाने के बावजूद किसी भी थाने में होमगार्डों के ठहरने की व्यवस्था नहीं हो सकी। जिससे अपने आप को उपेक्षित महसूस करते हैं।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-26-08-2023

# दोहरी नागरिकता पर जानकारी ली

**भगवानपुर।** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के भगवानपुर पंचायत भवन पर शुक्रवार को कोतवाल अभिषेक सिंह के नेतृत्व में आपरेशन कवच के तहत बैठक हुई। बैठक में गांव की कुल जनसंख्या, जातिगत संख्या, भारत से नेपाल में व नेपाल से भारतीय सीमा में निवास करने वाले लोगों की संख्या के साथ ही भारत व नेपाल दोनों देशों में निवास करने वाले लोगों के बारे में जानकारी ली गई।

## पांच सितंबर के बाद सड़क चौड़ीकरण का शुरू होगा अभियान

# हाईवे निर्माण में टूटेंगी सैकड़ों दुकानें, मुनादी

**एनएच 730एस**

**महराजगंज, निज संवाददाता।** नेपाल के सीमावर्ती कस्बा ठूठीबारी को महराजगंज से जोड़ने के लिए एनएच 730 एस. निर्माण की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक में जिला प्रशासन ने पांच सितंबर के पहले तक निचलौल रोड से एनएचएआई के अधिकार क्षेत्र वाली सड़क सीमा के अंदर खोली गई दुकानों को दूसरे जगह स्थानांतरित करने का आग्रह कर चुका है। पालिका भी लाउडस्पीकर से दुकानों को हटाने के लिए मुनादी करा रही है। कॉलेज रोड के किनारे के दुकानों की बेचैनी बढ़ गई है, क्योंकि अतिक्रमण के दायरे में सैड़कों दुकानें चिह्नित की गई हैं। एनएचएआई व नगर पालिका 5 सितंबर के बाद अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू कर सकता है।

शहर के कॉलेज रोड पर कई पुरानी दुकानें ऐसी हैं, जिनके संचालकों ने गांव से जिला मुख्यालय बने महराजगंज को औद्योगिक केन्द्र बनाने के लिए पुरजोर कोशिश की। उनकी मेहनत रंग भी लाई। इसकी बदौलत कॉलेज रोड शहर का कामर्शियल केन्द्र बन कर उभरा। जागरूक लोगों का कहना है कि कुछ व्यापारियों को नुकसान हो सकता है, लेकिन एनएच 730 एस के बन जाने के कुछ दिन बाद फिर से नए कंट्रक्शन कार्य से कॉलेज रोड पर अत्याधुनिक दुकानें नजर आनी शुरू हो जाएंगी।



महराजगंज-निचलौल-ठूठीबारी मार्ग।

> निचलौल-ठूठीबारी हाइवे निर्माण के लिए चौड़ीकरण का कार्य पांच सितंबर के बाद शुरू होगा। इसके लिए व्यापार बंधु की बैठक में व्यापारियों से चौड़ीकरण की जद में आ रही दुकानों को दूसरे जगह स्थानांतरित करने का आग्रह किया गया है। हाइवे निर्माण से कॉलेज रोड से लेकर ठूठीबारी बार्डर तक विकास तेजी से होगा। **डॉ. पंकज कुमार वर्मा,** एडीएम

**फ्रंट पर जाएंगे कई सरकारी विभाग, खूबसूरत दिखेगा कॉलेज रोड** : शहर के अंदर 32 मीटर चौड़ी हाइवे के निर्माण के औचित्य पर सवाल उठाते हुए व्यापारी संगठनों ने लोक निर्माण मंत्री से बाइपास बनाकर दुकानों को बचाने की गुहार लगाई थी। लोक निर्माण मंत्री के ज्ञापन पर एनएचएआई ने व्यापारियों के सवालों का सिलसिलेवार जवाब देते हुए स्पष्ट कर दिया है कि किसी की निजी भूमि का अधिग्रहण नहीं होगा। एनएचएआई अपने अधिकार क्षेत्र में ही हाइवे बनाएगी, लेकिन चौड़ीकरण के लिए लगाए गए निशान कई दुकानों के अंदर तक घुस गया है। क्योंकि मुख्य चौराहे के 180 मीटर बाद निचलौल रोड पर सड़क की जमीन 32 मीटर है। इन दुकानों को हटाने से उप निबंधक कार्यालय, जिला पंचायत, आबकारी विभाग, पूर्व माध्यमिक विद्यालय महराजगंज, प्रथम, पीजी कॉलेज, जीएसवीएस इंटर कालेज फ्रंट पर आ जाएगा।

## सिद्धार्थनगर में चेक बाउंस मामले में जेल में आया था एनबीडब्ल्यू, दरोगा को भेजा तब पता चला कि केस का हो चुका निस्तारण

# अमरमणि पर 40 केस, एक वारंट से फंसा था पेच

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी के खिलाफ अलग-अलग जिलों में 40 मुकदमे दर्ज हैं। इन्हीं में से एक मुकदमे पर एक साल पहले जारी गैर जमानती वारंट से रिहाई में पेच फंसा दिया था। हालांकि दरोगा जब सिद्धार्थनगर के कोर्ट पहुंचा तब पता चला कि मामला निस्तारित हो चुका था। इसके बाद रिहाई का रास्ता साफ हुआ।

अमरमणि पर मुकदमों की संख्या तो अर्धशतक के करीब पहुंच गई थी। लेकिन ज्यादातर मुकदमे या तो खत्म हो चुके हैं या फिर एफआर लग गयी है। कुछ मुकदमों में कोर्ट की तारीख पड़ रही थी। उन्हीं में से चेक बाउंस का एक परिवाद सिद्धार्थनगर कोर्ट में दाखिल था। कोर्ट से अमरमणि के खिलाफ 2022 में एक एनबीडब्ल्यू जारी हुआ था। जेल की जीडी में एनबीब्ल्यू की जानकारी थी। शुक्रवार को रिहाई में हुई देरी की वजह यही एनबीडब्ल्यू रहा। जेल प्रशासन ने दरोगा को सिद्धार्थनगर भेजा। वहां जांच में पता चला कि मुकदके का निस्तारण 17 दिसम्बर 2022 में ही हो चुका है लेकिन जेल को इसकी जानकारी नहीं थी। लिहाजा दरोगा ने वहां से एक आदेश हासिल कर जेल प्रशासन को भेजा उसके बाद रिहाई का रास्ता साफ हुआ और आगे कार्रवाई शुरू की गई।



पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी

दरअसल, अमरमणि को उत्तराखंड की जेल से उम्र कैद की सजा हुई थी। ऐसे में उन्हें गोरखपुर जेल में तभी रखा जा सकता था, जब उनका कोई केस वहां चल रहा हो और उन्हें उसकी पेशी में जाना पड़ता हो। अन्यथा उन्हें उत्तराखंड वापस कर दिया जाता या फिर केंद्रीय जेल में रखा जाता जहां सजायाफ्ता कैदी रखे जाते हैं। अमरमणि के ऊपर चेक बाउंस के कई केस कोर्ट में चल रहे थे। महराजगंज में केस का निस्तारण हुआ तो सिद्धार्थनगर में एनआई एक्ट का परिवाद 2015 से दाखिल था। इसी मामले में अमरमणि के खिलाफ वारंट जारी हुआ था। पैसा देकर इस मामले का निस्तारण कर लिया गया था इससे परिवाद खत्म हो गया था। लेकिन इसकी जानकारी जेल प्रशासन के पास नहीं थी।

### सबसे अधिक 25 केस महराजगंज में हैं दर्ज

अमर मणि के खिलाफ महराजगंज जिले के विभिन्न थानों में वर्ष 1981 से वर्ष 1997 तक कुल 25 केस दर्ज है। इसमें से 17 केस में चार्जशीट दाखिल हुई है। आठ केस में फाइनल रिपोर्ट लगी है। अन्य केस गोरखपुर, बस्ती, लखनऊ, संतकबीर नगर में दर्ज हैं।

### 25-25 लाख के चार बांड पर हुए रिहा

अमरमणि और उनकी पत्नी मधु मणि त्रिपाठी को 25-25 लाख के चार बॉन्ड भरवाया गया। प्रत्येक के लिए दो बांड भरा गया, उसके बाद उनकी रिहाई हुई।

### वापस बुला लिए गए पुलिस कर्मी

अमरमणि और मधु मणि को मेडिकल कालेज में प्राइवेट वार्ड में रखा गया था। कैदी होने की वजह से चार पुलिस कर्मियों की पुलिस लाइंस से ड्यूटी लगी थी। रिहाई होने के बाद चारों पुलिस कर्मियों को पुलिस लाइंस वापस बुला लिया गया।

## ऑर्डर. सस्पेंस और खुशी... हो गई रिहाई

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कारागार प्रशासन के विशेष सचिव मदन मोहन का आदेश रिहा कर दिए जाएं अमरमणि व मधुमणि। जिलाधिकारी व जेल प्रशासन को आदेश मिलते ही कानूनी प्रक्रिया शुरू। खबर जंगल में आग की तरह गोरखपुर से नौतनवां तक फैल गई। समर्थक-शुभचिंतक मिठाइयां बांटने लगे। सुबह होते ही सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका ने से समर्थकों की खुशियां काफूर हो गईं। हालांकि दोपहर होते-होते कोर्ट के रिहाई पर रोक से इनकार करते ही फिर चेहरे पर रौनक आ गई।

कुछ समर्थक सुबह ही मेडिकल कालेज पहुंच गए। हाथ में मिठाई का डिब्बा था। अमरमणि व अमनमणि को मिठाई खिलानी थी मगर वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों ने मुलाकात कराने से मना कर दिया। अमूमन ऐसा होता नहीं है मगर अमरमणि किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहते थे। समर्थक लौटे मगर मायूस नहीं थे क्योंकि उन्हें मालूम था कि शाम तक रिहाई हो ही जाएगी।

शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आने के बाद अमरमणि के पुत्र बेटे अमन मणि सक्रिय हो गए। वकीलों को पहले ही अलर्ट मोड पर रखा गया था। अमन, फौरन कचहरी पहुंचे। चार जमानतदार पहले से तैयार थे। जमानत के लिए 25-25 लाख रुपये के बांड भी तैयार कर लिए गए थे। प्रशासन के पास पैरवी की। बांड भरे और उसे लेकर 5.15 बजे पहुंच गए मंडल कारागार। रिहाई के आदेश का पत्र जेल प्रशासन को सौंपा। जेल प्रशासन ने तमाम बिंदुओं की पड़ताल की। दूसरे मुकमदों की नवैयत जानी। सिद्धार्थनगर के एक मामले में शक था, मगर दिन में ही उस मामले के निस्तारण की रिपोर्ट आ चुकी थी। इत्मीनान होने के बाद जेल प्रशासन ने जेलर एके कुशवाहा, डिप्टी जेलर को स्टाफ मुहैया कराया। जेल की जीडी सौंपी जिसमें अमरमणि दंपत्ति का ब्योरा है। उसे लेकर सरकारी वाहन से सभी मेडिकल कालेज पहुंचे।

### हत्याकांड से रिहाई तक की कहानी

- 09 मई 2003 को लखनऊ की पेपर मिल कॉलोनी में मधुमिता की हत्या हुई।
- 24 अक्टूबर 2007 को विशेष न्यायाधीश देहरादून ने उम्रकैद की सजा सुनाई।
- 16 अगस्त 2012 को देहरादून हाइकोर्ट ने उम्रकैद की सजा को यथावत रखा
- 18 अप्रैल 2013 को सुप्रीम कोर्ट ने भी दोनों की सजा यथावत रखा।
- 04 दिसंबर, 2008 को मधुमणि को हरिद्वार की जेल से गोरखपुर शिफ्ट।
- 13 मार्च, 2012 को अमरमणि को हरिद्वार की जेल से गोरखपुर शिफ्ट ।
- 27 फरवरी, 2013 को अमर मणि को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया
- 13 मार्च, 2013 को मधुमणि भी बीआरडी मेडिकल कॉलेज में पहुंच गईं।
- 13 मई 2022 को समयपूर्व रिहाई के लिए याचिका दायर की थी।
- 10 फरवरी 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश पारित किया।
- 18 अगस्त 2023 को अवमानना वाद पर सुप्रीम कोर्ट ने रिहाई का आदेश दिया।
- 24 अगस्त 2023 को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर रिहाई आदेश जारी किया।
- 25 अगस्त 2023 को मेडिकल कालेज में भर्ती अमरमणि और उनकी पत्नी मधुमणि को रिहा किया गया।

# अवैध वसूली में पीटीओ, दोनों सिपाही भी सस्पेंड

**कलंक के खिलाफ**

महराजगंज, निज संवाददाता। अवैध वसूली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत जेल के सलाखों के पीछे पहुंचे महराजगंज के एआरटीओ प्रदीप कुमार के बाद अब यात्री कर अधिकारी मथुरा प्रसाद और दोनों आरटीओ आरक्षियों को निलंबित कर दिया गया है। एआरटीओ को गुरुवार की शाम को ही शासन ने निलंबित कर दिया था। शासन की इस कार्रवाई की पुष्टि डीएम सत्येंद्र कुमार ने की है।

नेपाल जाने वाले फरेंदा-सोनौली हाईवे पर मालवाहक गाड़ियों व पर्यटक बसों से अवैध वसूली के मामले में गुरुवार को यहां बड़ी कार्रवाई हुई थी। एक ट्रक चालक व एक अन्य की तहरीर पर कोल्हुई और नौतनवा थाने में एआरटीओ, यात्री कर अधिकारी, दो सिपाहियों रामचंद्र यादव व मानसिंह सहित चार अन्य प्राइवेट लोगों पर केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया था।

**मथुरा प्रसाद पर गोंडा में भी दर्ज हुआ था केसः** अवैध वसूली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम समेत कई धाराओं में एआरटीओ प्रदीप कुमार व पीटीओ मथुरा प्रसाद की गिरफ्तारी की घटना शुक्रवार को जिले में हर जगह चर्चा का विषय बनी रही। लोगों में इस बात की चर्चा रही कि इस बड़ी कार्रवाई से एआरटीओ कार्यालय में दलालों की सक्रियता पर अंकुश लगेगा।

### न्यायालय में पेशी के बाद गोरखपुर जेल में निरुद्ध

नेपाल जाने वाले फरेंदा-सोनौली हाईवे पर मालवाहक गाड़ियों व पर्यटक वाहनों से अवैध वसूली के आरोप में गिरफ्तार एआरटीओ प्रदीप कुमार, पीटीओ मथुरा प्रसाद, दो आरटीओ कर्मी व चार प्राइवेट लोगों समेत कुल आठ आरोपितों को कोल्हुई पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद गुरुवार को गोरखपुर एंटी करेप्शन कोर्ट में पेश किया। वहां से सभी आरोपितों को गोरखपुर जेल में निरुद्ध कर दिया गया है।

## गोरखपुर से भेजे गए पीटीओ विभाग में मची खलबली

महराजगंज, निज संवाददाता। गोरखपुर-सोनौली मार्ग पर पर्यटक बसों, मालवाहकों से पैसा वसूलने के आरोप में एआरटीओ, पीटीओ समेत हिरासत में लिए गए आठ लोगों को जेल भेज दिए जाने के बाद एआरटीओ कार्यालय में शुक्रवार को हड़कंप मचा रहा। कर्मचारी अपने कक्ष में घटना को लेकर चर्चा करते रहे। बाबुओं के स्तर का जो काम था वह हुआ लेकिन अधिकारियों के स्तर का काम नहीं हो पाया। हालांकि अधिकारी विहीन हुए एआरटीओ का कामकाज चलाने के लिए उच्चाधिकारियों ने गोरखपुर के पीटीओ रवि त्यागी को महराजगंज भेजा है। पीटीओ ने पहले दिन कोई कामकाज नहीं निपटाया।



पीटीओ रवि त्यागी।

रवि त्यागी गोरखपुर के पीटीओ हैं। एआरटीओ कार्यालय का जरूरी काम न रुकने पाए इसके लिए उच्चाधिकारियों ने उन्हें महराजगंज भेजा है। लेकिन इन्हें स्थायी तौर पर नहीं भेजा गया है। शुक्रवार को पीटीओ रवि त्यागी कार्यालय में बैठे रहे। वहीं कर्मचारियों ने भी अपनी अपनी कुर्सी संभालने के बाद से इसी बात की चर्चा में रहे कि यह कैसे हो गया? सभी दुःखी मन में रहे। आने वाले लोगों का लिपिकों ने जरूरी कामकाज निपटाया, लेकिन अधिकारी के स्तर का काम रुका रहा। पीटीओ ने बताया कि उन्हें केवल प्रशासनिक कार्य देखने के लिए भेजा गया है।

## सेफ सिटी के तहत प्रतिष्ठानों को भी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा

# यूपी के अस्पताल, स्कूल थानों में सीसीटीवी लगेंगे

**बैठक**

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'सेफ सिटी परियोजना' की सफलता में जनसहयोग का आह्वान किया है। शुक्रवार को 'सेफ सिटी परियोजना' के प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, चौक-चौराहों, सरकारी व निजी अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी लगाए जाएं। मुख्यमंत्री ने अगले एक सप्ताह के भीतर सभी पुलिस थानों को सीसीटीवी से लैस करने के निर्देश भी दिए हैं।

**सीसीटीवी फुटेज पुलिस को देना होगा अनिवार्य:** मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को सेफ सिटी परियोजना की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन, व्यापारियों, संस्थान संचालकों को जागरूक कर उन्हें क्राइम कंट्रोल में सीसीटीवी के महत्व को बताया जाए और सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग अपनी सुविधानुसार अपने सीसीटीवी फुटेज का डेटा अपने पास ही सुरक्षित रख सकते हैं, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि जरूरत पड़ने पर फुटेज केवल पुलिस को ही उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त जहां आवश्यकता हो, वहां नगर निगम, स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट अथवा स्थानीय प्रशासन व पुलिस द्वारा सीसीटीवी लगाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन सुनिश्चित करने के संकल्प की पूर्ति में 'सेफ सिटी परियोजना' अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। प्रदेश में इस परियोजना के माध्यम से लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के तहत मॉडर्न कंट्रोल रूम, पिंक पुलिस बूथ, आशा ज्योति केंद्र, सीसीटीवी कैमरे, महिला थानों में परामर्शदाताओं के लिए हेल्प डेस्क, बसों में पैनिक बटन व अन्य सुरक्षा उपायों को लागू करने में सहायता मिली है। अब हमें इसे और विस्तार देना होगा।

**57** जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाएं सेफ सिटी बनेंगी

**143** नगर पालिकाओं को भी जोड़ा जाएगा



लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेफ सिटी परियोजना की समीक्षा की।

### फाइलेरिया से बचने के लिए 28 तक जरूर लें दवा

लखनऊ। अपना पांव हाथी जैसा होने से बचाने और हाइड्रोसील से बचने के लिए बस एक ही उपाय है -दवा लीजिए। मच्छर के काटने से होने वाली फाइलेरिया लाइलाज और गंभीर बीमारी है। जो लोग रह गए हैं वो 28 अगस्त तक दवा जरूर खा लें। यह अपील योगी सरकार की ओर से प्रदेशवासियों से लगातार की जा रही है। चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत 10 अगस्त से सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम (एमडीए) चल रहा है। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर फाइलेरिया से बचाव की दवा खिला रहीं हैं।

### 17 नगर निगम व नोएडा पहले सेफ सिटी बनेंगे

सीएम ने निर्देश दिए कि अंतर्विभागीय समन्वय के साथ कन्वर्जेंस के माध्यम से वित्तीय प्रबंधन करते हुए प्रथम चरण में सभी 17 नगर निगमों और गौतमबुद्धनगर को 'सेफ सिटी' के रूप में विकसित किया जाना है। दूसरे चरण में 57 जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाओं, तीसरे चरण में 143 नगर पालिकाओं को जोड़ा जाए। नगरों के प्रवेश द्वार पर 'सेफ सिटी' का बोर्ड लगाएं।

### यूपी सर्वाधिक सेफ सिटी वाला देश का पहला राज्य

उत्तर प्रदेश सर्वाधिक सेफ सिटी वाला देश का पहला राज्य बनेगा। सीएम ने कहा, वर्तमान में सेफ सिटी परियोजना महिलाओं की सुरक्षा पर केंद्रित है। इसे बुजुर्गों, बच्चों और दिव्यांगजनों की सुरक्षा से भी जोड़ना चाहिए। सार्वजनिक स्थानों को सुरक्षित, संरक्षित एवं सशक्त वातावरण बनाने की मुहिम को आवश्यक तेजी मिलेगी। > जगह चिह्नित P06

**ई-रिक्शा, टेंपो चालक का होगा वेरिफिकेशन:** मुख्यमंत्री ने कहा कि सेफ सिटी के लिए सार्वजनिक परिवहन वाले वाहन के चालकों का सत्यापन जरूरी है। ऐसे में टैक्सी, ई-रिक्शा, ऑटो, टेंपो के चालकों का विधिवत पुलिस वेरिफिकेशन किया जाए।

# कुशीनगर की युवती व उसकी मां समेत सात पर मुकदमा दर्ज

जासं, महराजगंज : कुशीनगर की युवती से दुष्कर्म, अप्राकृतिक दुष्कर्म व मारपीट मामले में नया मोड़ आ गया है। न्यायालय के आदेश के क्रम में सदर कोतवाली पुलिस ने आरोपित उपनिबंधक की पत्नी आरती की तहरी पर पीड़िता व उसकी मां समेत पांच अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध मारपीट, बलवा, एससी-एसटी एक्ट और डकैती की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कुशीनगर जिला निवासी युवती ने 20 जून को उपनिबंधक कार्यालय पहुंचकर बवाल काटा था। इस मामले में उपनिबंधक ने थप्पड़ मार दिया था, जिसके बाद पीड़िता ने भी उपनिबंधक की चप्पलों से पिटाई की थी। इस मामले में युवती ने उपनिबंधक राकेश राम, कार्यालय सहयोगी शैलेंद्र सिंह चौहान उर्फ सम्राट और अनिल वर्मा के विरुद्ध दुष्कर्म, अप्राकृतिक दुष्कर्म और मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं उपनिबंधक की ओर से भी एक तहरीर दी गई थी, जिसपर पुलिस ने उस समय कोई कार्रवाई नहीं की थी। इस मामले में उपनिबंधक की पत्नी ने न्यायालय की शरण ली थी, जिसके बाद विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी अंकित कुमार मित्तल ने 18 अगस्त को मामले में कार्यालय में आकर मारपीट करने के मामले में खुद को पीड़िता बता रही कुशीनगर निवासी युवती, उसकी मां और पांच अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया था। सदर कोतवाल रवि कुमार राय ने बताया कि युवती, उसकी मां और अन्य पांच अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज है।

# सीओ फरेंदा करेंगे दोनों मुकदमों की जांच

- गोंडा में भी वाहनों से वसूली मामले में जेल जा चुका है पीटीओ
- शहर के एक होटल से हुई थी एआरटीओ की गिरफ्तारी

जासं, महराजगंजः गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक व बसों से वसूली मामले में एआरटीओ, पीटीओ समेत आठ लोगों की गिरफ्तारी मामले में कोल्हुई और नौतनवा में दर्ज दोनों मुकदमों की विवेचना फरेंदा सीओ द्वारा की जाएगी। इसके लिए नौतनवा में दर्ज मुकदमे की विवेचना को फरेंदा सीओ कार्यालय स्थानांतरित कर दिया गया है। पुलिस पूरे मामले में साक्ष्य संकलन के बाद विवेचना में आगे बढ़ेगी।

उधर अबतक हुई मामले की जांच में पाया गया है, कि वसूली का मुख्य सूत्रधार पीटीओ मथुरा प्रसाद का यह कोई पहला कारनामा नहीं है। इससे पहले भी वह वर्ष 2020 में गोंडा जिले में वसूली मामले में ही जेल जा चुका है। प्रयागराज के थाना नबाबगंज निवासी ट्रक चालक ने गोंडा जिले के नबाबगंज थाने में तत्कालीन पीटीओ मथुरा प्रसाद, उनके चालक रहमत अली और अन्य दो परिवहन के कर्मचारियों के विरुद्ध धोखाधड़ी और अवैध वसूली का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में गोंडा पुलिस ने पीटीओ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहां से स्थानांतरित होने के बाद पीटीओ ने महराजगंज में प्राइवेट चालक तथा प्रवर्तन सिपाहियों के साथ गैंग बनाकर वसूली में लगा था।

> फरेंदा और नौतनवा में दर्ज दोनों मुकदमों की जांच फरेंदा सीओ अनुज कुमार सिंह द्वारा संपादित की जा रही है। पुलिस पूरे मामले में साक्ष्यों और ट्रक चालकों के बयान भी ले रही है। साक्ष्यों और बयान के आधार पर मामले में जल्द ही आरोपपत्र न्यायालय में प्रेषित किया जाएगा
>
> **आतिश कुमार सिंह,** अपर पुलिस अधीक्षक

**होटल के कमरे से हुई एआरटीओ की गिरफ्तारीः** कोल्हुई थाने पर बुधवार की रात 11:30 बजे अमरोहा के ट्रक चालक महबूब आलम की शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने जहां पीटीओ मथुरा प्रसाद, दो सिपाही और अन्य चार प्राइवेट आरोपितों की गिरफ्तारी मौके से वसूली के दौरान ही कर ली। वहीं एआरटीओ प्रदीप कुमार को महराजगंज नगर पालिका के फरेंदा रोड स्थित एक होटल से देर रात गिरफ्तार किया गया। चूंकि अभी एआरटीओ प्रदीप कुमार ने जिले में 15 दिन पूर्व ही कार्यभार ग्रहण किया था, तो स्थाई आवास न मिलने के कारण वह एक होटल में ठहरे हुए थे। एआरटीओ प्रदीप कुमार के साथ पूर्व एआरटीओ आरसी भारतीय की भूमिका की भी जांच होगी।

# ठगी करने वाले को पुलिस ने दबोचा

**कार्रवाई**

- पुलिस ने आरोपी रवि प्रकाश को बौलिया राजा लेदवा मोड़ से पकड़ा
- रेलवे में नौकरी के नाम पर पैसा लेकर फर्जी नियुक्ति पत्र थमाया था

**महराजगंज, निज संवाददाता।** रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी कर फर्जी नियुक्ति पत्र देने के आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया है। धोखाधड़ी सहित कई धाराओं में उसे जेल भेज दिया गया।

कोठीभार के बीसोखोर निवासी रवि प्रकाश ने महराजगंज के राजीवनगर निवासी भूपेन्द्र चौरसिया को नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। भूपेन्द्र के अनुसार रेलवे में नौकी दिलाने के नाम पर धोखा देते हुए पैसा ले लिया और फर्जी नियुक्ति पत्र दे दिया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी रवि प्रकाश के विरुद्ध केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की।

एसएसआई कमलेश यादव अपने सहयोगी सूरज कुमार, राजेश कुमार राम व गोविन्द कुमार गौरव के साथ मुखबिर की सूचना पर आरोपी रवि प्रकाश को बौलिया राजा लेदवा मोड़ से दबोच लिया।

# महराजगंज के गिरफ्तार एआरटीओ व पीटीओ समेत चार निलंबित

- गुरुवार को एआरटीओ समेत आठ लोगों को किया गया था गिरफ्तार
- गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक व बसों से कर रहे थे वसूली

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर मालवाहक ट्रकों और पर्यटक बसों से वसूली करने के मामले में गिरफ्तार किए गए महराजगंज के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ), यात्री कर अधिकारी (पीटीओ) और दोनों प्रवर्तन सिपाहियों को निलंबित कर दिया गया है। गुरुवार को इन चारों के साथ आठ लोगों को जेल भेजा गया था।

जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि एआरटीओ प्रदीप कुमार, पीटीओ मथुरा प्रसाद और प्रवर्तन सिपाही मान सिंह तथा रामचंद्र यादव के विरुद्ध रिपोर्ट प्रवर्तन निदेशालय और उत्तर प्रदेश परिवहन निदेशालय को भेजी गई थी। शुक्रवार को शासन ने चारों को निलंबित कर दिया। गुरुवार को ट्रक चालक और पर्यटक बसों से वसूली के मामले में एआरटीओ समेत आठ लोगों के विरुद्ध कोल्हुई और नौतनवा थाना में मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया था।

इसके बाद उन्हें भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम कोर्ट, गोरखपुर में पेश किया गया था, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। बुधवार देर रात इनकी गिरफ्तारी कोतवाली पुलिस ने अमरोहा जिले के हसनपुर के रहने वाले ट्रक चालक महबूब आलम व नौतनवा के सरोजनी नगर के रहने वाले दुकानदार बिरजू की तहरीर पर की थी। ट्रक चालक गुजरात से ड्रम में तारकोल लादकर नेपाल जा रहा था। बुधवार रात 11.30 बजे कोल्हुई थाना क्षेत्र के गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर परसौना गांव के पास पीटीओ और उसके साथियों ने उसे रोककर रुपये मांगे थे। ट्रक चालक ने पांच हजार रुपये रिश्वत देने के साथ नोटों का नंबर भी नोट कर लिया और कोल्हुई थाने में पहुंचकर शिकायत की। शिकायत पर पीटीओ व उसके सहयोगियों के पास से वसूली के पांच हजार रुपये बरामद किए गए थे। एआरटीओ प्रदीप कुमार की गिरफ्तारी कलेक्ट्रेट के पास से की गई थी।

# स्कूल की बसों में आग से बचाव की व्यवस्था नहीं, खतरे में नौनिहाल

## बिना मानक दौड़ रहे कई स्कूली बस व मैजिक, सुरक्षा भगवान भरोसे, कार्रवाई के नाम पर की जा रही सिर्फ खानापूर्ति

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** जिले के कई विद्यालयों के स्कूली वाहन और मैजिक बिना मानक के ही सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इनमें आग से बचाव के लिए अग्निशमन यंत्र की कोई व्यवस्था नहीं है। प्रधानाध्यापक, प्रबंधक और सहायक संभागीय परिवहन विभाग की लापरवाही के कारण इन वाहनों में यात्रा करने वाले छात्र-छात्राओं की जान हर समय खतरे में रहती है। इन छात्र-छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे हैं। देवरिया जिले में हुई घटना के बाद भी महराजगंज का प्रशासन सो रहा है। स्थिति यह है कि पूरे दिन ये स्कूली वाहन नियमों की धज्जी उड़ाते रहे।

शुक्रवार को देवरिया के कसया बाइपास रोड स्थिति एसएस सेकेंडरी स्कूल का वैन बच्चों को स्कूल में छोड़ने के बाद डीजल भराने के लिए स्टेशन रोड स्थित पेट्रोल पंप पर पहुंचा। डीजल भरने के बाद कुछ आगे ही बढ़ा था कि वाहन के इंजन में आग लग गई। चालक जान बचाने के लिए भागा। पेट्रोल पंप के अग्निशमन यंत्र से आग पर काबू पाया गया। गनीमत रहा कि बस में छात्र-छात्राएं नहीं थे, वरना बड़ी घटना घट सकती थी। महराजगंज जिले में आरटीओ विभाग में 713 स्कूली वाहन पंजीकृत हैं। प्रतिष्ठित विद्यालयों के बसों में तो अग्निशमन यंत्र लगे हैं, लेकिन अन्य कई विद्यालयों में बसों में इसका अभाव है। शुक्रवार को पड़ताल में परतावल, महराजगंज, निचलौल मार्ग पर आधा दर्जन से अधिक स्कूली वाहनों में अग्निशमन यंत्र नहीं लगा मिला।

इन वाहनों पर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति होती है, जिससे छात्र-छात्राओं के जीवन पर खतरा मंडराता रहता है। सुरक्षा की बात करते तो बच्चे जब स्कूल परिसर में होते हैं तो अभिभावक बच्चे की सुरक्षा को लेकर निश्चिंत रहते हैं, लेकिन जब बाहर निकल कर स्कूल बस में बैठते हैं, तो जब घर न पहुंच जाएं अभिभावकों को चिंता बनी रहती है। एडीएम डा. पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि स्कूली बसों में आग से बचाव और सुरक्षा के मानकों को पूरा कराया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूल वाहन का चालान के साथ वाहन स्वामी के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।



बिना अग्निशमन यंत्र का स्कूली वाहन • जागरण

### आटो, ई-रिक्शा व मैजिक में ढो रहे स्कूली बच्चे

जिले में आटो, ई-रिक्शा और मैजिक वाले भी नियमों को ताक पर रखकर वाहनों का संचालन कर रहे हैं। क्षमता से अधिक सवारी और स्कूली बच्चों को ढोया जा रहा है। इन वाहनों में सुरक्षा के मानकों को तनिक भी ध्यान नहीं दिया गया है। ई-रिक्शा मे पांच से छह सवारी तो आटो और मैजिक में 12 से 14 सवारी बैठाए जा रहे हैं, जिससे सवारियों की जान पर खतरा बना रहता है।

## पेट्रोल पंप पर स्कूल वैन में लगी आग, अफरातफरी

**देवरिया:** शहर के स्टेशन रोड स्थित पेट्रोल पंप पर ईंधन भरवाने के बाद स्कूल वैन में शुक्रवार की सुबह करीब 9.30 बजे अचानक आग लग गई। चालक ने वैन से कूद कर जान बचाई। आग लगते ही मौके पर अफरातफरी मच गई। लोगों के प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की।

शहर के कसया बाईपास रोड स्थित स्कालर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल का वैन बच्चों को स्कूल में छोड़ने के बाद डीजल भरवाने के लिए स्टेशन रोड स्थित पेट्रोल पंप पर पहुंचा। डीजल भरवाने के बाद वह कुछ कदम ही आगे बढ़ा था। तभी अचानक वाहन के इंजन में आग लग गई और वह धू-धू कर जलने लगा। चालक ने कूदकर जान बचाई। आसपास के लोग आग बुझाने में जुट गए। लगभग 15 मिनट के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक स्कूल वाहन का इंजन समेत सीट व अन्य सामान जल गया। सदर कोतवाली के प्रभारी दिनेश मिश्र ने बताया कि वैन में आग लगी थी। लोगों के प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया।

**पेट्रोल पंप से आए अग्निशमन यंत्र से पाया गया काबू:** स्कूल वाहनों में अग्निशमन यंत्र रखना अनिवार्य है। पुलिस के अनुसार, वैन में अग्निशमन यंत्र नहीं था।

पेट्रोल पंप से अग्निशमन यंत्र लेकर पंपकर्मी आए और आग को बुझाया। आग बुझने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

**आग लगते ही भागने लगे लोग :** संयोग अच्छा था कि आग पेट्रोल पंप से कुछ कदम दूरी पर लगी।

अन्यथा बड़ा हादसा हो जा सकता था। वैन में आग लगते ही पेट्रोल पंप पर डीजल व पेट्रोल लेने आए लोग वाहन छोड़कर भागने लगे।



देवरिया रेलवे स्टेशन रोड स्थित पेट्रोल पंप पर स्कूल वैन में लगी आग • जागरण

देवरिया रेलवे स्टेशन रोड स्थित पेट्रोल पंप पर ईंधन भरवाने के लिए आया था वाहन, आग लगते ही वैन छोड़ कर भागा चालक

वैन ईंधन भरवाने के लिए पेट्रोल पंप पर गई थी। शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया जा सका।

निकुंज अग्रवाल, प्रबंधक, स्कालर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

# एक सप्ताह में सभी थानों में सीसीटीवी लगाएं : मुख्यमंत्री

## सेफ सिटी परियोजना की समीक्षा की, कहा, सार्वजनिक परिवहन वाले चालकों का सत्यापन जरूरी

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोग अपनी सुविधानुसार अपने सीसीटीवी फुटेज का डेटा अपने पास ही सुरक्षित रख सकते हैं, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि आवश्यकता पड़ने पर फुटेज केवल पुलिस को ही उपलब्ध कराई जाएगी। शुक्रवार को ''''सेफ सिटी परियोजना'''' के प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, चौक-चौराहों, सरकारी व निजी अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी लगाए जाएं। आमजन, व्यापारियों, संस्थान संचालकों को जागरूक कर सीसीटीवी के महत्व को बताया जाए। नगर निगम, स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट अथवा स्थानीय प्रशासन व पुलिस द्वारा सीसीटीवी

### टैक्सी, ई-रिक्शा, ऑटो, टेम्पो आदि वाहन के चालकों का विधिवत पुलिस वेरिफिकेशन के निर्देश

लगाए जाएंगे। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर सभी पुलिस थानों को सीसीटीवी से लैस करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन सुनिश्चित करने के संकल्प की पूर्ति में सेफ सिटी परियोजना उपयोगी सिद्ध हो रही है। इसके माध्यम से लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत मॉडर्न कंट्रोल रूम, पिंक पुलिस बूथ, आशा ज्योति केंद्र, सीसीटीवी कैमरे, महिला थानों में परामर्शदाताओं के लिए हेल्प डेस्क, बसों में पैनिक बटन व अन्य सुरक्षा उपायों को लागू करने में सहायता मिली है। प्रथम चरण में सभी 17 नगर निगमों और गौतमबुद्धनगर को सेफ सिटी के रूप में विकसित किया जाना है। दूसरे चरण में 57 जनपद मुख्यालयों की नगर पालिकाओं और फिर तीसरे चरण में 143 नगर पालिकाओं को सेफ सिटी परियोजना से जोड़ा जाए। ऐसे सभी नगरों के प्रवेश द्वार पर ''''सेफ सिटी'''' का बोर्ड लगा कर इसकी विशिष्ट ब्रांडिंग भी की जानी चाहिए। हमें इसे विस्तार देते हुए बुजुर्गों, बच्चों और दिव्यांग जनों की सुरक्षा से भी जोड़ना चाहिए। मुख्यमंत्री ने ''''यूपी सेफ सिटी एप'''' के बारे में एक प्रस्तुतिकरण भी देखा और इसे व्यवहारिक बनाए जाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक परिवहन वाले वाहन के चालकों का सत्यापन आवश्यक है। ऐसे में, टैक्सी, ई-रिक्शा, ऑटो, टेम्पो आदि वाहन के चालकों का विधिवत पुलिस वेरिफिकेशन किया जाए।

## शादी का झांसा देने का आरोपी गिरफ्तार

**महराजगंज।** पुरंदरपुर पुलिस ने युवती को शादी का झांसा देकर भगाने के मामले के आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह जानकारी थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव ने दी। संवाद

## आरोपी को बाल सुधार गृह भेजा

**महराजगंज।** सदर कोतवाली पुलिस पॉक्सो के मामले में वांछित बाल अपचारी को पकड़ कर बाल सुधार गृह भेज दिया। बीते 21 अगस्त को पांच साल की बालिका से छेड़छाड़ किया गया था। आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी थी। यह जानकारी प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय ने दी। संवाद

## पांच पेड़ काटकर उठा ले गए

**महराजगंज।** श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के ग्राम सभा महुआ महुई में चोर बृजेंद्र प्रताप सिंह के बगीचे से सागौन के पांच पेड़ काटकर उठा ले गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। संवाद

## परती जमीन पर अवैध निर्माण का आरोप

**महराजगंज।** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत शेख फरेंदा के आराजी सरकार उर्फ़ जोत फरेंदा निवासी श्रीपत सहानी ने नवीन परती की जमीन पर अवैध निर्माण का आरोप लगाया है। जनसुनवाई पोर्टल पर इसकी शिकायत दर्ज कराई है। श्रीपत सहानी ने बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर पक्का मकान का निर्माण कराया जा रहा है। संवाद

## 11 बोरी यूरिया व 5 बोरी चीनी के साथ युवक गिरफ्तार

**महराजगंज।** सशस्त्र सीमा बल 66वीं वाहिनी के बीओपी खनुआ के जवानों ने गश्त के दौरान खनुआ गांव के पास से 11 बोरी यूरिया, पांच बोरी चीनी और साइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। सशस्त्र सीमा बल के इंस्पेक्टर रघुनाथ प्रसाद ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम भौअर निवासी शेख फरेंदा थाना सोनौली बताया। युवक और जब्त सामानों को नौतनवां कस्टम को सौंप दिया गया। संवाद

# एक दूजे को नहीं समझने से कमजोर रिश्ते बन रहे आत्महत्या की वजह

## पति पत्नी के बीच विवाद में होने वाली मौतों पर समाजशास्त्रियों ने जाहिर की चिंता

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** बदलते दौर में एक दूजे को बेहतर ढंग से नहीं समझने के कारण पति-पत्नी के कमजोर हो रहे रिश्ते आत्महत्या का कारण बन रहे हैं। जहां पति-पत्नी के बीच नोंकझोंक और मान मनव्वल जीवन का हिस्सा होता है, लेकिन यही जब बात-बात में ताने मारने की प्रवृति में बदल जाता है तो रिश्तों में खटास पैदा होने लगती है।

पति-पत्नी की बीच की खाई इतनी ज्यादा इतनी बढ़ जाती है इस खाई की गहराई में पति अपनी जीवन की इहलीला समाप्त कर लेता है। समाजशास्त्रियों के अनुसार एक-दूसरे के प्रति समर्पण का भाव जागृत होने से ही ऐसी अप्रिय घटनाएं रुक सकती हैं। जिले में होने वाली मौतों में एक बात कॉमन रही कि ससुराल से लौटने के बाद ही पति ने मौत को लगे लगा लिया।

जिले के निचलौल क्षेत्र में दो घटनाएं हुई, इनमें सुसराल से घर आने के बाद पति फंदे पर झूल कर मौत को गले लगा लिया। नासमझी में पल भर घर गृहस्थी उजड़ गई। हंसते खेलते परिवार पर दुखों पहाड़ टूट पड़ा। सब कुछ खत्म होने के बाद सिवाय अफसोस के कुछ साथ नहीं लगा। मनोविज्ञान मानते हैं कि जब मन किसी बात से बेहद आहत हो जाता है तो ऐसा कदम लोग उठा लेते हैं। ऐसे में धैर्य व संयम की जरूरत होती है। पहले तो ऐसी परिस्थिति नहीं आने देनी चाहिए, अगर आ रही है तो बेहद शांत भाव से एकाग्रचित होकर परिणाम के बारे में चिंतन करें तो ऐसी घटनाओं से बचा जा सकता है। दो केस तो महज बानगी है, लेकिन ऐसी घटनाएं अक्सर जिले में हो जाया करती हैं।

### केस 1

21 अगस्त निचलौल थाना क्षेत्र के खोन्हौली गांव में सोमवार को ससुराल से लौटे एक व्यक्ति का शव घर के अंदर फंदे से लटकता मिला। घटना के दौरान पत्नी अपने तीन बच्चों के साथ मायके में थी। जानकारी के मुताबिक, खोन्हौली गांव के रहने वाले राजेश पटेल (35) और पत्नी शारदा के बीच करीब चार दिन पहले किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। जिससे नाराज होकर पत्नी शारदा छोटे बेटे दीपक (5) को साथ लेकर बिहार राज्य के बगहा स्थित मायके चली गई। वहीं दो बेटे प्रिंस (10) और प्रीतम (7) को घर छोड़ दी। उसके बाद शनिवार को राजेश दोनों बेटे प्रिंस और प्रीतम को लेकर ससुराल पत्नी के पास पहुंच गया। जहां पर रात गुजारने के बाद राजेश दोनों बच्चों को पत्नी के पास छोड़ घर लौट आया। अगले दिन कमरे में उसका शव लटका हुआ मिला था।

### केस 2

18 अप्रैल को सोहगीबरवा थाना क्षेत्र के शिकारपुर गांव के धर्मपुर टोला में पति पत्नी के विवाद में पति ने फंदे से लटक कर जान दे दी थी। ग्रामीणों के मुताबिक शिकारपुर गांव के टोला धर्मपुर निवासी राजू मांझी (30) की आर्थिक स्थित ठीक नहीं थी। जिसे लेकर राजू और माधुरी के बीच अक्सर विवाद होते रहते थे। जिससे तंग आकर राजू मांझी ने फंदे से लटक कर जान दे दी।

### केस 3

13 अगस्त को निचलौल थाना क्षेत्र के बढ़ैपुरवा गांव में ससुराल आए युवक ने मामूली बात को लेकर मारपीट करने लगा। जिस मामले में पुलिस ने ससुर की तहरीर पर दामाद और एक अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था। बढ़ैपुरवा गांव के दधिवल ने बताया कि उसने बेटी की शादी घुघली थाना क्षेत्र के तिलकवलिया गांव के रहने वाले चंद्रप्रकाश साहनी से की। कुछ दिन पहले उसकी बेटी मायके आई थी। 13 अगस्त दोपहर दामाद अपने दोस्त छोटेलाल निवासी क्रांति चौराहा थाना नेबुआ नौरंगिया जिला कुशीनगर के साथ नशे में धुत होकर आया। फिर बेटी को बुरी तरह मारने पीटने लगा।

*रिश्ता तब खराब होता है जब व्यक्ति एक-दूसरे को हर बात पर ताने मारने लगें या तंज कसने लगें। खट्टी-मीठी नोक-झोंक हर रिश्ते के लिए जरूरी होती है लेकिन ताने कसने की आदत व्यक्ति को आहत करती है। थोड़े-बहुत झगड़े हर रिश्ते में होते हैं। मतभेद भी पति-पत्नी के रिश्ते का हिस्सा है, लेकिन ये मतभेद कब मनभेद में बदल जाते हैं पता नहीं चलता। कुछ लोगों की बातें खींचने या फिर पुरानी बातों को आज की बहस में लाने की आदत होती है। इस आदत से आपसी मतभेद होने लगते हैं।*

– **डॉ. देवेंद्र कुमार पाठक,** समाज शास्त्री

*कई बार पति-पत्नी एक-दूसरे से बातें छुपाने लगते हैं या फिर एक-दूसरे से झूठ बोलने लगते हैं। बात चाहे छोटी हो या बड़ी, झूठ बोलना या सच छुपाना वैवाहिक रिश्ते में झगड़े का बड़ा कारण बन जाता है। पति-पत्नी के बीच अक्सर तकरार का कारण पसंद का न मिलना भी होता है।छोटी-छोटी बातें अक्सर झगड़े में बदल जाती हैं। इसलिए एक-दूसरे के समय और पसंद का सम्मान करें।* – **गुलाब चंद्र,** मनोविज्ञानी

# छह साल पहले बंद गुलरहिया चुंगी से चल रहा था ट्रक-बस वालों से वसूली का खेल

## कार्रवाई के डर से मुंह नहीं खोलते थे चालक, लंबे समय से हो रहा था शोषण, तिजोरी भर रहे विभाग के अधिकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** अवैध वसूली को लेकर एआरटीओ समेत आठ लोगों की गिरफ्तारी के बाद इस खेल की परत दर परत खुल रही है। कोल्हुई गुलरहिया चुंगी पर लंबे समय से वसूली का खेल चल रहा था, जिसे प्रशासन ने 2017 में ही बंद करा दिया था। वसूली का यह खेल कोई नया नहीं था। इसकी शिकायत ऊपर तक हुई थी। इस अंधेरगर्दी से चालक परेशान रहते थे। गिरफ्तारी के बाद चालक कुछ कहने की हिम्मत जुटा रहे हैं। उधर, कार्यालय के एक बाबू को भी पूछताछ के लिए गोरखपुर बुलाया गया है।

सूत्र बता रहे हैं कि यह कार्रवाई कोई अचानक नहीं हुई है। इसके लिए पहले से ही पृष्ठभूमि तैयार की जा रही थी। सोनौली हाइवे पर नेपाल जाने वाली गाडियों से वसूली की शिकायत पहले से की जा रही थी। शिकायतों का पुलिंदा बना गया तो अवैध वसूली के मामले की जांच शुरू हुई। वसूली के तार कहां तक थे, इसके बारे में गोपनीय ढंग से जांच की जा रही थी। जब सब कुछ पुख्ता हो गया तो पुलिस एक्शन में आई और केस दर्ज कर गिरफ्तारी की गई। गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, उड़ीसा समेत अन्य प्रांतों ने आने वाली ओवरलोड गाड़ियों से अच्छी खासी कमाई होती थी। मिले रकम सबका हिस्सा बंटा होता था। सिपाही से लेकर अधिकारी रकम का बंदरबांट करते थे। वसूली की हद पार हुई तो मामला सामने आ गया।

**वसूली के विवाद में 2017 में हुई थी बंद हुई थी चुंगी :** वर्ष 2017 में कोल्हुई थाना क्षेत्र के गुलरहिया में अवैध रूप से बनी चुंगी को शिकायत के बाद बंद कराया गया था। कुछ दिनों के बाद प्रवर्तन कार्यालय के नाम से एक बोर्ड लगा कर ट्रकों एवं बसों से अवैध वसूली की जा रही थी। गुलरहिया चुंगी हमेशा से विवादों में रही है। पिछले साल स्थानीय ग्रामीणों ने वसूली का विरोध करते हुए घेराव भी किया था।

**मिनी कार्यालय की तरह से थी चुंगी:** कोल्हुई थाना क्षेत्र के गुलरहिया का चुंगी वाहन चालकों के लिए मिनी एआरटीओ कार्यालय था। कुछ ट्रक चालकों ने नाम नहीं छपने की शर्त पर बताया कि एक साल पहले वहां एआरटीओ की जीप लगी रहती थी। कुछ प्राइवेट लोगों के साथ वर्दी में सिपाही भी होते थे। इसलिए कागजात पूरा सही होने के बाद भी इंट्री शुल्क जमा कर जाना होता था। रकम नहीं मिलने पर परेशान किया जाता था। वाहन संबंधी काम कराने का ठेका भी लेने वाले यहीं मौजूद रहते थे।

**अवैध वसूली के कारण लग जाता था जाम:** राष्ट्रीय राजमार्ग 24 पर मुख्य मार्ग पर जिले की सीमावर्ती क्षेत्र कोल्हुई में परिवहन विभाग का चेक पोस्ट अवैध वसूली का अड्डा बन गया था। वैसे तो विभाग की ओर से चेक पोस्ट से गुजरने वाले प्रत्येक मालवाहक वाहनों के दस्तावेज जांचने के अलावा ओवरलोड वाहनों की भी जांच की जाती थी। जो वाहनचालक रकम देते थे, उनको छोड़ दिया जाता था। ट्रक-चालकों से 5000 रुपये तक वसूली की जा रही थी। वसूली के दौरान कभी-कभी ट्रकों की लंबी कतार लग जाती थी।

**रकम लेने के बाद ओवरलोड नहीं दिखता था :** शुक्रवार को गुजरात, राजस्थान व पीलीभीत से नेपाल जाने वाले ट्रक चालकों ने बताया कि यह बहुत अच्छा हुआ। कम से कुछ दिन रकम देने से मुक्ति रहेगी। नेपाल जाने के दौरान कम से कम पांच हजार तो देना ही पड़ता था। रकम मिलने के बाद अधिकारियों को ओवरलोड नहीं दिखता था।



कार्यालय कक्ष में बैठे प्रभारी एआरटीओ रवि त्यागी। संवाद




एआरटीओ और पीटीओ की गिरफ्तारी के अगले दिन सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में दिखी चहल कदमी। संवाद

### एआरटीओ के बाद पीटीओ, दो सिपाही निलंबित

**महराजगंज।** अवैध वसूली के खेल में सलाखों के पीछे जाने के बाद एआरटीओ प्रदीप कुमार को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। शुक्रवार को पीटीओ मथुरा प्रसाद व सिपाही मान सिंह व रामचंद्र यादव को निलंबित कर दिया गया। शासन की इस कार्रवाई से कार्यालय में हड़कंप मच गया है। सभी कर्मचारी अपने आप तो सुरक्षित करने में जुटे हैं कि कहीं जांच की आंच उनपर न आ गया। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि शासन की ओर से एआरटीओ, पीटीओ व दो सिपाही को निलंबित किया जा चुका है। इस प्रकरण में आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जा रही है। संवाद

*पूरे प्रकरण की जांच के लिए क्षेत्राधिकारी फरेंदा को नामित कर दिया गया है। उनकी ओर से सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं की गहन जांच शुरू कर दी गई है। कहां, कैसे, किस तरह से वसूली की जा रही थी आदि बिंदुओं पर ध्यान दिया जाएगा। विवेचना में तमाम महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी होगी।*

- **डॉ. कौस्तुभ,** पुलिस अधीक्षक

### क्षमता से अधिक भरकर नेपाल चले जाते

जिले की सीमा क्षेत्र से प्रवेश करने वाले हर छोटे बड़े मालवाहक वाहनों की जांच करने के निर्देश हैं, ताकि जिले में प्रवेश करने वाले वाहनों में अवैध माल का परिवहन रोका जा सके। प्रत्येक जिलों में चेक पोस्ट की स्थापना कराई गई है। सूत्रों ने बताया कि नजदीक में ही नेपाल सीमा लगी हुई है, जहां से अवैध माल वाहनों में क्षमता से अधिक भरकर नेपाल चले जाते थे।

### एआरटीओ कार्यालय में नहीं दिखी चहल पहल

शुक्रवार को एआरटीओ कार्यालय में ज्यादा चहल पहल नहीं दिखी। ज्यादातर कक्ष बंद रहे। कुछ कर्मी बैठकर जरूरी काम निपटा रहे थे, लेकिन वह भी तनाव में दिखे। जरूरी काम से पहुंचे लोगों को इधर-उधर भटकना पडा। लाइसेंस बनवाने, बसों के परमिट बनवाने सहित फिटनेस प्रमाण पत्र आदि बनवाने के लिए आए लोग इधर से उधर भटकते रहे।

### रवि त्यागी ने संभाला कार्यभार

गोरखपुर से एआरटीओ रवि त्यागी ने शुक्रवार को कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि कार्यालय के जरूरी कामकाज प्रभावित न हो, इसे ध्यान में रखते हुए कामकाज शुरू कर दिया गया है। कार्यालय में आने वाले लोगों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया गया।

# 18 साल बाद रिहा हुए अमरमणि

## पत्नी मधुमणि भी छूटीं, बेहतर आचरण को देखते हुए शासन से रिहाई का आदेश हुआ था जारी

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** कवयित्री मधुमिता हत्याकांड में उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी और उनकी पत्नी मधुमणि की रिहाई 18 साल बाद शुक्रवार देर शाम हो गई। शाम छह बजे तक सारी औपचारिकताएं पूरी कराकर डीएम कार्यालय से जेल प्रशासन के पास रिहाई का आदेश पहुंचा।

जेलर, डिप्टी जेलर शाम 6.58 बजे आदेश की कॉपी लेकर बीआरडी मेडिकल कॉलेज रवाना हो गए। शाम 7.30 बजे उनकी रिहाई हो गई। रिहा होने के बाद फिलहाल अमरमणि और उनकी पत्नी बीआरडी मेडिकल कॉलेज में ही हैं। बताया जा रहा है कि अभी उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों की रिपोर्ट का इंतजार है। रिपोर्ट मिलने के बाद ही दोनों घर जाएंगे।

वर्ष 2007 से ही अमरमणि (66) व उनकी पत्नी मधुमणि (61) जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे थे। पूर्व मंत्री को वर्ष 2003 में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। बाद में वह जमानत पर रिहा हो गए थे। फिर 2007 से वह लगातार जेल में हैं। बृहस्पतिवार को शासन ने दोनों की समय पूर्व रिहाई का आदेश जारी किया था। यह आदेश अमरमणि की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अवमानना के रिट में आदेश के पालन में जारी किया गया।

उधर, शुक्रवार को जब मधुमिता की बहन निधि शुक्ल की अपील पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने रिहाई पर रोक नहीं लगाई तो आदेश दोपहर में डीएम कृष्णा करुणेश के पास पहुंचा। रिहाई की सारी औपचारिकताएं पूरी कराई गईं। इसके बाद डीएम ने जेल प्रशासन को रिहाई का आदेश भिजवा दिया। शाम करीब 6:30 बजे डीएम का आदेश जेल पहुंचा तो जरूरी कागजी कार्रवाई पूरी कर रिहाई का परवाना लेकर जेलर एके कुशवाहा व डिप्टी जेलर विजय कुमार 6:58 बजे मेडिकल कॉलेज के लिए निकले। इसके बाद देर शाम करीब 7:30 बजे अमरमणि व मधुमणि को वहां से रिहा कर दिया गया। दोनों के लिए 25-25 लाख के चार जमानतदारों ने जमानत ली। >> विशेष पेज 10



अमरमणि त्रिपाठी व पत्नी मधुमणि

### चार जमानतदारों के बाद औपचारिकता पूरी करने के बाद देर शाम हुई रिहाई



खुशी जताते अमरमणि के बेटे अमन।

### सुप्रीम कोर्ट ने नहीं लगाई रोक यूपी से आठ हफ्ते में मांगा जवाब

**लखनऊ।** सुप्रीम कोर्ट ने कवियत्री मधुमिता शुक्ला हत्याकांड के दोषियों को समय से पहले रिहा करने के आदेश पर उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। साथ ही दोषियों की रिहाई के आदेश को बरकरार रखा है। वहीं अमरमणि और उनकी पत्नी को रिहा करने के आदेश के खिलाफ मधुमिता की बहन निधि शुक्ला ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। शुक्रवार को इसी याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उप्र सरकार को नोटिस जारी करते हुए आठ हफ्ते में जवाब मांगा है। जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी की बेंच के समक्ष याचिकाकर्ता की वकील कामिनी जायसवाल ने दलील दी कि सरकार अमरमणि के 20 साल कैद में रहने की बात कह रही है, जबकि 14 साल से तो वे अस्पताल में हैं। इस पर कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि सरकार का जवाब आने दें, अगर आपकी दलीलों से सहमत होंगे तो उन्हें वापस जेल भेजा जाएगा। ब्यूरो

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-26-08-2023

# अम्बेडकर की प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त

**बस्ती।** नगर थाना क्षेत्र के कैथवलिया लाला गांव मेंडाक्टर भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा कोकुछ लोगों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। नगर थाना क्षेत्र के कैथवलियां लाला गांव में डा.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित है। जिसका कुछ उपद्रवियों ने दाहिना हाथ तोड़कर मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस मामले में कैथवलियां लाला गांव के ग्राम प्रधान संतराम की शिकायत पर अज्ञात के विरुद्द धारा 395 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# हाईकोर्ट में चपरासी की नौकरी दिलाने के नाम पर हड़प लिया नकदी

**बस्ती।** लालगंज थाना क्षेत्र केबिजवलिया गांव निवासी प्रमेन्द्र कुमार गौतम पुत्र सूर्यनाथ नेपुलिस को बताया कि उसेवाल्टरगंज क्षेत्र के दोलोग मिले और उन्होने उसकोहाईकोर्ट में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। सहायक चपरासी के पद पर नौकरी की बात कहकरउससे एक लाख तिरासी हजार रुपयेलेने के बाद डाक सेकूटरचित ज्वाइनिंग लेटर भेजा गया। जब ठगे जाने की जानकारी हुई तो पीड़ित ने अपना रुपया मांगा। इस पर जानमाल की धमकी भी दी गयी। पीड़ित प्रमेन्द्र कुमार गौतम की शिकायत पररामशंकरव सु जीत कुमार पुत्र रामशंकर निवासी बेलवाजोर थाना वाल्टरगंज के विरुद्ध लालगंज पुलिस नेधारा 419,420,467, 468, 471, 406, 506 आईपीसी के तहत केस पंजीकृत किया है।

# सरकारी जमीन से हटवाया अतिक्रमण

**हरैया(एसएनबी)** । स्थानीय थाना के अंतर्गत महूघाट गांव में भीटा की जमीन पर दबंगों द्वारा मकान बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया था ग्रामवासियों की शिकायत पर जांच में अतिक्रमण पाया गया। मामले में तहसीलदार न्यायालय हरैया से बेदखली का आदेश जारी किया गया था। उपजिलाधिकारी गुलाब चंद्र के निर्देश पर राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर शुक्रवार को जेसीबी से अतिक्रमण हटा दिया।

उपजिलाधिकारी ने बताया कि महूघाट गांव के गाटा संख्या 336 भीटा की जमीन पर दबंगों ने मकान बनाकर कब्जा कर लिया था मामले में तहसीलदार के न्यायालय से बेदखली का आदेश जारी हुआ। एसडीएम ने तहसीलदार शौकत अली के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक गोपाल ष्ण पाण्डेय, लेखपाल वीरेंद्र मौर्य एवं थाना हरैया की पुलिस को मौके पर भेजकर जेसीबी से अतिक्रमण को ध्वस्त करवा दिया। प्रशासन की इस कार्यवाही से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा है।

# थाना दिवसवार हुई अधिकारियों की तैनाती

**बस्ती (एसएनबी)।** थाना दिवस में प्राप्त प्रकरणों पर कार्यवाही/निस्तारण के प्रभावी अनुश्रवण के लिए थाना दिवसवार अधिकारियों की तैनाती की गयी है। इससे संबंधित आदेश जारी करते हुए जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने निर्देश दिया है कि तैनात अधिकारी थाना समाधान दिवस के दिन थानों पर उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा कर उन्हें रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

उन्होंने बताया कि आगामी 26 अगस्त को थाना दिवस पर कप्तानगंज में सीडीओ, कलवारी में एडीएम, पुरानी बस्ती में सीआरओ, मुण्डेरवा में उप संचालक चकबन्दी, दुबौलिया में उप जिलाधिकारी न्यायिक हर्रैया, छावनी में उप जिलाधिकारी, पैकोलिया में उप जिलाधिकारी हर्रैया, लालगंज में उप जिलाधिकारी सदर, गौर में उप जिलाधिकारी भानपुर, वाल्टरगंज में उप जिलाधिकारी रूधौली, परसरामपुर में बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, नगर में तहसीलदार बस्ती सदर, हर्रैया में तहसीलदार हर्रैया, सोनहा में तहसीलदार भानपुर, रूधौली में तहसीलदार रूधौली तथा कोतवाली में तहसीलदार न्यायिक बस्ती सदर उपस्थित रहेंगे। जिलाधिकारी द्वारा आकस्मिक रूप से किसी भी थाना दिवस में भाग लिया जायेंगा।

## तैयारी बैठक आज

**बस्ती (एसएनबी)।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में 12वें बस्ती मिनी मैराथन दौड़ कार्यक्रम के आयोजन/तैयारी बैठक 26 अगस्त को पूर्वान्ह 11.00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया जाएगा।

# ट्रक की ठोकर से गिरा यूनीपोल, मुकदमा दर्ज

बस्ती। तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क के बगल लगे यूनीपोल को गिरा दिया। बोर्ड बनवाने के लिए चालक से कहने पर गालियां व जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। नगर थानान्तर्गत कर्मा देवी शैक्षणिक संस्थान फुटहिया संसारपुर का यूनीपोल तेज रफ्तार ट्रक संख्या एनएल 01 क्यू 0556 के चालक ने ठोकर मार कर गिरा दिया। जिसे ठीक कराने के लिए संस्थान के दुर्गेश बहादुर सिंह ने कहा तो उन्हे चालक द्वारा गालियां व जान से मारने की धमकी दी गयी। मामले में पीड़ित दुर्गेश बहादुर सिंह पुत्र लक्ष्मी नरायन सिंह निवासी संसारपुर थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर पुलिसने चालक बृजलाल यादव पुत्र राजदेव यादव निवासी भटावली वार्ड नंबर 2 थाना घोसी जनपद मऊ के विरुद्ध धारा 279, 427, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# सेंधमारी कर घर में घुसे चोर, ले उड़े नकदी व सामान

**बस्ती ।** मकान की दीवाल काटकर घर में घुसे चोरो नेनकदी व सामान पर हाथ साफ कर दिया और फरार हो गये। गृह स्वामी की शिकायत पर लाल गंज पुलिस ने अज्ञात चोरो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज थाना क्षेत्र के कल्यानपुर गांव मेंअज्ञात चोरों ने सूनसान पाकर शोहरत पुत्र राम आसरे के घर को निशाना बनाया और मकान केदीवाल में सेंध काटकर वह घर में घुसे।घर में रखे साड़ी, बैग में रखा जेवरजिसमें एक जोड़ी पायल व बिछुआ के अलावा कीमती कपड़े तथा 6 हजार रुपये नकद लेकरफरार होगये। घटना की जानकारी गृहस्वामी को हुई तो उसने पुलिस को सूचना दिया । मामले में लालगंज पुलिस ने अज्ञात चोरो के विरुद्ध धारा 457,380 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# पुरानी रंजिश में युवक को पीटा, मुकदमा

**बस्ती ।** पुरानी रंजिश कोलेकर एक युवक की पिटाई कर दी गयी। इस मामले में पीड़ित की शिकायत पर आरोपी लोगों के विरुद्ध मारपीट व जानमाल की धमकी का मुकदमा दर्ज किया गया है। कलवारी थाना क्षेत्र केडेल्हवा गनेशपुर निवासी कतारू पुत्र अधारेनेपुलिस को बताया कि उसका गांव के ही रहने वाले विक्रम पुत्र नन्दलाल के साथ पुरानी रंजिश चली आ रही है। इसी रंजिश कोलेकर उसेगालियां देतेहुए मारा पीटा गया और जानमाल की धमकी भी दी गयी। कतारू की शिकायत पर आरोपी पुत्र नन्दलाल निवासी डेल्हवा गनेशपुर थाना कलवारी के विरुद्ध धारा 323,504,506 भादवि के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष की नियुक्ति रद्द

**छावनी।** उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पद पर की गई मंजू पाण्डेय की नियुक्ति को रद्द कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस सेंट्रल यूपी की प्रदेश अध्यक्ष ममता चौधरी ने एक पत्र जारी कर यह जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष की स्वीति के बिना यह नियुक्ति मान्य नही है उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में बस्ती जिले में यथा स्थिति रहेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला कांग्रेस द्वारा भविष्य में अप्रूवल आने पर ही निर्णय माना जाएगा।

# रास्ते के विवाद में मारपीट, चार नामजद

**बस्ती।** रास्ते के विवाद की बात को लेकर महिला को कुछ लोगो ने मिलकर मारापीटा। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा थानान्तर्गत नौवागांव में रास्ते के विवाद को लेकर भानमती को आरोपी राजकुमार तथा उसके परिवार के अन्य लोगो द्वारा गालियां दी गयी। जिन्हे ऐसा करने से भानमती ने मना किया गया तो उन्हें मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता भानमती पत्नी प्रभुदीन निवासी नौवागांव थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राजकुमार पुत्र राजाराम, मैना देवी पत्नी रामभवन, प्रेमा, राजकुमारी पुत्रीगण राजाराम निवासीगण नौवागांव थाना सोनहा के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# परशुरामपुर पुलिस ने चोरी की तीन घटनाओं का किया खुलासा

**हरैया(एसएनबी)** परशुरामपुर पुलिस ने क्षेत्र में हुई तीन चोरियों का खुलासा करते हुए तीन बाल अपचारी सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की आठ बैटरी और चोरी में प्रयुक्त एक ई रिक्शा तथा मोटरसाइकिल बरामद करने का दावा किया है पुलिस क्षेत्राधिकारी शेषमणि उपाध्याय ने एक प्रेस वार्ता में उक्त जानकारी दिया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि विगत 23 अगस्त की रात्रि में कृष्ण देव गुप्ता पुत्र स्वर्गीय हीरालाल गुप्ता निवासी हैदराबाद थाना परशुरामपुर के घर के सामने खड़ा ई रिक्शा संख्या यूपी 51 बीटी 6702 में से चार बैटरी, 9 अगस्त 2023 को रेनू गुप्ता पत्नी दीनानाथ निवासी सिकंदरपुर थाना परशुरामपुर के घर के सामने खड़े ई रिक्शा संख्या यूपी 51 बीटी 6437 में से दो बैटरी तथा उसी रात श्याम जी गुप्ता पुत्र भगवान प्रसाद गुप्ता निवासी चौरी थाना परशुरामपुर के ई रिक्शा संख्या यूपी 51 बीटी 4240 में से दो बैटरी चोरी हो गई थी। ष्ण देव गुप्ता द्वारा थाने पर दिए गए तहरीर के आधार पर अपराध संख्या 273ध्2023 धारा 379 आईपीसी दर्ज कर पुलिस द्वारा टीम बनाकर चोरों का पता लगाने का कार्य किया जा रहा था। गोंडा बस्ती बर्डर पर शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर चोरी करने वाले दो अभियुक्त तथा तीन बाल अपचारी को आठ बैटरी, एक ई रिक्शा तथा सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल संख्या यूपी 43 बीसी 4268 को हैदराबाद से दक्षिण पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने वाली

**चोरी की आठ बैटरी, एक ई-रिक्शा और मोटरसाइकिल के साथ तीन बाल अपचारी सहित पांच गिरफ्तार**



घटना की खुलासा करती पुलिस। फोटो : एसएनबी

टीम में थानाध्यक्ष रामेश्वर यादव, उप निरीक्षक अजय कुमार भारती और रमेश चंद्र वर्मा, कांस्टेबल अतुलेंद्र पाल यादव, साहब कुमार और संदीप पाल शामिल थे। पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार युवकों ने बताया कि वे रात के वक्त घूमते फिरते ई रिक्शा, टेंपो आदि जहां देखते थे बैटरी खोलकर रख लेते थे और उसे इकट्ठा कर बेचकर अपना-अपना हिस्सा बांटकर घर का खर्च चलाते थे। बच्चों को अपने साथ रखते थे जिससे उन पर कोई शक न करे। बताया कि बैटरी को खोलकर कहीं सड़क के किनारे झाड़ में रख देते थे तथा मोटरसाइकिल पर लादकर कोल्हमपुर थाना नवाबगंज जनपद गोंडा में कबाड़ की दुकान पर रखकर बेच देते थे गिरफ्तार युवकों ने चोरी की उक्त तीनों घटनाओं को स्वीकार किया और बताया कि उक्त बैटरी उन्हीं तीनों चोरियों की है। पूछताछ में कबाड़ का नाम जानकी प्रसाद बताया। गिरफ्तार युवकों ने अपना नाम जानकी प्रसाद पुत्र धर्मदास निवासी खिदाईपुर थाना नवाबगंज गोंडा, अनिल भारती पुत्र सीताराम निवासी पंडित पुरवा कल्याणपुर थाना नवाबगंज गोंडा बताया। बाल अपचारी में 15 वर्षीय शिवा पुत्र ओमप्रकाश निवासी जोखन सिंह पुरवा थाना नवाबगंज गोंडा, 16 वर्षीय सोनू निषाद पुत्र नारायण निवासी छेदीनगर थाना मनकापुर गोंडा तथा 17 वर्षीय बृजेश पुत्र इंद्र कुमार निवासी रामस्वरूप पुरवा थाना नवाबगंज गोंडा बताया। मामले में पुलिस द्वारा धारा 411 आईपीसी की वृद्धि करते हुए विधिक कार्यवाही कर पांचो को न्यायालय रवाना किया गया।

## सूटकेश का ताला तोड़कर नकदी व जेवर चोरी, केस

**बस्ती ।** अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर सूटकेश से नकदी तथा जेवर की चोरी कर फरार हो गये। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा थानान्तर्गत औडज़ंगल खास निवासिनी अर्जना देवी के मकान में चोरो ने घुसकर अन्दर रखे सूटकेश का ताला तोड़ दिया, जिसमें से 25 हजार रूपये नकद व बाली, एक कुंडल व एक लाकिट की चोरी कर चोर फरार हो गये। मामले में पीड़िता अर्चना देवी पत्नी राम सजीवन निवासी औड़ जंगल खास थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध धारा 457, 380 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## दहेज न मिलने पर शादी तोड़ने की धमकी, केस

**बस्ती ।** लड़की देखने तथा शादी तय होने के बाद लड़के पक्ष द्वारा दहेज के रूप में चार पहिया वाहन तथा लाखो रूपये नकद की मांग की गयी। जिसे पूरा न कर पाने पर शादी तोड़ देने की धमकी दिया गया। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा थाने की पुलिस को लिखित तहरीर देकर राम धीरज वर्मा पुत्र जयकरन वर्मा निवासी अमरौली शुमाली ने बताया कि उसकी बेटी सरिता की शादी का देख दिखाई का रस्म पूरा होने के बाद लड़के पक्ष वालो द्वारा स्विफ्ट डिजायर कार तथा दस लाख रूपये नकद के रूप में दहेज की मांग की जाने लगी। जिसे पूरा न कर पाने पर शादी तोड़ देने की धमकी दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी बेद प्रकाश पुत्र नकछेदन, चंद्रप्रकाश पुत्र बेदप्रकाश, चन्द्रावती पत्नी चन्द्र प्रकाश निवासीगण विसुनपुरवा थाना रुधौली के विरुद्ध धारा 506 आईपीसी व 3/4 दहेज प्रतिशेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## महिला की अश्लील फोटो बनाकर दी धमकी, केस

**बस्ती ।** एक महिला की अश्लील फोटो बनाने के बाद आरोपी  ने ब्लैक मेल किया और उसके ससुराल में लोगो को फोटो दिखाकर गालियां तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा थाने की पुलिस को तहरीर देकर एक महिला ने बताया कि वह मुण्डेरवा स्थित एक प्राईवेट बैंक में नौकरी करती है। इस दौरान वहा पर तैनात कर्मचारी दिनेश कुमार का उससे जान पहचान हुई थी। जिससे वह दिनेश तथा उसके परिवार की   अर्थिक मदद करती रही है। उसी का फायदा उठाकर दिनेश कुमार ने चुपके से उसकी अश्लील तस्वीर व वीडियों बना लिया और उसे ब्लैक मेल करने लगा। यहां तक कि आरोपी महिला के ससुराल भी पहुंच गया और उसके पति, सास व ससुर को तस्वीर दिखाकर गालियां देने लगा। विरोध करने पर उसे भी जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी दिनेश कुमार पुत्र हरिवंश ग्राम उमरी अहरा थाना मुण्डेरवा के विरुद्ध धारा 504, 506, 354 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## थाने में शिकायत करने पर महिला को पीटा, केस

**बस्ती ।** थाने में शिकायत करने की बात को लेकर महिला को आरोपी ने गालियां देते हुए मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। परसरामपुर थानान्तर्गत हरिगांव निवासिनी सरोज को गांव की ही नीलम के विरुद्ध थाने में शिकायत किया था। जो नीलम को नागवार लगा और सरोज को गालियां देते हुए मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता सरोज  पत्नी पुजारी निवासिनी हरिगांव थाना परसरामपुर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी नीलम पत्नी रमई निवासी हरिगांव थाना परसरामपुर के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

बस्ती। दीवानी न्यायालय के विकेंद्रीकरण करके ग्राम न्यायालयों के गठन के विरोध में शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने विरोध जताया और न्यायिक कार्य से विरत रहे। जनपद के अधिवक्ता ग्राम न्यायालय के गठन को रोके जाने की मांग लम्बे समय से कर रहे है। अधिवक्ता संघ प्रत्येक शनिवार को विरोध जताते हैं।

# बाइक-ट्रेलर हादसे में चालक पर केस दर्ज

बस्ती। बाइक से दवा लाने जा रहे चचेरे भाइयों की बाइक में टक्कर मारने वाले ट्रेलर के अज्ञात चालक पर छावनी पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। इस संबंध में मृत युवक सोनू के पिता स्वामीनाथ निवासी सोनहवा अमोढ़ा ने तहरीर दी है। घटना में सोनू की मौके पर ही मौत हो गई थी। गौरतलब है कि छावनी थानाक्षेत्र के अमोढ़ा सौनहवा निवासी 30 वर्षीय राजू अपने चचेरे भाई 22 वर्षीय सोनू के साथ दवा लेने विशेषरगंज जा रहा था। रामजानकी मार्ग पर छावनी थाने के रूपगढ़ के पास बेकाबू ट्रेलर ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चला रहे सोनू की मौके पर ही मौत हो गई।

# छात्रों ने दी आमरण अनशन की चेतावनी

बस्ती। शिवहर्ष किसान पीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को भी बारिश के बीच जारी रहा। मांगें न पूरी होने पर छात्रों ने शनिवार से आमरण अनशन की चेतावनी दी है। पिछले सत्र में छात्रसंघ चुनाव नहीं हो सका था। चुनाव को लेकर अभी तक कोई अधिसूचना जारी नहीं हुई है। आयुष पांडेय ने बताया कि कॉलेज प्रशासन स्तर से अभी तक कोई सकरात्मक पहल नहीं की गई है। उन्होंने शनिवार से आमरण अनशन की चेतावनी दी है। इस दौरान सचिन पांडेय, आकाश ओझा व अन्य मौजूद रहे।

# मारपीट की घटनाओं में कई लोग नामजद

बस्ती। सोनहा, परसरामपुर व नगर क्षेत्र में अलग-अलग हुई मारपीट की घटनाओं में पुलिस ने दर्जन भर व्यक्तियों पर केस दर्ज जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने नौवागांव में हुई मारपीट में भानमती की तहरीर पर राजकुमार, मैना, प्रेमा व राजकुमारी पर केस दर्ज किया है। इसी क्षेत्र में मारपीट की घटना में पुलिस ने जगनारायण की तहरीर पर सिद्धार्थनगर के बांसी कोतवाली क्षेत्र गोनहा निवासी सुंदरी, पाण्डेय बाजार निवासिनी राधिका व लालगंज क्षेत्र ठान निवासी प्रीति पर केस दर्ज किया है।

# दुकान का ताला तोड़ने का किया प्रयास

हरैंया। कस्बे के ब्लॉक मुख्यालय के सामने दक्षिण पटरी पर एक दुकान का ताला तोड़ रहे चोरों को दुकानदार के पहुंचने से चोरी नहीं कर सके। हरैंया थानाक्षेत्र के तेनुआ गांव निवासी सुरेंद्र बहादुर सिंह ब्लॉक मुख्यालय के सामने दक्षिण पटरी पर इन्वर्टर बैटरी की दुकान संचालित करते हैं।

गुरुवार को आधी रात के करीब दुकान के सामने एक पिकअप आकर खड़ा हुआ। उसमें सवार तीन लोगों ने उतरकर एक युवक दुकान के शटर का एक ताला तोड़ने लगा तो दुकान के बगल सोनू जाकर बाहर देखा तो ताला तोड़ रहे थे। इन्होंने इसकी सूचना तत्काल दुकानदार को दी।

दुकानदार को देख पिकअप सवार लोग भाग निकले। उन्होंने तत्काल घटना की सूचना हरैंया पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन जुट रही है।

# जातिसूचक शब्द कहने के मामले में चार को कारावास

बस्ती। विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी अविनाश चन्द मिश्र की अदालत ने जातिसूचक शब्द के मामले में चार आरोपियों को दो-दो वर्ष के कारावास की सजा व प्रत्येक पर तीन हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड नहीं देने पर एक माह 15 दिन की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

विशेष शासकीय अधिवक्ता मो. हयात ने अदालत को बताया कि रुधौली थानाक्षेत्र के हसनी गांव निवासी सुभावती ने कोर्ट के माध्यम से थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें कहा था कि 25 नवम्वर 2012 को समय करीब चार बजे गांव के शफीक, शकील, जमालू व नसीम गोल बनाकर आए। उनकी जमीन पर कब्जा करने लगे। मना करने पर उसे जातिसूचक शब्द कहे और मारापीटा। शोर मचाने पर बचाने आए परिवार के धर्मेन्द्र, शकुन्तला, कलावती, आरती देवी व कविता को भी मारापीटा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके चारों के विरूद्ध जातिसूचक शब्द देने के मामले में आरोप-पत्र कोर्ट में दाखिल किया था।

# महिला को ठोकर मारने वाले चालक पर केस

बस्ती। नगर पुलिस ने सड़क पार कर रही स्थानीय दुकानदार की पत्नी को टक्कर मारने वाले बाइक चालक पर केस दर्ज किया है। घटना में घायल पार्वती की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस संबंध में मृतका के पति आन्ही निवासी दुबखरा थाना नगर ने तहरीर दी है। तहरीर के मुताबिक वह सड़क पर अंडे व मक्के की दुकान लगाता है। 20 अगस्त को रात साढ़े आठ बजे उसकी पत्नी पार्वती सड़क पार करके दुकान पर आ रही थी। तभी बाइक ने उसे टक्कर मार दिया था।

# चार दिन से युवक लापता, गुमशुदगी की दी तहरीर

घघौवा। थानाक्षेत्र के नगर बदली गांव निवासी 35 वर्षीय शिवप्रसाद बीते बुधवार को गांववालों के साथ अयोध्या एक दाह-संस्कार में गए थे। लेकिन देर शाम तक घर पर नहीं लौटे। परिजनों को चिंता हुई तो अयोध्या और सरयू नदी के किनारों पर काफी तलाश करवाया। लापता शिवप्रसाद की भाभी रेनू देवी ने छावनी थाने पर गुमशुदगी की तहरीर दी हैं।

# वीडियो बनाकर छेड़खानी करने के मामले में केस

बस्ती। मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के कस्बे में स्थित कचूरे प्राइवेट बैंक मुण्डेरवा मे नौकरी करते समय वहां पर एक कर्मचारी की ओर से महिला स्टाफ का वीडियो बनाकर उसके ससुराल में ले दिखाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में वादिनी ने नामजद तहरीर देकर उमरीअहरा गांव निवासी दिनेश के खिलाफ छेड़खानी व ब्लैकमेल की तहरीर देकर केस मुकामी थाने में दर्ज कराई है।

# ट्रक ड्राइवर पर एफआईआर दर्ज

बस्ती। नगर थानाक्षेत्र के कर्मा देवी शैक्षणिक संस्थान समूह के यूनीपोल को ट्रक ड्राइवर ने ठोकर मारकर गिरा दिया। जब ट्रक चालक को बोर्ड बनवाने के लिए कहा गया तो गाली व जान से मारने की धमकी देने लगा। इस संबंध में दुर्गेश बहादुर सिंह निवासी संसारपुर थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर ट्रक के चालक बृजलाल यादव निवासी भटावली वार्ड नं. 2 थाना घोसी जनपद मऊ के विरुद्ध नगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# पट्टे की भूमि में तालाब खुदवाने पर केस दर्ज

बस्ती। दुबौलिया पुलिस ने सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम ऊंजी मुस्तहकम में विजय कुमार को पट्टे की जमीन दी गई थी। उन्होंने किसी सक्षम अधिकारी के अनुमति प्राप्त किए बिना ही उसमें तालाब खुदवा लिया था। हल्का लेखपाल सन्देश कुमार ने एसडीएम हर्रैया गुलाब चन्द्र द्वितीय के आदेश पर उनके के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

**बिजली बिल** | **सर्वाधिक 2 करोड़ 59 लाख रुपये बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों पर बकाया**

# 46 विभागों पर है साढ़े छह करोड़ का बकाया

**बस्ती, निज संवाददाता।** 46 सरकारी विभाग पर बिजली विभाग का 6 करोड़ 36 लाख रुपये से भी ज्यादा बकाया है। इसमें सर्वाधिक बकाया 2 करोड़ 59 लाख शिक्षा विभाग के अधीन संचालित परिषदीय विद्यालयों पर है। बकाए की वसूली के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों पर लगातार दबाव है। अधीक्षण अभियंता बस्ती रामदास का कहना है कि बकाए की रकम काफी ज्यादा है। इसकी वसूली के प्रयास किए जा रहे हैं।



- सरकारी विभागों से बकाया वसूली के लिए विभाग पर है दबाव
- बकाए की रकम काफी ज्यादा है, इसकी वसूली के प्रयास किए जा रहे हैं

बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता कार्यालय से जुलाई के अंत में जारी सूची में सर्वाधिक बकाएदारों की सूची में 46 सरकारी विभाग शामिल हैं। इन पर 636 लाख रुपये का बकाया है। इनमें पंचायतीराज विभाग, पुलिस, एलौपैथिक चिकित्सा, प्राविधिक शिक्षा, प्राथमिक शिक्षा, सेल टैक्स, जल निगम मुख्य रूप से शामिल हैं। विभागों का कहना रहता है कि बिजली बिल के लिए बजट आने पर ही भुगतान किया जाता है, शासन से बिजली बिल के मद में धन आसानी से नहीं आ पाता है।

**शिक्षा विभाग और पंचायतीराज के बीच बिल अटका :** बेसिक शिक्षा विभाग पर विद्यालयों में लगाए गए कनेक्शन का लंबे समय से भुगतान नहीं होने के कारण बकाया बढ़ता चला गया। अब बेसिक शिक्षा विभाग ने बकाए के भुगतान की गेंद पंचायतीराज विभाग के पाले में डाल दिया है। विभाग का कहना है कि जिस ग्राम पंचायत के क्षेत्र में विद्यालय संचालित है, वहीं बिल का भी भुगतान करेगी। ग्राम पंचायतों के पास बिल के मद में कोई धन शासन की ओर से नहीं आ रहा है। अन्य मद से ग्राम पंचायतें बिल भुगतान के लिए तैयार नहीं हैं।

# बैट्री चोर गिरोह का पर्दाफाश, पांच दबोचे

**शिकंजा**

**बस्ती, निज संवाददाता।** ई-रिक्शा की बैट्री चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। गैंग के पांच सदस्यों को पुलिस ने अरेस्ट कर लेने का दावा किया है। इसमें तीन बाल अपचारी भी शामिल हैं। इनके कब्जे से तीन ई-रिक्शा से चोरी की गई आठ बैट्री बरामद की गई है। इस बात की जानकारी देते हुए सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि इस गिरोह के लोग रात को बाहर खड़े ई-रिक्शा, ऑटो की बैट्री बच्चों से चोरी कराते थे। उसे ई-रिक्शा पर ही लादकर उठा ले जाते थे। जिसे गोंडा के कबाड़ी को बेच देते थे। चोरी में इस्तेमाल ई-रिक्शा भी बरामद किया गया है।



बैट्री चोरी करने वाले गिरोह कीजानकारी देते सीओ, साथ में एसओ व गिरफ्तार आरोपी।

मालूम हो कि परशुरामपुर क्षेत्र के सिकन्दरपुर के कृष्णदेव गुप्ता के घर के सामने खड़े ई-रिक्शा से बुधवार रात चार बैट्री चोरी हो गई थी। इससे पहले नौ अगस्त की रात रेनू गुप्ता निवासी सिकन्दरपुर के घर के सामने खड़ा ई-रिक्शा से दो और उसी रात श्यामजी गुप्ता निवासी चौरी थाना परशुरामपुर के ई-रिक्शा की दो बैट्री चोरी हो चली गई थी। शुक्रवार सुबह गिरोह के पांच सदस्य पुलिस के हत्थे चढ़ गए। जिनमें कबाड़ का दुकान करने वाला जानकी प्रसाद निवासी खिदाईपुर थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा और अनिल भारती निवासी पंडित पुरवा कल्यानपुर थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा शामिल है। इन दोनों को गोण्डा-बस्ती की सीमा पर स्थित हैदराबाद गांव के दक्षिण पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। साथ ही गोंडा जिले के तीन बाल अपचारी भी पकड़े गए।

## सेफ सिटी के तहत प्रतिष्ठानों को भी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा

# यूपी के अस्पताल, स्कूल थानों में सीसीटीवी लगेंगे

**बैठक**

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'सेफ सिटी परियोजना' की सफलता में जनसहयोग का आह्वान किया है। शुक्रवार को 'सेफ सिटी परियोजना' के प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, चौक-चौराहों, सरकारी व निजी अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी लगाए जाएं। मुख्यमंत्री ने अगले एक सप्ताह के भीतर सभी पुलिस थानों को सीसीटीवी से लैस करने के निर्देश भी दिए हैं।

**सीसीटीवी फुटेज पुलिस को देना होगा अनिवार्य:** मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को सेफ सिटी परियोजना की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन, व्यापारियों, संस्थान संचालकों को जागरूक कर उन्हें क्राइम कंट्रोल में सीसीटीवी के महत्व को बताया जाए और सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग अपनी सुविधानुसार अपने सीसीटीवी फुटेज का डेटा अपने पास ही सुरक्षित रख सकते हैं, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि जरूरत पड़ने पर फुटेज केवल पुलिस को ही उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त जहां आवश्यकता हो, वहां नगर निगम, स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट अथवा स्थानीय प्रशासन व पुलिस द्वारा सीसीटीवी लगाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन सुनिश्चित करने के संकल्प की पूर्ति में 'सेफ सिटी परियोजना' अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। प्रदेश में इस परियोजना के माध्यम से लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के तहत मॉडर्न कंट्रोल रूम, पिंक पुलिस बूथ, आशा ज्योति केंद्र, सीसीटीवी कैमरे, महिला थानों में परामर्शदाताओं के लिए हेल्प डेस्क, बसों में पैनिक बटन व अन्य सुरक्षा उपायों को लागू करने में सहायता मिली है। अब हमें इसे और विस्तार देना होगा।

**57** जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाएं सेफ सिटी बनेंगी

**143** नगर पालिकाओं को भी जोड़ा जाएगा



लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेफ सिटी परियोजना की समीक्षा की।

## फाइलेरिया से बचने के लिए 28 तक जरूर लें दवा

**लखनऊ।** अपना पांव हाथी जैसा होने से बचाने और हाइड्रोसील से बचने के लिए बस एक ही उपाय है -दवा लीजिए। मच्छर के काटने से होने वाली फाइलेरिया लाइलाज और गंभीर बीमारी है। जो लोग रह गए हैं वो 28 अगस्त तक दवा जरूर खा लें। यह अपील योगी सरकार की ओर से प्रदेशवासियों से लगातार की जा रही है। चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत 10 अगस्त से सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम (एमडीए) चल रहा है। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर फाइलेरिया से बचाव की दवा खिला रहीं हैं।

## 17 नगर निगम व नोएडा पहले सेफ सिटी बनेंगे

सीएम ने निर्देश दिए कि अंतर्विभागीय समन्वय के साथ कन्वर्जेंस के माध्यम से वित्तीय प्रबंधन करते हुए प्रथम चरण में सभी 17 नगर निगमों और गौतमबुद्धनगर को 'सेफ सिटी' के रूप में विकसित किया जाना है। दूसरे चरण में 57 जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाओं, तीसरे चरण में 143 नगर पालिकाओं को जोड़ा जाए। नगरों के प्रवेश द्वार पर 'सेफ सिटी' का बोर्ड लगाएं।

## यूपी सर्वाधिक सेफ सिटी वाला देश का पहला राज्य

उत्तर प्रदेश सर्वाधिक सेफ सिटी वाला देश का पहला राज्य बनेगा। सीएम ने कहा, वर्तमान में सेफ सिटी परियोजना महिलाओं की सुरक्षा पर केंद्रित है। इसे बुजुर्गों, बच्चों और दिव्यांगजनों की सुरक्षा से भी जोड़ना चाहिए। सार्वजनिक स्थानों को सुरक्षित, संरक्षित एवं सशक्त वातावरण बनाने की मुहिम को आवश्यक तेजी मिलेगी। > जगह चिह्नित P06

**ई-रिक्शा, टेंपो चालक का होगा वेरिफिकेशन:** मुख्यमंत्री ने कहा कि सेफ सिटी के लिए सार्वजनिक परिवहन वाले वाहन के चालकों का सत्यापन जरूरी है। ऐसे में टैक्सी, ई-रिक्शा, ऑटो, टेंपो के चालकों का विधिवत पुलिस वेरिफिकेशन किया जाए।

# संदेह का लाभ पाकर सामूहिक दुष्कर्म के

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम के न्यायाधीश विजय कुमार कटियार ने सामूहिक दुष्कर्म के चार वर्ष पुराने मामले में संदेह का लाभ देकर दोनों आरोपितों को बरी कर दिया। आरोपितों को आश्रय देने के आरोप से महिला को भी अदालत ने बरी कर दिया।

घटना नगर थाना क्षेत्र की बताई जाती है। कोतवाली क्षेत्र की युवती नगर बाजार में स्थित एक सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में सिलाई सीखने जाया करती थी। 13 मई 2019 को वह घर से सुबह नौ बजे गई, लेकिन वापस नहीं आई। रास्ते में आसिफ निवासी रहमतगंज थाना कोतवाली व सूरज सोनी निवासी
पुरानी बस्ती, बा
नगर से रेलवे स्
बाद कांशीराम
काफिया खातून
वहां दोनों ने उस
दुष्कर्म किया। ढूं
पर 16 मई को
दिया। 18 मई
को बरामद कर
आसिफ व सू
गिरफ्तार कर
प्रश्रय देने के
खातून निवासी
कालोनी डारीडीह
आरोपित बनाया।

# मारपीट के मामले में चार आरोपितों को सजा

**बस्ती**: विशेष न्यायाधीश एससी एसटी अविनाश चंद मिश्र ने जाति सूचक गाली देने के मामले में चार आरोपितों को दो-दो वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक को तीन हजार रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया गया है। हसनी गांव के सुभावती ने थाने में केस दर्ज कराया। इसमे 25 नवंवर 2012 को समय करीब चार बजे गांव के शफीक, शकील, जमालू व नसीम आए और जमीन पर कब्जा करने लगे।

# बाइक और गांजा के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

**जासं, बस्ती**: कप्तानगंज थाने के एसएसआइ सुरेंद्र प्रसाद और उनकी टीम ने गुरुवार की रात गश्त के दौरान हाईवे पर रमवापुर गांव के मोड़ से बाइक सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से दो किलो 470 ग्राम गांजा बरामद किया गया। इनकी पहचान राज कुमार चौधरी निवासी नरहरिया थाना पुरानी बस्ती व सनी सोनकर निवासी खटिकहिया, थाना हरैंया जनपद बस्ती के रूप में हुई।

# बिजली गिरने से युवक झुलसा

सल्टौआ, बस्ती: सोनहा थानाक्षेत्र के सल्टौआ गांव के सिवान में बिजली गिरने से उसकी चपेट में आया एक युवक अचेत हो गया। लोगों ने उसे पीएचसी सल्टौआ पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक को घर भेज दिया गया। सल्टौआ गोपालपुर गांव के 35 वर्षीय शंकर निषाद पुत्र रामदास परसाखाल गांव में भैंस चरा रहे थे।

# तालाब का स्वरूप बदलने पर मत्स्य पट्टेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जागरण संवाददाता, हर्रैया, बस्ती**: दुबौलिया थाना क्षेत्र ऊंजी मुस्तकहम गांव में एक सरकारी तालाब के पट्टाधारक ने बिना प्रशासन की अनुमति के तालाब का स्वरूप ही बदल दिया। इस मामले में लेखपाल ने दुबौलिया थाने में पट्टेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

दुबौलिया थाना में लेखपाल संदेश कुमार की ओर से दी गई तहरीर में बताया गया है कि दुबौलिया थाना क्षेत्र ऊंजी मुस्तकहम गांव निवासी विजय कुमार पुत्र रामजग को मत्स्य पालन के लिए सरकारी तालाब का पट्टा आवंटित किया गया था।

इन्होंने बिना प्रशासन की अनुमति के ही मनमानी तरीके से अपने निजी साधनों से तालाब की खोदाई कर उसकी आकृति परिवर्तित कर दिया। जबकि उसे ऐसा करने का कोई अधिकार नहीं हैं। पट्टा धारक के इस कारनामे से जल प्रवाह बाधित हो गया है। जिससे किसानों को कृषि कार्य करने में बाधा खड़ी हो गई है। तालाब का स्थलीय निरीक्षण करने पर मामले की जानकारी हुई। लेखपाल ने एसडीएम के निर्देश पर पट्टा धारक के खिलाफ दुबौलिया थाने में तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया है।

# कुत्ते के हमले में चार महिलाओं सहित आधा दर्जन लोग घायल

**जासं, हर्रैया, बस्ती**: हर्रैया थाना क्षेत्र के करमडाडे गांव में शुक्रवार की सुबह कुत्ते ने चार महिलाओं सहित आधा दर्जन लोगों को काटकर घायल कर दिया। कुत्ते के हमले से ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई। लोगों ने लाठी-डंडे लेकर उसे गांव के बाहर खदेड़ा।

13 वर्षीय सिंटू गांव के पूरब राम प्रसाद के घर के सामने चौराहे पर खड़े थे, इसी बीच अचानक एक कुत्ते ने उन पर हमलाकर लहूलुहान कर दिया। जब तक लोग वहां पहुंचते, कुत्ता भाग निकला। थोड़ी ही देर बाद उसी कुत्ते ने गांव के बड़े पांडेय पर हमलाकर घायल कर दिया। लोग कुत्ते को भगाने की सोचते उससे पहले उसने गांव की एक महिला को काटकर घायल कर दिया। इसके बाद बदलू निषाद की पत्नी और जटाशंकर पांडेय की पत्नी पर भी हमलाकर उसे घायल कर दिया। गांव के लोग लाठी डंडा लेकर कुत्ते को खोजने निकले, तभी पंचम की पतोहू को कुते ने हमला कर घायल कर दिया। ग्रामीणों ने लाठी डंडा लेकर उसे गांव से बाहर खदेड़ा। करमडाड़े गांव के साथ ही पड़ोस के गांवों में भी इस कुत्ते के हमले से दहशत में हैं। लोग अपने बच्चों को घरों से बाहर नहीं निकलने दे रहे हैं। घायलों को सीएचसी हर्रैया लाया गया, जहां चिकित्सक ने उनका उपचार किया।

# बैटरी चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश, आठ बैटरी बरामद

जागरण संवाददाता, बस्ती : परशुरामपुर पुलिस ने थानाक्षेत्र से ई-रिक्शा चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर सिकंदरपुर, हैदराबाद व चौरी बाजार से बैटरी चोरी करने वाले तीन बाल अपचारियों समेत पांच को पकड़ा है। उन्हें शुक्रवार की सुबह गोंडा-बस्ती सीमा पर हैदराबाद कस्बे के दक्षिण पुलिया के पास से पकड़ा गया। उनसे चोरी की आठ बैटरी, चोरी में प्रयुक्त एक ई-रिक्शा व एक बाइक बरामद किया गया है। यह जानकारी क्षेत्राधिकारी हर्रैया शेषमणि उपाध्याय ने दी। बताया कि 23 अगस्त की रात कृष्णदेव गुप्ता निवासी हैदराबाद थाना परशुरामपुर के घर के सामने से ई-रिक्शा में लगे चार बैटरी व नौ अगस्त को रेनू गुप्ता पत्नी दीनानाथ निवासी सिकंदपुर थाना परशुरामपुर के घर के सामने खड़े ई-रिक्शा से दो बैटरी व श्यामजी गुप्ता निवासी चौरी थाना परशुरामपुर के ई-रिक्शा से दो बैटरी चोरी हुई थी। घटना की जानकारी पीड़ितों ने थाने पर दी थी। तथ्यों के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस घटना की छानबीन में जुटी थी। चोरों का पता लगाने के लिए गोंडा-बस्ती बार्डर पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही थी। इसी बीच एक सूचना के आधार पर शुक्रवार को ई-रिक्शा से बैटरी चोरी करने के मामले में पांच लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया। इनमें तीन बाल अपचारी भी शामिल हैं। आरोपितों जानकी प्रसाद निवासी खिदाईपुर थाना नवाबगंज, गोंडा, अनिल भारती निवासी पंडित पुरवा कल्यानपुर थाना नवाबगंज गोंडा शामिल है। तीन बाल अपचारी नवाबगंज जनपद गोंडा को सादे वस्त्रों में पुलिस बल द्वारा अभिरक्षा में लिया गया।



परशुरामपुर पुलिस द्वारा पकड़े गए बैटरी चोरों की जानकारी देते सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय,प्रभारी निरीक्षक रामेश्वर यादव • जागरण

# विवाद को लेकर मारा पीटा, मुकदमा

बस्ती : नौवागांव निवासी भानमती पत्नी प्रभुदीन ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि बुधवार को रास्ते के विवाद को लेकर कुछ लोगों ने उन्हें अपशब्द कहा और विरोध करने पर माराटा तथा जान माल की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर राजकुमार, मैना देवी, प्रेमा, राजकुमारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# स्कूलों में गठित होगा प्रहरी क्लब नशेड़ी विद्यार्थियों पर रखेगी नजर

**जासं, बस्ती** : सभी स्कूल एवं कालेज परिसर के 100 मीटर के भीतर पान, बीडी, सिगरेट की दुकानें नहीं चलेंगी। अध्यक्ष, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग डा. देवेन्द्र शर्मा ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया है। शुक्रवार को वह सर्किट हाउस सभागार में बैठक कर रहे थे। कहा कि हमें अपनी युवा पीढ़ी को नशे से मुक्त कराने के लिए सक्रिय होना होगा। प्रत्येक स्कूल एवं कालेज में एक अध्यापक की अध्यक्षता में आधा दर्जन छात्र- छात्राओं का प्रहरी क्लब गठित किया जायेगा। जो मानीटरिंग करेगा की कालेज का कोई छात्र-छात्राएं नशा न करता हों। प्रत्येक पखवाड़े क्लब बैठक करके इसकी समीक्षा भी करेगा। प्रहरी क्लब के अध्यक्ष एवं सदस्य का मोबाइल नम्बर विद्यालय में सूचना पट्ट पर प्रदर्शित किया जाय।

मेडिकल की दुकान पर नारकोटिक्स की कोई दवा नाबालिग को न दी जाय। इसी प्रकार 21 वर्ष से कम आयु के किसी को शराब न दी जाय, इसकी निगरानी के लिए सभी दुकानों पर सीसी कैमरे लगाया जाय। सीएमओ को निर्देशित किया कि नशामुक्ति के नारे के साथ दीवार पर एक युद्ध नशा के विरुद्ध अवश्य लिखवाएं और नीचे बाल अधिकारी संरक्षण आयोग तथा पुलिस का हेल्पलाइन नम्बर-112 भी लिखवाये। श्रम प्रवर्तन अधिकारी को निर्देशित किया कि ईंट भट्ठों एवं दुकानों पर जिला टास्क फोर्स के साथ नियमित जांच करके बाल श्रमिकों को मुक्त कराएं। ऐसे बच्चों को बाल कल्याण समिति के सम्मुख अवश्य प्रस्तुत करें।

उन्होंने प्रोबेशन, आईसीडीएस, पुलिस, बाल कल्याण समिति, किशोर न्यायबोर्ड, नेहरू युवा केन्द्र, स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा किया। निर्देश दिया कि विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय बनाते हुए बाल संरक्षण के लिए संचालित योजनाओं का लाभ उन्हें दिलाएं। कोविड प्रभावित परिवार की महिलाओं एवं बच्चों से भेंट किया। इंटरमीडिएट पास करने वाले बच्चों को

# गैंगरेप के तीन आरोपी दोषमुक्त

संवाद न्यूज एजेंसी

## अपर सत्र न्यायाधीश-फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम का फैसला

बस्ती। अपर सत्र न्यायाधीश- फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम के न्यायाधीश विजय कुमार कटियार ने साक्ष्य के अभाव में गैंगरेप के आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया है। मामला कलवारी थाना क्षेत्र के एक गांव का है।

एक व्यक्ति ने थाने में 13 मई 2019 को तहरीर दी कि उसकी बहन घटना वाले दिन सुबह नौ बजे सिलाई सीखने जा रही थी। घर से कुछ ही दूर पहुंची थी कि आसिफ अली निवासी तुरकहिया और उसके सहयोगी बाइक से पहुंचे। पीड़िता को असलहा सटा कर बाइक पर बैठा कर फरार हो गए। जब शाम तक वह नहीं लौटी तो परिवार के लोगों ने खोजना शुरू किया, लेकिन वह कहीं नहीं मिली। पुलिस ने इस मामले में गैंगरेप व अपहरण के मामले में केस दर्ज किया।

इस घटना में आसिफ अली, काफिया खातून व सूरज सोनी के खिलाफ विवेचक ने साक्ष्य संकलित कर 31 अगस्त 2019 को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के समक्ष अधिवक्ता संजय उपाध्याय, फूलचंद पांडेय व जंग बहादुर सिंह ने तीनों आरोपियों की ओर से पक्ष रखा। कहा कि घटना काल्पनिक है। इस घटना से आरोपियों का कोई लेनादेना नहीं है।

अभियोजन की ओर से नौ गवाहों ने बयान दिया। जो मेडिकल रिपोर्ट व पीड़िता के मजिस्ट्रियल बयान व घटना स्थल से भिन्न हैं। स्थितियों व साक्ष्यों के अवलोकन करने के बाद तथ्यों के आधार पर तीनों को दोषमुक्त करार किया।

# भीटे की जमीन को कराया कब्जा मुक्त

हरैंया। नगर पंचायत के महूघाट गांव में तालाब के भीटे पर कब्जाकर पक्का निर्माण कराने के मामले में शुक्रवार को तहसील प्रशासन ने कार्रवाई की। भीटे पर बनाई गई दर्जनभर दुकानों में महज तीन पर कार्रवाई हुई। अन्य के मामले न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण कार्रवाई नहीं हुई।

उल्लेखनीय है कि महूघाट में सड़क से सटे गाटा संख्या-336 तालाब की जमीन है। इसके किनारे की जमीन अभिलेखों में भीटा दर्ज है। करीब 10 साल पहले लोगों ने इस पर कब्जा कर पक्का निर्माण करा लिया। गांव के ही दिलीप कुमार ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की। जनवरी 2022 में अवैध कब्जेदारों को बेदखल करने के आदेश हुए। संवाद

# एक सप्ताह में सभी थानों में सीसीटीवी लगाएं : मुख्यमंत्री

## सेफ सिटी परियोजना की समीक्षा की, कहा, सार्वजनिक परिवहन वाले चालकों का सत्यापन जरूरी

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोग अपनी सुविधानुसार अपने सीसीटीवी फुटेज का डेटा अपने पास ही सुरक्षित रख सकते हैं, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि आवश्यकता पड़ने पर फुटेज केवल पुलिस को ही उपलब्ध कराई जाएगी। शुक्रवार को ''''सेफ सिटी परियोजना'''' के प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, चौक-चौराहों, सरकारी व निजी अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी लगाए जाएं। आमजन, व्यापारियों, संस्थान संचालकों को जागरूक कर सीसीटीवी के महत्व को बताया जाए। नगर निगम, स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट अथवा स्थानीय प्रशासन व पुलिस द्वारा सीसीटीवी लगाए जाएंगे। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर सभी पुलिस थानों को सीसीटीवी से लैस करने के निर्देश भी दिए।

**टैक्सी, ई-रिक्शा, ऑटो, टेम्पो आदि वाहन के चालकों का विधिवत पुलिस वेरिफिकेशन के निर्देश**

उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन सुनिश्चित करने के संकल्प की पूर्ति में सेफ सिटी परियोजना उपयोगी सिद्ध हो रही है। इसके माध्यम से लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत मॉडर्न कंट्रोल रूम, पिंक पुलिस बूथ, आशा ज्योति केंद्र, सीसीटीवी कैमरे, महिला थानों में परामर्शदाताओं के लिए हेल्प डेस्क, बसों में पैनिक बटन व अन्य सुरक्षा उपायों को लागू करने में सहायता मिली है। प्रथम चरण में सभी 17 नगर निगमों और गौतमबुद्धनगर को सेफ सिटी के रूप में विकसित किया जाना है। दूसरे चरण में 57 जनपद मुख्यालयों की नगर पालिकाओं और फिर तीसरे चरण में 143 नगर पालिकाओं को सेफ सिटी परियोजना से जोड़ा जाए। ऐसे सभी नगरों के प्रवेश द्वार पर ''''सेफ सिटी'''' का बोर्ड लगा कर इसकी विशिष्ट ब्रांडिंग भी की जानी चाहिए। हमें इसे विस्तार देते हुए बुजुर्गों, बच्चों और दिव्यांग जनों की सुरक्षा से भी जोड़ना चाहिए। मुख्यमंत्री ने ''''यूपी सेफ सिटी एप'''' के बारे में एक प्रस्तुतिकरण भी देखा और इसे व्यवहारिक बनाए जाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक परिवहन वाले वाहन के चालकों का सत्यापन आवश्यक है। ऐसे में, टैक्सी, ई-रिक्शा, ऑटो, टेम्पो आदि वाहन के चालकों का विधिवत पुलिस वेरिफिकेशन किया जाए।

## पंचायत सहायक के पति को बुलाकर पीटने का आरोप

बस्ती। वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के मकदी निवासी पंचायत सहायक के पति को बुलाकर पीटने का मामला सामने आया है। इस संबंध में मकदी निवासी अंतिमा भारती ने वाल्टरगंज थाने में तहरीर बताया कि वह गाउखोर ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक के रूप में तैनात है। उन्हें बृहस्पतिवार देर शाम पौने आठ बजे प्रधान प्रतिनिधि ने फोन करके पंचायत सचिवालय पर बुलाया। रात होने के कारण खुद न जाकर पति प्रमोद कुमार को भेज दिया। संवाद

## थाने में शिकायत करने पर मारपीट, महिला पर केस

बस्ती। परशुरामपुर थाने के हरिगांव में मारपीट के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस संबंध में सरोज पत्नी पुजारी ने गांव की नीलम पत्नी रमई पर आरोप लगाया, जिसमें आरोप लगाया कि थाने पर शिकायती पत्र देने की बात को लेकर उसे मारापीटा और अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस केस की तफ्तीश कर रही है। संवाद

## दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज

बस्ती। सोनहा पुलिस ने अमरौली शुमाली निवासी रामधीरज वर्मा ने बेटी के ससुरालियों पर दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराया है। उन्होंने दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि रुधौली थानांतर्गत विसुनपुरवा निवासी वेदप्रकाश, चन्द्रप्रकाश, चंद्रावती के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। संवाद

# जातिसूचक व अपशब्द कहने के मामले में चार को दो वर्ष की सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

## विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी कोर्ट का फैसला

**बस्ती।** विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी अविनाश चंद्र मिश्र की अदालत ने अपशब्द व जातिसूचक शब्द से अपमानित करने के मामले में चार लोगों को दो वर्ष की सजा सुनाई है। इन पर तीन हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। इसे अदा न करने पर डेढ़ माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

विशेष एडीजीसी वीरेंद्र सिंह ने अदालत को बताया कि रुधौली थाना क्षेत्र के हसनी गांव निवासी सुभावती ने न्यायालय में 18 जनवरी 2013 को अर्जी दाखिल की थी। इसी के आधार पर न्यायालय ने नसीम, शफीक, शकील, जमालु व जैनब निवासी हसनी थाना रुधौली के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश दिया। पुलिस विवेचना में जैनब का नाम निकाल दिया, जबकि शेष चारों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। न्यायालय ने इस मामले में नसीम, शफी, शकील व जमालु को दो वर्ष की सजा सुनाई।

## पट्टे की भूमि में तालाब खोदवाने पर एफआईआर

बस्ती। दुबौलिया पुलिस ने सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत ऊंजी मुस्तहकम गांव के एक मामले में केस दर्ज किया है। आरोप है कि वहां के विजय कुमार ने किसी सक्षम अधिकारी / सक्षम न्यायालय की अनुमति प्राप्त किए बिना ही भूमि में तालाब खोदवाकर लोक संपत्ति को क्षति पहुंचाई। हल्का लेखपाल संदेश कुमार ने एसडीएम हर्रैया गुलाब चंद्र द्वितीय के आदेश पर विजय कुमार के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई है। संवाद

## वीडियो बनाकर छेड़खानी करने के मामले में केस

बस्ती। मुंडेरवा थाना क्षेत्र के कस्बे में स्थित एक प्राइवेट बैंक में नौकरी करने वाली महिला ने बैंक के स्टाफ पर आरोप लगाया है। उसका कहना है कि मुंडेरवा थाने के उमरी अहरा निवासी दिनेश कुमार भी कर्मचारी था, जिससे उसकी दोस्ती थी। वह जरूरत पर आर्थिक मदद भी करती थी। इसी का फायदा उठाकर दिनेश कुमार ने उसका अश्लील वीडियो बना लिया और उसको उसकी ससुराल में ले जाकर दिखाने लगा। संवाद

## यूनीपोल में टक्कर मारने वाले ट्रक चालक पर केस

बस्ती। नगर थानाक्षेत्र के कर्मा देवी शैक्षणिक संस्थान फुटहिया संसारपुर के यूनीपोल में टक्कर मारने वाले ट्रक चालक पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस संबंध में दुर्गेश कुमार सिंह ने तहरीर दी, जिसके अनुसार 20 अगस्त को ट्रक चालक बृजलाल निवासी भटवली थाना घोसी जनपद मऊ ने तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए यूनीपोल को ठोकर मारकर गिरा दिया। संवाद

# बाइक में टक्कर मारने वाले ट्रेलर चालक पर केस दर्ज

बस्ती। बाइक से दवा लाने जा रहे चचेरे भाइयों की बाइक में टक्कर मारने वाले ट्रेलर के अज्ञात चालक पर छावनी पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। इस संबंध में मृत युवक सोनू के पिता स्वामीनाथ निवासी सोनहवा अमोढ़ा ने तहरीर दी है। घटना में सोनू की मौके पर ही मौत हो गई थी। बता दें कि छावनी थाना क्षेत्र के अमोढ़ा सौनहवा निवासी राजू (30) पुत्र समयदीन चचेरे भाई सोनू (22) पुत्र स्वामीनाथ के साथ दवा लेने विशेषरगंज जा रहा था। संवाद

# महिला को टक्कर मारने वाले बाइक चालक पर केस

बस्ती। नगर पुलिस ने सड़क पार कर रही दुकानदार की पत्नी को टक्कर मारने वाली बाइक के चालक पर केस दर्ज किया है। घटना में घायल पार्वती की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस संबंध में महिला के पति आन्ही निवासी दुबखरा थाना नगर ने तहरीर दी, जिसमें बताया कि वह सड़क पर अंडे व भुट्टे की दुकान लगाता है। 20 अगस्त को रात साढ़े आठ बजे उसकी पत्नी पार्वती सड़क पार करके दुकान पर आ रही थी। तभी बाइक ने उसे टक्कर मार दी थी। संवाद

# गांजा बेचने जा रहे दो तस्कर गिरफ्तार, ढाई किलो गांजा बरामद

**बस्ती।** गांजा की डिलीवरी पहुंचाने जा रहे दो गांजा तस्करों को कप्तानगंज पुलिस ने धर दबोचा। उनके कब्जे से 2.470 ग्राम गांजा बरामद किया। पकड़े गए तस्करों में एक हरैया और दूसरा पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के नरहरिया का निवासी बताया जा रहा है। एसओ रोहित उपाध्याय ने बताया कि दोनों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

एसओ के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि बाइक से गांजा की खेप पहुंचाने दो तस्कर बृहस्पतिवार रात को जाने वाले हैं। थाने के उपनिरीक्षक जयशंकर पांडेय, जावेद खान, हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार दुबे, कांस्टेबल एसपी चौहान और रमेश चौहान ने सूचना के आधार पर हाईवे पर रमवापुर मोड़ के पास से दो संदिग्धों को पकड़ा। संवाद

# गोंडा का गिरोह बच्चों से कराता था बैटरी चोरी

## तीन बाल अपचारी समेत पांच गिरफ्तार, परशुरामपुर थानाक्षेत्र के सिंकदरपुर व चौरी से चुराई थी तीन ई-रिक्शा की आठ बैटरी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** ई-रिक्शा की बैटरी चोरी करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को पुलिस ने पकड़ लिया है, जिसमें तीन बाल अपचारी शामिल हैं। इनके कब्जे से तीन ई-रिक्शा से चोरी की गई आठ बैटरी बरामद की गई हैं। इस गिरोह के लोग रात को बाहर खड़े ई-रिक्शा, आँटो की बैटरी बच्चों से चोरी कराते थे। उसे ई-रिक्शा पर ही लादकर उठा ले जाते थे, जिसे गोंडा के कबाड़ी को बेच देते थे। चोरी में इस्तेमाल ई-रिक्शा भी बरामद कर लिया गया है।

बता दें कि परशुरामपुर क्षेत्र के सिकंदरपुर के कृष्णदेव गुप्ता के घर के सामने खड़े ई-रिक्शा से बुधवार रात चार बैटरी चोरी हो गई थी। इससे पहले 09 अगस्त की रात रेनू गुप्ता निवासी सिकंदरपुर के घर के सामने खड़े ई-रिक्शा से दो और उसी रात श्यामजी गुप्ता निवासी चौरी थाना परशुरामपुर के ई-रिक्शा से दो बैटरी चोरी हो गई थी।

पुलिस इन घटनाओं का केस दर्ज कर खोजबीन में जुटी थी। शुक्रवार सुबह इस गिरोह के पांच सदस्य पुलिस के हत्थे चढ़ गए। जिनमें कबाड़ की दुकान करने वाला जानकी प्रसाद निवासी खिदाईपुर थाना नवाबगंज जनपद गोंडा और अनिल भारती निवासी पंडित पुरवा कल्यानपुर थाना नवाबगंज जनपद गोंडा शामिल हैं। इन दोनों को गोंडा-बस्ती की सीमा पर स्थित हैदराबाद के दक्षिण पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। साथ ही 15-17 साल के गोंडा के तीन बाल अपचारी भी पकड़े गए। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक परशुरामपुर रामेश्वर यादव,

एसआई अजय कुमार भारती, उमेश चंद्र वर्मा, कांस्टेबल अतुलेंद्र पाल यादव, साहब कुमार, संदीप पाल शामिल रहे।



परशुरामपुर पुलिस ने बैटरी चोरी करने वाले दो को किया गिरफ्तार। संवाद

**इस तरह करते थे बैटरियों की चोरी :** पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह लोग रात को ई-रिक्शा और बाइक से घूमते फिरते ई-रिक्शा व टैंपो आदि का जहां मौका पाते थे, बैटरी खोलकर रख लेते थे। उसे इकट्ठा करके गोंडा के खिदाईपुर निवासी जानकी प्रसाद को बेच देते थे, जिसकी कोल्हमपुर थाना नवाबगंज में कबाड़ की दुकान है। बेचने से मिली रकम को पांचों बांटकर अपना खर्चा चलाते थे। पकड़े गए अनिल भारती ने बताया कि गिरोह में बच्चों को साथ इसलिए रखा जाता था ताकि कोई शक न करे और यह बैट्री खोलकर किनारे लगा देते हैं। जानकी प्रसाद ने बताया कि कोल्हमपुर में उसकी कबाड़ की दुकान है, वहीं इसका हिसाब कर लिया जाता था।

# इनवर्टर-बैटरी की दुकान का शटर तोड़ते दो चोर पकड़े

संवाद न्यूज एजेंसी

**हरैया, (बस्ती)।** क्षेत्र में चोरी की वारदातों ने पुलिस की नाक में दम कर रखा है। बृहस्पतिवार रात चोरों ने थाने से 200 मीटर दूर ब्लॉक के सामने सर्विस रोड के किनारे इन्वर्टर-बैटरी की दुकान का शटर तोड़कर चोरी का प्रयास किया। खटपट की आवाज सुनकर बगल के एक युवक की जागरूकता से बड़ी वारदात बच गई। लोगों की सक्रियता से दो चोर हत्थे चढ़ गए, जिनकी धुनाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया गया।

ब्लॉक के सामने हाईवे पर बनी सर्विस रोड के किनारे तेनुआ गांव निवासी सुरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ पिंटू की इनवर्टर-बैटरी की दुकान है। बृहस्पतिवार को इनके पट्टीदारी में दादी का निधन हो गया था। रात करीब सवा बारह बजे अंतिम संस्कार कर परिजनों के संग घर लौटे। तभी दुकान के बगल रहने युवक सोनू गुप्ता ने मोबाइल पर फोन करके बताया कि उनकी दुकान के सामने एक डीसीएम से आए तीन चार शटर तोड़ रहे हैं। अनहोनी की आशंका में सुरेंद्र गांव के करीब एक दर्जन अन्य लोगों के साथ कार व अन्य साधनों से पांच सात मिनट में ही दुकान पर पहुंच गए। चोर तब तक शटर को बड़ी रॉड से एक तरफ की कुंडी तोड़ने के बाद दूसरी तरफ रॉड से शटर उठाने का प्रयास कर रहे थे।

लोगो सर्विस रोड पर दोनों तरफ से घेर कर दुकान की तरफ बढ़े तो सड़क किनारे खड़े एक चोर को दबोच लिया। कुछ लोग डीसीएम पर बैठे चालक की तरफ गए और उसे भी पकड़ लिया। इसी बीच मौका पाकर शटर तोड़ रहा चोर भाग निकला। पकड़े गए दोनों चोरों की जमकर धुनाई कर दी। किसी ने मोबाइल से सूचना थाने पर दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस चोरों को थाने ले गई। दुकानदार ने सुबह थाने पर जाकर तहरीर दी।



हरैया ब्लॉक के सामने इन्वर्टर व बैटरी की दुकान का तोड़ा गया शटर। संवाद

### घटना से लोग हैरान

थाने से महज कुछ दूरी पर हुई घटना को लेकर लोग अचंभित हैं। लोगों का कहना है कि 200 मीटर की परिधि में ही थाना, सीओ कार्यालय, ब्लॉक व तहसील कार्यालय से लेकर एसडीएम व सीओ के आवास हैं। वहां चोरी के प्रयास की घटना चोरों के दुस्साहस को दर्शाता है। कोतवाल राणा देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दो चोर व वाहन पुलिस के कब्जे में है। पूछताछ में गैंग के अन्य सदस्यों के नाम प्रकाश में आए है। उनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

# आज से छात्र शुरू करेंगे आमरण अनशन

**बस्ती।** छात्रसंघ चुनाव बहाल करने की मांग को लेकर छात्रों का धरना शुक्रवार को बारिश में भी जारी रहा। छात्रों ने बताया कि मांगों को लेकर शुक्रवार को भी महाविद्यालय से कोई आश्वासन नहीं मिला है। शनिवार से छात्रों ने आमरण अनशन शुरू करने की चेतावनी दी है।

उल्लेखनीय है कि छात्रसंघ बहाली की मांग को लेकर बुधवार से छात्र शिवहर्ष किसान पीजी कॉलेज के गेट पर धरना दे रहे हैं। छात्र शुक्रवार को तेज बारिश में भी धरने पर बैठे रहे। कॉलेज की ओर से कोई ठोस आश्वासन न मिलने पर धरने का नेतृत्व कर रहे आयुष पांडेय ने बताया कि शनिवार से आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। मौके पर सचिन पांडेय, आकाश ओझा, अंकित यादव, आनंद त्रिपाठी, विशाल पाठक, अभिनाश सिंह, रूद्र आदर्श पांडेय, सचिन पांडेय आदि मौजूद रहे। संवाद



छात्रसंघ बहाली की मांग को लेकर धरने पर बैठे छात्र। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-26-08-2023

# स्कूली वाहनों की जांच के नाम पर हो रही सिर्फ खानापूरी

## जुलाई में बिना फिटनेस चल रहे छह वाहनों का हुआ था चालान



हाइडिल तिराहा पर स्कूली बस की जांच के बाद बच्चों को यातायात की जानकारी देते प्रभारी उपनिरीक्षक अमरेश कुमार यादव • जागरण



स्कूली बस • जागरण

स्कूली वाहनों की नियमित जांच होती है। छह माह में 40 वाहनों का चालान किया गया है। विभागीय कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।



**सुरेश कुमार मौर्या**
**एआरटीओ**

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर:** स्कूल वाहनों में आए दिन दुर्घटना के बाद भी नियमों की अनदेखी पर रोक नहीं लग पा रही है। सड़कों पर नियम विरुद्ध वाहन बच्चों को लेकर धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। इसे लेकर न स्कूल प्रबंधन गंभीर नजर आ रहा है और न ही अभिभावक।

स्कूल में चलने के लिए पंजीकृत 652 बसों में से एआरटीओ ने मार्च से अब तक 40 वाहनों का चालान किया है, जबकि यातायात पुलिस ने कुल 16 बसों का चालान किया है। इनमें जुलाई में छह बसों पर कार्रवाई की गई है। ऐसे में इन वाहनों से भविष्य संवारने जा रहे नौनिहाल कब किसी दुर्घटना के शिकार हो जाएं, यह तय नहीं।

देवरिया जिले में स्कूली बस में आग लगने की घटना के बाद शुक्रवार को यातायात पुलिस ने सघन जांच अभियान चलाया। महज एक गाड़ी का चालान सुरक्षा बेल्ट न लगाकर गाड़ी चलाने पर किया गया। कुछ माह पूर्व अधिकारियों ने नियम विरुद्ध स्कूली वाहनों के संचालन पर पूरी तरह से रोक लगाने का आदेश जारी किया था।

सवाल उठता है कि अगर प्रशासन इसे लेकर सख्त है तो फिर बार-बार वही स्थिति क्यों सामने आती है। सड़कों पर खटारा स्कूली वाहन कैसे दौड़ रहे हैं। अधिकांश वाहन नियम को नहीं करते पूरा करते हैं।

स्कूल वाहनों में प्राथमिक चिकित्सा का भी इंतजाम नहीं होता है, जबकि मानक के अनुसार चिकित्सा व्यवस्था, आग से बचाव के संसाधन होने के साथ ही चालक व परिचालक का ड्रेसकोड निर्धारित है। वाहन के खिड़की पर राड व जाली लगा होना चाहिए, वाहन के पीछे चालक व परिचालक तथा प्रधानाचार्य व प्रबंधक का नाम और मोबाइल नंबर अंकित होना चाहिए। वाहन सवार बच्चों को सड़क पार कराने की जिम्मेदारी भी परिचालक की है। यातायात पुलिस के प्रभारी अमरेश यादव ने बताया कि वाहनों की नियमित जांच होती है।

### वाहन चालकों के लिए यह है नियम

- वाहन चालक को वाहन चलाने का पांच वर्ष का अनुभव।
- चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य।
- स्कूल वाहन के लिए परमिट अनिवार्य।
- गति सीमा निर्धारण के लिए वाहनों में स्पीड गर्वनर लगाया जाना जरूरी।
- लोकेशन ट्रैकिंग के लिए जीपीएस प्रणाली अनिवार्य।
- बसों में सीसी कैमरा होना जरूरी।
- अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बाक्स का होना जरूरी।
- बच्चों के बैग रखने के लिए रैक की व्यवस्था।
- वाहन पीले रंग का होगा, जिससे अंदर का दृश्य स्पष्ट रूप से देख सकें।

## जाति लिखी 21 गाड़ियों का पुलिस ने किया चालान

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर:** यातायात पुलिस ने दो दिन में यातायात नियमों का पालन न करने पर 65 वाहनों का चालान किया है। इनमें गाड़ी नंबर के स्थान पर जाति लिखकर चलने वाली 21 गाड़ियां शामिल हैं। काली फिल्म लगाकर चल रहे चार पहिया वाहनों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक अमरेश यादव ने बताया कि काली पट्टी लगी गाड़ियों के चालान के लिए भी अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को कुल 45 वाहनों का चालान हुआ है। इनमें चार ऐसे वाहन भी शामिल हैं, जो गलत साइड से चल रहे थे।

# यह होगा अंजाम तो कभी बेटे को टोकते ही नहीं पूर्णवासी

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** भला कौन पिता चाहता है कि उसका बेटा बेरोजगार रहे। वह नशे की गिरफ्त में रहे। वह तो अंतिम घड़ी में भी सोचता है कि उसका बेटा नेक रास्ते पर चले। खूब मेहनत करे। आगे बढ़े ताकि वह अपना व अपने परिवार की जीविका बेहतर तरीके से चला सके। कुछ ऐसा ही चाहते थे जोगिया कोतवाली के कटया निवासी 65 वर्षीय पूर्णवासी, लेकिन वह हार गए। तमाम कोशिशों के बाद भी वह अपने भटके बेटे ध्रुव को राह पर नहीं ला सके।

पूर्णवासी का सबसे छोटा बेटा अच्छी संगत में आ जाए, इसे लेकर लगातार टोकते रहते थे, लेकिन उस पर तो इसका उलटा ही असर हो गया। उसने तो अपने बच्चों के साथ खुद जहर खा लिया। पूर्णवासी के 30 वर्षीय जवान बेटा ध्रुव व तीन वर्षीय पोते की मृत्यु हो गई। आठ वर्षीय पोती जीवन व मृत्यु से जूझ रही है। पूर्णवासी सदमे में हैं। कुछ बोलने की स्थिति में नहीं हैं। एकदम से बुत बन गए हैं। शुक्रवार की शाम को पुलिस ने भी जब उनसे कुछ पूछने की

## जहरीला पदार्थ खाने का मामला

कोशिश की तो गांव वाले भी बोल पड़े, कुछ न पूछिए। उन्हें पता होता कि कुछ ऐसा होगा तो वह बेटे को कभी टोकते ही नहीं। ध्रुव अपनी पत्नी व बच्चों को लेकर गांव में ही उनसे अलग रहता है। दो वर्ष बाद पत्नी की मृत्यु हुई तो वह नशा करने लगा। इससे उनके पोती व पोते की परवरिश नहीं हो पा रही थी। ऐसे में पूर्णवासी ने कर्ज पर ई-रिक्शा दिलवा दिया, लेकिन वह तो उसका कर्ज भी नहीं भर पा रहा था। उसकी गलत हरकतों के चलते पोता व पोती भी परेशान रहने लगे। ऐसे में पूर्णवासी लगातार बेटे को टोकता रहता था कि बैंक का कर्ज भरे। ताकि इसी बहाने ध्रुव कुछ काम करे। इसे लेकर आये-दिन दोनों में कहासुनी होती थी। शुक्रवार को भी दोनों में जमकर कहासुनी हुई और उसने बच्चों के साथ जहरीला पदार्थ खा लिया। इस घटना से गांव वाले भी सदमे में हैं। हर कोई अफसोस कर रहा है कि ध्रुव ने ध्यान दिया होता आत परिवार की यह गति नहीं होती।

# यह होगा अंजाम तो बेटे को टोकते नहीं पूर्णवासी

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर** : भला कौन पिता चाहता है कि उसका बेटा बेरोजगार रहे। वह नशे की गिरफ्त में रहे। वह तो अंतिम घड़ी में भी सोचता है कि उसका बेटा नेक रास्ते पर चले। खूब मेहनत करे। आगे बढ़े ताकि वह अपना व अपने परिवार की जीविका बेहतर तरीके से चला सके। कुछ ऐसा ही चाहते थे जोगिया कोतवाली के कटया निवासी 65 वर्षीय पूर्णवासी, लेकिन वह हार गए। तमाम कोशिशों के बाद भी वह अपने भटके बेटे ध्रुव को राह पर नहीं ला सके।

पूर्णवासी का सबसे छोटा बेटा अच्छी संगत में आ जाए, इसे लेकर लगातार टोकते रहते थे, लेकिन उस पर तो इसका उलटा ही असर हो गया। उसने तो अपने बच्चों के साथ खुद जहर खा लिया। पूर्णवासी के 30 वर्षीय जवान बेटा ध्रुव व तीन वर्षीय पोते की मृत्यु हो गई। आठ वर्षीय पोती जीवन व मृत्यु से जूझ रही है। पूर्णवासी सदमे में हैं। कुछ बोलने की स्थिति में नहीं हैं। एकदम से बुत बन गए हैं।

शुक्रवार की शाम को पुलिस ने भी जब उनसे कुछ पूछने की कोशिश की तो गांव वाले भी बोल पड़े, कुछ न पूछिए। उन्हें पता होता कि कुछ ऐसा होगा तो वह बेटे को कभी टोकते ही नहीं। ध्रुव अपनी पत्नी व बच्चों को लेकर गांव में ही उनसे अलग रहता है। दो वर्ष बाद पत्नी की मृत्यु हुई तो वह नशा करने लगा। इससे उनके पोती व पोते की परवरिश नहीं हो पा रही थी। ऐसे में पूर्णवासी ने कर्ज पर ई-रिक्शा दिलवा दिया, लेकिन वह तो उसका कर्ज भी नहीं भर पा रहा था। उसकी गलत हरकतों के चलते पोता व पोती भी परेशान रहने लगे। ऐसे में पूर्णवासी लगातार बेटे को टोकता रहता था कि बैंक का कर्ज भरे। ताकि इसी बहाने ध्रुव कुछ काम करे। इसे लेकर आये-दिन दोनों में कहासुनी होती थी। शुक्रवार को भी दोनों में जमकर कहासुनी हुई और उसने बच्चों के साथ जहरीला पदार्थ खा लिया। इस घटना से गांव वाले भी सदमे में हैं। हर कोई अफसोस कर रहा है कि ध्रुव ने ध्यान दिया होता आत परिवार की यह गति नहीं होती।

# शांतिपूर्ण मनाए त्योहार, पुलिस है सुरक्षा के लिए तैयार

**जागरण संवाददाता, बर्डपुर, सिद्धार्थनगर** : मोहाना थाने पर आगामी त्योहार रक्षाबंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई।

थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी ने कहा सभी लोग त्योहार आपसी भाईचारे से मनाएं।

किसी भी समस्या के लिए पुलिस पूरी तरह से तैयार है। बैठक में व्यापार मंडल के ब्लाक अध्यक्ष राजकमल जायसवाल ने कहा त्योहारों को लेकर किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं हैं। ऐसे में कोई भी परेशानी आने पर पुलिस की सहायता ली जाएगी। बैठक में क्षेत्र में व्यापारी व अन्य संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

# सड़क पर तड़पते मिले दो बच्चे और पिता, पुत्र व पिता की मौत

## बेटी का गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में चल रहा इलाज

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। सनई चौराहे के पास शुक्रवार शाम पिता और दो बच्चे तड़पते देखे गए। उनके मुंह से झाग निकल रहा था। सूचना पर परिवार के लोग सभी को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां बेटे की मौत हो गई। हालत गंभीर होने की वजह से पिता और बेटी को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया।

रास्ते में पिता की भी मौत हो गई। पुत्री को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर का कहना है कि पिता-पुत्र की मौत जहर खाने से हुई है। जबकि तीनों को जहर किसने खिलाया यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। लोग जहरखुरानी की आशंका जता रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, जोगिया कोतवाली क्षेत्र के कटया दुबे गांव निवासी ध्रुव (30) पुत्र पूर्णमासी मुंबई में रहता था। पूर्णमासी ने बताया कि ध्रुव ने मुंबई में शादी की थी। कुछ साल पहले बेटी-बेटा व पत्नी के साथ गांव आकर रहने लगा। करीब एक साल पहले पत्नी की मौत हो गई। इसके बाद वह गांव में रहकर ई-रिक्शा चलाने लगा। शुक्रवार को वह घर से बाहर गया था। कुछ देर बाद घर घर आ गया था।

पूर्णमासी ने बताया कि वह बगल के गांव सोनवल में किसी काम से गया था। घर पहुंचने के कुछ देर बाद जानकारी मिली की दोनों बच्चों के साथ ध्रुव सनई चौराहे के पास सड़क के किनारे तड़प रहा है। तुरंत ही मौके पर पहुंचा। दोनों बच्चों और ध्रुव के मुंह से झाग निकल रहा था। एंबुलेंस की मदद से तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टर ने फूलमूर्ति को मृत बता दिया। जबकि ध्रुव और उसकी पुत्री की हालत गंभीर देखकर गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। रास्ते में ध्रुव की भी मौत हो गई। इसकी जानकारी भाई सुभाष ने फोन पर दी। चिकित्सकों के मुताबिक जहर खाने से मौत हुई है, लेकिन कौन सा जहर था, इसके बारे में कुछ कह पाना मुश्किल है।

## अवैध तरीके से शराब बिक्री करने वाले गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। भवानीगंज थाना क्षेत्र के बायताल गांव के निकट अवैध रूप से शराब बेच रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से 50 पैकेट शराब बरामद की गई। स्थानीय पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने छापा मारकर कार्रवाई की। पकड़े गए सेखुईताज सादीजोत निवासी संतराम निषाद व उसकी पत्नी ऊषा देवी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में केस दर्जकर कार्रवाई की गई। संवाद

---

**10 हजार के इनामी को भेजा जेल :** संतकबीर नगर, एसओजी टीम ने 10 हजार रुपये के इनामी सिद्धार्थनगर के खेसरहा थाना के बरडाड़ गांव निवासी सोनू लोध को नोडिहवा के पास गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

---

## भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार

सिद्धार्थनगर। रक्षाबंधन व चेहल्लुम को लेकर शुक्रवार को थाना लोटन परिसर में धर्म गुरुओं प्रधान व संभ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक हुई। थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने उपस्थित लोगों से कहा कि आपसी मेल मिलाप भाईचारे के साथ पर्व मनाना चाहिए। कहा कि अगर कहीं परेशानी होती है तो पुलिस को सूचना दें। उप निरीक्षक ओमप्रकाश, उप निरीक्षक रवीन्द्र यादव, अरुण कुमार पांडेय, हरिराम सिंह, दिवान मैनेजर यादव आदि मौजूद रहे। संवाद

# पहले झोले में लाते थे नेपाली शराब, अब ले जाने लगे चावल

## भारत-नेपाल सीमा : चावल के निर्यात पर रोक लगने के बाद तस्कर बच्चों का ले रहे सहारा

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। केंद्र सरकार ने कई राज्यों में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए पिछले माह से ही गैर बासमती चावल के निर्यात पर पूर्ण रूप से रोक लगा दिया है। इसके बाद सीमा पर चावल की तस्करी बढ़ गई। फिर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। भारत से नेपाल ले जाते हुए तस्करों का बड़ा खेप पकड़ा जाने लगा तो उन्होंने तस्करी करने का तरीका बदल दिया है।

अब वह पूर्व की तरह से बच्चों और महिलाओं का सहारा ले रहे हैं। लालच देकर उनसे तस्करी करवा रहे हैं। जैसे पहले झोले में शराब तस्करी करवाते थे। उसी प्रकार से इस समय में झोले और बोरी में साइकिल व पैदल चावल भारत से नेपाल में पहुंचा रहे हैं। भारतीय बाजार की तुलना में नेपाल में महीन चावल 15-18 रुपये प्रति किलो अधिक बिक रहा है तो वहीं मोटा 10-12 रुपये प्रति किलो अधिक बिक रहा है।

इसलिए तस्कर अब चावल की तस्करी शुरू कर दिए हैं। आए दिन सुरक्षा एजेंसियों द्वारा चावल की खेप पकड़ने की बात इस बात को बल दे रहा है कि सीमा पर चावल के तस्कर सक्रिय हैं। अगर यही हाल रहा तो यहां पर चावल की किल्लत खड़ी हो सकती है।

नेपाल सीमा से लगने वाली जिले की 68 किलोमीटर सीमा पूरी तरह से खुली हुई है। जिसका तस्कर लाभ उठाते हैं। दोनों देशों में बिकने वाली वस्तु की जब भी मांग बढ़ती है तो उसकी तस्करी शुरू कर देते हैं। चाहे वह सोना, चांदी और अन्य सामान हो या फिर अनाज। मांग के हिसाब से तस्कर इधर से अधर सामान पहुंचाने का कार्य करते हैं। पिछले माह केंद्र सरकार की ओर से चावल के निर्यात पर रोक लगा दिया गया था। इसके बाद से सीमा पर चावल की तस्कर बढ़ गई है।

चिंता की बात यह है कि तस्कर अब बच्चों और महिलाओं को मोहरा बना रहे हैं। जिनसे कल तक नेपाल शराब की तस्करी करवाते थे। आज उनसे चावल की तस्करी करा रहे हैं। तब झोले और बोरी में नेपाल से शराब आता था। लेकिन नेपाली और भारतीय शराब में रेट का अंतर खत्म हो गया तो उसकी तस्करी बंद कर दिया। अब उन्हीं लोगों से चावल की तस्करी करवा रहे हैं। आए दिन सुरथा एजेंसियां सीमा पर चावल पकड़ रही हैं।

**500 क्विंटल से अधिक चावल पहुंच जाता है नेपाल :** नेपाल से जुड़े कारोबारी के मुताबिक सीमावर्ती क्षेत्र के गल्ले की दुकान पर भारतीय चावल और गेहूं दिखता है। यह चावल तस्करों के जरिये लाया गया होता है। क्योंकि लीगल तौर पर भारत से जाने वाला चावल बड़ी मंडियों में जाता है। न की बार्डर क्षेत्र की दुकानों पर। औसत प्रतिदिन 68 किलोमीटर सीमा क्षेत्र में प्रतिबंध के बाद भी 300- 500 क्विंटल से अधिक चावल भारत से पहुंच जाता है।

**तस्करी के खेल में कई लोग होते हैं शामिल :** पहले चरण में अढ़तिया गांव-गांव जाकर खरीदते हैं। इसके बाद वह सेटिंग वाले बड़े कारोबारी को देते हैं। जिसका नेपाल में आना-जाना होता है।

यहां से रेट तय होने के बाद वह किसी भी माध्यम से नेपाल में मंगवा लेते हैं। वहां से वह दूसरे कारोबारी को देते हैं। जो पैकिंग और ब्रांडिंग करता है। बोरी और पैकेट के रेट से बाजार में बेचता है।

**700-900 रुपये प्रति क्विंटल मुनाफा :** नेपाल के गल्ला बाजार के मुताबिक वहां पर मौजूदा समय में भारतीय मुद्रा के हिसाब से मोटा चावल 3500 रुपये प्रति क्विंटल बिक रहा है। जबकि महीन चावल का रेट 4200-4500 रुपये प्रति क्विंटल है। जो मांग के हिसाब से रोज घटता और बढ़ता है। किसी किसी दिन रेट कम हो जाता है तो किसी से 50-100 रुपये प्रति क्विंटल का अंतर आ जाता है। वहीं जब पैकिंग हो जाता है तो दोनों की कीमत 5 से 7 रुपये प्रति किलो की दर से बढ़ जाता है।

### सक्रिय हुई एजेंसी तो बदल दिया तस्करी का तरीका

चावल के निर्यात पर रोक लगने और लगातार सीमा क्षेत्र में चावल के पकड़े जाने के बाद तस्कर चौकन्ना हो गए। इसके बाद उन्होंने तस्करी करने का तरीका बदल लिया। पुराने समय की तरह से बच्चों और महिलाओं से संपर्क साधा और अब उन्हें तस्करी में लगा दिए। एक स्थान पर कहीं चावल रख दिया जाता है। इसके बाद थोड़ा-थोड़ा करके बच्चे और महिलाएं नेपाल में ले जाते हैं। जब सुरक्षा एजेंसियां पकड़ती हैं तो कहते हैं साहब खाने के लिए ले जा रहे हैं। मात्रा 10-30 किलो के भीतर होने के कारण दया में आकर जवान छोड़ देते हैं। लेकिन यही थोड़ा थोड़ा कई स्थानों से जाने के बाद खेप में बदल जाता है। सूत्रों की माने तो मौजूदा समय में दो सौ से तीन सौ रुपये एक क्विंटल पहुंचाने पर तस्करी करने वालों को दे रहे हैं।

**आठ बोरी में चावल पकड़ा गया, भाग निकले तस्कर :** सीमा क्षेत्र के ककरहवा बार्डर क्षेत्र में दो दिन पहले एसएसबी जवानों ने रात में चेकिंग के दौरान नेपाल में चावल ले जाते हुए साइकिल सवारों को दौड़ाया, लेकिन वह सीमा लांघ गए। मौके से आठ बोरी चावल बरामद किया गया था।

### सुरक्षा एजेंसियां करें रहम इसलिए बच्चों और महिलाओं को मोहरा बना लिए तस्कर

### पहुंचने से पहले तस्कर हो गए उस पार

सीमा से सटे बजहा के पास रात में कुछ लोग साइकिल पर बोरा लादे हुए जाते दिखे। शोर हुआ, लेकिन जब तक पुलिस और सुरक्षा एजेंसी से जुड़े लोग मौके पर पहुंचते 10 साइकिल पर 20 बोरी से अधिक चावल लेकर तस्कर उस पार चुके थे। बोरी फटने से चावल गिरा हुआ था।

भारत-नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराध को रोकने के लिए सीमावर्ती थानों को निर्देशित किया गया है। वे नियमित चेकिंग कर रहे हैं। पकड़े जाने वालों पर कार्रवाई भी की जा रही है। **-अभिषेक कुमार अग्रवाल,** एसपी सिद्धार्थनगर

# छह पर गुंडा एक्ट में कार्रवाई

सिद्धार्थनगर। पुलिस ने अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के दृष्टिगत मारपीट, छेड़खानी, गोवध निवारण अधिनियम आदि में संलिप्त छह आरोपियों पर (3)3 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 की कार्यवाही की है। पुलिस ने शोहरतगढ़ थाना के राम दयाल शर्मा पुत्र जंग बहादुर निवासी मदरहना खास टोला साधु नगर, मो कलीम पुत्र स्व जसमत निवासी गुजरौलिया, राम भरोसे उर्फ भरोसे पुत्र शिवबरन निवासी टेड़यिा, परमेश्वर पुत्र शिवचरण निवासी लखनपारा, जग्गू उर्फ ताज मोहम्मद पुत्र मोहम्मद रमजान निवासी वार्ड न.10 गाधी नगर( आर्य नगर) व डुमरियागंज थाना की पुलिस ने ताहिर पुत्र ताज मोहम्मद निवासी अरनी के खिलाफ कार्रवाई की है।

# आबकारी टीम की छापेमारी में दो गिरफ्तार

**जासं, भवानीगंज, डुमरियागंज:** तहसील क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बेचने की सूचना भले ही विभाग को न हो, लेकिन इसकी बिक्री खुलेआम हो रही है। गुरुवार देर रात आबकारी टीम की छापेमारी में इस बात की पुष्टि हो गई। डुमरियागंज व बांसी की आबकारी टीम ने भवानीगंज थानाक्षेत्र शादीजोत में छापेमारी करके एक व्यक्ति व उसकी पत्नी को अवैध रूप से देसी शराब बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया। दोनों मिलकर शराब के साथ बीयर की बिक्री अधिक मूल्य पर करते थे।

थाना क्षेत्र के बायताल गांव के समीप अवैध रूप से शराब बेच रहे दो लोगों को पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी करते हुए देर रात गिरफ्तार किया। आबकारी इंसपेक्टर मोनी शुक्ला ने बताया कि आबकारी विभाग को सूचना मिली कि दो लोग बायताल गांव के समीप अवैध रूप से शराब बेच रहे हैं। इसके बाद आबकारी विभाग ने बांसी की टीम व स्थानीय पुलिस को सूचना दी। टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जहां से दो लोगों को गिरफ्तार किया और मौके से 50 पैक देसी शराब व चार कैन बीयर बरामद किया गया। विभाग ने संतराम निषाद पुत्र भगौती व ऊषा देवी पत्नी संतराम निवासी सेखुईताज सादीजोत के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों को न्यायालय भेजा। टीम में बांसी सर्किल के आबकारी इंसपेक्टर संजय पांडेय, राम महेश, एसआइ कन्हैया लाल मौर्या, महिला कांस्टेबल मधु वर्मा सहित अन्य शामिल रहे।

# चेहल्लुम शांतिपूर्वक मनाने की अपील

डुमरियागंज। थाना प्रांगण स्थित प्रभारी निरीक्षक कार्यालय में कर्बला के शाहीदों के चेहलुम को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को पीस कमेटी की बैठक हुई। अध्यक्षता पुलिस क्षेत्राधिकारी सुजीत राय ने की। इस दौरान हल्लौर सहित शिया बाहुल्य गांवों के प्रधान व सुन्नी अज़ादार भी उपस्थित रहे।

सीओ ने कहा सभी लोग सुरक्षा और शांति के दृष्टिकोण से शासन की मंशा के अनुसार चेहल्लुम को सकुशल मनाए। प्रभारी निरीक्षक मुकेश राय ने सभी आए हुए प्रधानों और आजादारों से आगामी चेहल्लुम के संबंध में समस्याओं के बारे में पूछा। सभी ने आश्वासन देते हुए कहा कि पूर्व में मुहर्रम शांति पूर्वक मनाया गया। इसी तरह चालीसवां भी सौहार्द के साथ शांतिपूर्वक मनाया जाएगा। इस दौरान हल्लौर प्रधान ताक़ीब रिज़्वी रहे।

# अवैध शराब बेचने वाले दो गिरफ्तार

भवानीगंज। भवानीगंज थाना क्षेत्र के बायताल गांव के पास अवैध रूप से शराब बेच रहे दो लोगों को पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर गिरफ्तार किया है।

अवैध तरीके शराब बेचने की खबर पर पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची जहां से दो लोगों को गिरफ्तार किया। मौके से 50 शीशी बंटी बबली शराब बरामद की। पुलिस ने संतराम निषाद पुत्र भगौती व ऊषा देवी पत्नी संतराम निवासी सेखुईताज सादीजोत के विरुद्ध धारा60(1) आबकारी अिानियम में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गिरफ्तार करने वाली टीम में आबकारी इंस्पेक्टर मोनी शुक्ला, राम महेश, एसआई कन्हैया लाल मौर्या, महिला कांस्टेबल मधु वर्मा शामिल रहे।

# बेटे-पोते की मौत के बाद बिलख पड़ा बाबा

## एक साथ दो बच्चे और पिता के जहर खाने की होती रही चर्चा, कटया दुबे गांव का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** सड़क पर दो बच्चों के साथ तड़प रहे ध्रुव ने खुद बच्चों को जहर खिलाकर स्वयं खा लिया या फिर किसी ने खिला दिया। इसको लेकर लोग हैरान हैं। वहीं, पोते और बेटे की मौत के बाद बूढ़े पिता का रो-रोकर बुरा हाल है।

जिला अस्पताल में मृत पोते को देखकर रोते हुए पूर्णमासी लिपट जा रहा था। बार-बार यही कर रहा था कि हमें छोड़कर क्यों चले गए। वहीं घटना के बाद से गांव में मातम छाया हुआ है। घटना के बाद से हर किसी की आंखें नम हैं और घटना की चर्चा करते हुए देखा गया।

क्षेत्र के कटया दुबे गांव निवासी धुरव ने मुंबई में ही शादी कर ली थी। लेकिन शादी के कुछ ही साल बाद पत्नी की मौत हो गई। पत्नी की मौत के बाद से वह टूट सा गया था। लेकिन संभाला और गांव में रहकर ई- रिक्शा चलाता था।



सपना। संवाद

बेटी सपना और पुत्र फूलमूर्ति का पालन पोषण करता था। लोगों के मुताबिक दोनों बच्चों से प्रेम भी करता था। बहू की मौत के बाद पिता पूर्णमासी भी बच्चों को बहुत ख्याल रखते थे। बच्चे छोटे थे, इसलिए उनका उनसे बहुत गहरा लगाव था। लेकिन शुक्रवार शाम को हुई घटना में सभी को हिलाकर रख दिया। पूर्णमासी पूरी तरह से टूट गए।



रोता-बिलखता पूर्णमासी। संवाद

> घटना की जानकारी मिलने के बाद अस्पताल गया था। सनई चौराहे के पास सड़क के किनारे तड़पता देखने पर अस्पताल पहुंचाया गया था। मौत के कारण की जांच की जा रही है। लिखापढ़ी के बाद पुलिस ने बच्चे के शव को मोर्चरी में रखवा दिया है।
>
> – यशवंत सिंह, कोतवाल जोगिया

जिला अस्पताल में पोते के शव से लिपटकर फूट-फूटकर रो रहे थे। उन्हें रोता हुआ देखकर हर किसी की आंखें नम हो जा रही थीं। पुलिस भी इस मामले में अभी तक अनजान है।



मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में बच्चे की मौत के बाद गंभीर बच्ची सपना के पास रोते बिलखते परिजन। संवाद

# किशोरी के अपहरण का मुकदमा दर्ज

जासं, जोगिया: जोगिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गांव के ही एक महिला पर अपने नाबालिग बेटी के अपहरण का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपित को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। थाना प्रभारी यशंवत सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

---

**जोगिया कोतवाली क्षेत्र के कटया में ई-रिक्शा चालक ने बेटे-बेटी को जहर दे खुद खाया, पिता-पुत्र की मौत**

# नशे ने बनाया कातिल, खुद भी नहीं बचा

**कोहराम**

**सिद्धार्थनगर, हिन्दुस्तान टीम।** नशे की लत कितनी बुरी होती है इसे एक बाप ने अपने बच्चे का कातिल बना दिया। उसने पहले मासूम बेटे व बेटी को जहरीला पदार्थ खिलाया फिर खुद भी खा लिया। बाप-बेटे की मौत हो चुकी है, जबकि बेटी गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में जिंदगी-मौत की जंग लड़ रही है।

जोगिया कोतवाली क्षेत्र में एक बाप के कातिल बनने की कहानी सामने आने के बाद सब उसे कोस रहे हैं। ध्रुव ने पुत्री सपना (8) व पुत्र फूलमूर्ति (3) को नशे की हालत में जहरीला पदार्थ खिलाने के बाद खुद भी खा लिया। बेटे की तो जिला अस्पताल में ही मौत हो गई लेकिन जहरीला पदार्थ खिलाने वाला पिता व उसकी मासूम बेटी की हालत काफी नाजुक बनी है। उल्टी अधिक हो रही है। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। ई रिक्शा चलाने वाला ध्रुव नशे का आदि था। वह रोज ही शराब के नशे में घर पर पहुंचता था। शुक्रवार शाम तो उसने हद ही पार कर दी। अपने बच्चों को जहरीला पदार्थ खिलाकर कातिल बन गया। बेटे की मौत हो गई। उसके बाद गोरखपुर मेडिकल कॉलेज ले जाते समय खुद भी चल बसा। गांव में दो मौतों से मातम के साथ ध्रुव के प्रति काफी गुस्सा है।



जिला अस्पताल में भर्ती मासूम सपना। • हिन्दुस्तान



जिला अस्पताल में भर्ती ध्रुव। बाद में उसकी भी मौत हो गई। • हिन्दुस्तान

- **जहरीला पदार्थ दोनों बच्चों को खिलाने के बाद खुद भी खा लिया**
- **बेटे की जिला अस्पताल और पिता की गोरखपुर ले जाते समय मौत**
- **बेटी बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में है भर्ती**



घटना से आहत बाबा पूर्णमासी।

> एक बाप द्वारा अपने बेटे व बेटी को जहरीला पदार्थ खिला कर खुद खाने की जानकारी है। पुलिस छानबीन कर रही है। अगर कुछ और मामला सामने आता है तो उसकी भी जांच की जाएगी। तहरीर मिलने पर कार्रवाई होगी।
>
> **अभिषेक कुमार अग्रवाल,** एसपी

**पोते-बेटे की मौत से पूर्णमासी के नहीं रुक रहे आंसू:** मृतक बच्चों के बाबा व बच्चों को जहरीला पदार्थ खिलाने वाले पिता ध्रुव के पिता जिला अस्पताल में मौजूद रहे। उनकी आंखों से लगातार आंसू बह रहे थे। वह अपने बेटे को कोस रहे थे कि उसने बच्चों को जहरीला पदार्थ देकर पोते की जान ले ली है। और खुद भी चला गया। उनका कहना था कि मैं इतना बड़ा सदमा बर्दाश्त करने लायक नहीं बचा। भगवान मेरी पोती को बचा ले।

**चार माह पहले मुंबई से आया था ध्रुव:** ध्रुव की पत्नी की मौत दो साल पहले हो चुकी है। वह मुंबई में रहकर काम धंधा करता था। चार माह पहले ही घर लौटा है। गांव आने के बाद वह ई रिक्शा चलाने लगा था। बताया जा रहा है कि शाम को नशे के हालत में घर पर पहुंचने के बाद अक्सर विवाद करता रहता था। नशे की लत से पिता पूर्णमासी भी परेशान थे।

# अवैध शराब बेचने वाला गिरोह गिरफ्तार

**भवानीगंज (एसएनबी)।** भवानीगंज थाना क्षेत्र के दो लोग बायताल गांव के समीप अवैध रूप से शराब बेच रहे हैं जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची जहां से टीम ने दो लोगों को गिरफ्तार किया और मौके से 50 शीशी भी बरामद की। पुलिस मामले में संतराम निषाद पुत्र भगौती व ऊषा देवी पत्नी संतराम निवासी सेखुईताज सादीजोत आदि के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 82/23 व 83/23 धारा 60 (1) आबकारी अधिनियम में केस दर्ज किया।

# घर से सामान उठा ले जाने का आरोप

सिद्धार्थनगर। शहर के पूरब पड़ाव निवासी अधिवक्ता राकेश सिंह ने सदर थाना पर तहरीर देकर कहा है कि शुक्रवार सुबह में वह कचहरी चले गए तो आठ दस की संख्या में लोग आए और कमरे का ताला तोड़ कर लैपटाप फाइल मेज कुर्सी गैस सिलेंडर आदि उठा ले गए। उन्होंने कहा कि करीब दो लाख की चोरी हुई है। उन्होंने नामजद करते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने पर चर्चा

बर्डपुर। थाना मोहाना परिसर में रक्षाबंधन व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक हुई। थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई बैठक में स्थानीय क्षेत्र के ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों, जन प्रतिनिधियों, सम्मानित सदस्यों के साथ चर्चा हुई। सभी से त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने की अपील की।

# शांति व सुरक्षा के दृष्टिकोण से मनाएं चेहलुम

**डुमरियागंज (एसएनबी)।** डुमरियागंज थाना प्रांगण स्थित प्रभारी निरीक्षक कार्यालय में कर्बला के शाहीदों के चेहलुम की शांति पूर्ण तरीके से मनाने के पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस क्षेत्राधिकारी सुजीत राय ने किया। इस दौरान शिया वहुल्य गांवों के प्रधान व सुन्नी अजादार भी उपस्थित रहे। विशेष रूप में हल्लौर के दोनों मातमी अंजुमनों के सेक्रेटरी भी उपस्थित रहे।

शुक्रवार को अपराहन 3 बजे स्थानीय थाना प्रांगण में आयोजित पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए सीओ पुलिस सुजीत राय ने कहा सभी लोग सुरक्षा और शांति के ष्टिकोण से शासन की मंशा के अनुसार चेहल्लुम को सकुशल मनाए। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक मुकेश राय ने सभी आए हुए प्रधानों और आजादारों से आगामी चेहल्लुम के संबंध में समस्याओं के बारे में पूछा।जिसपर आये हुए लोगो ने आश्वासन देते हुए कहा कि पूर्व में मुहर्रम शांति पूर्वक मनाया गया। इसी तरह चालीसवां भी सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। इस दौरान ग्राम प्रधान ताकीब रिजवी व वरिष्ठ भाजपा नेता व अंजुमन के दस्ता इंजार्ज कसीम रिजवी ने चेहलुम पर होने वाले कार्यक्रम की रूप रेखा बताई। इस दौरान नौशाद हैदर मोतवल्ली वक्फ शाह आलमगीर सानी, कजिम रजा सेक्रेटरी अंजुमन गुलदस्ता मातम, नियामतुल्लाह फुजैल अहमद, अनवर, शेर अली, अंजुम काजमी, मोहम्मद अब्बस, बादशाह अहमद,अब्दुल अली; बाबा मुकेश गिरी आदि उपस्थित रहे।



थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक।

## थाना मोहाना पर पीस कमेटी की बैठक

**कपिलवस्तु(एसएनबी)।** थाना मोहाना पर आगामी त्यौहार के दृष्टिगत की गयी पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। अभिषेक कुमार अग्रवाल पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश पर एवं सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देश पर व अखिलेश वर्मा क्षेत्राधिकारी सदर सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष मोहाना जीवन त्रिपाठी के नेतृत्व में थाना मोहाना पर आगामी त्यौहार के दृष्टिगत थाना स्थानीय क्षेत्र के ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों, जन प्रतिनिधियों, सदस्यों, के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी। उक्त मीटिंग में उक्त त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु अपील की गई।

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः-26-08-2023

# महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**संतकबीरनगर।** जनपद के समस्त थाना क्षेत्र स्थित महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने गांवों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला एवं बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। महिलाओं एवं बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना, पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय पर बार-बार नहीं आना पड़ेगा। पुलिस (शक्ति दीदी) नियमित अन्तराल पर ग्राम चौपाल के माध्यम से शिकायतों का निराकरण करने का काम करेंगी।

# जन सहयोग से लगवाए 18 सीसीटीवी कैमरे

**संतकबीरनगर।** जनपद पुलिस टीम ने जन सहयोग से तीन स्थानों पर 18 सीसीटीवी कैमरा लगवाया। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक स्थान पर तीन सीसीटीवी कैमरा, थाना दुधारा पुलिस ने एक स्थान पर दो सीसीटीवी कैमरे, थाना मेंहदावल पुलिस ने एक स्थानों पर 13 सीसीटीवी कैमरा लगवाया। पुलिस ने कैमरा लगवाने वाले व्यक्तियों को माल्यार्पण कर सम्मानित भी किया।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, एक दर्जन घायल

धनघटा, हिन्दुस्तान संवाद। धनघटा थाना क्षेत्र के धनघटा-उमरिया मार्ग पर खालेपुरवा के पास शुक्रवार की शाम महुली थाना क्षेत्र के बैडड़वा गांव से दाह संस्कार करवाने जा रही एक ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई।

जिसमें सवार दर्जन भर लोग घायल हो गए। लोगों की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने घायलों को सीएचसी हैंसर पहुंचाया।

महुली थाना क्षेत्र के बैडड़वा निवासी हुबराजी पत्नी पूर्णमासी की मौत हो गई थी। शुक्रवार की शाम को ट्राक्ली से गांव के लोग दाह संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। ट्रैक्टर ट्रॉली खालेपुरवा के पास पहुंची ही थी कि अनियंत्रित होकर पलट गई।

जिससे रामसेवक, रामसूरत, श्रीनाथ, गयादीन, झिनक, शिवम सहित एक दर्जन लोग घायल हो गए। ट्राली पलटने के बाद उसमें बैठे लोगों की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े और घायलों को सीएचसी हैंसर पहुंचाया। जिसमें रामसेवक, रामसूरत, श्रीनाथ, गयादीन, झीनक व शिवम की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल के लिए भेज दिया गया।

# स्कूल से चोरों ने लोहे के झूलों को उड़ाया

बनकसिया। बिसौवा चौकी अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय ददरा में बीती रात चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर कई सामान चुरा लिया। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने विसौवा चौकी इंचार्ज को शुक्रवार को तहरीर देकर आज्ञा चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए तहरीर दी।

# बालिका को भगाने वाला दबोचा गया

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने बालिका को फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

थाना मेंहदावल पुलिस ने साजिश करके अपहरण एवं पाक्सो एक्ट के मामले में वांछित चल रहे आरोपित अभियुक्त सोनू पुत्र गरजन निवासी तुलसीपुर थाना मेंहदावल को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपित 14 अगस्त को वादिनी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। जिसके संबंध में वादिनी ने थाना पर 19 अगस्त को तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया था।

# नियम तोड़ने वालों से भरवाया जुर्माना

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने वाहन जांच के दौरान नियम तोड़ने वाले वाहनों चालकों पर से जुर्माना भरवाया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए सघन जांच अभियान चलाया।

चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई की। ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने के मामले में 90 वाहनों के चालकों से 89 हजार रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# छह वारंटियों को पकड़कर भेजा जेल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने विभिन्न मामले में आधा दर्जन वारंटियों को पकड़कर कानूनी कार्रवाई करने के बाद जेल भेज दिया।

जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। थाना दुधारा पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त रमेश पुत्र रामनाथ निवासी रसूलपुर, दीपक पुत्र छांगुर निवासी कविता, नन्दलाल पुत्र पंचम निवासी छपिया माफी, अशोक कुमार पुत्र उदयराज निवासी छपिया माफी एवं मेवालाल पुत्र स्वर्गीय रामलाल निवासी सैंथवलिया को गिरफ्तार किया। थाना धनघटा पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त मदन उर्फ पुल्लू पुत्र रामपट केवट निवासी माझा चहोड़ा को दबोचा। अग्रिम कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित न्यायालय प्रस्तुतकर जेल रवाना कर दिया।

# कानूनी प्रावधानों के प्रति किया जागरूक

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी के माध्यम से चलाये जा रहे जागरुकता अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक किया गया। साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। जनपद के समस्त थानों की शक्ति दीदी द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में महिलाओं/बालिकाओं व बच्चों ने प्रतिभाग किया। ग्राम चौपाल में महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा संवाद कर महिलाओंध्बालिकाओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं व शिकायतों के विषय में जानकारी प्राप्त की गई तथा उनके निस्तारण हेतु तत्काल प्रयास किए गए। चौपाल में उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, जैसे- 1090, 112, 1076, 1098, 108 की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर उन्हें जागरूक किया गया।

# 10 हजार का इनामिया गिरफ्तार

संतकबीरनगर (एसएनबी)। गैंगेस्टर एक्ट में फरार 10 हजार ₹ के इनामिया अन्तर्जनपदीय अपराधी को एसओजी टीम ने नौडिहवा के पास से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त को न्यायालय/जेल रवाना किया गया। प्रभारी एसओजी श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि अभियुक्त सोनू लोध पुत्र रमेश निवासी बरडाड़ थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर का एक सुसंगठित गिरोह जो कि अपने आर्थिक, भौतिक एवं दुनियावी लाभ हेतु गैंग बनाकर चोरी, जालसाजी व धोखाधड़ी आदि करने के अभ्यस्त अपराधी है। उक्त अभियुक्त के गिरोह के भय से किसी व्यक्ति द्वारा इसके विरुद्ध इसके द्वारा किए गए गलत कार्यों की सूचना व गवाही देने से डरने के दृष्टिगत थाना बेलहर कला पर गैंगेस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे थे। अभियुक्त मुकदमा उपरोक्त में लंबे समय से फरार चल रहा था, जिसकी अविलंब गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा दिनांक 03 जुलाई 2023 को 10 हजार ₹ के पुरस्कार की घोषणा की गई थी। उन्होंने बताया कि धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट में फरार तथा 10 हजार ₹ का पुरस्कार घोषित अभियुक्त सोनू लोध पुत्र रमेश निवासी बरडांड़ थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर को नौडिहवा के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। अभियुक्त को प्रभारी एसओजी श्रीप्रकाश यादव, हे.कां. बृजकिशोर गुप्ता, कां. सर्वेश मिश्रा, कां. दीपक सिंह व कां. अरविन्द यादव ने गिरफ्तार किया है।

# मारपीट की घटना में पांच नामजद समेत तीन अज्ञात के विरूद्ध केस

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के घोरांग गांव निवासी एक व्यक्ति के घर में घुसकर परिवार को मारपीट कर घायल करने तथा दरवाजे पर खड़ी बोलेरो को तोड़-फोड़ कर क्षतिग्रस्त करने के आरोप में पीड़ित परिवार की तहरीर पर धनघटा पुलिस ने शुक्रवार को पांच नामजद समेत तीन अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मारपीट, बलबा आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घटना में घायल सभी को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है। घटना के सम्बन्ध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के घोरांग गांव निवासी बसन्ती देवी पत्नी मदनचन्द से बताया है कि बीते 22 अगस्त को विपक्षी रामू पुत्र खेताऊ के दरवाजे से बोलरो वाहन लेकर चले जाने से नाराज होकर उक्त रामू पुत्र खेताऊ अपने बेटे इन्द्रजीत, अक्षय व शेरसिंह पुत्रगण रामू, पत्नी ललिता समेत तीन अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ दरवाजे पर लाठी-डण्डा लेकर चढ़ गए और परिवार के लोगों को भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। गाली देने का विरोध करने पर उक्त सभी ने पति मदनचन्द के उपर हमला कर दिया। पति जान बचाने के लिए घर के भीतर भागे तो हमलावर भी पीछा करते हुए घर में घुस गए और पति को मारने-पीटने लगे। इस दौरान उसके बेटे राहुल व विपुल अपने पिता का बचाव करने की कोशिश की तो हमलावरों ने जान से मारने की धमकी देते हुए पति के साथ-साथ दोनों बेटों को भी मारपीट कर घायल कर दिया। इतना ही नहीं इस दौरान तोड़-फोड़ करके हमलावरों ने दरवाजे पर खड़ी बोलेरो को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। तहरीर के आधार पर रामू, इन्द्रजीत, अक्षय, शेरसिंह व ललिता समेत तीन अन्य अज्ञात के विरूद्ध आईपीसी की धारा 147, 323, 427, 452, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# रंजिशन मारा पीटा, दो नामजद

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के खेवसिया गांव निवासी एक व्यक्ति को पुरानी रंजिश के कारण गुरूवार की शाम को दो लोगों ने मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। घायल की सूचना पर पुलिस ने दो हमलावरों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घायल को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है। घटना के सम्बन्ध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के खेवसिया गांव निवासी विनोद कुमार पुत्र टीड़ी ने बताया कि गुरूवार की शाम को जरूरी कार्य के लिए वह घर से पौली जा रहा था। रास्ते में पुरानी रंजिश को लेकर गांव निवासी विपक्षी शैलेन्द्र यादव पुत्र रामसकल तथा रामभरत पुत्र टनकू ने उसे घेर लिया और भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे।

गाली देने का विरोध करने पर उक्त दोनों जान से मारने की धमकी देते हुए उसके उपर हमला कर दिया। इस दौरान राहगीरों ने बीचबचाव कराया तब जाकर उसकी जान बच सकी लेकिन तबतक वह हमले में बुरी तरह से घायल हो गया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर शैलेन्द्र यादव और रामभरत के खिलाफ आईपीसी की धारा 323,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# फरार चल रहे 10 हजार के इनामी बदमाश को भेजा जेल

जासं, संतकबीर नगर : एसओजी टीम ने फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी बदमाश को शुक्रवार को नोडिहवा के पास गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया। सिद्धार्थनगर जिले के खेसरहा थाना के बरडाड़ गांव निवासी सोनू लोध के खिलाफ बेलहरकला थाने में इस वर्ष गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। बदमाश को पुलिस गिरफ्तार करने के लिए लगी थी इसमें सफलता नहीं मिल रही थी। गैंग बनाकर चोरी, जालसाजी व धोखाधड़ी करने वाला बदमाश पुलिस विभाग के लिए सिरदर्द बना हुआ था।

# चार आरोपित दो-दो वर्ष के सदाचार कायम रखने की शर्त पर छूटे

**जासं, संतकबीर नगर** : विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट ने शुक्रवार को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर मारपीट के मामले में चार आरोपितों को शुक्रवार को दो-दो वर्ष तक सदाचार कायम रखने के शर्त पर रिहा किया है। घनघटा के बड़गो गांव निवासी रमानंद ने मुकदमा दर्ज कराते हुए कहा था कि उनके गांव के बनता राय, भेली राय, हरिशंकर राय व गोजई राय ने एक जनवरी 2007 को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट कर घायल किए थे। न्यायालय ने दलीलों को सुनने व पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद प्रत्येक को दो-दो वर्ष की अवधि के लिए सदाचरण कायम रखने व 25-25 हजार के व्यक्तिगत बंध पत्र व समान धनराशि की दो-दो प्रतिभू दाखिल करने पर छोड़ा गया।

# विद्यालय वाहनों में अग्निशमन यंत्र का अभाव, सुरक्षा का हो उपाय

## पंजीकरण कराने के बाद 165 विद्यालय वाहन अनफिट, जिम्मेदार बेपरवाह, वाहन में सुरक्षा के मानकों की हो रही अनदेखी

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : निजी विद्यालयों में बेहतर शिक्षा के साथ वाहन व कंप्यूटर की सुविधाओं से आकर्षित करके प्रवेश कराया जा रहा है। लेकिन अनेक विद्यालय वाहनों में मानकों की अनदेखी करके बच्चों को लाया व पहुंचाया जा रहा है। अनफिट वाहन के साथ बिना अग्निशमन यंत्र के वाहन चल रहे हैं। आए दिन बच्चों के साथ हो रही घटनाओं से सबक न लेकर मनमानी करके बच्चों की जान जोखिम में डालकर खिलवाड़ किया जा रहा है। इसके बाद भी जिम्मेदार बेपरवाह बने हुए हैं।



शहर में एआरटीओ कार्यालय के सामने बिना अग्निशमन यंत्र का विद्यालय वाहन, सीट बेल्ट लगाया चालक • जागरण



अग्निशमन यंत्र न लगाकर बच्चों को लेकर निकला विद्यालय का वाहन • जागरण

विद्यालय - **2353** पंजीकृत वाहन- **554** पंजीकृत में अनफिट -**165** कार्रवाई - शून्य




नए वाहन में लगा अग्निशमन यंत्र• जागरण



इनसेट बयान विद्यालय वाहनों में सुरक्षा के मानक पूरा करने का निर्देश दिया गया है। पूर्व में निर्देशित करने के साथ देवरिया जनपद के एक बस में लगी आग की घटना को लेकर सभी प्रधानाचार्यों को पत्र जारी किया गया है। अग्निशमन यंत्र रखने व परिवहन विभाग कार्यालय से फिटनेस कराकर सूचना मांगी गई है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी। अभिभावक भी इस पर ध्यान रखते हुए जागरूक करें।

संदीप चौधरी, जिला विद्यालय निरीक्षक

जनपद में कक्षा एक से 12 तक के कुल 2353 विद्यालय हैं। इसमें अनेक विद्यालय में वाहन की सुविधा है। कुछ विद्यालयों में बस व वैन के साथ अन्य वाहनों से बच्चे विद्यालय पहुंचते हैं। इसमें निजी वाहन चालक आटो रिक्शा व वैन में बच्चों को भरकर घर से विद्यालय व विद्यालय से घर पहुंचा रहे हैं। अनेकों वाहनों में आग लगने पर सुरक्षा से संबंधित उपाय नहीं किया गया है। छोटे व बड़े नौ सौ से अधिक वाहनों में छात्र-छात्राएं विद्यालय पहुंचते हैं। किंतु इसमें सहायक संभागीय परिवहन विभाग कार्यालय (एआरटीओ) में महज 554 वाहनों का पंजीकरण कराया गया। इसमें भी 165 वाहन विभिन्न कारणों से अनफिट हैं। इसमें करीब 97 में अग्निशमन यंत्र नहीं लगा है। बार-बार चेतावनी के बाद भी परिवहन विभाग से जांच नहीं कराई जा रही है।

**लापरवाही के साथ कुछ में मानक का कोरम :** शहर के विद्यालयों में एक से दो वाहन रखने वालों ने तो मानक पूरा किया है। किंतु जिन विद्यालयों में अनेक वाहन हैं उसके अधिकांश मानक के अनुरूप नहीं है। बिधियानी स्थित इंटर कालेज में 42 व 36 सीट वाली दो बस पिछले वर्ष ली गई। अग्नि सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रम में चालक रामभजन ने प्रशिक्षण लिया किंतु दूसरा कर्मी अप्रशिक्षित है। स्टेशन रोड स्थित विद्यालय में बस में अग्निशमन लगा है, किंतु वैन में नहीं लगो है। पोरखल स्थित विद्यालय में 20 से अधिक वाहन हैं। यहां वैन में अग्निशमन की व्यवस्था नहीं है। आरटीओ कार्यालय के निकट पहुंची विद्यालय वैन में चालक ने सीट बेल्ट लगा रखी थी किंतु न तो अग्निशमन यंत्र न ही उन्हें इसकी जानकारी थी। यही हाल नेदुला, बंजरिया, गोला बाजार मार्ग, सरैया बाईपास के विद्यालय में है। अधिकांश स्कूल वैन में सुरक्षा का अभाव है।

**नए वाहनों में मानक, पुराने में मनमानी :** जिन विद्यालयों में नए वाहन लिए हैं वहां तो मानक का पालन किया गया है। पुराने वाहनों में मनमानी की जा रही है। समय से सर्विस न कराने के साथ अग्निशमन यंत्र नहीं लगा है। नए सिलेंडर लेने के बाद निर्धारित दो वर्ष का समय पूरा होने के बाद रिफिलिंग नहीं कराई जा रही है। दूसरी बार 18 माह, तीसरी बार एक वर्ष तक का समय निर्धारित है किंतु इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वाहनों में जहां आठ से 10 बच्चों के बैठने की क्षमता है वहां 15 से 20 बच्चों को बैठाया जाता है।

# इनामी अंतरजनपदीय अपराधी गिरफ्तार

**कामयाबी**

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। पुलिस टीम ने दस हजार रूपए के इनामी अंतर्जनपदीय अपराधी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। प्रभारी एसओजी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव के अगुवाई में गठित पुलिस टीम ने अभियुक्त सोनू लोध पुत्र रमेश निवासी बरडाड़ थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर को नौडिहवा के पास से गिरफ्तार किया। उस पर थाना बेलहरकला पर पंजीकृत यूपी गैंगेस्टर एक्ट में फरार तथा 10 हजार रूपए का पुरस्कार घोषित है।

पुलिस के अनुसार उक्त आरोपित अभियुक्त का एक सुसंगठित गिरोह है, जो अपने आर्थिक, भौतिक एवं अन्य लाभ के लिए गैंग बनाकर चोरी, जालसाजी व धोखाधड़ी आदि घटना को अंजाम देता है। आरोपित अभियुक्त के गिरोह के भय से कोई व्यक्ति उसके किए गए गलत कार्यों की सूचना व गवाही देने से डरता है। इस वजह से पुलिस ने थाना बेलहरकला पर गैंगेस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया था। जिसकी गिरफ्तारी का प्रयास पुलिस टीम के द्वारा किया जा रहा था। अभियुक्त मुकदमा उपरोक्त में लंबे समय से फरार चल रहा था। जिसकी अविलंब गिरफ्तारी के लिए एसपी ने 03 जुलाई को 10 हजार रुपए के पुरस्कार की घोषणा की थी। आरोपित अभियुक्त को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस टीम ने उसके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई पूर्ण की।

# छह फरार वारंटियों को पुलिस ने भेजा जेल

संतकबीर नगर : पुलिस ने छह फरार वारंटियों को शुक्रवार को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। इसमें दुधारा पुलिस ने रसूलपुर गांव निवासी रमेश, कविता गांव निवासी दीपक, छपियामाफी गांव निवासी नंदलाल व अशोक कुमार तथा सैंथवलिया गांव निवासी मेवालाल जबकि धनघटा पुलिस ने माझा चहोड़ा गांव निवासी मदन केवट उर्फ पुल्लू को गिरफ्तार किया। (विज्ञप्ति)

# 90 वाहनों से 89 हजार रुपये समन शुल्क वसूले

संतकबीर नगर : जनपद की विभिन्न थानों की पुलिस ने यातायात पुलिस कर्मियों के सहयोग से शुक्रवार को अभियान चलाया। सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की जांच की। इस दौरान मांगने पर ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य जरूरी कागजात न दिखाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 90 वाहन के चालकों से 89 हजार रुपये समन शुल्क की वसूली की। (विज्ञप्ति)।

# महिला ने एसपी से लगाई गुहार आरोपपत्र कोर्ट तो भेजो सरकार

## पांच माह पहले महिला ने दर्ज कराया था केस, अब आरोपपत्र के लिए दौड़ रही पीड़िता

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में फरियादियों की समस्याएं सुन रहे थे। उसी दौरान धर्मसिंहवा क्षेत्र की रहने वाली एक महिला फरियादी पेश हुई। महिला का आरोप है कि जमीन संबंधी विवाद में घर में घुसकर आरोपियों ने उसकी और बहू की पिटाई कर दी थी।

पुलिस ने केस तो दर्ज कर लिया, लेकिन पांच माह बाद भी आरोपपत्र कोर्ट नहीं भेजा। महिला ने एसपी से आरोपपत्र कोर्ट भिजवाने की गुहार लगाई। एसपी ने एसओ धर्मसिंहवा से पूछताछ की तो पता चला कि विवेचना पूरी हो गई है। रिपोर्ट सीओ कार्यालय भेजी जा चुकी है।

धर्मसिंहवा क्षेत्र के अमरहा निवासी तीलका देवी पत्नी वृजलाल का आरोप है कि जमीन के बंटवारे के विवाद में विपक्षियों ने घर में घुसकर 24 मार्च को उसे और बहू रीता पत्नी राम प्रकाश को मारपीट कर घायल कर दिया था। पिटाई से सभी को चोटें आई थीं। इस मामले में बाबूराम, अमरजीत, सर्वजीत पर केस दर्ज हुआ था। आरोप है कि अब तक पुलिस ने आरो पत्र कोर्ट नहीं भेजा है। एसपी ने एसओ से फोन पर पूछा तो पता चला कि विवेचना पूरी कर सीओ कार्यालय भेज दी गई है। सीओ कार्यालय स्तर पर विवेचना की पत्रावली लंबित है।



कार्यालय में एसपी के पास फरियाद लेकर पहुंची पीड़ित महिला। संवाद

*यह सच है कि 1506 केस की विवेचना पूर्ण हो चुकी है। सीओ और थाना कार्यालय स्तर से रिपोर्ट कोर्ट भेजने में सुस्ती बरती जा रही है। इसमें कोताही बरतने की दशा में जवाबदेही तय की जाएगी और संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी।*

*–सत्यजीत गुप्ता, एसपी*

### 1506 केस की विवेचना पूरी, रिपोर्ट कोर्ट में भेजने में कोताही

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता के समक्ष आए दिन विवेचनाएं पूर्ण होने के बावजूद रिपोर्ट कोर्ट मे नहीं भेजने की शिकायतें पहुंच रही हैं। एसपी ने इसकी समीक्षा की। पाया कि जिले में 1506 केस की विवेचन पूरी हो चुकी है, लेकिन आरो पत्र और अंतिम रिपोर्ट को समय से कोर्ट में नहीं भेजा गया। जिले में 1398 मामले में पुलिस आरोपपत्र लगा चुकी है। जबकि 108 मामले में अंतिम रिपोर्ट लगाई गई है। इसमें सर्वाधिक मामले धनघटा सर्किल के हैं। सिर्फ धनघटा थाने में 721 मामले में आरोपपत्र दाखिल किए गए हैं। 56 मामले में फाइनल रिपोर्ट लगाई गई है।

एसपी ने इसे जल्द कोर्ट भिजवाने का निर्देश एसओ को दिया।

# किशोरी की मौत के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जैनुद्दीन अंसारी ने दुष्कर्म, गर्भपात कराने के बाद किशोरी की मौत के मामले के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

विशेष लोक अभियोजक सत्येंद्र शुक्ला ने बताया कि महुली क्षेत्र के रहने वाले पीड़ित पिता ने महुली थाने में तहरीर दी। तहरीर में कहा कि 31 जुलाई को 14 वर्षीय बेटी की रक्तस्राव के कारण मौत गई। बेटी के शव को कुआनो नदी के किनारे दफन कर दिया। घर आने पर बड़ी बेटी ने बताया कि गांव के 55 वर्षीय आरोपी ने उसकी छोटी बेटी से शारीरिक संबंध बना लिया था जिससे बेटी गर्भवती हो गई थी। आरोपी ने 30 जुलाई को बेटी का गर्भपात कराया था। घर आने पर उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने के कारण मौत हो गई।

पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी ने कोर्ट में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर कहा कि उसने कोई घटना नहीं की है। सारी कहानी झूठी बनाई गई है। विशेष लोक अभियोजक ने जमानत का विरोध किया और कहा कि आरोपी ने दुष्कर्म

### आरोपी पर किशोरी से शारीरिक संबंध बनाने और गर्भपात कराने का है आरोप

## कोर्ट ने मारपीट के चार दोषियों को व्यक्तिगत अनुबंध पर छोड़ा

**संतकबीरनगर।** विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट कोर्ट ने मारपीट एवं एससीएसटी एक्ट के मामले में दोष सिद्ध होने पर चार आरोपियों को 25-25 हजार के व्यक्तिगत बंधपत्र पर छोड़ दिया। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि एक जनवरी 2007 को धनघटा क्षेत्र के बड़गो गांव निवासी रमानंद पुत्र सूर्यनाथ प्रसाद ने गांव के बनता राय, भेली राय, हरिशंकर राय, गोजई राय पर मारपीट और जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने, जानमाल की धमकी देने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। विवेचना तत्कालीन क्षेत्राधिकारी एमपी सिंह की थी। मॉनीटरिंग सेल ने प्रभावी पैरवी की। कोर्ट ने आरोपियों को मारपीट में दोषी पाया। कोर्ट ने चारों आरोपियों को दो- दो वर्ष के सद आचरण के लिए 25-25 हजार रुपये व्यक्तिगत अनुबंध पत्र पर रिहा कर दिया। संवाद

# बेटे से किया विवाद, पिता की कर दी पिटाई, रिपोर्ट दर्ज

**संतकबीरनगर।** कोतवाली क्षेत्र में बेटे से विवाद और पिता की पिटाई करने के दो आरोपियों पर केस दर्ज किया। बाहिलपार निवासी रमेश चौरसिया पुत्र स्वर्गीय वृन्दावन चौरसिया खलिलाबाद में ज्वेलर्स की दुकान पर काम करता है। आरोप है कि जब वह घर गए तब उसे बताया गया है कि उसके पुत्र और राहुल राय के बीच विवाद हुआ है। इसके बाद राहुल राय के घर जाकर पूछने की तैयारी में था। उसी दौरानरास्ते में राहुल राय के दोस्त शिवम राय ने उसे लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। कोतवाल ने बताया कि दोनों आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# बैंक कर्मी के पत्नी के खाते से उड़ाए पचास हजार

संवाद न्यूज एजेंसी

### हरदोई निवासी पंकज श्रीवास्तव एचडीएफसी बैंक में हैं कार्यरत

संतकबीरनगर। जालसाज ने शहर के एक बैंक शाखा में तैनात कर्मी को क्रेडिट कार्ड भेजने के लिए लिंक भेजकर ठगी का शिकार बना लिया। हरदोई निवासी पंकज श्रीवास्तव एचडीएफसी बैंक की बनियावारी शाखा में कार्यरत हैं।

उनका कहना है कि वह दिल्ली में किराए पर मकान लेकर रहता था। पत्नी महिमा श्रीवास्तव का यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में खाता है। एचडीएफसी बैंक से उसका एक क्रेडिट कार्ड कुरियर के माध्यम से आ रहा था। 12 अगस्त को एक मोबाइल फोन से उसके और पत्नी क नंबर पर कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को कुरियर वाला बताकर बोला कि आपका क्रेडिट दिल्ली वाले पता पर आ रहा है, उसे लखनऊ भेजने के लिए आपको मोबाइल फोन नंबर अपडेट करना पड़ेगा। पांच रुपये चार्ज लगेगा।। फोन करने वाले ने एक लिंक भेजा गया और कहा कि लिंक के माध्यम से मोबाइल फोन नंबर अपडेट कर दीजिए।

उन्होंने लिंक के माध्यम से मोबाइल फोन नंबर अपडेट करते हुए पांच रुपये भेज दिए। फिर 15 अगस्त को पत्नी के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के खाता संख्या से 50000 रुपये किसी दूसरे व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर हो गया। उसके खाते से भी रुपये ट्रांसफर किए गए। पीड़ित ने साइबर सेल में इसकी शिकायत की है। कोतवाल ने बताया कि इस मामले में अज्ञात पर केस दर्ज किया गया है।

# किशोरी को ले जाने का आरोपी पकड़ा गया

संतकबीरनगर। मेंहदावल पुलिस ने किशोरी के साथ फरार चल रहे आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। एसओ रविंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी 14 अगस्त को किशोरी को बहला फुसला कर ले गया था।

इस मामले में पीड़ित मां ने 19 अगस्त को आरोपी पर केस दर्ज कराया था। संवाद

# यातायात नियमों के प्रति लोगों को किया जागरूक

संतकबीरनगर। रामविलास आचार्य इंटर कॉलेज मगहर में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के तहत चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें शामिल छात्रों को सम्मानित किया गया।

प्रभारी यातायात परमहंस ने स्कूली छात्रों को सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने, लोगों को यातायात के नियमों के बारें में जागरुक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नंबर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने के लिए लोगों को जागरूक करने की अपील की।

उन्होंने कहाकि छात्र अपने परिवार एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को भी वाहन चलाते समय हेल्मेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु जागरुक करे। जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके। संवाद

# पूर्व विधायक के प्रकरण में गवाहों के उपस्थित न होने से टली गवाही

संवाद न्यूज एजेंसी

### बेलहर कब्रिस्तान विवाद प्रकरण में पूर्व विधायक हैं आरोपी

### कोर्ट ने 29 अगस्त तय की गवाही की अगली तिथि

**संतकबीरनगर।** सीजेएम श्वेता श्रीवास्तव की कोर्ट में शुक्रवार को जिले के चर्चित बेलहरं कला कब्रिस्तान विवाद मामले में आरोपी बनाए गए पूर्व विधायक राकेश सिंह बघेल के मामले में गवाही होनी थी। कोर्ट में गवाहों के न हाजिर होने पर 29 अगस्त तारीख नियत की गई है।

वरिष्ठ अधिवक्ता रवीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 27 मार्च 2010 को बेलहर कला में कब्रिस्तान को लेकर बवाल हुआ था। इस घटना में कुर्बान अली पुत्र मोहब्बत अली ने थाना बखिरा में 30 मार्च 2010 को लिखित तहरीर दी थी। इस मामले में भाजपा के पूर्व विधायक राकेश सिंह बघेल समेत कई नामजद व 15 से 20 अज्ञात पर केस दर्ज हुआ था। इसके अलावा इस मामले में तीन अन्य केस भी दर्ज हुए थे।

विवेचक ने दर्ज चारों केस की विवेचना को एक में समायोजित कर पूरी की। इसमें पूर्व विधायक राकेश सिंह बघेल समेत 47 आरोपियों के विरुद्ध कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल हुआ था। इसके बाद आरोपियों के विरुद्ध कोर्ट में विचारण शुरू हुआ।

विचारण के दौरान पूर्व विधायक से जुड़ी पत्रावली अलग हो गई थी। जबकि अन्य 42 आरोपी संदेह का लाभ पाते हुए साक्ष्य के अभाव में कोर्ट से दोषमुक्त करार दिए गए थे। उसी केस में पत्रावली अलग होने के कारण शुक्रवार को गवाही में होनी थी, लेकिन गवाहों के कोर्ट में नहीं आने के कारण सीजेएम श्वेता श्रीवास्तव ने अग्रिम तिथि 29 अगस्त नियत की है।

# गैंगस्टर एक्ट में फरार 10 हजार का इनामी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। एसओजी टीम ने बृहस्पतिवार की देर शाम गैंगस्टर एक्ट के वांछित को सिद्धार्थनगर से गिरफ्तार किया। उस पर दस हजार रुपये का इनाम घोषित था।

एसओजी प्रभारी श्री प्रकाश यादव ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार सोनू लोध निवासी बरडाड़ थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर को नौडिहवा के पास से गिरफ्तार किया गया। एसपी की ओर से तीन जुलाई को आरोपी पर दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

**संगठित गिरोह चलाता है आरोपी**

उन्होंने बताया कि आरोपी का एक संगठित गिरोह है। क्षेत्र में उसका भय है। आरोपी पर बेलहरकला में गैंगस्टर एक्ट का केस दर्ज था। इसके बाद से वह फरार चल रहा था। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया। संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-26-08-2023

# आठ के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

तरबगंज। तरबगंज थाना क्षेत्र के अलग-अलग दो ग्राम सभा की महिलाओं के साथ दहेज उत्पीड़न मामले में पुलिस ने पीड़ितो की तहरीर पर केस दर्ज किया है।

पहले मामले में ओंकार गुप्ता निवासी हजारी, बालपुर ने तरबगंज थाना में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उन्होंने लड़की मीरा गुप्ता की शादी 2019 में रोहित गुप्ता निवासी जमथा तरबगंज के साथ किया था। मीरा के पति रोहित गुप्ता, सास पूनम, देवर अनूप, देवरानी अंजली गुप्ता व नाना भवानी प्रसाद गुप्ता निवासी जमथा बाइक और एक लाख रुपये की मांग को लेकर आये दिन उत्पीड़न करते हैं।

वही दूसरे मामले में गुड़िया पुत्री सज्जाद निवासी नरायनपुर मर्दन कोतवाली देहात ने तहरीर में आरोप लगाया है कि उनकी शादी वर्ष 2019 में इमरान पुत्र मुकब्बर अली निवासी ढोढेपुर कुर्मीन पुरवा के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुई थी। पीड़िता के पति व जेठ, बाबू पुत्र मुकब्बर व सास फूल निशा दहेज की माँग को लेकर बार बार मारपीट व जान से मारने की धमकी देते हैं।

# दो भाइयों को दस वर्ष की सजा

## अदालत से

गोंडा। अपर सत्र न्यायाधीश ने जानलेवा हमला करने के दो अभियुक्तों को दस वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता के अनुसार थाना उमरीबेगमगंज अंतर्गत ग्राम सेमरीकला पसियन पुरवा निवासी मिश्रीलाल व सालिकराम पुत्र मंगलपासी के विरुद्ध जानलेवा हमला करने की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत हुआ था। पुलिस ने प्रकरण की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों व बहस को सुनने के बाद दोनों अभियुक्तों को जानलेवा हमले का दोषी करार देते हुए दस-दस वर्ष की कैद व पंद्रह-पंद्रह हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

# कोर्ट के आदेश पर हत्या का मुकदमा दर्ज

उमरी बेगमगंज। चार साल बाद रमेश पुत्र बाउर निवासी मरगूबपुर की गुहार पर न्यायालय ने उमरी बेगमगंज की पुलिस को हत्या का मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। वादी पक्ष में आरोप लगाया था कि 8 अगस्त 2019 की शाम 5 बजे जमीनी विवाद वह मारपीट होने की वजह से विनय कुमार तथा जटाशंकर पुत्र सूर्य लाल निवासी मरगूबपुर ने उसके पुत्र उदयभान उम्र 10 वर्ष को  एक तालाब में डुबोकर मार डाला। बाद में उसका शव पुलिया में मिला था।

# रास्ते के विवाद में संघर्ष, मुकदमा दर्ज

उमरी बेगमगंज। बरौली पूरे पावर में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में कहा सुनी हो गई जो बाद में गाली गलौज करते हुए दोनों पक्षों में लाठियां चटकने लगी । जिससे वहां पर खड़ी गाड़ियों पर भी नुकसान पहुंचा। पुलिस ने ओम प्रकाश निवासी बरौली पूरे पवार की तहरीर पर उत्कर्ष सिंह, राज नारायण सिंह, ओम सिंह, आदित्य सिंह ,वैभव सिंह के विरुद्ध बलवा, तोड़फोड़ तथा मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है।

# किशोर के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया

खरगूपुर। तीन दिन पूर्व घर से गायब हुए 16 वर्षीय किशोर के मामले में पिता ने अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है।स्थानीय थाना क्षेत्र के पचरन गांव निवासी कमला प्रसाद ने थाने पर दर्ज कराये गए प्राथमिकी में कहा है कि उनका बेटा मोहित( 16) मंगलवार दिन में साढ़े तीन बजे घर से अचानक कहीं गायब हो गया। काफ़ी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि किशोर की तलाश की जा रही है।

# बेटे-बहू ने बुजुर्ग को पीटा

खरगूपुर (गोंडा)। क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुसगवां हेमाजोत निवासी श्यामसुंदर गोस्वामी और उनके बेटे मगन विहारी के बीच गृह कलह को लेकर घरेलू विवाद चल रहा है। श्यामसुंदर का आरोप है कि बेटे मगन और बहू अंजनी ने लाठी-डंडे से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि श्यामसुंदर की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# ट्रैक्टर हड़पने के दो आरोपी गिरफ्तार

गोंडा। प्रभारी निरीक्षक मनकापुर सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि जालसाजी से ट्रैक्टर हड़पने के आरोपी गुनौर गांव निवासी लवकुश गिरी व पवन मिश्र को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से ट्रैक्टर बरामद किया गया है। दोनों ने मिलकर रामसरन वर्मा निवासी महरागौरा थाना छपिया से जालसाजी कर ट्रैक्टर हड़प लिया था। (संवाद)

# किशोर के अपहरण का मुकदमा दर्ज

खरगूपुर (गोंडा)। क्षेत्र के पचरन गांव निवासी कमला प्रसाद ने थाने पर दर्ज कराई प्राथमिकी में कहा कि उनका बेटा मोहित (16) मंगलवार दोपहर अचानक लापता हो गया। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है। (संवाद)

# रास्ते के विवाद में चटकीं लाठियां, छह जख्मी

**उमरी बेगमगंज (गोंडा)।** बरौली पवार पुरवा में बृहस्पतिवार देर रात रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठियां चलीं। गांव के उत्कर्ष सिंह आरसीसी सड़क से सटाकर दीवार का निर्माण करा रहे थे। दूसरे पक्ष के पट्टीदार ओमप्रकाश सिंह ने गाड़ियों के आने जाने में परेशानी बताते हुए रोका तो दोनों पक्षों में भिड़ंत हो गई और जमकर लाठियां चलीं। एक पक्ष के उत्कर्ष (22), राज नारायण सिंह (55), ओम सिंह (25) व दूसरे पक्ष के ओमप्रकाश सिंह (48), तेज बहादुर (65) व प्रताप बहादुर (63) जख्मी हो गए। ओमप्रकाश ने उत्कर्ष, राज नारायण, ओम, आदित्य व वैभव सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं, उत्कर्ष ने ओमप्रकाश, धनंजय व आयुष सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष संजीव वर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# दबंगों पर कार्रवाई की मांग

**खरगूपुर (गोंडा)।** खरगूपुर के ग्राम चतुर्भुजवा महादेवा निवासी मोहनलाल पाल ने गुरुवार को डीएम समेत अन्य अधिकारियों को पत्र भेजा है। इसमें कहा कि गांव निवासी एक दबंग अपने साथियों के साथ उसके दरवाजे के पास खड़ंजा उजाड़ रहे थे। घूर आदि लगाकर कब्जा करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने जान से मारने व दलित उत्पीड़न के फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे डाली। मोहनलाल ने कार्रवाई की मांग की है। (संवाद)

# नगर पंचायत के ई-रिक्शा की बैट्री चोरी

**परसपुर (गोंडा)।** चेयरमैन वासुदेव सिंह ने बताया कि नगर पंचायत कार्यालय में बृहस्पतिवार रात चार्जिंग प्वाइंट में दो ई-रिक्शा की बैट्री चार्ज हो रही थी। देर रात दोनों ई-रिक्शा की चार बैट्री चोरी हो गई। लिपिक सुनील सिंह ने थाने में तहरीर दी है। थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने बताया कि जांच की जा रही है। (संवाद)

# किशोरी अगवा करने का आरोपी बंदी

**गोंडा।** थानाध्यक्ष धानेपुर सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी को विजय कुमार उर्फ कोलाहे निवासी पांडेयपुर मिश्रौलिया अगवा कर ले गया था। शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। (संवाद)

# जानलेवा हमले के तीन दोषियों को पांच साल कैद

गोंडा। मनकापुर में 10 साल पूर्व जानलेवा हमला, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने के मामले में न्यायालय ने तीन दोषियों को सजा सुनाई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) अभिनव चतुर्वेदी ने बताया कि मनकापुर के ग्राम अमवा निवासी हरिश्चंद्र वर्मा ने 12 मई 2013 को कोतवाली में तहरीर दी थी। इसमें कहा कि वह रिश्तेदार बब्बन व पिता जोखू वर्मा के साथ दरवाजे पर बैठा था। तभी गांव के ही संजय वर्मा, रामबहोर वर्मा व उनके भाई रामचरित्र व एक बाल अपचारी आए और अपशब्द कहते हुए पिता व रिश्तेदार को लाठी से मारा व तमंचे से फायर किया। पिता व बब्बन वर्मा को गंभीर चोटें आईं हैं। केस दर्ज कर पुलिस ने विवेचना की और तीनों आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया। मुकदमे के दौरान बाल अपचारी की पत्रावली किशोर न्याय बोर्ड भेज दी गई।

ट्रायल के दौरान अदालत ने संजय वर्मा, रामबहोर व रामचरित्र को दोषसिद्ध करार दिया। अपर सत्र न्यायाधीश-द्वितीय डॉ. दीनानाथ-तृतीय ने संजय, रामबहोर व रामचरित्र को पांच-पांच साल कठोर कारावास और 8500-8500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। संवाद

## दुष्कर्म के आरोपी को जमानत नहीं

गोंडा। एससी-एसटी एक्ट के विशेष लोक अभियोजक कृष्ण प्रताप सिंह ने बताया कि धानेपुर की एक दलित युवती ने न्यायालय में प्रार्थनापत्र देकर कहा कि श्रीनगर बाबागंज निवासी लवकुश यादव व मेराज खां उसके घर आते रहते थे और नौकरी दिलाने की बात कहते थे। एक दिसंबर 2022 को शाम सात बजे लवकुश ने अपनी पत्नी को उसके घर भेजकर बुला लिया और बाहर नौकरी दिलाने का झांसा देकर गाड़ी में बैठा लिया। फिर दोनों ने किसी अनजाने स्थान पर कमरे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जातिसूचक अपशब्द कहकर पीटा, जान से मारने की धमकी दी और सात दिसंबर को बाबागंज में छोड़ गए। अदालत के आदेश पर केस दर्ज कर पुलिस ने विवेचना कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। सुनवाई के दौरान अपराध की गंभीरता देखते हुए विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट नासिर अहमद ने लवकुश का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया। (संवाद)

# जानलेवा हमले के दोषी दो भाइयों को 10 साल की सजा

गोंडा। तीन साल पूर्व उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र में मारपीट व चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में शुक्रवार को न्यायालय ने फैसला सुनाया। दोषी दो सगे भाइयों को 10 साल कारावास और 15 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया गया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) विनय कुमार सिंह ने बताया कि वादी चैतू पासी निवासी ग्राम पासियनपुरवा मौजा सेमरीकला ने थाना उमरीबेगमगंज में तहरीर दी थी। इसमें कहा कि 15 जुलाई 2020 की रात को खेत की मेढ़ के विवाद को लेकर गांव के ही मंगल पासी के लड़के मिश्रीलाल व सालिकराम ने अपशब्द कहते हुए लाठी-डंडा से हमला कर दिया। बचाने आए भतीजे संगमलाल को मिश्रीलाल ने जान से मारने की नीयत से चाकू मार दिया। इससे संगमलाल को गंभीर चोटें आईं। केस दर्ज कर पुलिस ने विवेचना की। आरोपों के पुख्ता साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने आरोपी मिश्रीलाल व सालिकराम के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

ट्रायल के दौरान न्यायालय ने मिश्रीलाल व सालिकराम को दोषसिद्ध किया। शुक्रवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम पूजा सिंह ने मिश्रीलाल व सालिकराम को 10-10 साल सश्रम कारावास और 15-15 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया। (संवाद)

# विवाहिताओं के उत्पीड़न मामले में आठ पर केस

**संसू, तरबगंज (गोंडा) :** अलग-अलग गांव की महिलाओं ने दहेज प्रताड़ना के लिए आठ ससुरालीजनों पर मुकदमा लिखाया है। ढोंढेपुर कुर्मिनपुरवा की गुड़िया ने कहा कि उसकी शादी 2019 में इमरान से हुई थी, इसके बाद पति इमरान, जेठ बाबू और सास फूल निशा पांच लाख रुपये की दहेज की मांग करने लगे। घर से निकालने की धमकी भी देने लगे है। कहा कि उसके दो बेटियां हुईं, इससे ससुरालीजन नाराज रहने लगे और उसे प्रताड़ित कर उसे मारने-पीटने लगे।

गत बुधवार को घर से उसे निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत तीनों के विरुद्ध मुकदमा किया है। वहीं बालपुर हजारी के रहने वाले ओंकार गुप्त की तहरीर पर मुकदमा लिखा गया है। कहा कि उसने अपनी बेटी मीरा की शादी तरबगंज के जमथा के रोहित गुप्ता से की थी।

शादी के बाद से पति रोहित, सास पूनम गुप्ता, देवर अनूप कुमार और देवरानी अंजली दहेज की मांग को लेकर उसे काफी प्रताड़ित करने लगे। पीड़ित पिता की तहरीर पर पांच लोगों के विरुद्ध दजेह उत्पीड़न का मुकदमा लिखा गया है। प्रभारी निरीक्षक समशेर सिंह ने बताया कि आरोपितों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा लिखा गया है।

# संदिग्ध हालात में किशोर लापता, अपहरण कर केस

संसू, खरगूपुर (गोंडा) : गत मंगलवार को पचरन गांव का रहने वाला किशोर संदिग्ध हालात में घर से लापता हो गया था। किशोर के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण का मुकदमा लिखकर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पचरन गांव के कमला प्रसाद ने दी गई तहरीर में कहा कि उनका बेटा मोहित मंगलवार की दोपहर में घर से अचानक गायब हो गया। उसकी काफी तलाश की गई , लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि किशोर के पिता की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा किया गया है।

# दो ई-रिक्शा की बैट्री चोरी

संसू, परसपुर : नगर पंचायत कार्यालय में खडे दो ई रिक्शा की चार बैट्री चोरी हो गई थी। सुबह ई-रिक्शा की बैट्री न होने से कूड़ा उठाने में काफी परेशानी हुई। प्रभारी ईओ प्रियंका मिश्र ने चोरी की तहरीर थाने में दी है। थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने बताया कि बैट्री चोरी नहीं हुई है। एक मेडिकल स्टोर में लगे सीसी कैमरे का वीडियो फुटेज को देखा गया है। कोई भी व्यक्ति नगर पंचायत कार्यालय के पास दिखाई नहीं दिया है।

# न्यायालय के आदेश पर हत्या का मुकदमा

संसू, उमरी बेगमगंज : घटना के चार वर्ष बाद दो आरोपितों पर न्यायाल के आदेश पर मुकदमा लिखा गया है। मरगूबपुर के रहने वाले रमेश ने न्यायालय में अर्जी दी थी। कहा कि आठ अगस्त 2019 की शाम उसके बेटे रमेश को गांव के ही विनय कुमार व जटाशंकर मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले गए थे। भूमि विवाद के कारण उसके बेटे की हत्याकर उसका शव एक पुलिया के नीचे फेंक दिया था। पीड़ित का कहना है कि उसने थाना से लेकर पुलिस अधिकारियों के यहां शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। इसके बाद वह न्यायालय के शरण में गया। एसओ संजीव कुमार वर्मा ने बताया है कि दोनों आरोपितों पर मुकदमा लिखा गया है।

## घरेलू विवाद में पिता को पीटा

खरगूपुर : ग्राम पंचायत सुस्गवां के मजरा हेमाजोत के रहने वाले श्याम सुंदर गोस्वामी व उनके बेटे मगन बिहारी के बीच घरेलू विवाद हो गया। श्याम सुंदर ने कहा कि विवाद को लेकर उसके बेटे व बहू ने लाठी डंडा से हमला कर उसे घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। एसओ दिनेश सिंह ने बताया कि दोनों के विरुद्ध मुकदमा लिखा गया है।

# हत्या के प्रयास में दोषियों को 10 वर्ष की जेल

संसू, गोंडा : प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश पूजा सिंह ने ग्राम पसियन पुरवा सेमरीकला थाना उमरी बेगमगंज निवासी मिश्रीलाल पासी व सालिकराम पासी को दस – दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 14 – 14 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि 15 जुलाई 2020 की रात करीब आठ बजे खेत के मेढ़ के विवाद के चलते दोषियों ने गांव के ही चैतू पासी के पर हमला कर दिया और मारने पीटने लगे। बीच बचाव करने आए पीड़ित के भतीजे संगमलाल को दोषियों ने चाकू मारकर घायल कर दिया था। चैतू ने दोषियों के विरुद्ध थाना उमरी बेगमगंज में मुकदमा किया था। उधर अल्प्रासेफ टैबलेट रखने पर विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट राजबहादुर रामदेव यादव ने ग्राम कादीपुर कोतवाली कर्नलगंज निवासी सतीश कुमार को एक वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। दस हजार रुपये अर्थदंड ठोंका है। विशेष लोक अभियोजक अनुपम शुक्ल ने बताया कि 28 जुलाई 2021 को कोतवाली कर्नलगंज पुलिस ने हुजूरपुर मोड़ के पास तलाशी के दौरान दोषी के पास से 300 टैबलेट अल्प्रासेफ बरामद किया था।

## दुष्कर्म आरोपित की जमानत खारिज

गोंडा : विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी नासिर अहमद ने ग्राम श्रीनगर बाबागंज थाना धानेपुर निवासी लवकुश यादव का जमानत प्रार्थनापत्र निरस्त कर दिया है। विशेष लोक अभियोजक कृष्ण प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपित व उसके एक सहयोगी ने अनुसूचित जाति की युवती को नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक दिसंबर 2022 को बुलाया और बंधक बनाकर सप्ताह भर दुष्कर्म किया था। सात दिसंबर को युवती को वापस छोड़ गए थे। युवती ने दो आरोपितों के विरुद्ध न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया था।

# सरताज व छोटेलाल ने बढ़ाया गोंडा का मान



48वीं अंतर जनपदीय शूटिंग प्रतियोगिता में शामिल गोंडा के खिलाड़ी। स्रोत: स्वयं

गोंडा। 48वीं अंतर जनपदीय शूटिंग स्पोर्ट्स एवं राइफल, रिवाल्वर, पिस्टल शूटिंग एलार्म एफिसिएंसी रेस 2023 प्रतियोगिता का आयोजन बस्ती में 20 से 23 अगस्त तक आयोजित किया गया। गोंडा के हेड कांस्टेबल छोटेलाल यादव ने 25 गज स्टैंडिंग पोजिशन पिस्टल में द्वितीय स्थान और हेड कांस्टेबल सरताज अहमद ने 100 मीटर राइफल स्टैंडिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। एलार्म एफिसिएंसी रेस प्रतियोगिता में गोंडा को तीसरा स्थान मिला। संवाद

# आयोग ने चार सप्ताह में एसपी से मांगी रिपोर्ट

गोंडा। छपिया थाना क्षेत्र के तेजपुर हथिनी भोपतपुर के रहने वाले यू-ट्यूबर दुर्गा प्रसाद पटेल ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली से छपिया पुलिस के खिलाफ ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। जिसमे पुलिस पर फर्जी मुकदमे में जेल भेजने का आरोप लगाया है। आयोग के अध्यक्ष ने एसपी से चार सप्ताह में रिपोर्ट तलब की है। यू-ट्यूबर दुर्गा प्रसाद पटेल ने आयोग से की शिकायत में कहा कि 25 जून की रात वह अपने भोपतपुर कार्यालय पर साथी दुर्गेश पटेल व बादल सिंह के साथ मौजूद थे। तभी खबर चलाने से नाराज पुलिस सहायता केंद्र भोपतपुर पर तैनात उपनिरीक्षक राजेश दूबे, हेड कांस्टेबल राममिलन चौहान व मृदुल सनाड्य उनके कार्यालय पहुंचे और सभी को मारापीटा व तोड़फोड़ की। थाने पर भी पीटकर हिस्ट्रीशीटर बनाने की धमकी देते हुए केस दर्ज कर जेल भेज दिया। शिकायत को मानवाधिकार आयोग दिल्ली ने मामले में पुलिस अधीक्षक से चार सप्ताह के अंदर कार्रवाई रिपोर्ट तलब की है। (संवाद)

# जेल में बंद महिलाएं भी मनाएंगी रक्षाबंधन

गोंडा। 167 साल पहले ब्रिटिश हुकूमत के समय मंडल कारागार की स्थापना हुई थी। तभी से जेल में निरुद्ध महिलाओं ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने की परंपरा की शुरुआत की थी। ये परंपरा आज भी कायम है। रक्षाबंधन पर जेल में निरुद्ध 62 महिलाएं इस बार भी भाइयों को राखी बांधेंगी।

मंडल कारागार में मौजूदा समय में 803 पुरुष व 62 महिलाएं निरुद्ध हैं। जेल प्रशासन ने हर बार की तरह इस बार भी रक्षाबंधन की तैयारी की है। रक्षाबंधन के दिन 30 अगस्त को मंडल कारागार आने वाली बहनों व भाइयों को ही मुलाकात की इजाजत मिलेगी। मंडल कारागार में निरुद्ध पुरुष बंदी को राखी बांधने आने वाली बहनों के लिए सुबह आठ बजे से दोपहर तीन बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। दोपहर तीन बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक इंट्री पाने वाले भाई जेल में निरुद्ध बंदी बहनों से राखी बंधवा सकेंगे।

मंडल कारागार में रक्षाबंधन के दिन रूटीन मुलाकात पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। मंडल कारागार के कारापाल शिवप्रताप मिश्र का कहना है कि रक्षाबंधन की तैयारी पूरी कर ली गई है। बंदी रक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। (संवाद)

# दहेज के लिए दो विवाहिताओं को घर से निकाला, केस

तरबगंज (गोंडा)। करनैलगंज के बालपुर हजारी निवासी ओंकार गुप्ता ने थाने पर तहरीर देकर कहा कि उसने अपनी बेटी मीरा की शादी जुलाई 2019 में तरबगंज के जमथा निवासी रोहित गुप्ता से की थी। शादी के बाद ससुराल वाले दहेज में एक लाख रुपये व बाइक की मांग को लेकर मीरा को प्रताड़ित करने लगे। बीते आठ अक्तूबर 2022 को ससुराल वालों ने मीरा को पीटकर घर से निकाल दिया। तभी से वह मायके में रह रही है। ओंकार की तहरीर पर पति रोहित, सास पूनम, देवर अनूप, देवरानी अंजली व पति के नाना भवानी प्रसाद के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज किया गया है।

दूसरे मामले में देहात कोतवाली क्षेत्र के नरायनपुर मर्दन गांव निवासी गुड़िया ने थाने पर तहरीर दी। इसमें कहा कि उसका निकाह जून 2019 में तरबगंज के ढोढ़ेपुर कुर्मी पुरवा निवासी इमरान से हुआ था। ससुराल वाले दहेज में पांच लाख रुपये की मांग को लेकर आए दिन प्रताड़ित करते रहे। इस दौरान उसके दो बेटियां भी पैदा हुई। आरोप है कि बीते 23 अगस्त को ससुराल वालों ने उसे पीटकर घर से भगा दिया। गुड़िया की तहरीर पर पति इमरान, जेठ बाबू व सास फूलनिशा के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि दोनों मामलों में विवेचना कर कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-26-08-2023

# गैंड़ास थाना प्रभारी लाइन हाजिर हुए

बलरामपुर, संवाददाता। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने थाना गैंड़ास बुजुर्ग के प्रभारी निरीक्षक गौरव सिंह तोमर को लाइन हाजिर कर दिया है। छह अन्य प्रभारी निरीक्षिकों को इधर से उधर किया गया है। एसपी ने बताया कि रेहरा बाजार के प्रभारी निरीक्षक रहे ओम प्रकाश चौहान को प्रभारी न्याय सुरक्षा का प्रभार दिया गया है। गैसड़ी के प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह को रेहरा बाजार का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक के जन सम्पर्क अधिकारी रहे पवन कुमार कनौजिया को गैंड़ास बुजुर्ग का थाना प्रभारी बनाया गया है। जरवा एसएचओ उपनिरीक्षक दुर्विजय को थाना हर्रैया का प्रभार सौंपा है। तुलसीपुर देवीपाटन थाना के प्रभारी उपनिरीक्षक अनिल कुमार दीक्षित को गैसड़ी कोतवाली का प्रभार सौंपा गया है।

# कच्ची शराब के साथ अभियुक्त दबोचा

बलरामपुर। थाना रेहरा बाजार पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक एवं चौकी प्रभारी शमशाद अली कांस्टेबल अजीत सिंह वासुदेव गौड़ के साथ चेकिंग अभियान चला रहे थे। चेकिंग अभियान के दौरान एक व्यक्ति की तलाशी ली गई तो उसके पास से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। अभियुक्त ने नाम पता अजय विश्वकर्मा पुत्र कन्हैया लाल विश्वकर्मा निवासी कंछर अशरफपुर बताया।

# शांतिभंग मामले में दो के खिलाफ कार्रवाई

बलरामपुर। थाना पचपेड़वा पुलिस ने दो व्यक्तियों पर शांतिभंग की कार्रवाई की है। उपनिरीक्षक हरीश शुक्ला ने बताया कि नीरज सिंह, आलोक सिंह के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एसडीएम न्यायालय भेजा गया है। बताया गया कि इनके खिलाफ शिकायत मिली थी जिसके बाद यह कार्रवाई की गयी है।

# मनचलों से डरें नहीं, पुलिस को सूचित करें

बलरामपुर। अपराधियों से डरे नहीं, पुलिस 24 घंटे आपकी मदद के लिए तत्पर है। महिलाएं हेल्पलाइन नंबर का फोन कर किसी भी आपत समय में पुलिस की मदद ले सकती हैं। सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल पर खड़ी मिलेगी। यह बातें पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने कही। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक केशव कुमार थाना गौरा क्षेत्र में मिशन जागरूकता अभियान की अगुवाई कर रहे थे। उन्होंने कहा पुलिस आपके थाना क्षेत्र में बराबर बैठक कर रही है।

# गलत पोस्ट की तो होगी कार्रवाई: सीओ

बलरामपुर। शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी ललिया राधारमण सिंह ने एसपी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों को दिशा निर्देश दिए।

क्षेत्राधिकारी ललिया राधारमण सिंह ने बताया कि औचक निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की उपस्थिति, पासपोर्ट शाखा, जनसूचना सेल, सम्मन सेल, सोशन मीडिया सेल, प्रधान लिपिक शाखा आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया सेल में तैनात पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि वह सोशन मीडिया पर बराबर नजर बनाए रखें। अगर सोशल मीडिया पर कोई भड़काऊ या सांप्रदायिक टिप्पणी करता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर दें। तत्काल कार्रवाई की जाएगी। पुलिस जवानों को साफ-सफाई रखने का आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है।

# अभियान चलाकर लोगों को दी विधि की जानकारी

बलरामपुर। थाना प्रभारी ने अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस जवान के साथ अभियान चलाकर लोगों को विधि की जानकारी दी। बताया कि थाना ललिया, तुलसीपुर, उतरौला, गौरा चौराहा सहित अन्य क्षेत्रों में जागरुकता अभियान शुक्रवार को चलाया गया है। उन्होंने बताया कि थाना उतरौला में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दूबे ने पुलिस टीम के साथ गश्त करके संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की तलाशी ली। उन्होंने महिलाओं व छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 108, 112, 1098 के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

# त्रिनेत्र के तहत संभ्रांत लोगों को सम्मानित किया

बलरामपुर। त्रिनेत्र अभियान के तहत शुक्रवार को पुलिस जवानों ने संभ्रांत व्यक्तियों को सम्मानित किया। एससपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि श्रीदत्तगंज में राकेश निवासी सहदेईया को सम्मानित किसा गया है। उनके द्वारा छह अदद सीसीटीवी की व्यवस्था सार्वजनिक स्थल के लिए किया गया था। वहीं थाना पचपेड़वा के पंचम प्रसाद यादव निवासी कुशमहर सिद्धापुर को सम्मानित किया है। उनके द्वारा चार अदद सीसीटीवी की व्यवस्था की गई थी।

# पशु क्रूरता अधिनियम में वारंटी गिरफ्तार

पचपेडवा। थाना पचपेड़वा पुलिस टीम ने किया है। थाना प्रभारी अवधेश राज सिंह ने बताया कि ग्राम जूड़ीकुइयां निवासी अतीउल्ला पुत्र रईश को पशु क्रूरता अधिनियम में गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

# महिलाओं पर छींटाकशी करने वाले पर 500 रुपये का जुर्माना

बलरामपुर। थाना पचपेड़वा के ग्राम शिवपुर भगवान पुर निवासी पहलाद को महिलाओं पर छींटाकशी करने का दोषी करार देते हुए तुलसीपुर ग्राम न्यायालय ने 500 रुपये के अर्थ दंड की सजा सुनाई है। एपीओ सुभाष चंद्र यादव और मॉनीटरिंग सेल प्रभारी केके यादव ने बताया कि महिलाओं और बच्चियों पर छींटाकशी करने की शिकायत पर पुलिस ने 17 अप्रैल 2018 को मुकदमा दायर किया था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान पहलाद ने अपना जुल्म स्वीकार करते हुए कम से कम सजा दिए जाने की अपील न्यायालय से की। ग्रामीण न्यायाधिकारी तुलसीपुर विनेश कुमार ने उसे दोषी करार देते अर्थदंड की सजा सुनाई। (संवाद)

# बेटियों व महिलाओं को किया गया जागरूक

बलरामपुर : जिले के सभी थानों की एंटी रोमियो टीम ने शुक्रवार को मिशन शक्ति अभियान चलाया। इसमें बेटियों व महिलाओं को सुरक्षा के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। बेटियों व महिलाओं को मिशन शक्ति के साथ हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जानकारी दी गई। (संसू)

# अभियुक्त पर 500 रुपये का अर्थदंड लगाया

बलरामपुर : बच्चियों व महिलाओं पर अशलील छीटाकसी करने वाले अभियुक्त को ग्राम न्यायालय तुलसीपुर ने 500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। थाना पचपेड़वा में शिवपुर भगवानपुर निवासी प्रह्लाद के खिलाफ पुलिस ने अशलील छीटाकसी के आरोप में केस दर्ज किया। ग्राम न्यायालय तुलसीपुर ने दलीलें सुनने के बाद अभियुक्त को दोषी पाया और अर्थदंड से दंडित किया है। (संसू)

# दो चोरों को भेजा जेल

ललिया : दो चोरों को थाना ललिया की पुलिस ने जेल भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी ललिया राधारमण सिंह ने बताया कि जोधीपुरवा चौराहा के पास जोगियाकला निवासी दाताराम उर्फ सीताराम व सूर्यभान उर्फ चिंगाड़े को गिरफ्तार किया। दोनों के पास से चोरी के सामान भी बरामद किए (संसू)

# सीओ ने किया निरीक्षण

बलरामपुर। सीओ राधारमण सिंह ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधान लिपित शाखा, आंकिक शाखा, पासपोर्ट शाखा, आईजीआरएस, कोरोना सेल, वीआईपी, सम्मन व सोशल मीडिया सेल आदि का निरीक्षण किया कार्यालयों को साफ-सुथरा बनाए रखने का निर्देश दिया। (संवाद)

# महिलाओं को दी कानून की जानकारी

बलरामपुर। एसपी केशव कुमार के निर्देश पर शुक्रवार नगर के मेजर चौराहा पर एंटी रोमियो टीम ने जागरूकता कार्यक्रम किया। एंटी रोमियो की टीम ने महिलाओं को यूपी डायल 112, महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन व साइबर अपराध आदि के बारे में भी जानकारी दी गई। यौन उत्पीड़न व घरेलू हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। (संवाद)

# शांतिभंग की आशंका में चालान

बलरामपुर। पचपेड़वा थाना पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में दो का चालान किया है। उपनिरीक्षक हरीश शुक्ला ने बताया कि अभियुक्तों को न्यायालय रवाना कर दिया गया। (संवाद)

# त्रिनेत्र मित्र को किया सम्मानित

बलरामपुर। श्रीदत्तगंज व पचपेड़वा में कैमरा लगवाने वाले त्रिनेत्र मित्र को सम्मानित किया गया। श्रीत्तगंज थाने की पुलिस ने सहदेइया में कैमरा लगवाने वाले राकेश कुमार और पचपेड़वा थाने की पुलिस ने पंचम प्रसाद यादव को बाजार में कैमरा लगवाने पर सम्मानित किया है। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-26-08-2023

हिन्दुस्त

# गश्त में छूरा, मोबाइल व बाइक बरामद

बहराइच। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के संरक्षित क्षेत्र से शुक्रवार को वन कर्मियों ने चीतल की सींग संग तीन शिकारियों को पकड़ा है। इनके पास से शिकार से जुड़े औजार भी बरामद किए गए हैं।

डीएफओ आकाशदीप बधावन ने बताया कि पकड़े गए शिकारियों के पास नौ अदद चीतल की सींग, एक छूरा, मोबाइल व बाइक बरामद की गई है।

इनकी पहचान खैरीघाट थाना क्षेत्र के लोधनपुरवा निवासी दौलत, राजेश कुमार व सुजौली के बरगदहा निवासी रंजीत के रूप में हुई है। वन्यजीव अधिनियम समेत कई धाराओं में केस दर्जकर आरोपितों को जेल भेजा गया है।

हिन्दुस्तान

# 18 दिन बाद लापता बालक का शव मिला

महसी। बीते छह अगस्त को खैरीघाट थाना क्षेत्र स्थित माझा दरियाबुर्द के चमरहिया गांव निवासी सांवली प्रसाद का 14 वर्षीय बालक अर्जुन गांव में भारी पहाड़ के पानी में डूब कर लापता हो गया था। बालक अपने घर से सोच के लिए निकाला था और पैर फिसलने से गहरे पानी की तेज धारा में बह गया। जिसका शव शुक्रवार की दोपहर चुराई पुरवा गांव के निकट घाघरा नदी के किनारे ग्रामीणों ने देखा। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

हिन्दुस्तान

# अपराधियों पर कार्रवाई करने में हिलाहवाली न करे पुलिस

बहराइच, संवाददाता। मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र व डीआईजी अमरेन्द्र प्रसाद सिंह ने मण्डल के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार कानून व्यवस्था व अभियोजन कार्य की समीक्षा किया। कहा कि अपराधियों पर मुकदमा दर्ज करने में देरी न करें। हर पीड़ित को त्वरित न्याय दिलाएं, ताकि पुलिस पर भरोसा मजबूत हो। माफिया को चिंहित कर जेल भेजें। शहर को जोड़ने वाले नाकों पर की निगरानी के लिए सीसी कैमरे लगवाएं।

आयुक्त व डीआईजी ने कहा कि आपरेशन त्रि-नेत्र गोरखपुर ज़ोन में बहुत सफल रहा है। सभी डीएम जिलाधिकारी आगे आकर जिले के प्रमुख मार्गों व स्थानों पर सीसी कैमरे लगावाएं। पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपराधियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने में कोताही न बरतें। गौकशी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाएं। साइबर थानों के लिए भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं ताकि थानों की स्थापना की जा सके। गुण्डा एक्ट से सम्बन्धित प्रकरणों का गुणवत्तापरक निस्तारण करें। जिला बदर की कार्यवाही को प्रभावी ढंग से लागू करें।

आयुक्त व डीआईजी ने कहा कि संवेदनशील स्थलों पर नियमित रूप से गश्त करें। प्रचलित वादों में प्रभावी पैरवी करें ताकि दोषियों को शीघ्र ही उनके किए की सजा मिल सके।

हिन्दुस्तान

# शिवपुर में बिना अनुमति के धरना, एफआईआर

बहराइच, संवाददाता। शिवपुर ब्लाक से दो सौ मीटर दूर पर बिना अनुमति गुरुवार को बीडीओ की कार्यप्रणाली के विरोध में हुए प्रधानों के प्रदर्शन पर कार्रवाई हुई है। बीडीओ शिवपुर अमन कुमार वर्मा की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद व 40 अज्ञात पर एफआईआर दर्ज कर तहकीकात शुरू कर दी है।

बीडीओ शिवपुर की कार्यप्रणाली के विरुद्ध शिवपुर में ग्राम प्रधान लामबंद हैं। सोमवार को ब्लाक मुख्यालय पर जल ही जीवन कार्यक्रम में नानपारा विधायक राम निवास वर्मा का बीडीओ ने प्रोटोकोल के तहत सम्मान न करने का मामला तूल पकड़ गया था। इस व्यवहार पर नानपारा विधायक ने भी नाराजगी जताई थी। ग्राम प्रधानों से बीडीओ के तबादले को लेकर दो दिन का समय मांगा गया था। कार्यवाई न होने ब्लॉक मुख्यालय के पास गुरुवार को धरना प्रदर्शन किया गया। जिसे पुलिस ने बिना अनुमति के बताते हुए समाप्त करा दिया था। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि खंड विकास अधिकारी अमन कुमार की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। उधर प्रधान संघ के जिला मंत्री सूर्य प्रकाश सिंह ने बताया कि अपना दल के कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने केस दर्ज किया है, यह कार्यकर्ता निर्दोष हैं। शनिवार को एसपी से मिलकर प्रधान संघ अपना पक्ष रखेगा। पुलिस की ओर से कार्रवाई न होने पर कोर्ट का सहारा लिया जाएगा। प्रधान बीडीओ के तबादले व भ्रष्टाचार की जांच न होने तक कदम पीछे नहीं हटाएंगे।

हिन्दुस्तान

# जायरीनों के लौटने पर चरमराई यातायात व्यवस्था

बहराइच। शहर स्थित सैय्यद सालार मसऊद गाजी दरगाह पर शुक्रवार को नमाज जुमा के बाद गुरुवार शाम को आए जायरीनों के जत्थे गंतव्य को रवाना हुए। तो शहर की यातायात व्यवस्था एक बार फिर चरमरा गई। यातायात कर्मियों को सुचारु यातायात के लिए लगातार वाहन चालकों से जूझना पड़ा।

यातायात प्रभारी मनोज कुमार सिंह यादव यातायात कर्मियों के साथ मुस्तैद रहे। जुमा की नमाज के बाद नौचंदी मेला में आए जायरीनों को कमेटी सदर सैय्यद शमशाद अहमद, प्रभारी मैनेजर हाजी अलीमुल हक ने विदाई दी। उन्हें अगले नौचंदी मेला में आने की दावत दी गई।

# तटबंधों की निगरानी में विशेष सतर्कता बरतें बलरामपुर व श्रावस्ती

## मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

संवाद न्यूज एजेंसी



मंडलीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते मंडलायुक्त योगेश्वर राम व मौजूद अन्य अफसर। संवाद

**बहराइच।** आयुक्त देवीपाटन मंडल गोंडा योगेश्वर राम मिश्र ने कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को मंडल के सभी चारों जिलों के विकास कार्यों की समीक्षा की। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ के मद्देनजर तटबंधों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। आयुक्त ने श्रावस्ती व बलरामपुर के अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने व तथा तटबंधों की लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिये।

बिजली आपूर्ति की समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने निर्देश दिये गये कि मंडल के सभी जिले में रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाय। विद्युत राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान मंडल के अन्य जिलों की अपेक्षा बहराइच की वसूली कम पाये जाने पर निर्देश दिया कि वसूली कार्य में सुधार लाया जाय।

सड़कों को गड्ढामुक्त कार्य की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि कार्य प्रगति की अपने स्तर पर समीक्षा कर अवशेष कार्य को शीघ्र पूरा कराना सुनिश्चित करें। आयुक्त ने निर्देश दिया कि तैनाती स्थलों पर चिकित्सालयों पर चिकित्सकों व पैरा मेडिकल स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए तथा लापरवाह और उदासीन कार्मिकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाय। गोल्डन कार्ड बनाने के कार्य में और सुधार लाया जाय। मुख्यमंत्री आवास योजना में गोंडा को छोड़कर शेष जिलों को प्रगति में सुधार लाने को कहा गया।

## अनैतिक कार्यों में संलिप्त माफियाओं को चिह्नित करें

**बहराइच।** कमिश्नर देवीपाटन मंडल गोंडा योगेश्वर राम मिश्र व डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कानून व्यवस्था एवं अभियोजन कार्य की समीक्षा की। दोनों अफसरों ने मातहतों को निर्देश दिया कि जनसुनवाई के दौरान कानून व्यवस्था से संबंधित बार-बार आने वाले प्रकरणों का प्रभावी निस्तारण किया जाय। आयुक्त व डीआईजी ने निर्देश दिया कि अनैतिक कार्यों में संलिप्त सभी प्रकार के माफियाओं का चिह्नीकरण किया जाय। संवाद

■ **डीआईजी ने कसे चार जिलों के कप्तानों के पेंच :** बहराइच। कलक्ट्रेट में कमिश्नर के साथ कानून व्यवस्था की बैठक करने से पहले डीआईजी देवीपीटन मंडल ने बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर व गोंडा के एसपी के साथ बैठक की। कमिश्नर ने साफ लहजे में कहा कि अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा ऐसे पुलिस कर्मी भी चिन्हित किए जाएं जो अपराध में लिप्त रहते है। संवाद

■ **सबला प्रेरणा कैंटीन का उद्घाटन :** बहराइच। कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित सबला प्रेरणा कैंटीन का आयुक्त देवीपाटन मण्डल गोंडा योगेश्वर राम मिश्र ने मंडल के सभी जिलों की डीएम के साथ संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। संवाद

# माध्यमिक शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर शुक्रवार को शिक्षकों ने धरना प्रदर्शन किया। 10 सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा। इस अवसर पर अध्यक्ष मनीष शर्मा ने बताया कि संघ समय-समय पर समस्याओं की मांग करता है, किंतु शासन इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने बताया कि संगठन की मांगों में पुरानी पेंशन बहाली, सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों का प्रांतीयकरण, एनओसी रहित स्थानांतरण, माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड 1982 की धारा 21 एवं 18 को पुनः संरक्षित किया जाए। अन्य विभागों की सभी कार्यालयों में सिटीजन चार्टर लागू किया जाए। संवाद

# डीएम को पत्र सौंप की कोटेदार के खिलाफ जांच की मांग

**बहराइच।** चित्तौरा विकास खंड के रेड़ालाल ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने क्षेत्र के कोटेदार परशुराम राव पर खाद्यान्न वितरण में अनियमितता का आरोप लगाते हुए कलेक्ट्रेट के सभागार में पंहुचे। इस दौरान उपभोक्ताओं ने डीएम को पत्र सौंपकर कहा कि प्रत्येक माह खद्यान्न वितरण में कटौती कर रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि कोटेदार द्वारा ग्रामीणों को अगस्त माह का खाद्यान्न का वितरण नहीं किया है। ग्रामीणों का कहना है कि मामले में कई बार क्षेत्र के पूर्ति निरीक्षक से शिकायत की गई। लेकिन पूर्ति निरीक्षक द्वारा कोई भी कार्रवाई न किए जाने से सभी गहरा आक्रोश है। ग्रामीणों ने डीएम से कोटेदार के खिलाफ उच्चस्तरीय जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर सुमनदेवी, नासिरा, सोसमा, अमीना, कृष्णवती, लीलावती, रामकुमार आदि मौजूद रहे। संवाद

अपराध संक्षेप

# किशोर का शव मिला

**खैरीघाट (बहराइच)।** चमरहिया गांव में एक सप्ताह पूर्व बाढ़ के पानी में डूबे किशोर का बांसगढ़ी के पास शुक्रवार को शव बरामद हुआ है। महसी तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मांझा दरिया बुर्द चमरहिया गांव निवासी अर्जुन बीते एक सप्ताह पूर्व नित्य क्रिया करने गांव के बाहर गया था। तभी पैर फिसलने से सरयू नदी की बाढ़ के पानी में डूब गया था। दो दिनों तक पुलिस और तहसील के कर्मचारियों ने स्थानीय गोताखोर व एनडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया था। लेकिन पानी अधिक होने के कारण किशोर का कोई पता नहीं चल सका था। शुक्रवार को तहसील क्षेत्र के बांसगढ़ी गांव के पास किशोर का शव स्थानीय लोगों ने देखा और सूचना खैरीघाट थाने की पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। संवाद

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रिसिया (बहराइच)।** एक बारह वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रिसिया थाना क्षेत्र के एक गांव में बृहस्पतिवार को यह घटना हुई थी। पुलिस ने रात में आरोपी मुख्तार उर्फ युनूस के खिलाफ केस दर्ज किया था। शुक्रवार को उसे पकड़कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। संवाद

# तीन शिकारी गिरफ्तार

**मिहीपुरवा (बहराइच)**। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में इन दिनों लकड़कट्टे व शिकारी सक्रिय हो गए हैं। बुधवार को वन विभाग की टीम ने चीतल की सींग के साथ तीन शिकारियों को गिरफ्तार किया है। कतर्नियाघाट के डीएफओ आकाशदीप बधावन ने बताया कि खैरीघाट थाना क्षेत्र के लोधनपुरवा पिपरिया निवासी दौलत पुत्र खेलावन, राजेश पुत्र समयदीन तथा बरगदगा कारीकोट थाना सुजौली निवासी रंजीत पुत्र रमई गिरफ्तार कर जेल भेज गया दिया है। संवाद

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

संसू, रिसिया : किशोरी के साथ उसी गांव के युवक ने दुष्कर्म किया। मुकदमा दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक संतोष कुमार सिंह और आरक्षी पवन कुमार ने आरोपी को जटेसर तिराहा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# दद्दन रहे प्रथम, हरेंद्र को द्वितीय स्थान

**जासं, बहराइच** : अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन ने पुलिसकर्मियों की कार्यशैली का आंकलन करने के लिए पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम के माध्यम से जनता से आनलाइन पोल कराया। आइजीआरएस, एफआइआर फीडबैक, ट्विटर, डायरेक्ट पोल, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन के मामलों में जरवलरोड थानाध्यक्ष को पहला स्थान मिला।

आइजी जोन गोरखपुर निखिल कुमार ने जून माह में पांच स्तंभों पर आनलाइन पोल कराया। कुल 80.90 फीसद अंक हासिल कर प्रभारी निरीक्षक जरवलरोड दद्दन सिंह ने जिले में पहला स्थान हासिल किया।

- एडीजी जोन गोरखपुर के कराए गए आनलाइन पोल में आया परिणाम





दद्दन सिंह, जरवलरोड और अमितेंद्र सिंह, रामगांव ● जागरण

प्रभारी निरीक्षक दरगाह शरीफ हरेंद्र कुमार मिश्र 79.19 फीसद अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। प्रभारी निरीक्षक रामगांव अमितेंद्र सिंह ने 76 फीसद अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। जुलाई की वोटिंग में प्रभारी निरीक्षक दरगाह शरीफ ने 80.74 फीसद अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कि, जबकि प्रभारी निरीक्षक जरवलरोड दद्दन सिंह ने 75.30 अंकों के साथ दूसरा और तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक देहात शमशेर सिंह 68.92 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। एसपी प्रशांत वर्मा ने बताया कि सभी थानाध्यक्षों व कोतवाली प्रभारियों को निष्पक्ष कार्य के निर्देश दिए गए हैं। लापरवाही बरतने वालों की समीक्षा की जा रही है।

# एसपी ने रजिस्टर पेशी का किया निरीक्षण

बहराइच। एसपी प्रशांत वर्मा ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन क्वार्टर गार्ड पर साप्ताहिक परेड में सलामी ली गई। उन्होंने रजिस्टर पेशी व वार का भी निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा की ओर से शुक्रवार की परेड रिजर्व पुलिस लाइन में क्वार्टर गार्ड पर परेड की सलामी ली गई। सलामी ग्रहण करने के उपरांत रजिस्टर पेशी व वार किया गया। अफसरों को दिशा निर्देश भी दिए।

# शूटिंग में बहराइच महिला पुलिस का दबदबा

**संसू, बहराइच** : गोरखपुर जोन की 48 वीं अंतर्जिला शूटिंग स्पोर्ट प्रतियोगिता बस्ती में आयोजित हुई, जिसमें बहराइच जिले की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने सराहना की है।

गोरखपुर में आयोजित 300 मीटर महिला वर्ग प्रोन प्रतियोगिता में महिला आरक्षी अंजली शुक्ल प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जबकि 300 मीटर महिला वर्ग थ्रीपी प्रतियोगिता में प्रीति गुप्त को द्वितीय स्थान व अंजली शुक्ल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जिले की महिला आरक्षी




शूटिंग में प्राप्त शील्ड के साथ मौजूद महिला पुलिसकर्मी ● सौजन्य : पुलिस विभाग

खिलाड़ियों के उम्दा प्रदर्शन के चलते उन्हें चल वैजयंती शील्ड प्रदान की गई।

# स्टेशन के चप्पे-चप्पे पर कैमरों की नजर

**संसू, बहराइच** : रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन हजारों लोगों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए सीसी कैमरों का नेटवर्क खड़ा किया गया है। इंटरसिटी एक्सप्रेस के शुक्रवार से शुरू हो जाने के कारण कैमरों की जरूरत और भी घनी हो गई है।

बहराइच रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने छह सीसी कैमरे लगाए हैं, जिससे हर आने-जाने वाले पर नजर रखी जा रही है। अपराधी के स्टेशन में प्रवेश करने के साथ ही उसे दबोचने के लिए स्टेशन के प्रवेशद्वार से लेकर प्लेटफार्म समेत अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर कैमरे लगाए गए हैं। रेलवे स्टेशन को सीसी कैमरों के नेटवर्क से सज्जित किया गया है।

अत्याधुनिक तकनीक और उच्च क्षमता वाले छह कैमरे चारों ओर फिट किए गए हैं। इससे नजर रखने के लिए स्टेशन के आरपीएफ कार्यालय में सर्विलांस रूम तैयार किया गया है। रूम में एलईडी टीवी रखी गई है। यहां 24 घंटे आरपीएफ के जवान तैनात रहते हैं और कैमरों के माध्यम से स्टेशन के चप्पे-चप्पे की गतिविधि पर नजर रखते हैं। इस कारण अब स्टेशन पर किसी ने अपराध किया तो तत्काल इसकी जानकारी आरपीएफ को हो जाएगी और उसे दबोच लिया जाएगा।

**24 घंटे हो रही मानिटरिंग**: ट्रेन से लेकर पूरे रेलवे स्टेशन पर अलग-अलग स्थानों पर सीसी कैमरे लगवाए गए हैं। स्टेशन पर आपराधिक वारदात अंजाम देने वालों को अब आसानी से पहचान कर शिकंजा कसा जा सकेगा।



आरपीएफ कार्यालय में सीसी कैमरे से स्टेशन की निगरानी करते पुलिसकर्मी • जागरण



यात्रियों की सुरक्षा के लिए हमारे पास दो उपनिरीक्षक के अलावा 27 आरक्षी भी हैं। अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए ट्रेनों में एस्कार्ट चलता है। ट्रेनों में अगर कोई अराजकता फैलाता है तो उसकी सूचना जवानों को या आरपीएफ कार्यालय पर अवश्य दें।

- श्यामराज, निरीक्षक आरपीएफ

# श्रावस्ती के युवक सहित तीन के शव पानी से बरामद

**जासं, बहराइच** : अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पानी में डूबने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने तीनों शव बरामद किए हैं।

**शिवपुर में** थाना खैरीघाट के ग्राम पंचायत मांझा दरिया बुर्द के चमरहिया गांव निवासी सांवली का पुत्र अर्जुन एक सप्ताह पहले गांव के बाहर गया था। पैर फिसलने से बाढ़ के पानी में लापता हो गया। बांसगढ़ी गांव के पास उसका शव लोगों ने देखा और पुलिस को सूचना दी।

**खुटेहना** : पयागपुर क्षेत्र के जमुवार नाले के पुल के नीचे युवक का शव बरामद हुआ। थानाध्यक्ष श्याम देव चौधरी ने बताया कि शिनाख्त प्रमोद निवासी कुरखेनी थाना गिलौला जिला श्रावस्ती के रूप में हुई है। परिवारजन ने बताया कि प्रमोद नौवागांव परसौली स्थित अपनी ससुराल पत्नी को लेने के लिए घर से निकला था।

**विशेश्वरगंज** : थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज के ग्राम मोतीपुरवा के राजापुर ग्रंट के युवक जोखू की नहर में डूबने से मृत्यु हो गई। शव बहकर बड़ागांव के पास नहर में मिला।

# SHRAWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-26-08-2023

**डीआईजी ने कसे चार जिलों के कप्तानों के पेंच :** बहराइच। कलक्ट्रेट में कमिश्नर के साथ कानून व्यवस्था की बैठक करने से पहले डीआईजी देवीपीटन मंडल ने बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर व गोंडा के एसपी के साथ बैठक की। कमिश्नर ने साफ लहजे में कहा कि अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा ऐसे पुलिस कर्मी भी चिन्हित किए जाएं जो अपराध में लिप्त रहते है। संवाद

# ओवरलोडिंग से बेकाबू हो खड्ड में गिरी स्कॉर्पियो

संवाद न्यूज एजेंसी

तुलसीपुर (श्रावस्ती)। निगरानी न होने से सवारी वाहनों में ओवरलोडिंग का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसके चलते ही बीते बृहस्पतिवार को देर शाम बलरामपुर से बहराइच जा रही स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर खड्ड में गिर गई। गनीमत रही कि इसमें सवार सभी दस सवारियां इस हादसे में बाल-बाल बच गए।

बलरामपुर जिले के थाना ललिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बनघुसरी गांव निवासी नायब पुत्र इकबाल अपनी स्कॉर्पियो लेकर बहराइच के दरगाह शरीफ जा रहा था। वाहन में दस जायरीन मौजूद थे। सोनवा थाना क्षेत्र के वैभी मोड़ के पास फोरलेन पर पहुंचे पर अचानक सामने एक गाय आ गई।

गाय को बचाने के प्रयास में ओवरलोडिंग के कारण तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर मार्ग किनारे खड्ड में जा गिरी। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंच कर वाहन सवार लोगों को बाहर निकला। हादसे में कोई भी हताहत नहीं हुआ।



गिलौला के तिलकपुर मोड़ पर हादसे के बाद मौजूद पुलिस व भीड़। संवाद

## ट्रिपलिंग में तीन घायल

गिलौला (श्रावस्ती)। तीन लोगों को मोटरसाइकिल पर बैठा कर जा रहे युवक का नियंत्रण हट गया। इससे शुक्रवार को तिलकपुर मोड़ के पास मोटरसाइकिल सामने से आ रही ट्रक से टकरा कर पलट गई। इसमें मोटर साइकिल पर सवार दो महिलाएं आयशा (65) व शबाना बेगम (19) व चालक अनीश घायल हो गए। गिलौला पुलिस ने घायलों को सीएचसी गिलौला पहुंचाया। जहां से शबाना व आयशा को मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर किया गया। जहां शबाना की हालत नाजुक है। वहीं ट्रक चालक वाहन छोड़ फरार हो गया है। संवाद

# सोनवा थाना अव्वल तो महिला थाना फिसड्डी

**श्रावस्ती।** पुलिस द्वारा प्रतिमाह थानों के कार्य-व्यवहार का सर्वे होता है। एडीजीपी गोरखपुर जोन निखिल कुमार ने शुक्रवार को जिले के थानों की रेटिंग जारी की है। जिसमें सोनवा थाना जिले में सबसे अच्छे कार्य-व्यवहार वाले थानों में पहले स्थान पर है। विगत माह भी यह थाना जिले में अव्वल था।

जोन कार्यालय से जारी सूची के मुताबिक सोनवा थाना पब्लिक अप्रूवल रेटिंग 80.54 प्रतिशत पा कर पहले स्थान पर रहा। जबकि 79.98 फीसदी रेटिंग पाकर एनएमपीटी थाना दूसरे, 78.10 प्रतिशत रेटिंग पाकर गिलौला थाना तीसरे स्थान पर रहा। इसी प्रकार 76.2 प्रतिशत रेटिंग पाकर कोतवाली भिनगा चौथे, 75.41 प्रतिशत रेटिंग के साथ हरदत्त नगर गिरंट पांचवें, 74.92 प्रतिशत रेटिंग पाकर मल्हीपुर छठे, 74.32 प्रतिशत की रेटिंग पाकर थाना सिरसिया सातवें, 69.04 प्रतिशत रेटिंग पाकर थाना इकौना आठवें व 67.93 प्रतिशत रेटिंग पाकर महिला थाना नवें स्थान पर पहुंच गया।

सर्वे में पब्लिक अप्रूवल रेटिंग के तहत आईजीआरएस के माध्यम से 292, ट्विटर पोल से 716 एवं डायरेक्ट पोल के माध्यम से 6645, एफआईआर व एनसीआर के माध्यम से 102, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन के माध्यम से 421 लोगों से फीडबैक लिया गया था। एसपी प्राची सिंह ने जिन थानों की रेटिंग ठीक नहीं हैं उन्हें कार्य प्रणाली सुधारने के निर्देश दिए हैं। संवाद

# पुलिस थानों में 126 जाचें लंबित

## कोतवाली भिनगा, सिरसिया व महिला थाने में बरती जा रही लापरवाही

संवाद न्यूज एजेंसी

श्रावस्ती। लंबित विवेचनाओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराने के एसपी के निर्देश का भी कोई असर मातहतों पर दिखाई नहीं पड़ रहा है। इसके चलते ही कोतवाली भिनगा, सिरसिया व महिला थानों में लिखे गए मुकदमों को 126 विवेचना जांच पूरी न होने से ठंडे बस्ते में हैं।

इससे जहां पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पा रहा वही अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं। पुलिस अपराध होने के बाद पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा तो लिख लेती है लेकिन उसकी विवेचना पूरी नहीं करती। इस कारण इन मुकदमों की सुनवाई न्यायालय में शुरू नहीं हो पाती है। यदि केवल भिनगा सीओ सर्किल के थानों को देखा जाए तो इसके अंतर्गत आने वाले कोतवाली भिनगा, सिरसिया व महिला थाने में कुल 126 विवेचना निस्तारण को लंबित हैं। इसका खुलासा एसपी प्राची सिंह की समीक्षा बैठक में हुआ।



भिनगा कोतवाली में अपराध समीक्षा करती एसपी। -संवाद

समीक्षा के दौरान भिनगा कोतवाली में नौ विवेचकों की 73, सिरसिया थाने में सात विवेचकों की 31 तथा महिला थाने में तीन विवेचकों की 21 व अपराध शाखा में एक विवेचना लंबित मिली। इस पर एसपी ने नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी कि जो विवेचक विवेचनाओं के निस्तारण में सुस्ती दिखा रहे हैं, उनके खिलाफ अब विभागीय स्तर पर अनुशासनात्मक कार्रवाई तय की जाएगी। निर्देश दिया कि सभी विवेचक एक सप्ताह में साक्ष्य संकलन कर विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराए। बैठक में सीओ सिटी अतुल कुमार चौबे सहित सभी थाना प्रभारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# गोवध के मामले में दो वांछित गिरफ्तार

श्रावस्ती। गोवध के मामले में वांक्षित दो आरोपियों को भिनगा कोतवाली पुलिस ने भुजंगा के के निकट खपरी पुर मोड़ से शुक्रवार गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार संभारपुरवा निवासी ननऊ पुत्र महताब व महताब पुत्र मोहम्मद बक्स के कब्जे से पुलिस ने एक लोहे का बांका, लोहे की छुरी व एक लकड़ी का ठीहा बरामद किया। जिसके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। संवाद

# कलह भूलकर साथ रहने को राजी हुए बिछड़े दंपति

**जासं, श्रावस्ती :** महिला थाने में परिवार परामर्श केंद्र की बैठक हुई। इस दौरान पारिवारिक विवाद से संबंधित प्राप्त प्रार्थना पत्रों की सुनवाई हुई। पुलिस अधिकारियों ने समझा-बुझाकर पति-पत्नी के मतभेद दूर किए। कलह भूलकर बिछड़े चार दंपत्ती साथ रहने को राजी हुए।

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि कई दंपतियों में आपस में विवाद था। इसके चलते वह अलग-अलग रह रहे थे। मामले की शिकायत महिला थाने में की गई थी। महिला थाने के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार शर्मा, उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह, मुहम्मद सईद, अमरनाथ चौहान, हौसली देवी, अर्चना सिंह व पुलिस परिवार परामर्श केंद्र के सदस्यों ने सुनवाई के लिए दोनों पक्षों को थाने पर बुलाया। यहां बारी-बारी से दोनों पक्षों को ध्यान से सुना गया। समझा-बुझाकर मामले को हल कर दिया गया। चार दंपतियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और हंसी-खुशी वहां से विदा गए।

# गोवध के दो वांछित गिरफ्तार किया

श्रावस्ती। पुलिस ने गोवध के दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया। कोतवाली भिनगा के प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह शुक्रवार को वांछितों की धरपकड़ के लिए क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर खपरीपुर मोड़ के पास से गोवध अधिनियम से संबंधित दो वांछित आरोपियों ननकऊ पुत्र महताब व महताब पुत्र मोहम्मद बक्स निवासीगण ग्राम सम्हारपुरवा कोतवाली भिनगा को गिरफ्तार कर लिया।